सूर्योदय : 5:45
सूर्यास्त : 6:25
अधिकतम तापमान : 37.0
न्यूनतम : 27.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-110 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, बुधवार, 27 सितम्बर 2023
11 रबीउलअव्वल, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक

अवधनामा

www.avadhnama.com

Ideal Wedding Destination
LALBAGH
LAWN & BANQUET
Next To Nishat Hospital, Lalbagh, Lucknow
Bookings Open
Also Contact For Catering With
Muqim Price & Service Gaurantee
+91- 8004208938, 9161111102

संयुक्त राष्ट्र महासभा में दुनिया के सामने जयशंकर ने रखी भारत की बात

अब कुछ देश का एजेंडा नहीं चलेगा

न्यूयॉर्क। संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने यह कह कर विश्व की बड़ी शक्तियों को आईना दिखाने का ही काम किया कि वह जमाना चला गया, जब कुछ देश एजेंडा तय करते थे और यह अपेक्षा करते थे कि अन्य सभी देश उसका अनुसरण करें। यह अच्छा हुआ कि उन्होंने यह कहकर कनाडा और अमेरिका को भी यह जरूरी संदेश देने का काम किया कि राजनीतिक सुविधा से आतंकवाद पर कार्रवाई स्वीकार्य नहीं। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि भारत विविध साझेदारों के साथ सहयोग को बढ़ावा देना चाहता है। गुटनिरपेक्षता के युग से, अब हम विश्व मित्र - दुनिया के लिए एक मित्र के युग में विकसित हो गए हैं। यह विभिन्न देशों के साथ जुड़ने और जहां आवश्यक हो, हितों में सामंजस्य स्थापित करने की हमारी क्षमता और इच्छा में परिलक्षित होता है। यह क्वाड के तीव्र विकास में दिखाई देता है। यह ब्रिक्स समूह के विस्तार के उद्भव में भी समान रूप से स्पष्ट है।

> विदेश मंत्री ने कहा कि ऐसे समय में जब पूर्व-पश्चिम ध्रुवीकरण इतना तीव्र है और उत्तर-दक्षिण विभाजन इतना गहरा है, नई दिल्ली शिखर सम्मेलन भी इस बात की पुष्टि करता है कि कूटनीति और संवाद ही एकमात्र प्रभावी समाधान हैं।

- वे दिन गए जब कुछ देश एजेंडा सेट करते थे
- राजनीतिक सुविधा के अनुसार आतंकवाद पर प्रतिक्रिया देना गलत
- सियासी सहूलियत के हिसाब से आतंकवाद पर एक्शन सही नहीं

कनाडा में खालिस्तान समर्थक को संरक्षण

ज्ञात हो कि जहां कनाडा खालिस्तानी आतंकियों को संरक्षण देने में लगा हुआ है, वहीं अमेरिका भी खालिस्तान समर्थक चरमपंथियों के प्रति नरमी बरत रहा है। भले ही कनाडा में एक खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या पर अमेरिका भारत को नसीहत देने में लगा हो, लेकिन भारतीय विदेश मंत्री के कथन से यह साफ है कि भारत कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के बेतुके आरोपों को कोई महत्व नहीं देने वाला। इन आरोपों का कोई मतलब भी नहीं, क्योंकि हर गुजरते दिन के साथ यही साफ हो रहा है कि जस्टिन ट्रूडो ने संकीर्ण राजनीतिक कारणों से निज्जर की हत्या में भारत का हाथ होने का झूठा आरोप लगाया।

मणिपुर में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं पांच दिनों तक सस्पेंड

- राज्य में फिर बिगड़े हालात
- दो छात्रों की हत्या के विरोध प्रदर्शन
- प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े

इंफाल। मणिपुर में हालात सुधरते नहीं दिख रहे हैं। करीब पांच महीनों से जल रहे राज्य में एक बार फिर हिंसा भड़क उठी है। इंफाल घाटी में अज्ञात हमलावरों द्वारा दो छात्रों की हत्या के विरोध में मंगलवार को इंफाल में सैकड़ों छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान सुरक्षा बलों के साथ झड़प में लड़कियों सहित कम से कम 34 छात्र घायल हो गए। बिगड़ते हालात को देखते हुए मणिपुर सरकार ने अगले पांच दिनों के लिए इंटरनेट सेवाओं पर फिर से प्रतिबंध लगा दिया। एक अधिसूचना में कहा गया, मणिपुर सरकार ने राज्य के अधिकार क्षेत्र में वीपीएन के माध्यम से मोबाइल इंटरनेट डेटा सेवाएं, इंटरनेट/डेटा सेवाओं को तत्काल प्रभाव से एक अक्टूबर, 2023 की शाम 7:45 बजे तक निलंबित करने का निर्णय लिया है। पुलिस ने कहा कि आंदोलनकारी छात्रों की सुरक्षा बलों के साथ झड़प तब हुई, जब छात्रों को मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के बंगले की ओर मार्च करने से रोका गया। सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारी छात्रों को हटाने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठीचार्ज किया।

न्यूज डायरी

रमाकांत की हुई पेशी

आजमगढ़। माहुल व फूलपुर में हुए जहरीली शराब कांड में सपा के बाहुबली विधायक रमाकांत यादव मंगलवार को एमपी एमएलए कोर्ट के न्यायाधीश ओम प्रकाश वर्मा की अदालत में वीडियो कांफ्रेंसिंग से पेश हुआ। अधिवक्ताओं की हड़ताल के चलते न्यायालय में कोई काम नहीं हो सका और न्यायाधीश ने अगली सुनवाई के लिए नौ अक्टूबर की तारीख तय की है।

यूपी में तेजी से फैला डेंगू

लखनऊ। प्रदेश में डेंगू मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसमें 20 से 30 फीसदी मरीज डेंगू 2 स्ट्रेन के हैं। चिकित्सा विशेषज्ञों का कहना है कि डेंगू 2 स्ट्रेन के मरीज हर साल मिलते हैं।

ऐसे में इससे घबराने की जरूरत नहीं है। इतना जरूर है कि पांचवें से आठवें दिन विशेष सावधानी बरतें। शरीर पर चकत्ते दिखें तो तत्काल चिकित्सक से सलाह लेना चाहिए। प्रदेश में जनवरी से अब तक 6136 मरीज मिले हैं। इसमें सात की मौत हो चुकी है।

17 पीसीएस का प्रमोशन

लखनऊ। प्रदेश के 17 पीसीएस अधिकारियों को आईएएस में पदोन्नति दे दी गई है। इस संबंध में केंद्रीय कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) ने आदेश जारी कर दिया है। ये अधिकारी हैं -श्री प्रकाश गुप्ता, प्रीति जायसवाल, संतोष कुमार वैश्य, धर्मेंद्र सिंह, आनंद कुमार शुक्ला, अरविंद कुमार मिश्रा, विजय कुमार, अवनीश सक्सेना, रितु सुहास, राजेश कुमार, शत्रोहन वैश्य, विनोद कुमार, रविंद्र कुमार, हिमांशु गौतम, मुकेश चंद्रा, उमाकांत त्रिपाठी और नरेंद्र सिंह।

सरकार खुद निपटेगी

नई दिल्ली। भारत-कनाडा के मतभेद के बीच कनाडा के डिप्टी आर्मी प्रमुख मेजर जनरल पीटर स्कॉट ने भारत-प्रशांत सेना प्रमुख कॉन्फ्रेंस (आईपीएसी) में शामिल होने पर आभार जताया है। उन्होंने इस कॉन्फ्रेंस में कहा कि कनाडा हमेशा ऐसे मौकों की तलाश में रहता है जहां उन्हें प्रशांत क्षेत्र के भागीदारों के साथ परिक्षण करने का मौका मिल सकें। स्कॉट ने कहा कि हमने अपनी सरकार पर इस मुद्दे को स्वयं निपटने के लिए छोड़ दिया है।

शाहनवाज भर्ती

मुंबई। बीजेपी नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन को मंगलवार को दिल का दौरा पड़ने के बाद मुंबई के लीलावती अस्पताल ले जाया गया। समाचार एजेंसी एएनआई ने बताया कि उन्हें शाम करीब साढ़े चार बजे भर्ती कराया गया। डॉक्टर जलील पारकर के मुताबिक शाहनवाज हुसैन को दिल का दौरा पड़ने के कारण लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनकी एंजियोप्लास्टी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। एंजियोप्लास्टी डॉ जलील पारकर की देखरेख में की गई है। हुसैन की हालत अब ठीक है, वह फिलहाल आईसीयू में भर्ती हैं। हुसैन बिहार में भाजपा के प्रमुख नेताओं में से एक हैं। वह राज्य में एनडीए सरकार के दौरान बिहार के उद्योग मंत्री थे।

सुप्रीम कोर्ट से राजा भैया को बड़ा झटका

- जिया उल हक़ मर्डर केस में सीबीआई करेगी जांच

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ में मारे गए डीएसपी जिया उल हक़ की हत्या मामले में कुंडा विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही है। इस मामले में राजा भैया की भूमिका की जांच सीबीआई करेगी।

बता दें, डीएसपी जिया उल हक़ का मर्डर 2013 में नृशंस तरीके से किया गया था। दरअसल, डीएसपी उल हक़ की पत्नी की ओर से सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई थी। शीर्ष अदालत ने इसी मामले में सुनवाई करते हुए मंगलवार को पिछले साल इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा दिए गए आदेश को रद्द कर दिया। बता दें, हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के आदेश पर रोक लगाई थी। ट्रायल कोर्ट ने कुंडा विधायक रघुराज प्रताप सिंह और उनके चार साथियों के खिलाफ सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट को ख़ारिज करते हुए जांच जारी रखने का आदेश जारी किया था। शीर्ष अदालत के सामने अपनी याचिका में डीएसपी की पत्नी ने आरोप लगाया था कि, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने राजा भैया की भूमिका की ओर इशारा करने वाले महत्वपूर्ण तथ्यों की अनदेखी की है। उन्होंने सवाल उठाया था कि पुलिस टीम ने उनके पति को कैसे अकेले छोड़ दिया साथ ही, इतनी भीड़ में किसी अन्य पुलिसकर्मी को कोई चोट नहीं आई।

गोरखपुर में सीएम योगी ने एमएमएमयूटी में प्रशासनिक भवन का किया लोकार्पण

विकास में तकनीकी संस्थाओं का रोल अहमः योगी

अवधनामा संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि तकनीकी संस्थानों को घिसे पिटे कार्यक्रमों को छोड़कर न्यू ऐज कोर्सेस को अपने यहां लागू करना होगा। आज का समय तकनीक का है, इसका उपयोग राष्ट्र निर्माण और लोककल्याण में किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि 2017 तक उत्तर प्रदेश में केवल दो साइबर थाने थे। आज प्रदेश के हर जनपद में एक-एक साइबर थाना है और हर जिले में साइबर हेल्प डेस्क है। इनसे साइबर अपराधों पर लगाम लग रही है।

सीएम योगी ने मंगलवार को मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 12 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित नए प्रशासनिक भवन का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों और तकनीकी संस्थानों की यह जिम्मेदारी बनती है कि तकनीकी सहयोग के लिए साइबर थानों के साथ एमओयू करें। आज गोरखपुर जोन की पुलिस ने इस दिशा में अनुभव पहल करते हुए मदन मालयवीय विश्वविद्यालय के साथ एमओयू किया है। सीएम योगी ने कहा कि देश का सबसे बड़ा डाटा सेंटर उत्तर प्रदेश में है। प्रदेश के तकनीकी संस्थानों को खुद को उससे जोड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि 2017 के पहले उत्तर प्रदेश ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में 14वें नंबर था। हमारी सरकार ने सिंगल विंडो पोर्टल निवेश मित्र के माध्यम से इसमें सुधार किया। साथ ही प्रशासनिक तंत्र को भी बाध्य किया कि वह तकनीक का बेहतर उपयोग करते हुए किए गए रिफॉर्म को धरातल पर उतारे। इसी का परिणाम है कि आज यूपी देश में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में दूसरे स्थान पर है। सीएम योगी ने कहा कि डिजिटल पेमेंट ने भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था लाकर प्रत्येक नागरिक के जीवन में एक नई क्रांति लाई है।

- प्रदेश के साइबर थानों के साथ एमओयू करें तकनीकी संस्थान
- इंटरनेशनल ट्रेड शो के माध्यम से दुनिया ने यूपी के इनोवेशन और पोटेंशियल को देखा

युवाओं में बड़ा परिवर्तन आया

उन्होंने कहा कि पीएम स्टार्टअप, पीएम मुद्रा, एक जिला एक उत्पाद और मुख्यमंत्री स्वरोजगार जैसी योजनाओं ने प्रदेश के युवाओं में बड़ा परिवर्तन लाया है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में तकनीक के माध्यम से शासन के योजनाएं लोगों तक पहुंच रही हैं। सीएम योगी ने कहा कि ग्रेटर नोएडा में 21-25 सितंबर तक इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन किया गया। इसमें 500 बायर्स आए थे। उसमें उत्तर प्रदेश के दो हजार से अधिक एग्जीबिटर्स भी उपस्थित हुए थे। जिनके माध्यम के दुनिया ने यूपी के इनोवेशन और पोटेंशियल को देखा। यही नहीं ट्रेड शो में लगभग चार लाख लोग घूमने और खरीदारी करने भी पहुंचे थे, जो ट्रेड शो की सफलता को दर्शाता है। समाज की आवश्यकता के अनुरूप हम अपनी रिसर्च को आगे बढ़ाएं।

हम वैश्विक चुनौतियों के समाधान करने को भी प्रतिबद्धः राजनाथ सिंह

- राज्यों को समझना चाहिए कई हितधारकों से जुड़े वैश्विक मुद्दे और चुनौतियां हैं

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इंडो-पैसिफिक के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्र पर प्रकाश डाला जो आपसी सम्मान, संवाद, सहयोग, शांति और समृद्धि पर आधारित है। उनकी टिप्पणियाँ नई दिल्ली में 13वें इंडो-पैसिफिक सेना प्रमुखों के सम्मेलन के दौरान आई। सिंह ने कहा कि सुरक्षा चिंताओं ने इंडो-पैसिफिक के रणनीतिक महत्व को बढ़ा दिया है। इस क्षेत्र को सुरक्षा चुनौतियों के एक जटिल जाल का भी सामना करना पड़ता है, जिसमें सीमा विवाद, समुद्री डकैती आदि शामिल हैं। इन सुरक्षा चुनौतियों से व्यापक रूप से निपटने की आवश्यकता के कारण क्षेत्र के राज्यों, उनकी सेनाओं सहित उनके सभी संगठनों की पूर्ण भागीदारी हो गई है। राजनाथ ने कहा कि राज्यों को यह समझना चाहिए कि कई हितधारकों से जुड़े वैश्विक मुद्दे और चुनौतियाँ हैं जिन्हें कोई भी देश अलग से संबोधित नहीं कर सकता है। उन्हें व्यापक अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ जुड़ने और ओवरलैपिंग चिंता के हलकों के भीतर आम चिंताओं से निपटने के लिए कूटनीति, अंतरराष्ट्रीय संगठनों और संधियों के माध्यम से सहयोगात्मक रूप से काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि साथ ही, राज्यों को वैश्विक मंच पर अपने राष्ट्रीय हितों को बढ़ावा देने के लिए अपने प्रभाव के चक्र की पहचान करनी चाहिए।

प्रधानमंत्री मोदी ने जी-20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट प्रोग्राम में छात्रों को संबोधित किया

जी-20 की सफलता पर आश्चर्य नहीं: मोदी

- जी 20 की सफलता पूरे देश की
- भारत की स्पीड का जवाब नहीं

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को जी 20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट प्रोग्राम के दौरान छात्रों को संबोधित किया। इस दौरान पीएम ने कहा कि जी 20 सम्मेलन की सफलता पूरे देश की है।

इस सम्मेलन के दौरान दुनिया के लिए बड़े-बड़े फैसले लिए गए। पीएम मोदी ने कहा है कि भारत की स्पीड का जवाब नहीं है। 17 सितंबर को पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरुआत की गई। भारत में सऊदी अरब 100 बिलियन डॉलर निवेश करने वाला है। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि 23 अगस्त की तारीख पूरे देश के लिए अंतरिक्ष दिवस के रूप में अमर हुई है। चंद्रयान 3 की सफलता के साथ के बाद भारत के वैज्ञानिकों का लोहा पूरी दुनिया ने माना है। पीएम ने कहा कि भारत की पहल पर अफ्रीकन यूनियन जी 20 का सदस्य बना। इस पीएम मोदी ने यह भी कहा कि रोजगार मेला लगाकर एक लाख लोगों को रोजगार दिया गया। पीएम ने कहा कि युवा जिससे जुड़ जाते हैं वह सफल हो जाता है। कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि पिछले तीस दिन पर नजर डालें तो नए भारत के तेज का पता चलता है। जी-20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट फिनाले में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, पिछले 30 दिनों में भारत की कूटनीति नई ऊंचाइयों पर पहुंची है। जी-20 से पहले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन दक्षिण अफ्रीका में आयोजित किया गया था। भारत के प्रयासों से ब्रिक्स समुदाय में छह नए देशों को शामिल किया गया। आने मुझे सभी अच्छे कर्म करने के लिए चुना है। जी-20 शिखर सम्मेलन से ठीक पहले मैंने इंडोनेशिया में विश्व के कई नेताओं के साथ बैठक की थी।

पीएम मोदी ने बांटे अपॉइंटमेंट लेटर

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को 51 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी के लिए अपॉइंटमेंट लेटर बांटे हैं। इन अपॉइंटमेंट लेटर पानी वाली युवाओं को अलग-अलग विभागों में नौकरी दी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए नई दिल्ली के रायसिना रोड स्थित नेशनल मीडिया सेंटर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान इन युवाओं को अपॉइंटमेंट लेटर बांटे हैं। रोजगार मेला के तहत देश के अलग-अलग क्षेत्र से जुड़े युवाओं को 51000 अपॉइंटमेंट लेटर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बांटे हैं। बता दें कि देशभर के 46 स्थान पर रोजगार मेले का आयोजन किया गया था।

रामलला के दर्शन करने जा सकते हैं राहुल गांधी

- प्राण प्रतिष्ठा के पहले हो सकता है आगमन
- राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी ने दी जानकारी

लखनऊ। कांग्रेस नेता राहुल गांधी अयोध्या राम मंदिर के दर्शन करने के लिए आ सकते हैं। सूत्रों के अनुसार उनकी यात्रा की तैयारियां चल रही हैं। भारत जोड़ो यात्रा के संयोजक व राजीव गांधी फाउंडेशन के सीईओ विजय महाजन ने स्थानीय कांग्रेस नेता के साथ राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी से इस बारे में मुलाकात की है। यह मुलाकात करीब एक सप्ताह पहले हुई है। मुलाकात के दौरान राहुल गांधी के राम जन्मभूमि मंदिर दर्शन के कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा हुई। ऐसी खबरें हैं कि राहुल राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से पहले भी आ सकते हैं और उसके बाद भी। रामलाल के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने कहा दर्शन करने के लिए हर व्यक्ति को आने का अधिकार है। यदि राहुल गांधी रामलला के दर्शन करने के लिए आते हैं तो उनका स्वागत है। यदि राहुल गांधी राम मंदिर जाते हैं तो यह पहला मौका होगा जब वह अयोध्या मंदिर के दर्शन करने जाएंगे। मालूम हो कि मंदिर का निर्माण तेजी के साथ चल रहा है।

योगी सरकार पुलिस विभाग में महिलाओं को दे रही बंपर नौकरियां

- अब मिशन शक्ति के तहत होगा बड़ा काम
- यूपी पुलिस में बीते छह वर्षों में 1.55 लाख से अधिक पदों पर भर्ती हुई
- 22,184 महिला पुलिसकर्मी शामिल

लखनऊ। यूपी पुलिस में महिला पुलिसकर्मियों के दायित्वों का दायरा बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर 15 अक्टूबर से मिशन शक्ति के अगले चरण के अभियान की शुरुआत कर महिला बीट अधिकारियों को क्षेत्र में अधिक सक्रिय किए जाने की योजना हैं। महिला बीट अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में वाट्सएप ग्रुप के माध्यम से भी महिलाओं को जोड़ेंगी और उनसे संवाद बढ़ाएंगी। यूपी पुलिस शक्ति दीदी के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में विशेषकर महिलाओं को उनके अधिकारों व सुरक्षा के प्रति जागरूक करेंगी। वहीं मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद जिलों में एसओ महिला थाना के अलावा एक अन्य थाने पर महिला थानाध्यक्ष की तैनाती का सिलसिला भी शुरू हो गया है। एसपी जैनपुर अजय पाल शर्मा ने सोमवार रात ही सुरेरी थाने की कमान महिला निरीक्षक प्रियंका सिंह को सौंप दी। यूपी पुलिस में बीते छह वर्षों में दारोगा व सिपाही समेत अन्य पदों पर यूपी पुलिस में 1.55 लाख से अधिक पदों पर भर्ती हुई है। इनमें 22,184 महिला पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। वर्तमान में लगभग 35 हजार महिला पुलिसकर्मी हैं, जिनमें 328 महिला निरीक्षक हैं। महिला पुलिसकर्मियों की संख्या बढ़ने के साथ ही अब उनके दायित्वों को भी बढ़ाया जा रहा है। विशेषकर फील्ड में उनकी उपयोगिता बढ़ाने के लिए यूपी 112 की पीआरवी में भी उनकी तैनाती की जा रही है। प्रदेश में पीएसी की महिला बटालियन की स्थापना का निर्णय भी इसी कड़ी का हिस्सा है। मिशन शक्ति के अगले चरण में महिला बीट अधिकारियों के दायित्वों को विस्तार दिया जाएगा।

केस ट्रांसफर की मांग पर मस्जिद पक्ष ने दाखिल की आपत्ति

वाराणसी। ज्ञानवापी परिसर स्थित व्यास जी का तहखाना जिलाधिकारी को सौंपने और वहां पूजा-पाठ की मांग के साथ शैलेंद्र कुमार पाठक की ओर से दाखिल वाद को सुनवाई के लिए जिला जज की अदालत में स्थानांतरित करने के प्रार्थना पत्र पर मंगलवार को आपत्ति दाखिल की गई है। प्रतिवादी अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद (मस्जिद पक्ष) की ओर से आपत्ति जिला जज की अदालत में दाखिल की गई है। वहीं, वकील के निधन पर शोक प्रस्ताव के चलते इस मामले की सुनवाई नहीं हो सकी। अगली सुनवाई के लिए 27 सितंबर की तिथि तय की गई है। आपत्ति के प्रार्थना पत्र में बताया गया है कि ज्ञानवापी के जितने भी मुकदमे अदालतों में चल रहे हैं सभी में संपत्ति आराजी संख्या 9130 का जिक्र है। यहां मौजूद इमारत के नीचे ही तहखाना है। इसलिए वादी का यह कहना कि किसी भी मुकदमे में तहखाने पर अधिकार के बारे में कोई मुकदमा नहीं है, सरासर गलत है।

डीएम ने ली धान खरीद की तैयारी की समीक्षा, दिए निर्देश

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में न्यूनतम मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत धान खरीद की तैयारियों के सम्बन्ध में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सोमवार को जनपद के क्रय एजेंसियों के जिला प्रबन्धकों, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता, समस्त मण्डी सचिवों, भा. खा. निगम के अफसरों एवं क्षेत्रीय विपणन अधिकारियों संग समीक्षा बैठक की।बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने समस्त क्रय एजेंसियों के जिला प्रबन्धकों को निर्देशित किया कि सभी क्रय एजेंसियां 01 अक्टूबर, 2023 को धान खरीद प्रारम्भ होने से पूर्व ही केन्द्रों पर समस्त व्यवस्थाएं पूर्ण करा ले, जिससे कि कृषकों को धान विक्रय में किसी भी प्रकार की असुविधा उत्पन्न न हो। जिला प्रबन्धक स्वयं अपने क्रय केन्द्रों का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित कर लें कि क्रय केन्द्रों पर कोई कमी न हो । प्रत्येक क्रय केन्द्र पर शासनादेश में निहित व्यवस्थानुसार 02 इलेक्ट्रॉनिक कांटे, 01 नमी मापक यंत्र, डस्टर एवं एनॉलिसिस किट की उपलब्धता होनी चाहिए। कृषक बन्धुओं को सुख-सुविधा के दृष्टिगत प्रत्येक क्रय केन्द्र पर पेय जल की व्यवस्था, बैठने हेतु कुर्सियां/तख्त एवं उनके वाहनों को खड़ा करने हेतु जगह की उपलब्धता हो। जनपद के प्रत्येक मण्डियों में क्षेत्रीय विपणन अधिकारियों/मण्डी सचिवों द्वारा यह सुनिश्चित कराए कि कृषकों को किसी भी प्रकार से धान विक्रय में असुविधा न हो। यदि कोई कृषक पंजीयन कराने में असमर्थ है, तो प्रत्येक मण्डियों में मण्डी सचिव हेल्प डेस्क बनाते हुए कृषक पंजीयन भी कराना सुनिश्चित करेंगे। क्षेत्रीय विपणन अधिकारी मण्डियों में कृषकों की आवक अधिक होने पर मण्डी स्थित प्रत्येक केन्द्र पर कृषकों को केन्द्र की क्षमता के अनुसार भेजते हुए सभी क्रय केन्द्रों पर धान खरीद कराना सुनिश्चित करेंगे। डीएम ने सभी क्रय एजेंसियों को कड़े निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार से कृषकों को धान विक्रय में कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए। यदि कोई केन्द्र प्रभारी द्वारा कृषकों को धान क्रय में परेशान किया जाता है तो सम्बन्धित केन्द्र प्रभारी के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित क्रय एजेंसी के जिला प्रबन्धक का भी उत्तरदायित्व निर्धारित किया जायेगा। डीएम ने कृषकों को धान विक्रय में सुविधा एवं धान खरीद प्रणाली को पारदर्शिता के दृष्टिगत प्रत्येक क्रय केन्द्र पर नोडल अधिकारी नामित किया गया है, जो कि खरीद प्रक्रिया पर सतत निगरानी रखेंगे। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में न्यूनतम मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत में धान का समर्थन मूल्य 2183 रु / कु0 (कॉमन) एवं 2203 रु / कु0 (ग्रेड ए) निर्धारित है। डीएम ने कृषक बन्धुओं से अनुरोध किया कि अपने धान को साफ एवं सुखाकर क्रय केन्द्रों पर विक्रय हेतु लायें एवं न्यूनतम मूल्य समर्थन योजना का लाभ उठायें। किसी भी बहकावे में न आकर सरकारी क्रय केन्द्रों पर ही लाकर अपना धान विक्रय करें । सरकारी क्रय केन्द्रों पर धान विक्रय में किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होगी।

खीरी में धान क्रय के लिए 05 क्रय एजेंसियों के 169 धान क्रय केन्द्र

खरीफ विपणन वर्ष 2023 24 में न्यूनतम मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत धान क्रय हेतु कुल 05 क्रय एजेंसियों के 169 धान क्रय केन्द्र बनाये गये हैं। जिसका तहसीलवार विवरण निम्नवत है =लखीमपुर सदर 49, गोला 45, पलिया 12, मोहम्मदी 23, मितौली 14, निघासन 08, धौरहरा 18।

पंजीकृत किसानों से ही धान होगा क्रय

खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में न्यूनतम मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत क्रय केन्द्रों पर धान विक्रय हेतु कृषक बन्धुओं को खाद्य विभाग के पोर्टल fcs.up.gov.in अथवा विभाग के मोबाइल एप up kisan mitra पर पंजीयन कराना जरूरी है। पंजीकृत किसानों से ही धान क्रय किया जायेगा। धान विक्रय हेतु इच्छुक कृषक खरीद शुरू होने से पूर्व ही पंजीकरण करायें एवं न्यूनतम मूल्य समर्थन योजना का लाभ उठायें। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में गेहूँ व धान खरीद हेतु पूर्व में पंजीकरण करा चुके कृषकों को धान विक्रय हेतु पुनः पंजीकरण कराने की आवश्यकता नहीं है, परन्तु उक्त पंजीकरण को संशोधित कर पुनः लॉक कराना होगा। यदि कृषक पंजीयन में किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो जनपद में स्थापित कन्ट्रोलरूम मो0नं0 6396239116 या सम्बन्धित तहसील के क्षेत्रीय विपणन अधिकारी या विपणन निरीक्षक से सम्पर्क कर सकते हैं। पंजीयन की प्रक्रिया 01 जुलाई, 2023 से शुरू है। कृषक बन्धुओं से अपील है कि अपने पंजीयन समय से कर लें क्योंकि पंजीयन के उपरान्त तहसील स्तर पर प्रत्येक कृषक पंजीयन के सत्यापनोपरान्त ही कृषक धान विक्रय का पात्र होगा। जनपद के प्रत्येक क्रय केन्द्रों पर जिलाधिकारी द्वारा कृषकों को किसी भी असुविधा से बचाने हेतु प्रत्येक क्रय केन्द्रों पर पर्यवेक्षणीय अधिकारियों/कर्मचारियों की नियुक्ति होगी। यदि किसी केन्द्र प्रभारी द्वारा कृषकों के साथ धान विक्रय में किसी भी प्रकार का समस्या उत्पन्न करता है तो सम्बन्धित केन्द्र प्रभारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही भी अमल में लायी जायेगी। धान क्रय की व्यवस्था को सही ढंग से क्रियान्वयन हेतु तहसील स्तर पर उपजिलाधिकारी नोडल नियुक्त किये गये हैं।

स्वच्छता जागरूकता हेतु बैठक का किया गया आयोजन

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। 'स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा' के अन्तर्गत 01 अक्टूबर 2023 को सुबह 10 बजे 1 घंटे का स्वच्छता के लिए श्रमदान कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं नगर पंचायत द्वारा चलाये जा रहे संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अन्तर्गत स्वच्छता जागरूकता हेतु आज दिनांक 26.09.2023 समय 04:00 बजे कार्यालय नगर पंचायत धौरहरा, जनपद खीरी में स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति व स्वच्छ सारथी क्लब के नामित नोडल के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

बाइकों की टक्कर से दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

लखीमपुर खीरी। हैदराबाद थाना क्षेत्र के भीखमपुर ममरी रोड पर चांदामाऊ में बाइकों की टक्कर से दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस से इलाज को सीएचसी गोला भेज दिया। मितौली थाना क्षेत्र के स्थानीय कस्बा निवासी संटू अपनी बाइक से हैदराबाद थाना क्षेत्र के गांव चांदामऊ गए थे। जहां से वापस लौटते ममरी रोड पर गांव लन्?दनपुर ग्रन्ट के गांव पिपरा निवासी अमित पुत्र सुरेश जो अपनी रिश्तेदारी मितौली से वापस चांदामऊ जा रहे थे कि दोनों बाइकों की सामने से टक्कर हो गई। जिसमें दोनों बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए।

उपजा पत्रकारों ने शोक जताया

सीतापुर। पत्रकार महेश शर्मा की माता जी जवाहर कुंवर शर्मा का बीमारी के चलते निधन हो गया। उन्होंने 82 वर्ष की उम्र अंतिम सांस ली। उनके निधन पर पत्रकारों ने शोक जताया है। उत्तर प्रदेश जर्नलिस्ट एसोसिएशन के जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में शोकसभा की गई। इस मौके पर पत्रकारों ने दो मिनट मा मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उपजा जिलाध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल ने कहा कि इस दुख की घड़ी उपजा संगठन पत्रकार महेश शर्मा के साथ है। ईश्वर परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार राहुल मिश्रा, अनिल विश्वकर्मा, रविंद्र तिवारी, अशोक यादव, संदीप श्रीवास्तव, अवनीश मिश्रा, पुलकित शर्मा, अंकित दीक्षित, सुनील शर्मा, महेश कश्यप, अमित शुक्ला, रविंद्र सक्सेना, श्याम शुक्ला आदि पत्रकारों ने शोक जताया है।

अवैध रूप से नहीं चलेंगी मीट की दुकानें

सीतापुर। सदर एसडीएम ने बताया कि हाल ही में खैराबाद कस्बे में कुत्तों द्वारा नागरिकों के काटे जाने की घटना को ध्यान में रखते हुए पालतू कुत्तों का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य किया गया है। जो लोग कुतों को पाल रहे हैं, वे रजिस्ट्रेशन आवश्य करवाएं। इस सम्बन्ध में सभी अधिशासी अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके पालिका क्षेत्रान्तर्गत ऐसे समस्त नागरिक जिनके द्वारा पालतू जानवर पाले गये हैं, उनका रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित पालिका में हो गया है। साथ ही साथ यह भी संज्ञान में आया है कि मीट दुकानदारों द्वारा खुले में मीट बेचने का कार्य किया जा रहा है। बिना पंजीकरण के ऐसी दुकानें संचालित की जा रही हैं। इन अवैध रूप से संचालित मीट की दुकानों से निष्प्रयोज्य पदार्थ (वेस्ट) फेंके जाने वाले मीट को खाकर कुत्ते हिंसक व खूंखार हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में मीट दुकानों के संचालन हेतु जो दिशा निर्देश हैं, उनके अनुरूप ही मीट की दुकानें संचालित करायी जायें। बिना पंजीकरण के कोई भी मीट की दुकानों का संचालन न करने पाये। इसके लिए यह उचित होगा कि इस हेतु एक स्थान चिन्हित कर लिया जाये, उसी स्थान पर ही मीट वितरण का कार्य किया जाये। इसके दृष्टिगत अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, पंचायत सीतापुर, खैराबाद, हरगांव कार्य योजना तैयार कर एक सप्ताह में प्रस्तुत करें। उन्होंने इस सम्बन्ध में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, पंचायत सीतापुर, खैराबाद, हरगांव को निर्देशित किया है कि नियमानुसार पालतू जानवरों के पंजीकरण एवं मीट विक्रय के व्यवस्थापन के सम्बन्ध में आवश्यक कार्रवाई करें।

त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से निपटाने के लिए बैठक

सीतापुर। ईद मिलादुन्नबी त्योहार को लेकर कोतवाली महोली में कोतवाली प्रभारी उमाकांत शुक्ला के अध्यक्षता में बैठक की गई। कोतवाली प्रभारी ने त्योहार शांति पूर्वक मनाने को कहा। उन्होंने जुलूस में एक साइड आवागमन चलवाए जाने की व्यवस्था किए जाने की बात कही। इस पर कोतवाली प्रभारी ने कस्बा प्रभारी विजय मिश्रा को निर्देशित किया कि वह इस पर विशेष ध्यान दें। सुबह 8 बजे से दिन के 1बजे तक जुलूस ए मोहम्मदी निकाला जाएगा। उसमें पुलिस की व्यापक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य रूप से सभासद राजू मौलाना, मकसूद राजा, मौलाना युसूफराजा, रिजवान अली, गुफ़ान अली, इकरार, आफ्ताब, अनवर, मोहम्मद सत्तार आदि मौजूद रहे।

कवि सम्मेलन में कवियों ने सुनाया कव्य पाठ

सीतापुर। श्री कृष्ण जन्माष्टमी मेले के दौरान महोली में विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक शशांक त्रिवेदी ने किया। उन्होंने कहा की पंडित दीनदयाल उपाध्याय को नमन करता हूं। कवि सम्मेलन के दौरान सवाजपुर विधायक माघवेंद्र प्रताप सिंह, मोहम्मदी विधायक लोकेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय को नमन किया। कार्यक्रम के दौरान कवियों को सम्मानित किया गया। कवियों ने काव्य पाठ कर उपस्थित श्रोताओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम में कवियों को सुनने के लिए पंडाल खचाखच भरा था।

पुलिस अधीक्षक ने सीसीटीवी डिजिटल कैमरा के कन्ट्रोल रूम का फीता काट कर किया उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। थाना कोतवाली सदर पर पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा द्वारा सीसीटीवी डिजिटल कैमरा के कन्ट्रोल रूम का फीता काट कर उद्घाटन किया गया। थाना कोतवाली सदर क्षेत्रान्तर्गत लगभग 700 सीसीटीवी कैमरे की मॉनिटरिंग कंट्रोल रूम द्वारा की जा रही है। जनपद खीरी में पुलिस ने जन सहयोग से क्षेत्र में विभिन्न स्थानों जैसे मार्केट क्षेत्र के चौराहे और अन्य संदिग्ध स्थाना एवं ज्यादा भीड़ भाड़ और मुख्य चौराहे पर 6000 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे लगवाये गये है। जिससे अब क्षेत्र में 24 घंटे पुलिस द्वारा नजर रखी जायेगी। इन सीसीटीवी कैमरे लगाने का यह उद्देश्य है कि क्षेत्र में बदमाशों पर नजर रखना व अपराध को रोकने व यातायात पुलिस को मदद मिलेगी। स्कूल में पढ़ने वाले छात्र एवं छात्राओं की सुरक्षा हेतु सीसीटीवी कैमरों द्वारा कंट्रोल रूम से मॉनिटरिंग की जायेगी।

शिक्षको ने मांगो को लेकर किया चाक डाउन

अवधनामा संवाददाता

सीतापुर। जिले के समस्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों ने उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ संघर्ष मोर्चा के तहत चाक डाउन किया। संयोजक लालमणि द्विवेदी के आवाहन पर सेवा सुरक्षा की चयन बोर्ड अधिनियम 1982 की धारा 21 की जैसी व्यवस्था शिक्षा चयन आयोग अधिनियम 2023 में शामिल करने को लेकर तथा 7 सूत्री मांग पत्र को समर्थन दिया। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ पांडेगुट, उप्रमाशि संघ एकजुट ने चाक डाउन किया। संघ ठकुराई गुट, आदर्श माध्यमिक शिक्षक संघ उत्तर प्रदेश, उत्तर प्रदेश शिक्षक महासभा, संयुक्त शिक्षक संघ प्रगतिशील शिक्षक संघ, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ नवीन, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर एसोसिएशन प्रधानाचार्य परिषद का समर्थन रहा। मंगलवार के चाक डाउन कार्यक्रम का समर्थन करते हुए उ प्र मा शि संघ पांडे गुट के प्रदेश संरक्षण मंत्री संजय कुमार बाजपेई ने कहा कि सेवा सुरक्षा की धारा 21 को नए अधिनियम में शामिल न किया जाना शिक्षकों के साथ धोखा है। शिक्षकों के सम्मान के साथ खिलवाड़ भी है।

जिलाध्यक्ष सुनील मिश्रा ने कहा कि शिक्षकों के सम्मान के लिए पुरानी पेंशन बहुत जरूरी है। पुरानी पेंशन की बहाली के लिए शिक्षक संघ हर लड़ाई लड़ने को तैयार है। राजकमल कनौजिया ने कहा सरकार उत्तर प्रदेश के सभी अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों का राजकीयकरण करे। राजकीयकरण ही शिक्षकों की अधिकतर समस्याओं का समाधान है। कार्यक्रम में अवनीश कुमार, ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली के लिए सभी शिक्षक 1 अक्टूबर को दिल्ली पहुंचकर पेंशन शंखनाद महारैली को सफल बनाएंगे। इस मौके पर ताराचंद पटेल आदि मौजूद रहे।

भागवत कथा सुनने को उमड़ी भीड़

सीतापुर। महासुनिया गंज महोली में श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास आचार्य धर्मेंद्र महाराज ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा श्रवण मनुष्य को अपने जीवन में उतारने का अवसर मिलता है। उन्होंने दूसरे दिन की कथा को आगे बढ़ते हुए कहा जीवन मरण, यश अपयश विधि के हाथ मे है। उन्होंने कहा कि इस पर मनुष्य को ध्यान देना चाहिए तभी उसका जीवन सफल हो सकता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य 1दिनभर अपने काम में ही व्यस्त रहता है। उसको अंतिम दौर की चिंता नहीं रहती। जब वह कभी अंधकार में डूब जाता है और चारों तरफउसके अंधकार ही अंधकार नजर आता है, तब वह प्रभु की याद करता है। अगर वह अपना थोड़ा सा समय भगवान की भक्ति आराधना में लगा दे, तो जीवन में उसको कष्ट न भुगतने पड़े। मगर इस पर मनुष्य ध्यान देने की आवश्यकता नहीं समझता है। यही हमारे दुखों का कारण है। इस सत्र की कथा के बाद आरती और प्रसाद का वितरण भी किया गया।

अवैध शस्त्र समेत गिरफ्तार

सीतापुर। सदरपुर पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान अमित कुमार मौर्या पुत्र सुमेरी लाल निवासी ग्राम सरैंया महीपत सिंह थाना सदरपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तंमचा मय कारतूस के बरामद किया है। उपनिरीक्षक सुनील पाल सिंह ने बताया कि अमित कुमार मौर्या के खिलाफआर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है।

डीएम ने त्रिपुला स्थित कान्हा गोवंश विहार गौशाला का किया औचक निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

अवधनामा संवाददाता

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने त्रिपुला स्थित कान्हा गोवंश विहार गौशाला का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गायों के खानपान चारे आदि व्यवस्था के बारे में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी गौशाला केन्द्रों पर गौवंश को बीमारियों आदि से बचाव के समुचित उपायों के साथ ही सभी व्यवस्थाओं को पूरी तरह से दुरुस्त रखा जाए। इसके अलावा पशुओं को किसी भी प्रकार की बीमारी आदि न हो सके इसी जांच भी पशु चिकित्साधिकारी से नियमित रूप से कराते रहे। गोवंशों के खान-पान चारा आदि व्यवस्थाओं को पूरी तरह से दुरुस्त रखते हुए किसी भी प्रकार की कमी न होने पाये और गौवंशों की बेहतरी के लिए निरंतर कार्य किये जाये। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निरीक्षण रजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर, पंचनामा आदि रजिस्टरों का अवलोकन किया तथा सम्बन्धित अधिकारी से निरीक्षण आदि व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कस्बों में जो आवारा गौवंश मिले उन्हें गौशालाओं में पहुंचकर उसका संरक्षण किया जाये।

जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी व सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि गौशाला का प्रभावी तरीके से संचालित किया जाए तथा गौशाला में निराश्रित गोवंशों को रखा जाए तथा उनकी देखभाल भी बेहतर तरीके से की जाये। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये। उन्होंने कहा कि गौशालाओं में चारा, पानी आदि में किसी भी प्रकार की कोई कमी न रहे।

जिलाधिकारी के निरीक्षण के समय कान्हा गोवंश बिहार में 522 गोवंश संरक्षित पाये गये। गौशाला परिसर में 200 कुठ भूसा व 10 कु0 हरा चारा संरक्षित पाया गया। परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था सही पायी गयी। गौशाला में चिकित्सा, बधियाकरण, ईयर टैगिंग, टीकाकरण का कार्य नियमित रूप से किया जा रहा है, एवं सभी अभिलेख के साथ-साथ मृत पशु पंजिका, गोवंशों की विवरण पंजिका, निरीक्षण पंजिका आदि पूर्ण पायी गयी। जिलाधिकारी ने बीमार पशुओं के लिए आइसोलेशन शेड बनाने के साथ, अधिक मात्रा में हरा चारा उगाने के निर्देश दिये गये तथा स्वयं सहायता समूहों का सहयोग लेकर गोबर से वर्मीकम्पोस्ट बनाकर विक्रय किया जाए एवं प्राप्त धनराशि का उपयोग गौशाला के कार्य में प्रयोग किया जाए तथा प्राप्त धनराशि का अभिलेख बनाकर सुरक्षित किया जाए। इसी दौरान जिलाधिकारी द्वारा गोशाला परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया।इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर, खण्ड विकास अधिकारी अमावां सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

अधिवक्ताओं को कांग्रेस ने दिया समर्थन

सीतापुर। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं महामंत्री को शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सन्तोष भार्गव ने एक समर्थन पत्र सौपा है। पत्र में विगत दिनों जनपद हापुड़ में अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे हैं अधिवक्ताओं पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किया गया था। प्राथमिक दर्ज होने के बावजूद दोषी पुलिस कर्मचारियों की गिरफ्तारी नहीं की गई।

इस विषय पर पिछले कई दिनों से अधिवक्ता हड़ताल पर हैं। जिसको आज कांग्रेसियों ने समर्थन पत्र सौंपा शहर अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस अधिवक्ताओं के मान और सम्मान के लिए सदैव उनके साथ खड़ी है। केंद्र और प्रदेश में बैठी भाजपा की सरकार पूरी तरह से निरंकुश है। कानून व्यवस्था पर कोई प्रबंधन नहीं है। इस दौरान ओम प्रकाश मिश्रा, मुनेंद्र अवस्थी, सलाम अंसारी, आलिया बानो,सपना त्रिपाठी,रामफल चौधरी, आशुतोष बाजपेई, रामचंद्र भार्गव, कैलाश चंद्र शुक्ला, उपदेश गुप्ता, रवि प्रकाश, अमित श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।

विशाल भंडारे का आयोजन किया गया

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज, रायबरेली। क्षेत्र के मऊ बाजार के प्राचीन श्री ऊंचेश्वर महादेव व रामलीला के स्थान में विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी देवघर से दर्शनोपरांत बोल बम कांवरिया परिवार की तरफ से मंगलवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 15 हजार कांवड़िया श्रद्धालु महाप्रसादी में शामिल होकर प्रसाद छका। इस दौरान हर हर महादेव, बोल बम के नारों से पूरा वातावरण गूंजायमान हो रहा था। महाप्रसादी कार्यक्रम में पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह मुख्य रूप से शामिल रहे। आपको बता दें कि, मऊ बाजार के प्राचीन ऊंचेश्वर महादेव मंदिर परिसर व रामलीला स्थल में होने वाले भंडारा कार्यक्रम के लिए आयोजन समिति द्वारा 15 हजार लोगों की महाप्रसादी की तैयारी की गई। इसके लिए श्री ऊंचेश्वर महादेव मंदिर परिसर, रामलीला ग्राउंड तथा आसपास खाली भूमि पर महाप्रसादी निर्माण का कार्य 24 घंटे पहले से शुरू कर दिया गया। 07 भट्ठियों पर महाप्रसादी का निर्माण कार्य 20 कारीगरों द्वारा निरंतर किया जा रहा है। बोल बम कांवरिया परिवार के प्रमुख व महाप्रसादी निर्माण के प्रभारी राजकुमार गुप्ता, विनोद सोनी ने बताया कि, 15 हजार लोगों की महाप्रसादी के लिए 8 क्विंटल चीनी, 12 कुंतल सब्जी, 10 क्विंटल आटा, 32 पीपे रिफाइन तेल, 30 किलो चने की दाल से बूंदी बनवाई गई है। रसोई गैस और लकड़ी की व्यवस्था व्यवसाय संगठन से जुड़े लोगों द्वारा की गई है।

साइबर सुरक्षा जागरूकता पहल सबकी नीयत साफ नहीं होती जनपद रायबरेली से लॉन्च की

अवधनामा संवाददाता

रायबरेली। लखनऊ रेंज पुलिस और पीरामल फाइनेंस ने उप्र के नागरिकों को जागरुक करने के लिए 26 सितम्बर 2023 को एक संयुक्त साइबर पहल सबकी नीयत साफ नहीं होती का आयोजन किया गया। वित्तीय साइबर धोखाधड़ी के खिलाफ जागरूकता, सुरक्षा और रोकथाम पर लखनऊ रेंज पुलिस और पीरामल फाइनेंस की संयुक्त पहल में पहले चरण में अगले 2 महीनों में सीतापुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली और खीरी जिलों में नुक्कड़ नाटक, सोशल मीडिया आउटरीच, इंटरैक्टिव कार्यशालाएं, वीडियो, बैनर, साइनेज बोर्ड और अन्य गतिविधियों के माध्यम से जन जागरुकता कार्यक्रम शामिल हैं। जनपद रायबरेली से इस पहल की शुरुआत श्री पियूष मोर्डिया, अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ मंडल, श्री तरूण गाबा पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ परिक्षेत्र और श्री आलोक प्रियदर्शी, एसपी रायबरेली की गरिमामयी उपस्थिति में की जा रही है। इस दौरान श्री सुनीत मदान, मुख्य परिचालन अधिकारी और श्री अरविंद अय्यर, प्रमुख मार्केटिंग, पीरामल फाइनेंस, व अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और पीरामल फाइनेंस के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

इस पहल का उद्देश्य उन अनुभवों और साइबर खतरों पर आमजनमानस से सीधे बात करना है जिनका व्यक्ति दैनिक आधार पर सामना करते हैं और उन्हें सतर्क रहने और वित्तीय साइबर धोखाधड़ी का शिकार न होने के लिए शिक्षित करना है। इसके अतिरिक्त इसका उद्देश्य संभावित साइबर खतरों को पहचानने, निवारक उपायों को लागू करने, धोखाधड़ी वाली गतिविधियों की तुरंत रिपोर्ट करने और खुद को और अपने प्रियजनों को संभावित वित्तीय नुकसान से बचाने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल के साथ व्यक्तियों को सशक्त बनाना है। रायबरेली पुलिस और पीरामल फाइनेंस की सबकी नीयत साफ नहीं होती 'संयुक्त साइबर सुरक्षा पहल' सरल एवं कार्यवाही योग्य सलाह देने पर केंद्रित है ताकि यू0पी0 में हर किसी के पास साइबर अपराध के खिलाफ रक्षा की एक ठोस जानकारी हो।

पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का पहुंचाया जाए भरपूर लाभ: सांसद

अवधनामा संवाददाता

गौतमबुद्धनगर। भारत सरकार के माध्यम से संचालित की जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आज कलेक्ट्रेट के सभागार में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) की बैठक माननीय अध्यक्ष/सांसद (लोकसभा) गौतमबुद्धनगर डा0 महेश शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस अवसर पर माननीय सांसद ने भारत सरकार के माध्यम से संचालित राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन शहरी व ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, डिजिटल भारत भू-अभिलेख आधुनिकरण कार्यक्रम, पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण ज्योति योजना, श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन, राष्ट्रीय विरासत शहर विकास और वृद्धि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, सर्व शिक्षा अभियान, समेकित बाल विकास परियोजना, मध्यान भोजन योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, दूरसंचार सेवाएं, प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना, समेकित विद्युत विकास योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, सुगम्य भारत अभियान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना तथा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा का कार्यान्वन, सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना आदि महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की गई। उन्होंने इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों का आह्वान करते हुए कहा कि भारत सरकार के माध्यम से विकास से संबंधित एवं जन सामान्य को व्यक्तिगत लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार की योजनाएं संचालित की जा रही हैं ताकि समाज के अंतिम छोर के व्यक्तियों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। सरकार के इस महत्वपूर्ण अभियान में सभी विभागीय अधिकारियों की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका है। सभी अधिकारी गण अपनी विभागीय जन कल्याणकारी योजनाओं एवं व्यक्तिगत लाभप्रद योजनाओं को पारदर्शिता के साथ संचालित करें। सभी योजनाओं का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार भी विभिन्न माध्यमों से सुनिश्चित किया जाए, ताकि पात्र लाभार्थी आगे आकर सरकार की समस्त योजनाओं का भरपूर लाभ अर्जन करते हुए अपने परिवार का आर्थिक विकास को आगे बढ़ा सकें। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारियों के माध्यम से जो विकास कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, उनकी जानकारी स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आवश्यक रूप से उपलब्ध कराते हुए उनका सहयोग प्राप्त किया जाए ताकि सभी योजनाएं पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न हो सके।

सांसद ने कहा कि भारत सरकार की योजनाओं के तहत जनपद में जो निर्माण योजनाएं संचालित की जा रही हैं सभी में कार्यदाई संस्थाओं के द्वारा पारदर्शिता अपनाकर निर्धारित समय अवधि के भीतर संबंधित प्रोजेक्ट को पूरा करने की दिशा में विशेष प्रयास सुनिश्चित किए जाएं ताकि इन कार्यक्रमों का शीघ्रता के साथ जन सामान्य को लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने सभी अधिकारीयों का यह भी आह्वान किया कि आज की बैठक में जनप्रतिनिधियों के माध्यम से जो समस्याएं एवं शिकायतें प्राप्त हुई है संबन्धित अधिकारीगण सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित करते हुये जनपद के विकास को आगे बढाने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे। सांसद ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए विद्युत विभाग का आह्वान कि उनके द्वारा जनपद में एक वृहद अभियान चलाकर सभी 11000 की विद्युत लाइन का सर्वे कर लिया जाए और जो भी 11000 की विद्युत लाइन जर्जर हालत में है, उनको तत्काल बदलवाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों का यह भी आह्वान कि जनपद गौतम बुद्ध नगर उद्योग की दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण जनपद है। इसलिए विद्युत विभाग जनपद की विद्युत आपूर्ति पर विशेष फोकस रखें एवं अनवरत रूप से बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करायें।

कलेक्ट्रेट परिसर में चार पहिया व मोटर साइकिल स्टैंड की सार्वजनिक नीलामी 27 सितम्बर को: सिटी मजिस्ट्रेट

अवधनामा संवाददाता

रायबरेली। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार रायबरेली में 27 सितम्बर 2023 को अपरान्ह 1बजे कलेक्ट्रेट परिसर में चार पहिया वाहन तथा दो पहिया वाहन (मोटर साइकिल) स्टैंड की सार्वजनिक नीलामी की जायेगी। नगर मजिस्ट्रेट प्रकाश चन्द्र ने जानकारी देते हुए बताया है कि नीलामी की शर्तों के अनुसार की जायेगी। जिसमें प्रत्येक बोलीदाता को नीलामी में भाग लेने हेतु नीलामी के पूर्व अग्रिम जमानत धनराशि के रूप में नगद 5000 रुपये जमा करना होगा। नीलामी में उच्चतम बोलीदाता को कुल नीलामी धनराशि का 1/2 धनराशि तत्काल जमा करना होगा तथा अवशेष नीलामी धनराशि, नीलामी तिथि से 03 माह के अन्दर जमा कर चालान की मूल प्रति नाजिर सदर कलेक्ट्रेट रायबरेली के पास प्रस्तुत करना होगा। यह नीलामी 31 मार्च 2024 तक प्रभावी रहेगा। चार पहिया वाहन तथा दो पहिया वाहन (मोटर साइकिल) स्टैंड लगाने हेतु इन्फास्ट्रक्चर क्रेता को स्वयं लगाना होगा तथा चयनित स्थल पर किसी भी प्रकार का स्थायी निर्माण नहीं किया जायेगा। स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत दिये गये निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए परिसर में कोई गंदगी फैलाई जायेगी। चार पहिया वाहन तथा दो पहिया वाहन (मोटर साइकिल) स्टैंड में प्रति चार पहिया वाहन हेतु 10 रुपये तथा मोटर साइकिल के लिए 05 रुपये की दर निर्धारित रहेगा। नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि स्टैंड की शासकीय प्रारम्भिक बोली 98100 मात्र होगी जो 31 मार्च 2024 तक प्रभावी रहेगी। क्रेता/सर्वोच्च बोलीदाता को स्टैंड पर रेट लिस्ट लगाना अनिवार्य होगा। नीलामी स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार जिलाधिकारी द्वारा निहित होगा। चार पहिया वाहन तथा दो पहिया वाहन (मोटर साइकिल) स्टैंड की अनुमति बिना किसी नोटिस/सूचना के किसी भी समय जिलाधिकारी द्वारा समाप्त किया जा सकता है।

वेक्टर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्यवाही होः डीएम

- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत 100-100 गोल्डन कार्ड धारकों से रेंडम वार्ता कर फीडबैक लिया जाएः जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता

मैनपुरी। गोल्डन कार्ड बनाए जाने की खराब प्रगति पर बीसीपीएम जागीर का तत्काल प्रभाव वेतन रोके जाने, बीसीपीएम करहल के विरुद्ध प्रभारी चिकित्साधिकारी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट पर मुख्य चिकित्साधिकारी को तत्काल प्रभावी कार्यवाही किए जाने, बिना पूर्व अनुमति मुख्यालय से बाहर जाने, बैठक से अनुपस्थित होम्योपैथिक अधिकारी को कारण बताओं नोटिस जारी करने, भर्ती मरीजों, गर्भवती महिलाओं को उपलब्ध कराये जा रहे नाश्ते, खाने की गुणवत्ता की जांच अंतरविभागीय अधिकारियों से कराये जाने, प्रसव के उपरांत डिस्चार्ज होने पर ही जन्म प्रमाण पत्र उपलब्ध कराये जाने, प्रसूता को उसके घर तक एंबुलेंस से भेजे जाने, स्वास्थ्य केद्रों पर लेबर रूम की व्यवस्थाओं में सुधार लाने, गरीब परिवार की गर्भवती महिलाओं को आवश्यकता होने पर सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर ही सर्जरी की सुविधा उपलब्ध कराए जाने, अभियान चलाकर अवशेष पात्रों के गोल्डन कार्ड बनाए जाने, गोल्डन कार्ड वितरण में शिथिलता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही किए जाने के निर्देश जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा के दौरान दिए। श्री सिंह ने असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि जनपद में गोल्डन कार्ड धारकों द्वारा बीमार होने की दशा में गोल्डन कार्ड के प्रयोग की प्रगति बेहद खराब है। उन्होंने प्रभारी चिकित्साधिकारियों निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत अलग-अलग स्थानों पर रेंडम तौर पर कम से कम 100-100 गोल्डन कार्ड धारकों से वार्ता कर उनसे गोल्डन कार्ड का प्रयोग न किए जाने के संबंध में फीडबैक लिया जाए और उसकी सूची तैयार कर कारण सहित मुख्य चिकित्साधिकारी को उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि माह अगस्त में सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों पर मात्र 39 गर्भवती महिलाओं का ही सिजेरियन किया गया है, जो दुर्भाग्य पूर्ण है। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक महिला, प्रभारी चिकित्साधिकारी घिरोर के निर्देशित करते हुए कहा कि जरूरतमंद गर्भवती महिलाओं को सरकारी स्वास्थ्य केद्रों पर ही सिजेरियन की सुविधा मिले ताकि उन्हें प्राइवेट सेक्टर में जाकर धनराशि व्यय न करनी पड़े। उन्होंने पीसीपीएनडीटी अधिनियम के अंतर्गत संचालित अल्ट्रासाउंड सेन्टर की नियमित जांच कर अल्ट्रासाउंड सेंटर संचालकों से निर्धारित शर्तो का पालन सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश नोडल अधिकारी को दिए। जिलाधिकारी ने परिवार कल्याण कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान पुरुष, महिला नसबंदी की खराब प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रभारी चिकित्साधिकारियों को आदेशित किया कि स्वास्थ्य केंद्रों पर कैंप आयोजित कर महिला, पुरुष नसबंदी के लक्ष्यों की पूर्ति करे।

इंटरसेप्टर से ओवर स्पीड वाहनों की हुई चेकिंग

फर्रुखाबाद। परिवहन विभाग की टीम ने मंगलवार को इंटरसेप्टर के माध्यम से गुरसहायगंज मार्ग पर ओवर स्पीड वाहनों की चेकिंग की गई। इस दौरान चेकिंग में 8 वाहन ओवर स्पीड पाए जाने पर चालान के साथ ही साथ लाइसेंस निलंबित किया जाएगा। परिवहन विभाग को उप परिवहन आयुक्त कानपुर द्वारा चार दिनों के लिए इंटरसेप्टर वाहन प्रदान की गई है ताकि जनपद में ओवर स्पीड वाहनों को पकड़ा जा सके। इस कड़ी में मंगलवार को एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत तथा यातायात प्रभारी रजनेस कुमार द्वारा इंटरसेप्टर के माध्यम से 8 ओवर स्पीड वाहनों को पकड़ा गया। फतेहगढ़ गुरसहायगंज मार्ग पर तीन ब्लैक स्पॉट मेंहरूपुर सहजू मोड, लेनगांव मोड तथा हाजी नगला मोड /उबरी खेड़ा मोड स्थित है तथा इस मार्ग पर दुर्घटनाओं की अधिक संभावना रहती है, इसलिए दो पहिया वाहनों के लिए अधिकतम स्पीड 40 किलोमीटर प्रति घंटा, मालयानों के लिए अधिकतम गति सीमा 50 किलोमीटर प्रति घंटा तथा अन्य वाहनों के लिए 60 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित की गई है।

ईलाज के दौरान महिला ने तोड़ा दम, चालक पीजीआई रेफर

- सोमवार की देर शाम हरपुर बरवा में कार व टेंपू में हुई थी टक्कर
- हादसे में पांच लोग गंभीर रूप से हो गए थे घायल दो की हुई मौत

अवधनामा संवाददाता

मथौली बाजार, कुशीनगर। हाटा-कप्तानगंज मार्ग पर स्थित हरपुर बरवा के पास सोमवार की देर शाम हुई कार व टेंपू की टक्कर में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इसमें एक की इलाज हेतु ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई जबकि दूसरे का मेडिकल कालेज गोरखपुर में इलाज के दौरान मंगलवार की भोर में हो गई। वही एक की हालत नाजुक देखते हुए पीजीआई रेफर कर दिया गया। उधर दोनों मृतकों का शव घर पहुंचा तो कोहराम मच गया। परिजन दहाड़े मारकर रोने लगे। परिजनों की चीख पुकार से पूरा गांव गमगीन हो गए। देर रात दोनों शवों को सुपुर्देखाक कर दिया गया।

बता दें कि कप्तानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर निवासी हासिम खान सोमवार को गांव के ही एक टेंपू रिजर्व कर अपने परिवार के साथ गोरखपुर दवा कराने गए थे। दवा कराकर देर शाम घर वापस आ रहे थे कि अभी हरपुर बरवा पहुंचे ही थे कि नशे में धुत एक बैंक कर्मी ने अपने कार से जोरदार टक्कर मार दिया। बताया जा रहा था कि बैंक कर्मी हरपुर बरवा स्थित पीएनबी बैंक का कैशियर है।

टक्कर इतना जोरदार था कि टेंपू का परखचे उड़ गया और टेंपू में बैठे हासिम खान (70) हामिद खान (65) टेंपू चालक रफीउल्लाह (40) सैरून निशा (60) व सबा (25) तीतर बितर हो गए। गंभीर रूप से घायल सभी को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीचक मथौली लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद पांचों को मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया। मेडिकल कालेज ले जाते समय रास्ते में ही हासिम (70) ने दम तोड़ दिया जबकि सैरुन निशा (65) का मंगलवार की भोर में इलाज के दौरान मौत हो गई। साथ ही टेंपू चालक रफीउल्लाह की हालत नाजुक देखते हुए पीजीआई रेफर कर दिया।

हामिद (65) व सबा (15) को इलाज के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया। हासिम का शव रात में ही घर पहुंच गया जबकि सैरून निशा का शव देर शाम घर पहुंचा तो चीख पुकार मच गई। परिजन दहाड़े मार कर रोने लगे। परिजनों के चीख पुकार से पूरा गांव गमगीन हो उठा। कुछ समय बाद दोनों शवों को गांव स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्देखाक कर दिया गया।

भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन हुआ

जालौन अवधनामा संवाददाता। भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा जालौन के तत्वावधान में नगर के एक दर्जन से अधिक विद्यालयों में भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रकल्प प्रभारी मनोज बाथम, गिरीश नंदन द्विवेदी, प्रेम कुमार गुप्ता के निर्देशन में उपरोक्त प्रतियोगिता आयोजित की गई। उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, अनुराग बिश्नोई, पीयूष गुप्ता, संयुक्त सचिव अश्विनी द्विवेदी , बलराम सोनी ने बताया कि संपूर्ण देश में भारत विकास परिषद द्वारा यह प्रतियोगिता पांच चरणों में आयोजित की जाती है। कनिष्ठ वर्ग व वरिष्ठ वर्ग में प्रतियोगिता में छात्र-छात्राएं प्रतिभाग करते हैं। कोषाध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव व सचिव अखिलेश गुप्ता ने बताया कि भारत विकास परिषद द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास को दृष्टिगत रखते हुए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। भारत को जानो प्रतियोगिता द्वारा बच्चों का ज्ञानवर्धन होता है और वह देश की अनेकता में एकता के बारे में परिचित होते हैं?। अध्यक्ष पवन कुमार अग्रवाल ने बताया कि कनिष्ठ वर्ग में दस विद्यालयों के 250 छात्र-छात्राओं एवं वरिष्ठ वर्ग के आठ विघालयो के 150 छात्र-छात्राओं ने प्रमुख शाखा द्वारा आयोजित भारत को जानो प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया।

संदिग्ध अवस्था में छत से गिरकर कारीगर की मौत

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के आबूनगर मुहल्ले में संदिग्ध अवस्था में छत से गिरकर टाइल्स कारीगर की मौत हो गई। पुलिस मृतक के शव को पोस्टमार्टम को भेजकर घटना की जांच पड़ताल कर रही है। जानकारी के अनुसार बांदा जनपद के मार्का थाना क्षेत्र के करेहा गांव निवासी स्व. नवल किशोर का 32 वर्षीय पुत्र रामभवन टाइल्स लगाने का कारीगर था। वह ठेकेदार विनय के साथ फतेहपुर की सदर कोतवाली क्षेत्र के आबूनगर निवासी मनीष के घर में टाइल्स लगाने आया था। जो संदिग्ध अवस्था में घर की छत से नीचे गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को हुई तो पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घटना की जाँच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के समय मृतक के साथ थरियांव थाना क्षेत्र के घूरी गांव निवासी दिलीप भी मौजूद था। जो घटना के बाद मौके से भाग गया। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के भाई धर्मवीर ने घटना के बारे में बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतेज़ार है।

प्र. चिकित्साधिकारी अपने अधीन स्वास्थ्य केंद्रों पर एनीमियामुक्त अभियान में योगदान देंः डीएम

अवधनामा संवाददाता

मैनपुरी। जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने पोषण अभियान के अंतर्गत गठित जिला पोषण समिति की बैठक में विकास खंड किशनी, बेवर, घिरोर, सुल्तानगंज, कुरावली में लर्निंग लैब का कार्य प्रारंभ न होने पर संबंधित सीडीपीओ, खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अगले 03 दिन में प्रत्येक दशा में लर्निंग लैब की स्थापना का कार्य प्रारंभ कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करें अन्यथा की दशा में विभागीय कार्यवाही की संस्तुति की जाएगी।

उन्होंने समीक्षा के दौरान ई-कवच पोर्टल पर सैम, मैम बच्चों की फीडिंग, फॉलोअप फीडिंग की प्रगति खराब पाए जाने पर बीसीपीएम सुल्तानगंज, किशनी को चेतावनी जारी करने के निर्देश देते हुए कहा कि आशा, एएनएम आपस में समन्वय स्थापित कर सैम, मैम बच्चों, गर्भवती महिलाओं की सेहत सुधारने की दिशा में कार्य करें, बीपीएम, बीसीपीएम ई-कवच पर प्रतिमाह फीडिंग का कार्य करना सुनिश्चित करें, जानकारी करने पर पाया कि जनपद में चिन्हित 03 हजार सैम, मैम बच्चों में से 2582 बच्चों का डेटा ही ई-कवच ऐप पर अपलोड किया गया है, अपलोड किए गये डेटा के सापेक्ष मात्र 351 बच्चों का ही फॉलोअप कर फीडिंग की गई है, जिसकी प्रगति बेहद खराब है। श्री सिंह ने विकासखंड किशनी, करहल, जागीर में संचालित पोषण फैक्ट्री का संबंधित प्रभारी चिकित्साधिकारियों, बाल विकास परियोजना अधिकारियों द्वारा निरीक्षण न किए जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए संबंधित प्रभारी चिकित्साधिकारियों, बाल विकास परियोजना अधिकारियों के साथ-साथ जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रभारी चिकित्साधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी माह में 01 बार, संबंधित बाल विकास परियोजना अधिकारी माह में 03-04 बार पोषण फैक्ट्री का निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें, फैक्ट्री के उत्पादन, गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केद्रो के माध्यम से चिन्हित बच्चों, गर्भवती, धात्री महिलाओं, किशोरियों को उपलब्ध कराए जाने वाले पोषाहार में किसी भी स्तर पर कोताही न बरती जाए।

जालौन पहुंचे पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री

भक्तों का उमड़ पड़ा हुजूम

अवधनामा संवाददाता

उरई (जालौन)। जालौन के पचोखरा धाम में चल रहे पंच कुंडीय श्री राम महायज्ञ और श्रीमद भागवत कथा में शामिल होने के लिए बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर आचार्य पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री पहुंचे। इस दौरान उन्हें देखने के लिए भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। जिसको देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात करना पड़ा। उनके आते ही पंडाल जय श्री राम और बागेश्वर धाम के जयकारों से गूंज उठा।

बता दें कि गोकुल वासी श्रीमत स्वामी राजेश्वरानंद महाराज के जन्मोत्सव के अवसर पर पचोखरा धाम में पंच कुंडीय श्री राम महायज्ञ और श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें शामिल होने के लिये बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर आचार्य पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के पहुंचते ही पंडाल जय श्री राम, बागेश्वर धाम की जयकार से गूंज उठा। वह सबसे पहले विश्व विख्यात संत गोलोकवासी राजेश्वरानंद उर्फ राजेश रामायणी की समाधि स्थल पर पहुंचे। वहां पर उन्होंने उनकी प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए वन्दन अभिनंदन किया। इसके बाद वह मंच पर पहुंचे। अमर शांति आश्रम पचोखरा के महंत गुरुप्रसाद शर्मा ने शॉल, श्रीफल और पुष्पमाला से उनका वन्दन किया। बागेश्वर धाम के महंत विश्व विख्यात संत आचार्य का दर्शन पाने को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पंडाल में सुबह से ही उनके अनुयायी एकत्रित हो गए थे। मंच से उन्होंने सभी को कथा का रसपान कराया। करीब 2 घंटे तक चले उनके कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने उनकी कथा का आनंद लिया।

भाजपा के वरिष्ठ नेता फिरासत अली बाक़री ने पुराने शहर में गणेश पंडालों का दौरा किया

लखनऊ अवधनामा संवाददाता। भाजपा के वरिष्ठ नेता मीर फिरासत अली बाकरी पूर्व राज्य प्रवक्ता तेलंगाना ने चारमीनार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत हरिबोवली एक्स रोड पर भगवान श्री गणेश पंडाल के दर्शन किए। मीर फिरासत अली बाकरी ने कहा कि श्री गजुला अंजैया, श्री नरसिंग जयसवाल, श्री प्रदीप जयसवाल, आयोजकों और साथी भक्तों के साथ इस शुभ क्षण को साझा करना एक सम्मान की बात थी, जो कृपा और आशीर्वाद लेने के लिए शामिल हुए।

दामाद के खिलाफ पुलिस को दी तहरीर

अमृतपुर फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता। राजेपुर थाना क्षेत्र के गांव निवासिनी ने तहरीर देते हुए बताया कि मेरी बेटी की शादी अमृतपुर थाना क्षेत्र के गांव राजपुर में राम गोपाल के लड़के मुकेश के साथ आठ वर्ष पूर्व हुई थी। लेकिन अभी तक कोई संतान नहीं हुई। अब बच्चा होने को है करीब 7 महीने से लड़की मेरे यहां रह रही हैं। सास ने कई बार दामाद को फोन कर चुकी हैं कि लड़की को बुला ले जाओ लड़की के संतान होने को है। दामाद न ही बुलाने आ रहा है ना तो आधार दे रहा है। आधार कार्ड मिल जाए तो वीरता की पुत्री के संतान राजेपुर स्वास्थ्य केंद्र में पैदा कर सकती आधार कार्ड स्वास्थ्य केंद्र में अति आवश्यक है। पुलिस ने तहरीर को गंभीरता से लेते हुए। थाना अमृतपुर पहुंच कर पीड़िता के दामाद को बुलवाकर आधार पीड़िता को देने को कहा।

चिंतन शिविर में दी गई नीति आयोग की जानकारियां

अमृतपुर फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता। नीति आयोग द्वारा चयनित आकांक्षी ब्लॉक विकास कार्यक्रम के तहत चिंतन शिविर का सांसद मुकेश राजपूत की अध्यक्षता मे ब्लॉक राजेपुर मे आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सांसद ने सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर की। कार्यक्रम मे मौजूद ग्राम प्रधानों व ब्लॉक कर्मचारियों को विभिन्न योजनाओं के विषय मे जानकारी दी गई। सरकार द्वारा ब्लॉक के माध्यम से चलाई जाने वाली योजना सामूहिक विवाह योजना, गरीब पिता की पुत्रीयों का शादी अनुदान, निःशुल्क बोरिंग योजना, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, आंगनबाड़ी से संबंधित योजनाओं सहित स्वास्थ्य बीमा, शिक्षा संबंधी योजनाओं के विषय जानकारी दी गई। उपस्थित लोगों सरकार द्वारा मिलने वाले लाभों के संबंध मे जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस मौके पर अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य, सीडीओ अरविंद कुमार मिश्र, ब्लॉक प्रमुख पल्लव सोमवंशी सहित बड़ी संख्या मे लोग मौजूद रहे।

कोटेदार दे रहा आधा अधूरा राशन

बलरामपुर अवधनामा संवाददाता। दिलीप यादव कोटेदार के मनमानी से राशन कार्ड धारक परेशान जबरदस्ती ग़रीबों महीना में आधा अधूरा दे रहा है राशन चीनी का कहीं आता पता नहीं चीनी नहीं मिल रहा है एक तरफ केन्द्र व प्रदेश की बीजेपी सरकार सुशासन गरीब कल्याण का गुणगान कर करके अपनी पीठ थपथपा रही है वहीं गरीबों का ही दिलीप यादव कोटेदार कर रहा शोषण। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लाख कोशिश करले भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने का प्रयास उनके मंसूबों पर पानी फेर रहे हैं कोटेदार। ग्राम सभा बानगढ़ पिपरी मे राशन कार्ड धारकों ने जबरदस्ती आधा अधूरा 3 महीने पर चीनी नहीं दे रहे हैं दिलीप यादव कोटेदार राशन ना मिलने का लगाया कोटेदार पर आरोप। जिम्मेदार अधिकारियों के मीली भगत से हर महीना का बंदर बाट कर लेते हैं महीना का राशन गरीब आदमी दिन भर मजदूरी करने के बावजूद पेट दबाकर सो जाता है। तहसील तुलसीपुर के अंतर्गत ग्राम सभा बानगढ़ पिपरी का है ताजा मामला जब ग्रामीणों ने सप्लाई इंस्पेक्टर रामवृक्ष यादव को बताया गया तो रामवृक्ष यादव सप्लाई इंस्पेक्टर कह रहे हैं पता कर लेते हैं आया होगा तो बाटा जाएगा।

पेड़ के नीचे दबकर अधेड़ की मौत

फतेहपुर अवधनामा संवाददाता। बकेवर थाना क्षेत्र के कोरसम मजरे खेर का पुरवा गांव के समीप यूकेलिप्टिस के पेड़ो की कटाई चल रही थी। तभी पेड़ काट रहे अधेड़ पर एक पेड़ गिर गया। घायलावस्था में उसे नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टर ने जाँच के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

रात्रि में प्रतिष्ठान बंद होने के बाद करायें साफ-सफाईः डीएम

अवधनामा संवाददाता

फतेहपुर। नगर पालिका परिषद व नगर पंचायतों में होने वाले कार्यो की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत को निर्देशित किया कि अपने अपने क्षेत्रों में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें। इसके लिए कार्य योजना बनाकर रात्रि में व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद होने के बाद साफसफाई का कार्य शुरू कराया जाये। इसके लिए वार्ड वाइज सफाई सुपरविजन के लिए कर्मचारी की तैनाती की जाये।

साफसफाई कराते हुए फोटो सहित रिपोर्ट से भी अवगत कराए। साथ ही साफ सफाई का कार्य संवेदनशीलता के साथ कराएं और इसकी निगरानी भी कराए। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही/शिथिलता क्षम्य नही होगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वार्ड में महीने में कम से कम दो बार फागिंग एवं एंटी लार्वा का छिड़काव कराया जाये। शहरी क्षेत्रों में एक सितम्बर से पंद्रह सितम्बर तक छुट्टा/निराश्रित गौवंश को संरक्षित करने का अभियान चलाया गया। इसके अंतर्गत 336 गौवंश को नजदीकी अलग-अलग गौशालाओं में भेजा गया और 51 गौवंश नगर पालिका परिषद सदर व 168 गौवंश नगर पंचायत खागा के नागरिकों को दिए गए। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में निराश्रित गौवंशो को संरक्षित करने के लिए जरूरत के हिसाब से शहरी क्षेत्रों के गौशालाओं में अधिक शेड बनाने हेतु नियमानुसार कार्यवाही करते हुए प्रस्ताव बनाकर शेड बनाए जाये। उन्होंने कहा कि धाता, खखरेरू, जहानाबाद में जो स्थाई गौशाला बनाने हेतु प्रस्ताव भेजा गया था भूमि की कार्यवाही पूरी करते हुए सभी प्रक्रियाओं को पूरी करते हुए कार्य शुरू किया जाये। नगर पालिका परिषद व नगर पंचायतों की जो जमीन खाली पड़ी है। उन पर गौवंशो हेतु हरे चारे की बुआई कराई जाये। नगर पालिका परिषद, नगर पंचायतों में एमआरएफ सेंटर जो अपूर्ण है उन्हे जल्द से जल्द पूरा कराया जाये। साथ ही जो एमआरएफसेंटर क्रियाशील है।

श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल में स्मार्ट लिविंग प्रोग्राम के अंतर्गत निःशुल्क हेल्थ कैंप का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। हरदोई रोड स्थित श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल में आज दिनांक 26 सितंबर को स्मार्ट लिविंग प्रोग्राम के अंतर्गत विद्यालय परिसर में निशुल्क हेल्थ कैंप और विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन एजीएम श्री विक्रम रेड्डी के दिशा निर्देश पर हुआ। कार्यक्रम की संरक्षता रीजनल इंचार्ज श्री महेश जी ने की। विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के डेंटल एवं आई चेकअप के लिए निशुल्क चेकअप कैंप की व्यवस्था भी की गई। डेंटल चेकअप कैंप अवस्थी डेंटल क्लीनिक की ओर से डॉक्टर पंकज अवस्थी और डॉक्टर प्रियंका अवस्थी और उनकी टीम द्वारा पोषित किया गया। नेत्र आशा संस्था की ओर से डॉक्टर समीना महफूज के गाइडेंस में नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य सुश्री रानी भोजन ने अपने वक्तव्य में कहा कि श्री चैतन्य स्कूल स्मार्ट लिविंग प्रोग्राम के तहत प्रतिमाह अपने बच्चों के लिए कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। स्मार्ट लविंग प्रोग्राम की थीम खुश रहो स्वस्थ रहो के अंतर्गत कला गायन एवं स्किट आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कला प्रतियोगिता में विजित विद्यार्थी प्राप्ति कक्षा 8 ब प्रथम, धैर्य दीक्षित कक्षा 8 अ को द्वितीय एवं निधि शुक्ला कक्षा आठ ब को दिन श्री पाली शिवा जी ने पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किए। इंचार्ज शैलजा जोशी और उनके सहयोगी दल का आभार प्रकट करते हुए उन्होंने कहा कि श्री चैतन्य स्कूल बच्चों में विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए सदैव प्रयास रत है।

यूट्यूबर बाबा के भंडारे में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

फतेहपुर अवधनामा संवाददाता। बुढ़वा मंगल के अवसर पर सोशल मीडिया यूट्यूब स्टार अंशु मौर्या द्वारा भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी सँख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान युवाओं ने यूट्यूब वाले बाबा के नाम से मशहूर हुए अंशु मौर्या से सोशल मीडिया की सफलता की जानकारी हासिल की। सोशल मीडिया प्लेटफार्म यूट्यूब पर वन मिलियन सब्सक्राइबर पूरे होने पर बुढ़वा मंगल के अवसर पर पटेल नगर चौराहे पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। विशाल भंडारा सुबह लगभग दस बजे से शुरू होकर देर शाम तक चलता रहा। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भंडारे में पहुँचकर प्रसाद ग्रहण किया। साथ ही सोशल मीडिया में यूट्यूब वाले बाबा के नाम से मशहूर अंशु मौर्या के फलोवरो ने भी पहुँचकर उनसे मुलाकात की व भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। सोशल मीडिया स्टार अंशु मौर्या उर्फयू ट्यूबर बाबा ने बताया कि ईश्वर की कृपा से ही उन्हें वन मिलियन सब्सक्राइबर का मुकाम हासिल हुआ है। वह अपने सोशल मीडिया चैनल के माध्यम से युवाओं को लगातार सभी क्षेत्र से जुड़ी जानकारी देने के साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से रोजगार परक कार्यो से जुड़ने के लिये मार्गदर्शन करने का कार्य कर रहे हैं। इस मौके पर प्रांजुल पांडेय, अजय मौर्या, अरुण जैकेर, अरूण सिंह आदि रहे।

कुकुरमुत्ता की तरह बढ़ाई पुरवा चौराहा झोलाछाप डॉक्टर भी कर रहे हैं गम्भीर मरीजों का इलाज

अवधनामा संवाददाता

बलरामपुर (पचपेड़वा)। क्षेत्र में अप्रशिक्षित गंभीर रोग का इलाज कर मरीजों की जिंदगी से खेल रहे हैं। उनके इस कृत्य से जहां लोगों के पैसे की बर्बादी हो रही है। वहीं लोगों की जान भी जोखिम में पड़ रही है। इसके लिए जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। पचपेडवा चौराहा बिशुनपुर टनटनवा क्षेत्र के गांव में अप्रशिक्षित झोलाछाप डॉक्टरों की भरमार है। जिनके द्वारा सर्दी-जुकाम हाइड्रोसील ऑपरेशन से लेकर गंभीर बीमारियों का न सिर्फ सस्ते में इलाज का दावा किया जा रहा है। बल्कि फोड़ा-फुंसी सहित बड़े ऑपरेशन भी किए जा रहे हैं। इतना ही नहीं यह झोला छाप डॉक्टर खुलेआम मरीजों को सड़क किनारे लिटाकर उन्हें डिप भी चढ़ा रहे हैं। इसके लिए जिम्मेदार स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से मौन है। ऐसा ही कुछ बढ़ईपुरवा में देखने को मिला। जहां झोलाछाप डॉक्टर द्वारा मरीज को ड्रिप लगाकर इलाज किया जा रहा था। स्वास्थ्य विभाग के रहमोकरम से क्षेत्र में बिना पंजीकरण के नर्सिंग होम भी चल रहे हैं। इसके बावजूद झोलाछाप डॉक्टरों व फर्जी नर्सिंग होम संचालकों पर कार्रवाई नहीं हो रही है। इस बारे में संवाददाता एडिशनल सीमो डॉ. जयप्रकाश ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। मौका जब मिलेगा तब जांच कार्रवाई जाएगी। सूत्रों से जानकारी आई डॉक्टर जयप्रकाश आते हैं देख कर चले जाते हैं इन्हीं की मिली भगत से चल रहा है।

बुढ़वा मंगल पर हनुमान मंदिर में हुआ भंडारा

फतेहपुर अवधनामा संवाददाता। शहर के चौक स्थित हनुमान मंदिर की कमेटी जय हनुमान मंदिर प्रबंधन समिति (ट्रस्ट) की ओर से बुढ़वा मंगल पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। जय हनुमान मंदिर प्रबंधन समिति (ट्रस्ट) के संरक्षक राजेंद्र गुप्ता, प्रबंधक कालका प्रसाद मोदनवाल व अध्यक्ष जगन्नाथ प्रसाद गांधी की देखरेख में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शिरकत की। भंडारे की तैयारियां सुबह से ही शुरू हो गई थी। निर्धारित समय पर स्टाल लगाकर आने-जाने वाले श्रद्धालुओं के साथ-साथ मंदिर दर्शन को आने वाले भक्तों को प्रसाद के रूप में पूड़ी, सब्जी व बूंदी का वितरण किया।

आवश्यकता है

कृष्णावती राम नरेश स्नातकोत्तर महाविद्यालय तिवारी नगर पूरेमुरली मखदूमपूर, रुदौली अयोध्या (सम्बद्ध डा राम मनोहर लोहिया अवध विश्व विद्यालय अयोध्या)

असिस्टेंट प्रोफेसरः कला संकाय स्नातक (बीए) अंग्रेजी, भूगोल- दो-दो पद।

विज्ञान संकाय स्नातक (BSc) भौतिक विज्ञान , वनस्पति विज्ञान दो-दो पद।

कला संकाय परास्नातक (MA.) हिन्दी, भूगोल - दो- दो पद ।

विज्ञान संकाय परास्नातक (MSc) प्राणि विज्ञान, रसायन विज्ञान , गणित -दो- दो पद

अर्हता एवं वेतनमान-उप्र शासन, यूजीसी एवं विश्व विद्यालय परिनियमावली के अनुसार।

महाविद्यालय के पता पर 21 दिनो मे आवेदन करें।

प्रबन्धक
राजीव कुमार तिवारी
मो 9839571200

खेती पर टैक्स लगाकर मोदी सरकार ने तोड़ दी किसान की कमरः पुनिया

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। देश की मोदी सरकार की किसान, खेत, मजदूर विरोधी नीतियों के चलते वह आत्महत्या को मजबूर हो गया हैं। पहली बार खेती पर टैक्स लगाकर इस देश के अन्नदाता की कमर तोड़ने का काम मोदी सरकार ने किया हैं। देश के अन्नदाता की आय दुगुनी करने का वादा करके उसके कंधो पर कर्ज का बोझ लाद दिया हैं। किसान अपनी उपेक्षा भाजपा की वादा खिलाफी का बदला 2024 के आम चुनाव में वोट से लेकर उन्हें अर्श से फर्श पर ला देगा।उक्त उद्गार पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया ने आज विधानसभा क्षेत्र कुर्सी के विकास खण्ड निन्दूरा के ग्राम कुर्सी, गोपालपुर, रींवासींवा में आयोजित ग्राम्य चौपालों में व्यक्त किये। अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आमिर अयूब किदवई ने तथा संचालन वरिष्ठ कांग्रेसी मो. शफी आजाद ने किया। पूर्व सांसद श्री पुनिया ने कहा कि भाजपा सरकार ने सत्ता में आते ही बता दिया था कि वह किसान विरोधी हैं जब 2014 में आदेश देकर इस सरकार ने धान और गेहूं पर 150 का बोनस बंद कर दिया था और किसानों की जमीन हड़पने के लिये तीन काले कानून लेकर आये थे जिनकी वापसी के लिये इस देश के अन्नदाता ने 378 दिनों तक आंदोलन चलाया था जिसमें 750 किसानों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया था।

शक्ति दीदी ने चौपाल में बताए अधिकार, हेल्पलाइन नम्बर की दी जानकारी

बाराबंकी। जिले के विभिन्न थाना पुलिस द्वारा आयोजित की गयी चौपाल मे शक्ति दीदी ने महिला अधिकारों एव हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। कार्यक्रम मे शिक्षिकाओ, बालिकाओं व बच्चों ने प्रतिभाग किया। चौपाल में महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा संवाद कर बालिकाओं से बातचीत कर उनकी समस्याओं व शिकायतों के विषय में जानकारी ली और निस्तारण की कोशिश की। चौपाल में उपस्थित शिक्षिकाओं एवं बालिकाओं को कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण के तहत महिला सुरक्षा व बचाव संबंधी जानकारी दी गई। शासन द्वारा जारी हेल्पलाइन नम्बर की विस्तृत जानकारी देते हुए संकट के समय इनके प्रयोग हेतु बताया गया।

24 करोड़ की मार्फीन समेत 3 शातिर तस्कर गिरफ्तार, कई राज्यों में है नेटवर्क

बाराबंकी। स्वाट सर्विलास व थाना लोनीकटरा की संयुक्त पुलिस टीम के हाथ बड़ी कामयाबी लगी है। टीम ने कई राज्यों में मादक पदार्थों की तस्करी में जुटे अन्तर्राज्यीय 3 शातिर मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 24 करोड़ रुपए के कीमत की 23.490 किग्रा मारफीन के साथ ही तस्करी में प्रयोग की जा रही दो कार भी बरामद की है। पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह ने आज पुलिस लाइन में पत्रकारों को बताया कि स्वाट, सर्विलांस व थाना

लोनीकटरा की संयुक्त पुलिस टीम को डिजिटल डेटा व मैनुअल इंटेलीजेंस के आधार पर महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई। पुलिस टीम द्वारा अन्तर्राज्यीय 3 शातिर मादक पदार्थ तस्करों शनि वर्मा उर्फ रोहित पुत्र संजय वर्मा निवासी पूर लदई मजरे दुन्दीपुर थाना लोनीकटरा, अशोक कुमार पुत्र स्व. रामकिशोर निवासी पनिहल थाना जैदपुर महेन्द्र सिंह उर्फ विक्कू पुत्र महादेव निवासी दहिला थाना लोनीकटरा को मंगलपुर रेलवे क्रासिंग के पास से गिरफ्तार कर कब्जे से 23,490 किलो नाजायज मारफीन, स्मैक जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब 24 करोड़ रुपये है के अलावा 2 कार, 03 मोबाइल व 1385 रुपये नकद बरामद किये गये, जबकि दो अभियुक्त मौके से फरार हो गये। पूछताछ व जांच से प्रकाश में आया कि इनका अवैध मादक पदार्थों की तस्करी का एक संगठित गिरोह है। गिरफ्तार अभियुक्तगण द्वारा अन्य अभियुक्तों के साथ जनपद बाराबंकी, लखनऊ, व आस पास के जनपदों के साथ-साथ अन्य प्रान्तों में भी अवैध मादक पदार्थ की तस्करी बरामद दोनों गाड़ियों के माध्यम से बड़े पैमाने पर की जा रही थी।

युवती ने घर में फांसी लगाकर दी जान, पिता की तहरीर पर उकसाने की रिपोर्ट दर्ज

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। शहर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ढकौली में एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने मृतका के मोबाइल पर आखिरी काल वाले नम्बर पर सुसाइड के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार शहर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ढकौली कस्बे में अखण्डनगर के रहने वाले नरेन्द्र मिश्र ने बताया कि सोमवार की देर शाम उनकी पत्नी ने घर पर दरवाजा खटखटाया पर नहीं खुला। आस पड़ोस की मदद से दरवाजा खुलवाया गया तो अंदर उनकी पुत्री जान्हवी मिश्रा कमरे में दुपट्टे से बने फंदे से लटकती मिली। यह देख घर मे कोहराम मच गया। सब लोग एकत्र हो गए। पिता के अनुसार उनकी बेटी के मोबाइल पर आखिरी काल अंशु के नाम पर की गई। यह नम्बर लगातार बन्द जाता रहा, दो घंटे बाद उसी नम्बर से उनके बेटे के मोबाइल पर काल कर घटना को लेकर हैरानी जताई गई जबकि उस समय तक यह मामला चंद लोगों की ही जानकारी में था। पिता ने नम्बर पुलिस को देकर सुसाइड के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज कर पिता की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है।

धूमधाम से मनाया गया विश्व फार्मासिस्ट दिवस

बाराबंकी। फार्मेसी एंड फार्मासिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन की जिला शाखा द्वारा आज विश्व फार्मासिस्ट दिवस मयूर विहार में बड़ी धूम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में औषधि निरीक्षक बाराबंकी सीमा सिंह,औषधि निरीक्षक अयोध्या सुमित वर्मा, विशिष्ट अतिथि संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक कुलदीपमणि त्रिपाठी, राष्ट्रीय अध्यक्ष पीयूष सिंह, रंजना सिंह प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ उपस्थित रहे। संयोजक प्रदेश सचिव अनूप वर्मा व प्रदेश कोषाध्यक्ष मनोज रावत रहे।

मंच का संचालन अभिषेक वर्मा ने जबकि आयोजन अरुण मौर्य जिलाध्यक्ष फार्मेसी एंड फार्मासिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन बाराबंकी व उनकी टीम द्वारा किया गया। संचालन करते हुए डॉ मनोज रावत ने कहा कि प्रति वर्ष 25 सितंबर को पूरे विश्व मे विश्व फार्मासिस्ट दिवस बड़ी धूम धाम से मनाया जाता है। इसका उद्देश्य फार्मेसी प्रोफेशन में दिन रात सेवारत फार्मासिस्टों को सम्मान व पहचान दिलाना है। एक फार्मासिस्ट वैज्ञानिक के रूप औषधि की खोज व ट्रायल, दवा विशेषज्ञ के रूप में दवाइयों का निर्माण, डोज निर्धारित करना, रिटेल फार्मासिस्ट के रूप में मरीजों को दवाई उपलब्ध कराने में फार्मासिस्ट की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण है।

अवैध वसूली के आरोपी अफसरों को सीएमओ ने दिया अभयदान

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। जिले के टीवी विभाग में कर्मचारियों के उत्पीड़न व अवैध वसूली की जांच में बड़ा खेल हो गया। सीएमओ की ओर से प्रकरण की जांच के लिए गठित टीम की रिपोर्ट एवं संस्तुति एक नाटक बन कर रह गई। जांच टीम की रिपोर्ट को नजरंदाज कर सीएमओ ने आरोप सिद्ध होने के बावजूद आरोपी चिकित्साधिकारी व जिला प्रोग्राम क्वार्डिनेटर को अभयदान दे दिया। जिले के टीवी विभाग में कर्मचारियों के उत्पीड़न व उनसे की जा रही अवैध वसूली की शिकायत जुलाई माह में कर्मचारियों की और से जुलाई माह में की गई थी कर्मचारियों ने मांग की थी कि तत्कालीन डीटीओ आर के सक्सेना व जिला प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर अत्रत प्रताप सिंह के कृतियों की जांच कराई जाए और उनके खिलाफ आवश्यक कार्यवाही की जाए। इस मामले में सीएमओ ने 12 जुलाई को एक तीन सदस्य जांच टीम का गठन किया। उस टीम में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रशासन डीके शर्मा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रतिरक्षण डॉक्टर दिलीप सिंह व नगर स्वस्थ्य अधिकारी डॉ राममणि शुक्ला को शामिल किया गया। इस मामले में 12 जुलाई को जांच टीम की ओर से दी गई रिपोर्ट में डीटीओ आर के सक्सेना व जिला प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर अनंत प्रताप सिंह को आरोपी मानते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई करने की संस्तुति जांच टीम ने की थी। जांच टीम की ओर से अपनी रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि बयानों एवं दिए गए. ऑडियो साक्ष्य के आधार पर दोनों अधिकारी आरोपी पाए गए हैं। इस प्रकरण में डीटीओ बयान देने से मुकर गए। इसके बाद सीएमओ ने जांच टीम को पूरक रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। 25 जुलाई को दी गई पूरक रिपोर्ट में जांच टीम ने खेल करते हुए डीटीओ डा आरके सक्सेना को छोड़कर जिला कोऑर्डिनेटर आनंत प्रताप सिंह को ही अकेले आरोपी बताया और दोबारा सीएमओ को आवश्यक कार्रवाई करने की संस्तुति की।

सीएसआर योजना के अन्तर्गत दिव्यांगजन निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण समारोह का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। राजकीय इंटर कालेज, फतेहगंज, अयोध्या में भारत सरकार सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा देश भर में 74 स्थानों पर सामाजिक अधिकारिता शिविरों के माध्यम से दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों हेतु भारत सरकार की एडिप योजना, राष्ट्रीय वयो श्री योजना एवं सीएसआर योजना के अन्तर्गत आयोजित किये जा रहे जिसमें अयोध्या का शिविर इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड की सीएसआर योजना के अन्तर्गत दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन 24 सितंबर 2023 किया गया। जिसमें अयोध्या के मसौधा विकास खण्ड कार्यालय, अयोध्या एवं रूदौली विकास खण्ड कार्यालय के 119

एलिम्को द्वारा पूर्व चिन्हित लाभार्थियों को लगभग रूपये 25 लाख की लागत के कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरित किया गया। सांसद लल्लू सिंह समारोह के मुख्य अतिथि व विधायक राम चन्द्र यादव, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी चन्द्रेश त्रिपाठी,अयोध्या कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एवं अतानु भौमिक, कार्यकारी निदेशक, ईआईएल, श्रीमती मालविका भटनागर, अतिरिक्त महाप्रबन्धक, ईआईएल एवं मृणाल कुमार, उप-प्रबन्धक एलिम्को की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।दिव्यांगो के चिन्हीकरण पंजीकरण के लिए एलिम्को द्वारा अयोध्या के 4 जुलाई एवं 14 सितम्बर 2023 को मसौधा विकास खण्ड कार्यालय अयोध्या एवं 05 जुलाई 2023 को रूदौली विकास खण्ड कार्यालय में परीक्षण शिविर आयोजित किये गये थे। इन परीक्षण शिविरों में पूर्व चिन्हित दिव्यांगजनों को एलिम्को द्वारा निर्मित विभिन्न श्रेणियों के कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरित किये गये। जिनमें मोटराईज्ड ट्राइसाईकिल, ट्राइसाइकिल व्हील चेयर, बैसाखी, कान की मशीन छड़ी, स्मार्ट केन, स्मार्ट फोन और कृत्रिम अंग व कैलिपर शामिल है।कुल 119 पूर्व चिन्हित लाभार्थियों को लगभग रूपये 25 लाख के सहायक उपकरण वितरित किये

दिव्यांगजनों को वितरित होने वाले उपकरणों में मोटराईज्ड ट्राईसाइकिल 39,ट्राईसाइकिल 43,फोल्डिंग व्हील चेयर 11,बैसाखी 58,वाकिंग स्टिक ब्रेल किट05,कान की मशीन 03सुगम्य केन 10 स्मार्ट फोन 04 कैलीपर्स और कृत्रिम अंग 12 दिये गए।

जिलाधिकारी ने इलेक्ट्रिक वाहनों के गोल्फ कार्ट सेवा का फीता काटकर किया शुभारम्भ

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने रामनगरी अयोध्या आने वाले पर्यटकों श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम के विभिन्न पौराणिक, धार्मिक एवं

आध्यात्मिक मठ-मंदिरों तक सुचारू एवं सुगम आवागमन की इकोफ्रेंडली परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के दृष्टिगत इलेक्ट्रिक वाहनों के गोल्फ कार्ट सेवा का फीता काटकर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि अयोध्या धाम आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर से बेहतर आवागमन की सुविधा सुचारू रूप से उपलब्ध कराने की दृष्टिगत प्रथम चरण में आज पांच इलेक्ट्रिक वाहनों के संचालन का शुभारंभ किया गया है दीपोत्सव तक इनकी संख्या 25 तथा श्री राम जन्म भूमि के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर तक इनकी संख्या 40 से अधिक करने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि इन प्रदूषण रहित इकोफेंडली इलेक्ट्रिक वाहनों से ?50 के टोकन के माध्यम से दर्शनार्थी एवं पर्यटक अयोध्या धाम के विभिन्न मठ मंदिरों तक सुगमता से पहुँच सकेंगे।

सभी विभाग राजस्व वसूली के मामलों में लक्ष्य से आगे बढ़ेः मण्डलायुक्त

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। मण्डलायुक्त डा.हृषिकेश भास्कर यशोद ने कहा कि मण्डल के जनपदों में राजस्व देयों की वसूली में तेजी लाई जाए। उन्होने आबकारी, जीएसटी, विद्युत, कृषि विपणन की वसूली लक्ष्य के सापेक्ष कम पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिये कि लक्ष्य तक ही सीमित न रहे, लक्ष्य को पूर्ण करते हुए अधिक से अधिक वसूली सुनिश्चित करायी जाए। मण्डलायुक्त डा.हृषिकेश भास्कर यशोद आयुक्त सभागार कक्ष में कर-करेत्तर राजस्व टास्क फोर्स राजस्व कार्यो की समीक्षा, चकबन्दी कार्यो एवं वादों की प्रगति की समीक्षा बैठक ले रहे थे। उन्होंने आबकारी विभाग को अवैध शराब का चिन्हीकरण करते हुए प्रभावी प्रवर्तन की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएम डैशबोर्ड पर खराब रैंकिग वाले विभागें को सुधार करनें के

लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। डॉ0 हृषिकेश भास्कर यशोद ने वाणिज्यकर विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि मण्डल में सघन अभियान चलाकर सुनिश्चित किया जाए कि कही पर भी टैक्स चोरी न हो।

देहरादून चौक से डीएम आवास तक चला विशेष सफाई अभियान

सहारनपुर। इंडियन स्वच्छता लीग के अंतर्गत संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए सोमवार की रात देहरादून चौक से डीएम आवास तक विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इसके अलावा दिल्ली रोड पर भी सोमवार की रात स्मार्ट रोड निर्माण का कार्य कराया गया। स्मार्ट सिटी के अधिकारियों ने स्वयं खड़े होकर कार्य का अवलोकन किया। नगरायुक्त गज़ल भारद्वाज के निर्देश पर अपर नगरायुक्त राजेश यादव के निर्देशन में सोमवार की रात इंडियन स्वच्छता लीग के अंतर्गत बाजोरिया रोड पर देहरादून चौक से डीएम आवास तक विशेष सफाई अभियान चलाया गया।

4 अक्टूबर को दिल्ली में जंतर मंतर पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन को लेकर पदाधिकारियों की हुई बैठक

अयोध्या। महिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ अयोध्या ने आंगनबाड़ी मिनी आंगनबाड़ी सहायिकाओं की समस्याओं अधिकारियों द्वारा हो रहे शोषण उत्पीड़न एवं 4 अक्टूबर को दिल्ली में जंतर मंतर पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन को लेकर प्रेस क्लब में जिला कमेटी एवं ब्लाक कमेटी के समस्त पदाधिकारियो की आवश्यक बैठक हुई।बैठक को संबोधित करते हुए जिला संरक्षक रणवीर सिंह गुड्डू ने बताया 4 अक्टूबर दिल्ली जंतर मंतर पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन अखिल भारतीय आंगनबाड़ी कृति समिति के बैनर तले ऑल इंडिया की आंगनवाड़ी अपनी मांगों को लेकर धरने में सम्मिलित होने जा रही है जिसमें उत्तर प्रदेश की आंगनबाड़ी प्रदेश अध्यक्ष गिरीश कुमार पांडेय एवं प्रदेश महामंत्री नीलम पांडेय महिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के आवाहन पर प्रदेश भर की आंगनवाड़ी एक दिवसीय धरने प्रदर्शन में सम्मिलित होने का निर्णय लिया है

सरक्षक ने कहा अधिकारी अपने रवैया में सुधार लाएं आंगनबाड़ियों पर हो रहे शोषण उत्पीड़न को संघ कतई बर्दाश्त नहीं करेगा अधिकारी अपने रवैया में अगर सुधार नहीं लाते हैं मजबूर होकर संघ उनके खिलाफ आंदोलन करेगा जिसका जिम्मेदार विभाग स्वयं होगा।जिला अध्यक्ष सरोज सिंह ने बताया प्रदेश अध्यक्ष के आवाहन पर प्रदेश की समस्त आंगनवाड़ी धरने में सम्मिलित होने का निर्णय लिया है जिसमें अयोध्या जिले की समस्त आंगनबाड़ी सहायिका 3 अक्टूबर को बस द्वारा दिल्ली जंतर मंतर पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में सम्मिलित होने के लिए रवाना होगी।बैठक में मुख्य रूप से जिला सह संरक्षक सुजीत तिवारी बबलू जिला महामंत्री निर्मला मिश्रा जिला मंत्री गीता यादव सोनिका मिश्रा गिरजा मिश्रा जगधात्री पांडे आशा सिंह अनीता यादव माला सिंह मिथिलेश सिंह उषा शुक्ला बीना सिंह पूनम मिश्रा रानी सिंह शशि किरण श्रीवास्तव राकेश मिश्रा शिव वरदान वर्मा कलू मिश्रा दयाशंकर तिवारी आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

अन्डर-11 बैडमिन्टन प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के तत्वाधान में उत्तर प्रदेश अंडर-11 बैड मिन्टन प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने अपने-

अपने प्रतिद्वंदियों को पराजित कर प्रतियोगिता के अगले दौर में प्रवेश किया। आज गांधी पार्क के डॉ.भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में दूसरे दिन चल रही प्रतियोगिता के दूसरे और तीसरे राउंड के मैच खेले गए। प्रतियोगिता का शुभारंभ संघ के अध्यक्ष शेर सिंह ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया। इस अवसर पर बोलते उन्होंने कहा कि बैडमिंटन खेल एक ऐसा खेल है, जिसमें शारीरिक क्षमता का भरपूर उपयोग होता है। आज के मैच में कुशाग्र लखनऊ ने सहारनपुर के अभिनव चौधरी को 30-13, योजित स्वामी रायबरेली ने गाजियाबाद के कार्तिक अग्रवाल को 30-13, कंडक्ट खत्री कानपुर ने गोरखपुर के सुमैया त्रिपाठी को 30-27, अर्णव मैदान मुरादाबाद में श्लोक पांडे प्रयागराज को 30-11, उत्कर्ष पाराशर मेरठ ने विवान विजय को 30-23, देवीक अरोड़ा सहारनपुर ने राघव सोलंकी आगरा को 30 -27, शौर्य चौधरी आगरा ने सिद्धांत ललितपुर को 30-8, रोबिन कुमार आगरा ने यज्ञ मोहन नोएडा को 30-8, वेदांत विहार मेरठ ने प्रतिज अग्रवाल गाजियाबाद को 30-27, शार्दुल खत्री कानपुर ने शिवांश सारस्वत आगरा को 30-13, विवेक अरोड़ा सहारनपुर ने समृद्ध त्रिपाठी को 30-5, सक्षम वर्मा लखनऊ ने सात्विक बालोतरा प्रयागराज को 30-12, मुदित पांडे लखनऊ ने लक्षित राज ललितपुर को 30-13 से हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया। बालिका वर्ग में वन्य चौधरी नोएडा ने अन्य चौधरी मेरठ को 30-13, कीर्ति कौर गाजियाबाद में ओजस्वी सिंह मेरठ को 30-7, प्रियंका जयसवाल वाराणसी ने दिव्यांशी रानी मेरठ को 30-11, मानवी मेरठ में विधि नोएडा को 30-3, रितिका चौधरी मेरठ ने आभा दीक्षित आगरा को 30-19, दीक्षा मुंडा हापुड़ में अनामिका कनक बागपत को 30-15 से हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया। युगल मुकाबले में बालक वर्ग में शौर्य चौधरी, शिवांश सारस्वत की जोड़ी ने उत्कर्ष पाराशर व वेदांत विहान को 30-24, अहान चौधरी, समर चौधरी ने आर्यवीर सिंह व पर्या सिंह को 30-14, अभिनव चौधरी, विवान चौहान ने समृद्ध त्रिपाठी व यश चौधरी को 30-15 से हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया।

चार दिन से लापता अधेड़ का शव झाड़ियों से बरामद

अवधनामा संवाददाता

सिसवा बाजार(महराजगंज)। मंगलवार को दोपहर करीब कस्बे के वार्ड नंबर पच्चीस स्थित श्रीराम जानकी मंदिर के पीछे झाड़ियों में एक अधेड़ का सड़ा हुआ शव मिलने पर सनसनी फैल गई। मृतक सिसवा कस्बे का ही निवासी बताया जा रहा है। शनिवार को ही घर से लापता था। बीच दिलीप दोपहर के समय घर से निकले और देर रात तक नहीं लौटे। जिसके बाद घर के अन्य परिजनों ने उनकी तलाश शुरू कर दी। फिर जब सोमवार को पत्नी लीलावती वापस घर लौटीं तो उन्होंने इसकी लिखित सूचना कोठीभार थाने में दिया। इसी बीच मंगलवार को दोपहर के समय श्रीराम जानकी मंदिर के पीछे झाड़ियों की तरफ कुछ लड़के कबाड़ एकत्र

उसी दिन से परिजन कर रहे थे उसकी तलाश। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

सिसवा कस्बे के वार्ड नंबर पच्चीस मीराबाई नगर के श्रीराम जानकी मंदिर रोड निवासी मृतक दिलीप विश्वकर्मा(55) बेल्डिंग का कार्य कर परिवार का भरण पोषण करते थे। स्थानीय लोगों के अनुसार बीते शनिवार को दिलीप की पत्नी शकुंतला अपने मायके चली गईं। इसी कर रहे थे, जहां तेज दुर्गंध महसूस होने पर वह झाड़ियों की तरफ पहुंचे तो दंग रह गए। वहां एक सड़ा हुआ अधेड़ व्यक्ति का शव पड़ा हुआ था। जिसके बाद उन्होंने शोर मचाया तो वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। मृतक की शिनाख्त लापता दिलीप विश्वकर्मा के रूप में हुई। इसी बीच किसी ने इसकी सूचना कोठीभार पुलिस सहित क्षेत्राधिकारी निचलौल को दे दी।

धूमधाम से किया गणेश प्रतिमा का विसर्जन, गूंजे गणपति बप्पा मोरिया

बृजमनगंज (महराजगंज)। नगर पंचायत बृजमनगंज सहित पूरे क्षेत्र में अस्थाई रूप से स्थापित की गई गणेश प्रतिमाओं का विधि विधान से पूजा अर्चना करने के बाद सोमवार को शोभा यात्रा निकालकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच देर रात पेट्रोल पम्प पोखरा और बनगढ़िया पवह नाले में विसर्जित कर दिया गया। भ्रमण के दौरान पूरा कस्बा 'गणपति बप्पा मोरिया अगले वर्ष तू जल्दी आना' से गूंज उठा। बृजमनगंज कस्बे सहित इनायतनगर, मिश्रवलिया, लेहरा कस्बे में स्थापित गणेश प्रतिमाओं का सोमवार को शाम गाजे बाजे के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। यह शोभा यात्रा पंडालों से शुरू होकर स्टेशन, गल्ला मंडी, पड़ाव होती हुई थाना चौराहे पर पहुंची जहां सभी प्रतिमा एक साथ होकर शोभा यात्रा में बदल गई। लोगों ने जमकर अबीर गुलाल उड़ाया। यात्रा में शामिल भक्त डीजे पर बजते भक्ति संगीत पर नाचते झूमते, थिरकते श्रद्धालुओं ने देर शाम तक पेट्रोल पम्प पोखरे में विसर्जित किया गया।

तहसील स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ शानदार आगाज

अवधनामा संवाददाता

बृजमनगंज (महराजगंज)। क्षेत्र में रमानाथ उमाशंकर इंटरमीडिएट कालेज फुलमनहां लेहड़ा बाजार के प्रागंण में मंगलवार से दो दिवसीय 34वा तहसील स्तरीय माध्यमिक विद्यालय एथलेटिक्स, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने खेल के मैदान में

अपने कौशल का प्रदर्शन किया। फरेन्दा के पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह ने प्रतियोगिता की शुरूआत करते हुए खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती के चित्र पर दिपप्रज्वलित माल्यार्पण कर किया गया।

शिक्षकों ने कार्य बहिष्कार कर जताया विरोध

फरेन्दा (महराजगंज)। सरकार के शिक्षक विरोधी नीतियों के विरोध एवं विभिन्न मांगों को लेकर मंगलवार को जयपुरिया इंटर कॉलेज आनंदनगर में शिक्षकों ने चॉकडाउन कर कार्य बहिष्कार किया। उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर शिक्षकों ने कार्य बहिष्कार कर सरकार के शिक्षक विरोधी नीतियों के खिलाफ सरकार को चेतावनी दिया। शिक्षकों ने सरकार से संगठन के सात सूत्रीय मांगों को मानने का निवेदन किया साथ ही अन्यथा की स्थिति में आगामी आम चुनावों में इसका खामियाजा भुगतने की दी चेतावनी। साथ ही शाखा मंत्री महेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में एक सभा आयोजित हुई जिसमें माध्यमिक शिक्षा नियमावली के धारा 18 व 21 में संशोधन सहित अन्य बिन्दुओं पर चर्चा की गई। महेंद्र प्रसाद ने कहा कि उप्र माध्यमिक शिक्षकों की सेवा नियमावली में संशोधन करके सरकार ने अध्यापकों की सेवा सुरक्षा को गिरवी रख दिया है,सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों को सरकार ने शोषण की आग में झोंक दिया है। हम सभी पुरानी पेंशन बहाली, अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों का प्रांतीकरण व प्रधानाचार्य की पदोन्नति आदि मांगों को लेकर सतत् संघर्ष करते रहेंगे। हम सभी मिलकर सरकार के शिक्षा एवं शिक्षक विरोधी नीतियों का आलोचना करते है और इसका विरोध करते रहेंगे। वहीं जितेंद्र पाण्डेय ने कहा कि सरकार जब तक धारा 18 व 21 को पुर्नस्थापित नहीं कर देती हमारा संघर्ष जारी रहेगा। साथ ही संगठन के अन्य मांगों जैसे आउटसोर्सिंग की बजाय नियमित नियुक्तियां करने, वित्तविहीन शिक्षकों को समानता के आधार पर वेतन देने तथा भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों को लेकर हम आगे बढ़ेंगे। इस दौरान सतीश पाठक, राकेश कुमार, राजेश पाण्डेय, ओंकार प्रसाद, नित्यानंद मिश्र, अजय सोनकर, अशोक दूबे, जनार्दन यादव, सुरेन्द्र श्रीवास्तव, शरद पाण्डेय,हरिओम, कालिन्दी, रामानंद सहित अन्य शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहें।

विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर निकली जागरूकता रैली

अवधनामा संवाददाता

नौतनवां (महराजगंज)। स्थानीय राजीव गांधी कॉलेज ऑफ फार्मेसी नौतनवां द्वारा विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें दवाओं के उपयोग व दुष्परिणाम को बताने के साथ ही सेल्फ मेडिकेशन न करने की अपील करने के साथ प्रशिक्षित फार्मासिस्ट से दवा लेने के लिए जागरूक किया गया।

मॉडल प्रेजेंटेशन, पोस्टर प्रेजेंटेशन एवं जागरूकता अभियान रैली निकाली गई। रैली राजीव गांधी कॉलेज आफ फार्मेसी से पुराने नौतनवा, रेलवे स्टेशन, अटल चौक, घंटाघर, अस्पताल चौराहा होते हुए गांधी चौक तक रैली निकाला गया। राजीव गांधी कॉलेज आफ फार्मेसी के डायरेक्टर शोभाराम साहू ने बताया कि आज विश्व फार्मासिस्ट दिवस है इस पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं सभी अध्यापक एवं अध्यापिकाओं द्वारा जन जागरूकता जागरूकता रैली में मुख्य रूप से कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. शोभाराम साहू, अजीत प्रताप सिंह, छाया साहू राठौड़, प्रविन्द सिंह, हरेंद्र प्रसाद, शनि श्रीवास्तव, यास्मीन बानो, राघवेंद्र चौबे, अमित त्रिपाठी, हुसैन इनयतुल्लाह, आरजू तथा उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय संयुक्त महामंत्री सीताराम अग्रहरि, युवा जिला इकाई अध्यक्ष संतोष अग्रहरि सहित कॉलेज के तमाम छात्र-छात्राएं एवं अध्यापक अध्यापिकाएं सम्मिलित रही।

संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर ब्लाक परिसर में बैठक

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। विकास खण्ड लोटन मे मंगलवार को विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान तथा संचारी रोगो एवं दिमागी बुखार पर नियंत्रण एवं क्षय रोग के संबध में मंगलवार को एडीओ पंचायत सदानंद वर्मा की अध्यक्षता मे एवं स्वास्थ्य विभाग से बीसीपीएम रमाकांत चतुर्वेदी व बी एम सी मनोज कुमार कोडिनेटर के उपस्थिति में ब्लाक सभागार में बैठक हुई।

रमाकांत चतुर्वेदी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप तृतीय चरण मे संचारी रोग नियंत्रण अभियान 3 से 31 अक्टूबर तथा दस्तक अभियान आयोजित किया गया है। आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकत्री द्वारा दिमागी बुखार, कुष्ठ रोग, कुपोषित बच्चों फाइलेरिया रोगों के लक्षणयुक्त व्यक्तियों का नाम, पता एवं मोबाइल नम्बर सहित ई-कवच पोर्टल पर अपलोड करायें। एडीओ पंचायत ने कहा की ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान चलाकर साफ-सफाई कराये तथा जल जमाव न होने पाये। नालियों में दवाओं का छिड़काव कराने का निर्देश दिया। एडीओ एजी राम कृष्ण मिश्रा द्वारा बताया गया की चुहा एवं छछुन्दर को घर से भगाये उनके से भी संक्रमण फैलता है इस लिए बचाव जरूरी है। शिखर श्रीवास्तव ने बताया दस्तक अभियान तथा संचारी रोगो एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण एवं क्षय रोग के संबध मे आंगनबाड़ी द्वारा बैनर पोस्टर लगा कर प्रचार किया गया है बुखार होने पर अस्पताल में भेजकर तुरन्त सही उपचार कराने के लिए विशेष बल दिये जाने की आवश्यक्ता है। अगर स्वास्थ्य विभाग द्वारा इतना प्रचार प्रसार किया गया है तो विकास खण्ड अन्तर्गत 54ग्राम प्रधान चुने गये लेकिन मात्र एक दर्जन ही प्रधानो की उपस्थिति रही अगर इसी तरह लोगो की रुचि रही तो संचारी रोग नियंत्रण बे मतलब साबित होगा केवल कागजों मे ही योजना चलाकर पैसा निकाल लिया जायेगा। बैठक में सचिव विनोद कुमार चौधरी, मनोज कुमार, ईश्वर देव, रविन्द्र जाटव, दिलीप पटेल प्रधान निजामुद्दीन, निसार अहमद, अब्दुल हकीम, इरशाद अहमद रामदास, सफीउल्लाह, राम बहाल यादव मौजूद रहे।

जनपद के सभी बैंक के सहयोग से वृहद ऋण शिविर का आयोजन

भारत अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में अग्रणी पांच देशों को पीछे कर शीर्ष पर: सांसद

अवधनामा संवाददाता

- जिले के सीडी रेसियो को और बढ़ाने के लिए बेहतर कार्य करने की है आवश्क्ता: डीएम

सिद्धार्थनगर। मुख्य सचिव उ.प्र. शासन एवं एसएलबीसी के निर्देश के क्रम में मंगलवार को जनपद के बैंकों का ऋण-जमानुपात बढाने एवं जनपद के लोगो के आर्थिक विकास हेतु अग्रणी बैंक भारतीय स्टेट बैंक सिद्धार्थनगर जनपद के सभी बैंक के सहयोग से वृहद ऋण शिविर का आयोजन सांसद जगदम्बिका पाल की अध्यक्षता एवं जिलाधिकारी पवन अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार, उप महा प्रबन्धक स्टेट बैंक गोरखपुर संजीव कुमार, उप महा प्रबन्धक एसएलबीसी रोहित जिनीवाल की उपस्थिति में लोहिया कला भवन में सम्पन्न हुआ। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

उप महाप्रबन्धक स्टेट बैंक गोरखपुर संजीव कुमार द्वारा सांसद, जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। सांसद जगदम्बिका पाल ने वृहद ऋण शिविर के आयोजन पर तथा जनपद का सीडी रेसियो बढ़ाने के लिए किये जा रहे कार्यों की सराहना करते हुये सभी बैंको को बधाई दिया। सांसद ने कहा कि जनपद में इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन के अवसर पर 10 हजार करोड़ के ओएमयू पर हस्ताक्षर किया गया, यह कदम जनपद को नई उचाईयों पर ले जाने का कार्य किया है। जिसके लिए कम स्टाफ के बावजूद भी उपायुक्त उद्योग द्वारा किये गये कार्यो के लिए बधाई दिया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश का सीडी रेसियो 52 प्रतिशत है जिसको 60 प्रतिशत तक ले जायेंगे तभी प्रधानमंत्री जी/मुख्यमंत्री जी के 01 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था पर पहुंचाने का संकल्प पूरा होगा। कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में अग्रणी पांच देशों को पीछे कर शीर्ष पर पहुंचा है। हमारे जनपद के लोग रोजगार के लिए बाहर जाकर कार्य करते थे उनको विभिन्न योजनाओं के माध्यम से स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराकर अपने जनपद में कार्य करने का अवसर प्रदान किया गया, जिससे जनपद का आर्थिक विकास होगा। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल द्वारा बैंक के वृहद ऋण शिविर कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि जनपद का सीडी रेसियो को और बढ़ाने के लिए बेहतर कार्य करने की आवश्यक्ता है। विभिन्न योजनाओं के माध्यम से जनपद सिद्धार्थ नगर के लोगो को आसानी से ऋण उपलब्ध कराया जाये जिससे लोगों को किसी दूसरे राज्य, शहर में रोजगार के लिए न भटकना पड़े, अपने ग्राम, जनपद में वो खुद का रोजगार कर अपने और अपने परिवार का जीवनयापन सुगमतापूर्वक कर सके। जनपद कालानमक चावल तथा मछली उत्पादन में प्रथम स्थान पर है उसी प्रकार अन्य क्षेत्र में भी प्रथम स्थान पर पहुचाना है।

इस दौरान अतिथियों द्वारा मुद्रा लोन, होम लोन, कृषि लोन, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, स्वयं सहायता समूह तथा विभिन्न लाभार्थियों को चेक एवं डमी चेक का वितरण किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबन्धक भारतीय स्टेट बैंक सिद्धार्थनगर राहुल रंजन, अग्रणी जिला प्रबंधक रवि कुमार सिन्हा, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र दयाशंकर सरोज, योगेन्द्र लाल भारती, क्षेत्रीय प्रबंधक बड़ोदा यूपी बैंक सी.डी. पाण्डेय समस्त बैंक के शाखा प्रबन्धक/जिला समन्वयक एवं लाभार्थी उपस्थित रहे।

न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने एक व्यक्ति पर दर्ज किया मुकदमा

जलालपुर अंबेडकरनगर। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने एक व्यक्ति के ऊपर धोखाधड़ी, गाली गलौज और जान से मारने की धमकी की धारा में मुकदमा दर्ज किया है। मालीपुर थाना के जिंदासपुर निवासी विजय प्रकाश पांडे ने अदालत में आयोजित रिट याचिका में बताया है कि जौनपुर जनपद के शाहगंज काशीराम आवास निवासी सचिन चौरसिया को 2020 में अपना मैजिक वाहन 15 हजार रुपए प्रतिमाह किराए की दर से किराए पर दिया था। इन वर्षो में सचिन चौरसिया न तो किराया ही दिया और न ही गाड़ी के बाबत कोई जानकारी दिया। जब उससे किराया की मांग की जाती वह गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देता ।इसी दौरान परिवहन विभाग से 70 हजार रुपए की नोटिस टैक्स जमा करने के लिए आई तो प्रार्थी को टैक्स नहीं जमा होने की जानकारी हुई। प्रार्थी ने मालीपुर पुलिस को और पुलिस अधीक्षक को मुकदमा दर्ज करने के लिए तहरीर दिया।

डीएम ने जिला चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण, दिए निर्देश

बस्ती अवधनामा संवाददाता। जिलाधिकारी अंद्रा वामसी ने जिला चिकित्सालय पहुॅचकर इमरजेन्सी, बाह्य रोगी, चिल्ड्रेन, जनरल सर्जिकल, ओटी, अर्थो, आईओटी, महिला सर्जिकल, मेडिकल व जनरल वार्ड सहित अन्य वार्डो का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होने मरीजो से बातचीत करके मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त किया और आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारी को दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जो भवन जर्जर की स्थिति में या काफी पुराना है। ऐसे भवनों की सूची बनाकर एक सप्ताह के भीतर 150 बेड के 02 हास्पिटल बनाये जाने के लिए इस्टीमेट तैयार कर अवगत कराते हुए आवश्यक कार्यवाही की जाय। उन्होने जिला चिकित्सालय भवन को इनोग्रेशन भी कराने का निर्देश दिया है। जिला चिकित्सालय परिसर की सड़क काफी खराब अवस्था में है, जिस पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल सही कराने का निर्देश संबंधित को दिया है। निरीक्षण के दौरान एसआईसी एस.सी. कौशल, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. आर.पी. मिश्रा, हास्पिटल मैनेजर धनन्जय कुमार सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।

भतीजे ने चाचा को पीटकर लहूलुहान किया

कुदरहा अवधनामा संवाददाता। लालगंज थाना क्षेत्र के जिभियाँव चौराहे पर आपसी रंजिश में भतीजे ने 65 वर्षीय चाचा को पीट कर लहू लुहान कर दिया। आसपास के लोगों ने शोर सुनकर मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दिया। पुलिस ने 27 वर्षीय भतीजे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जिभियाँव निवासी 65 वर्षीय श्रीराम पुत्र मंगरु अपने घर पर सोए हुए थे। पहले से आपसी रंजिश में 27 वर्षीय भतीजे अजय कुमार पुत्र मनीराम से किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गयीं। अजय ने श्रीराम को लाठी डंडे से मार कर लहूलुहान कर फरार हो गया। श्री राम के शोर मचाने पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और पुलिस को सूचना दिया।

अमृत सरोवरों के किनारे ओपेन जिम खोले जायेः मण्डलायुक्त

अवधनामा संवाददाता

बस्ती। मण्डलीय खेल एवं विकास प्रोत्साहन समिति ग्रामीण क्षेत्रों में तहसील स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करेंगी, ग्रामीण क्षेत्रों में खेल का मैदान विकसित किया जायेंगा तथा ओपेन जिम खोलें जायेंगे। इस आशय का निर्देश मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह ने दिये है। वे खेल एवं प्रोत्साहन विकास की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि अमृत सरोवरों के किनारे ओपेन जिम खोले जाये। उन्होने कहा कि अटल आवासीय विद्यालय, कस्तूरबॉ गॉधी बालिका विद्यालय तथा अन्य आवासीय विद्यालयों में खेलकूद को बढावा देने के लिए कार्य योजना तैयार की जाये।

मण्डलीय खेल समिति आर्थिक रूप से कमजोर खिलाड़ियों को आर्थिक सहायता, खेलकिट एवं अन्य खेल सामग्री देकर प्रोत्साहित करेंगी। इसके लिए मण्डलायुक्त ने निर्धन खिलाड़ियों का चयन करने का निर्देश दिया है। उन्होने कहा कि खेल आयोजनों से बैंक एवं जनपद में सक्रिय विभिन्न एसोसिएशन को जोड़ा जाये। बैठक में युवा कल्याण एवं प्रादेशिक दल के उप निदेशक अजय त्रिवेदी ने बताया कि बस्ती जनपद में 137 गॉव में खेल मैदान चिन्हित किए गये है, जिसमें से 36 का कार्य पूर्ण हो गया है, 34 पर काम चल रहा है। उन्होने बताया कि युवा कल्याण विभाग द्वारा भी एक स्टेडियम का निर्माण कराया गया है। सांसद हरीश द्विवेदी के प्रतिनिधि जगदीश शुक्ल ने बताया कि सांसद खेल महाकुम्भ में आये हुए लगभग 40 प्रतिभाशाली खिलाड़ी को स्पोर्टस एथारिटी आफ इण्डिया द्वारा चयनित किया गया है तथा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बैठक का संचालन क्रीडाधिकारी संजय शर्मा ने किया। उन्होने बताया कि मण्डलीय खेल प्रोत्साहन समिति के लिए शासन द्वारा 15 लाख रूपये प्राप्त हुए है, जिसके लिए राष्ट्रीयकृत बैंक में नया खाता खोला जायेंगा।

सांसद ने झाड़ू लगाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। स्वच्छता सेवा अखाड़ा के अंतर्गत मंगलवार को बाल्मीकि नगर में सांसद जगदंबिका पाल ने झाड़ू लगाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। लोगों को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का सपना है की सभी मलिन बस्तियां साफ-सुथरा एवं स्वच्छ रहे जहां स्वच्छता होती है वहां से बीमारियां कोसों दूर होती हैं सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहना चाहिए पास पड़ोस घर की सफाई करने से पूरा देश स्वच्छ दिखेगा। सांसद ने कहा 26 तारीख से 2 अक्टूबर तक सेवा फखवारा चल रहा है जिसके तहत पहली बार मलिन बस्तियों में सांसद विधायक जनप्रतिनिधियों को जाकर स्वच्छता के लिए लोगों को प्रेरित करेंगे उनकी समस्याएं सुनेंगे चौपाल कार्यक्रम लगेगा, समस्या सुनी जाएगी और उसका निस्तारण किया जाएगा। बाल्मीकि नगर में जन समुदाय द्वारा विवाह घर कूढाझ डंपिंग के लिए व्यवस्था की मांग की गयी। जिससे बाल्मीकि नगर सदा स्वच्छ दिखे जिससे सिद्धार्थ नगर नगर पालिका विकास की ओर अग्रसर रहे। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष एसपी अग्रवाल नगर पलिका अध्यक्ष बढ़नी सुनील अग्रहरि जंग बहादुर राजाराम रोड़ी इमरान श्याम देव राम सुरेश चौहान दीपू सिंह सुनील अग्रहरि सभासद मौजूद रहे।

परिषदीय विद्यालयों की न्याय पंचायत स्तरीय प्रतियोगिता का कम्पोजिट विद्यालय में हुआ आयोजन

अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता। शिक्षा क्षेत्र रामनगर के परिषदीय विद्यालयों का न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कंपोजिट विद्यालय लखनी पट्टी में व्यायाम शिक्षक गंगाराम यादव के निर्देशन में आयोजित हुआ। खेलकूद प्रतियोगिता में 50 मीटर दौड़ बालक वर्ग में विवेक व बालिका में अंशिका प्रथम रही, 100 मीटर दौड़ में बालक वर्ग में अरमान व बालिका में सोनाली प्रथम रही 200 मीटर दौड़ में बालक वर्ग में शाह आलम व बालिका में अंशिका प्रथम रही, 400 मीटर दौड़ में बालक में शाह आलम और बालिका में अंशिका प्रथम रही। कबड्डी प्रतियोगिता में प्राथमिक बालक वर्ग में विजेता प्राथमिक विद्यालय ककरहवा की टीम विजेता व लाडलापुर की टीम उपविजेता रही। बालिका वर्ग में विजेता लखनी पट्टी व उपविजेता टीम प्राथमिक विद्यालय ककरहवा की रही, लंबी कूद में बालक वर्ग में अंशु प्रथम व बालिका वर्ग में अंशिका प्रथम रही ,लंबी कूद उच्च प्राथमिक में अब्दुल्ला मन्नान प्रथम व रिशु बालिका वर्ग में प्रथम रही ,ऊंची कूद में प्रिंस प्रथम व उच्च प्राथमिक विद्यालय के 100 मीटर की दौड़ में बालक वर्ग में अरमान प्रथम व बालिका वर्ग में रिशु प्रथम रही ,200 मीटर दौड़ में बालक वर्ग में प्रिंस व बालिका में रिशु प्रथम रही ,400 मीटर दौड़ में बालक वर्ग में प्रिंस व बालिका में अर्चना प्रथम रही ,400 मीटर दौड़ में अब्दुल मन्नान प्रथम रहे।

वरिष्ठ पत्रकार का 90 वर्ष की आयु में निधन

आलापुर अम्बेडकरनगर। जनपद के गौरव आलापुर तहसील के वरिष्ठ पत्रकार ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन अम्बेडकरनगर के वरिष्ठ जिलाउपाध्यक्ष हरीराम तिवारी का 90 वर्ष की उम्र मे बनारस के निजी चिकित्सालय मे लम्बी बीमारी के बाद दिनांक 26/ 9/ 2023 को 12 बजे गोलोकगमन कर गये। मालूम हो श्री तिवारी चार दशक से पत्रकारिता जगत से अधिक समय से जुड़े थे। आलापुर तहसील के वरिष्ठ अधिवक्ता अवधेश तिवारी एडवोकेट के चाचा के निधन पर अधिवक्ता संघ आलापुर के अध्यक्ष कालीप्रसाद महामंत्री शेषनाथ सिंह के अलावा पडित राकेश तिवारी महेंद्रदत्त मिश्र गिरधारी तिवारी एडवोकेट योगेन्द्र प्रसाद यादव, सत्यप्रकाश मिश्र, सचिव भूपेन्द्र मिश्रा, शशिकांत मिश्रा, सुरेन्द्र उपाध्याय, शिवप्रसाद शुक्ल, जगन्नाथ मिश्र, अरूण चौबे सहित तमाम लोगो ने दुख ब्यक्त करते हुए भावभीनी श्रध्दांजलि अर्पित की है।

जनपद में बने लोहिया भवन में चल रही कटिया लगाकर बिजली भवन पर लाखों का है बकाया

अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता। अंबेडकरनगर में अकबरपुर जिला मुख्यालय के टांडा रोड पर स्थित लोहिया भवन का बिजली बिल बकाया होने के कारण तीन साल पहले विद्युत विभाग द्वारा लाइट का कनेक्शन काट दिया गया। लेकिन उसके बाद भी बाईपास से चलाकर हर महीने लाखों की बिजली चोरी की जा रही है। दिन रात छापेमारी करने वाली विद्युत विभाग इस चोरी पर आंख मूंदे हुए है। अकबरपुर जिला मुख्यालय के टांडा रोड पर हवाई पट्टी के पास लोहिया भवन का निर्माण सपा सरकार में किया गया था। इस भवन का उपयोग जिला प्रशासन द्वारा सरकारी और प्राइवेट कार्यक्रम के लिए किया जाता है। इस भवन का प्रयोग तो किया जा रहा है, लेकिन इसके मेंटेनेंस का ध्यान नहीं दिया जा रहा है। लोहिया भवन पर करीब 69 लाख रुपये का विद्युत बिल बकाया है। अगस्त 2020 में विद्युत विभाग द्वारा यहां की बिजली काट दी गई। तब से यहां बाईपास से विद्युत चोरी कर बिजली का इस्तेमाल हो रहा है। हर महीने लाखों रुपये का बिजली चोरी की जा रही है। हालांकि 8 मार्च 2023 को लोहिया भवन की तरफ से 10 लाख बिजली बिल जमा कराया गया था, लेकिन बिजली कनेक्शन को जोड़ा नहीं गया था।विद्युत चोरी रोकने के नाम बिजली विभाग द्वारा दिन रात छापेमारी किया जा रहा है, लेकिन लोहिया भवन में इतनी बड़ी चोरी की जा रही है। जिस पर बिजली विभाग आंख बंद किए हुए है। लोहिया भवन पर 125 किलोवाट का कनेक्शन है, जिस पर लाखों रुपये की महीने में बिजली खर्च होती होगी। इस बारे में जब एक्सईएन अनूप कुमार सिंह और अधीक्षण अभियंता अम्बा प्रसाद वशिष्ठ से बात करने की कोशिश की गई तो दोनों लोगों का फोन नहीं उठा। इस बाबत एसडीओ सज्जाद आलम ने बताया कि कार्यक्रम होने पर बिजली जोड़ दी जाती है।

पेंशन शंखनाद महारैली दिल्ली में प्रतिभाग करने को लेकर बनी रणनीति

अवधनामा संवाददाता

- जिले से 500 से अधिक शिक्षक कर्मचारी रैली में होंगे शामिल

बांसी सिद्धार्थनगर। बीआरसी. मिठवल पर आयोजित अटेवा मिठवल के पदाधिकारियों की बैठक में पेंशन शंखनाद महारैली रामलीला मैदान दिल्ली में चलने को लेकर रणनीति पर विचार विमर्श किया गया। जिला प्रवक्ता-अटेवा तथा पेंशन शंखनाद महारैली प्रभारी सिद्धार्थनगर आनन्द कुमार शुक्ल ने ज्यादा से ज्यादा संख्या में शिक्षक कर्मचारियों को दिल्ली पहुंचने का आह्वान किया।

ब्लाक अध्यक्ष मनीष कुमार दुबे ने सभी पदाधिकारियों को अपने साथियों से व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क कर दिल्ली चलने के लिए प्रेरित करने के लिए कहा। ब्लाक संरक्षक संजय कुमार पाण्डेय जी ने सबको सक्रियता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। ब्लाक अध्यक्ष महिला संवर्ग अंजना शर्मा ने मातृशक्तियों को दिल्ली चलो नारे के साथ महारैली में प्रतिभाग करने के लिए कहा। ब्लाक उपाध्यक्ष बृहस्पति मणि त्रिपाठी ने जोशीले नारों के साथ बैठक में जोश भरने का कार्य किया। बैठक में श्वेता श्रीवास्तव, अर्चना कुलश्रेष्ठ, श्रवण कुमार कश्यप, बृहस्पति मणि त्रिपाठी, जितेन्द्र कुमार त्रिपाठी, सुरेन्द्र नाथ मिश्र, संजय कुमार जायसवाल,अभिलाष मिश्रा, जितेन्द्र कुमार, व्यंकट चंद्रशेखर, अनिल कुमार प्रजापति, सुनील कुमार यादव, सुमित यादव, अब्दुल्ला आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

पुरानी पेंशन बहाली व अन्य मांगों को लेकर शिक्षकों ने दिया ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। मंगलवार को बी.एस.ए. ग्राउंड में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन का आयोजन हुआ। धरना प्रदर्शन के बाद पुरानी पेंशन बहाली, वर्षों से लंबित एवम बारबार आश्वासन के बाद भी पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण न करने, अंतर्जनपदीय स्थानांतरण प्रतिवर्ष वरिष्ठता के आधार पर करने, शिक्षामित्र अनुदेशक का मानदेय वृद्धि एवं वार्षिक वृद्धि प्रदान करने नवनियुक्त शिक्षकों का ब्रिज कोर्स शीघ्र पूर्ण कराने, 2004 बैच के सम्बन्ध में केंद्र के समान मेमोरेंडम उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा भी जारी कराने सहित शिक्षकों के तमाम समस्याओं के निराकरण हेतु सचिव बेसिक शिक्षा परिषद को संबोधित ज्ञापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा देते हुए निराकरण की मांग किया गया। उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए संगठन के जिलाध्यक्ष आदित्य कुमार शुक्ल ने कहा कि शिक्षकों की वाजिब मांगों की लगातार अनदेखी की जा रही है, अनावश्यक एवं गैरशैक्षणिक कार्यो से उत्पीड़न लगातार जारी है, विद्यालय प्रधानाध्यापक विहीन होनें के बावजूद वर्षो से प्रमोशन नहीं हो रहा हैं। शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए मंत्री/ब्लॉक अध्यक्ष राकेश पांडेय ने कहा कि प्रमोशन की प्रक्रिया जनवरी से ही लंबित है, लेकिन इसके बावजूद अभी तक की कोई ठोस कार्य नहीं हुआ है, बार बार आश्वासन के बाद भी कोई प्रगति नहीं, अंतरजंपदीय स्थानांतरण में कई तरीकों का लाभ दे दिया गया जिससे कई वर्षो से तैनात शिक्षकों/शिक्षिकाओं का भी स्थानांतरण नहीं हो सका। कार्यक्रम का संचालन करते हुए मीडिया प्रभारी मनोज द्विवेदी ने कहा कि सरकार पारदर्शी नीति बनाएं और शिक्षक हित में कार्य करें, जिससे शिक्षक मनोयोग से विद्यालय पर कार्य कर सके और धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य न हो सके। इस दौरान राम नारायण दुबे, रमेश यादव, रामसिंह पाल, पंकज त्रिपाठी, आशीष पांडे, इशियाक अहमद, इरसाद अहमद, अभय सिंह, विवेक द्विवेदी, विष्णु द्विवेदी आदि सहित भारी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

शौर्य जागरण यात्रा का जिले में होगा भव्य स्वागत

बढ़नी सिद्धार्थनगर। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल सौजन्य से आगामी 30 सितंबर को अयोध्या मखौड़ा धाम से शौर्य जागरण यात्रा निकाल कर 10 अक्टूबर को काशी में यात्रा का समापन होगा। शौर्य जागरण यात्रा प्रमुख सिद्धार्थ नगर व विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष अजय प्रताप यादव ने बताया कि आगामी 1 अक्टूबर को सिद्धार्थनगर जिले में शौर्य जागरण यात्रा का आगमन होगा। कहा कि यात्रा का जोगिया, सनई में स्वागत होने के बाद सिद्धार्थनगर जिला मुख्यालय पर जनसभा होगी इसके उपरांत यात्रा उसका बाजार होते हुए महाराजगंज जिले के लिए शौर्य जागरण यात्रा प्रस्थान करेगी। कहां कि शौर्य जागरण यात्रा को भव्य रूप से प्रदान करने हेतु ढ़ेबरुआ चौराहे से उप शौर्य जागरण यात्रा निकलेगी जो शोहरतगढ़, सनई होते हुए जोगिया से शौर्य जागरण यात्रा में शामिल होंगी। विहिप के जिला उपाध्यक्ष अजय प्रताप यादव ने कहा कि जिले के सभी सनातनी हिंदू भाइयों से शौर्य जागरण यात्रा और उप शौर्य जागरण यात्रा में शामिल होकर यात्रा को सफल बनाने की अपील की है।

पूरी अकीदत के साथ मना ईद-ए-जहरा का त्यौहार

मकतब इमामिया में सजी महफ़िल शायरों ने पढ़े कलाम मिली वाहवाही

अवधनामा संवाददाता

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। दो महीना आठ दिन गम मनाने के बाद सोमवार को तहसील क्षेत्र के शिया समुदाय के लोगों ने खुशी का इजहार किया। शिया मुसलमानों के बारहवें इमाम मेंहदी आखेरूज़्ज़मा अलैहिस्सलाम की ताजपोशी की खुशी में ईद-ए-जहरा का त्योहार पूरी अकीदत के साथ मनाया गया। शिया समुदाय के लोगों ने अपने घरों पर लजीज पकवान बनाए और एक दूसरे को गले लगकर ईद-ए-जहरा की मुबारकबाद पेश की। वहीं हल्लौर कस्बे के विभिन्न घरों के साथ साथ मकतब इमामिया हल्लौर में महफिल आयोजित हुई। जिसमें उलमाए कराम ने तकरीर के जरिए ईद-ए-जहरा और ताज पोशी इमाम ए जमाना पर विस्तार से रोशनी डाली तो शायरों ने अपने अपने कलाम पेश कर खूब वाहवाही बटोरी। महफ़िल का संचालन अफसर हल्लौरी ने किया। सोमवार की शाम हल्लौर कस्बे में पुरानी परंपरा के मुताबिक मकतब इमामिया हल्लौर में महफिल का आयोजन तिलावते कलाम पाक से हुआ। ज़ाकिरे अहलेबैत जमाल हैदर करबलाई ने तकरीर के दौरान कहा कि आज यानी 9 रबीलउवल को रसूले खुदा का निकाह हज़रते खदीजा से हुआ था। जनाबे खदीजा हर साल जब 9 रबीलउवल आता तो उस रोज खाने पीने का बेहतरीन एहतिमाम करतीं और अपनी निकाह के दिन को खुशी खुशी याद करतीं। शिया समुदाय के लोग ईद-ए-जहरा इसलिए मनाते हैं कि आज ही के दिन इमाम हुसैन अस का कातिल मारा गया था। उसके मारे जाने के बाद इमाम हुसैन का कुनबा पहली बार मुस्कुराया था। शिया मुसलमानों के बारहवें इमाम जमाना की आज ही के दिन ताजपोशी की गई थी। एक साथ तीन खुशियां हैं। उन्होंने कहा कि हमें अदब के दायरे में इस जश्न को मनाना चाहिए ताकि यह पैगाम जाए कि हम मजलूम इमाम हुसैन अस के बताए हुए रास्ते पर ही चल रहे हैं। महफिल की शुरुआत शादाब हुसैन के तिलावते कलाम पाक से हुआ। ततपश्चात जफर हल्लौरी, साबिर, नफीस, अम्मार, आले रजा, सावन, कामयाब, हसन जमाल, हानी, अजीम सज्जादी, अजीम अली बाग, आरजू, सुरखुरू, शादाब, कायनात, हसन सादिक, जलाल मास्टर, साहिर, दरवेश आदि शायरों ने अपने अपने कलाम पेशकर खूब वाहवाही बटोरी। इस दौरान इमाम हैदर, मोहम्मद मेंहदी, इमाम बारगाह के मुतवल्ली नौशाद हैदर, जमाल बीके, काजिम रज़ा, तसकीन हैदर, अलमदार हुसैन, डॉ वज़ाहत हुसैन, शम्स हैदर मास्टर, बबलू एसीसी, शबी हसन, हाशिम मेहंदी, शम्स हैदर, शकील, बब्बू, रेहान, एहतेशाम मेंहदी, इंतेज़ार शबाब, शाहिद अन्जू, अज़ीम हैदर, पप्पू पल्सर, जैकी, कामयाब सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

रोजगार के सवाल

भारत में बेरोजगारी और महंगाई सबसे अहम राष्ट्रीय मुद्दे हैं। विडंबना है कि इन मुद्दों पर अधिकतर जनादेश तय नहीं किए जाते। आजकल महिला आरक्षण की खूब गहमागहमी है। सामान्य आरक्षण भी ऐसा ही संवेदनशील मुद्दा है। आरक्षण से ज्यादा जरूरी रोजगार है, ताकि महिलाएं भी पीढ़ी-दर-पीढ़ी 'अवैतनिक कामकाजी' न रह सकें और औसत भारतीय आत्मनिर्भर बन सके। देश के प्रधानमंत्री मोदी भी आजकल क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास करें या 'यशोभूमि' इवेंट कॉन्प्लैक्स का उद्घाटन करें अथवा किसी प्रदर्शनी में जाएं, तो वह हर जगह रोजगार की बढ़ोतरी के दावे करते हैं। देश में बड़े-बड़े राजमार्ग और एक्सप्रेस-वे भी बनाए जा रहे हैं, जाहिर है कि उनमें भी रोजगार पैदा होते होंगे। उनके निर्माण के समानांतर अन्य आर्थिक गतिविधियां भी बढ़ती हैं। बेशक हमारी अर्थव्यवस्था की विकास-दर करीब 8 फीसदी है, लेकिन प्रति व्यक्ति इसका औसत करीब 4.5 फीसदी ही है। कोरोना वैश्विक महामारी के बाद भारत की आर्थिकी ने बहुत तेज और सकारात्मक वापसी की है, लिहाजा 2021-22 में न केवल जीडीपी करीब 150 लाख करोड़ रुपए थी और बीते साल की अपेक्षा 9 फीसदी ज्यादा भी रही, बल्कि वह कोरोना-पूर्व के स्तर को भी लांघ गई। जीडीपी का अर्थशास्त्र कुछ भिन्न होता है, जिसे आम आदमी समझ नहीं पाता, लिहाजा आर्थिक विकास और सामान्य रोजगार की दर में गहरे विरोधाभास दिखाई देते हैं। कई अनुत्तरित सवाल भी निहित होते हैं। राजनीतिक सत्ताएं उनके जवाब नहीं देतीं। रोजगार भी ऐसा ही मुद्दा है, जो तमाम सकारात्मक आर्थिक विकास के बावजूद पूरी तरह संबोधित नहीं किया जा रहा है। हमारे देश में रोजगार, नौकरी और स्वरोजगार की अलग-अलग व्याख्याएं और कहानियां हैं। भारत सरकार की विभिन्न रपटों के डाटा से स्पष्ट है कि नौकरी के बाजार में लचीलापन या रोजगार की वापसी हुई है। सरकारों के अलावा, निजी क्षेत्र में भी बंपर रोजगार के अवसर विज्ञापित किए जा रहे हैं, लेकिन महिलाओं और युवा स्नातकों के लिए ये अवसर समूची अर्थव्यवस्था से पिछड़ गए हैं। कोरोना महामारी के बाद पुरुष और महिला कामगारों की दर बढ़ी है, लेकिन रोजगार का यह डाटा सतही तौर पर ही सुर्खियों में रहा है। यदि कामकाज के हालात सुधरे हैं, तो जाहिरा तौर पर बेरोजगारी की दर कम होनी चाहिए, लेकिन आज भी यह राष्ट्रीय दर 7-8 फीसदी के बीच झूल रही है। 2021-22 में बेरोजगारी दर करीब 6.6 फीसदी थी, जो 2019-20 की तुलना में करीब 2 फीसदी कम थी, लेकिन महिला रोजगार में बढ़ोतरी दिखाई जा रही थी। यह कैसी विसंगति थी? एक रपट बताती है कि महिला रोजगार में संरचनात्मक ह्रास हुआ है। इसी के विरोधाभास में बताया गया कि महिलाओं के स्वरोजगार के रुझान बढ़े हैं। यह स्वरोजगार 'अवैतनिक' था और 'मैदान छोड़ने' का एक विकल्प था, क्योंकि बाजार में नौकरियों और रोजगार के बुरे हालात थे। यह भी निष्कर्ष दिया गया कि 2019-20 और 2020-21 की तुलना में महिलाओं की मासिक आमदनी बढ़ी है। इसे भी मुद्रास्फीति के संदर्भ में देखा जाना चाहिए। दिलचस्प है कि 2021-22 में जिसकी मासिक आय 12089 रुपए थी, वह 2017-18 की औसतन मासिक आय से करीब 2 फीसदी कम थी। यह कैसे संभव है? व्यक्ति की आय साल-दर-साल बढ़ती है या घटती जाती है?

हिंदुत्व और राष्ट्रवाद के सहारे मोदी का मिशन-2024

श्रेय शुक्ला

देश में होने वाले आम चुनाव या कहें मिशन 2024 को लेकर भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली एनडीए और विपक्षी गठबंधन इंडिया अलायंस पूरी तरह से चुनावी मोड में आ चुके हैं। एक तरफ बीजेपी के सामने लगातार तीसरी बार सत्ता की लड़ाई जीतने की चुनौती है और इसके लिए पार्टी की रणनीति करीब-करीब साफ हो गई है। देश में हिंदुत्व की सियासत को बीजेपी ने इस कदर स्थापित कर दिया है कि अब सेकुलर कही जाने वाली पार्टियों में भी उसी लाइन पर चलने की मजबूरी दिखाई देती है। हिंदुत्व के मसले पर विपक्षी पार्टियां बीजेपी से बड़ी लकीर खींचने की होड़ में है। 2024 के चुनाव में ये मुद्दा बीजेपी के अभियान में सबसे प्रमुख रहने वाला है। पिछले दिनों अलीगढ़ में पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की दूसरी पुण्यतिथि को बीजेपी ने जब गौरव दिवस के रूप में मनाया तो साफ कर दिया कि चुनाव से पहले वो हिंदुत्व की अपनी राजनीति को और धार देना शुरू कर चुकी है। इसी कड़ी में 2024 के चुनाव से ठीक पहले अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनकर तैयार हो जाएगा... बीजेपी ने सदियों से चले आ रहे इस विवाद को हिंदुओं के पक्ष में सुलझाने और मंदिर निर्माण कराने का पूरा क्रेडिट लिया है। तो चुनाव में जनता के सामने इस बात को रखने से भी पार्टी बिल्कुल नही चूकेगी कि राम मंदिर बनाने का जो संकल्प उन्होने किया था उसको पूरा कर दिया। इसके बाद काशी में बाबा विश्वनाथ का विशाल कॉरिडोर पहले ही वाराणसी वासियों के साथ साथ सैलानियों को लुभा रहा है। मथुरा में भी बड़े पैमाने पर निर्माण कार्य हुए हैं और जारी हैं। इसी के साथ मथुरा में जन्मभूमि और काशी में ज्ञानवापी मस्जिद को लेकर कोर्ट में भी कार्यवाही आगे बढ़ी है जिससे हिंदू पक्ष उत्साहित है। बीजेपी के लिए ये चुनाव इस उत्साह को भुनाने का मौका है। राष्ट्रवाद को लेकर आक्रामक रही बीजेपी ने इसे और धार देने के लिए हर घर तिरंगा, तिरंगा रैली, मेरी माटी मेरा देश जैसे तमाम अभियान पिछले दिनों में शुरू किए हैं। सरकार पहले से ही देश की आजादी के 75 साल पूरे होने पर आजादी का अमृतकाल मना रही है। इसमें आप सर्जिकल स्ट्राइल और कश्मीर से 370 हटाकर बीजेपी ने राष्ट्रवाद की नींव रखी थी उसको न भूलें। बीजेपी और खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पुरानी सरकारों का जिक्र करते हुए इंडिया सरकार को मजबूत बताने का कोई मौका नहीं छोड़ते। प्रधानमंत्री मोदी कई मौकों पर अपनी सरकार को फैसले लेने वाली सरकार कहकर भी विपक्षियों पर कटाक्ष कर करते रहते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बार-बार परफॉर्म, रिफॉर्म और ट्रांसफॉर्म की बात भी कह चुके हैं। बीजेपी 2024 के चुनाव में भी अपने पुराने प्रेसिडेंशियल स्टाइल वाले फॉर्मूले पर ही बढ़ती नजर आ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बार स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से अपने संबोधन में कहा था कि अगले साल फिर आऊंगा। पीएम मोदी ने ये कहकर एक तरह से ये साफ कर दिया था कि, 2024 के चुनाव में भी वे ही बीजेपी और एनडीए की ओर से प्रधानमंत्री पद के लिए चेहरा होंगे। बीजेपी को पीएम मोदी के चेहरे पर हर राज्य में वोट मिलते हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में यूपी की ही बात करें तो बीजेपी को करीब 50 फीसदी वोट मिले थे।सर्वे रिपोर्ट्स की मानें तो बीजेपी को वोट करने वालों में से करीब 18 फीसदी लोगों ने नरेंद्र मोदी के नाम पर पार्टी को वोट किया था।बीजेपी का पूरा फोकस सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों पर हमेशा रहता है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर गृह मंत्री अमित शाह तक, बीजेपी के सभी वरिष्ठ नेता कार्यकर्ताओं को लाभार्थियों के बीच जाने का मंत्र समय समय पर देते रहते हैं।.साल 2022 के यूपी चुनाव में बीजेपी की बड़ी जीत के लिए केंद्र सरकार की योजनाओं को भी श्रेय दिया गया। जिनमें फ्री राशन योजना प्रमुख है। बीजेपी ने जाति-वर्ग से ऊपर उठकर लाभार्थियों का एक नया वोटर वर्ग तैयार किया है। जिनमें सबसे बड़ा रोल फ्री राशन योजना। आयुष्मान भारत.., प्रधानमंत्री किसान सम्मान.., प्रधानमंत्री फसल बीमा.. जैसी योजनाओं का है। उज्ज्वला और जनधन खाते के साथ ही डीबीटी के लाभार्थियों की भी बड़ी तादाद है।इसके साथ ही बीजेपी के खिलाफ जहां विपक्षी दलों ने गठबंधन किया है वहीं इस दांव की काट के लिए बीजेपी भी अपने गठबंधन को और मजबूती देने के लिए कदम बढ़ा रही है। यूपी में जातीय गणित साधने के लिए बीजेपी ने ओमप्रकाश राजभर की सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी, अनुप्रिया पटेल की अपना दल (एस), संजय निषाद की निषाद पार्टी के साथ गठबंधन किया है। वहीं, बिहार में जेडीयू के जाने से नुकसान की भरपाई के लिए चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी, उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक जनता दल और जीतनराम मांझी की हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) से गठबंधन किया है। इससे साफ है कि बीजेपी 2014 चुनाव के फॉर्मूले पर आगे बढ़ेगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

लगातार महंगाई का बढ़ना भी न केवल आमजन के लिये बल्कि सरकार के लिये चिन्ता का कारण है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के अनुमानों से पता चलता है कि जुलाई (7.4 प्रतिशत) की तुलना में अगस्त में यह घटकर 6.8 फीसदी हो गई है। यहां तक कि खाद्य वस्तुओं की महंगाई भी जुलाई के उच्चतम स्तर पर 11.5 फीसदी से घटकर अगस्त में 9.94 प्रतिशत हो गई। इन संकेतों से भले ही राहत की सांसें मिली हो, बावजूद इसके यह अब भी ज्यादा है। यह गिरावट मुख्यतः सब्जियों की कीमतों में कमी के कारण आई है, जो जुलाई की 37.4 फीसदी की तुलना में अगस्त में 26.1 प्रतिशत थी।

गिरती घरेलू बचत एवं बढ़ती महंगाई से त्रस्त अर्थव्यवस्था

ललित गर्ग

आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव के मध्यनजर महंगाई का लगातार बढ़ते रहना चिंता का विषय है। घरेलू बचत, महंगाई, बढ़ता व्यक्तिगत कर्ज, बढ़ते व्यक्तिगत खर्चे आदि को लेकर निम्न एवं मध्यम वर्ग परेशान है। इस परेशानी के समाधान की बजाय सत्ता एवं विपक्ष दल एक दूसरे पर दोषारोपण कर रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने अपनी ताजा मासिक बुलेटिन में माना है कि खाद्य मुद्रास्फीति को काबू करना कठिन साबित हो रहा है। आरबीआई द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की घरेलू बचत दर वित्त वर्ष 2022-23 में पांच दशकों के निचले स्तर पर पहुंच गई। 18 सितंबर को जारी इन आंकड़ों के मुताबिक वित्त वर्ष 2022-23 में देश की शुद्ध घरेलू बचत पिछले साल की तुलना में 19 फीसदी कम रही है। 2021-22 में देश की शुद्ध घरेलू बचत जीडीपी के 7.2 फीसदी पर थी जो इस साल और घटकर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के लगभग 5 दशक के निचले स्तर 5.1 प्रतिशत पर आ गई है।

अनेक मोर्चों पर भारत की तस्वीर आशा का संचार कर रही है, लेकिन आर्थिक मोर्चे पर चिन्ता का सबब लगातार बना हुआ है, हालांकि समूची दुनिया में आर्थिक असंतुलन बना हुआ है, भारत ने फिर भी खुद को काफी संभाले हुए हैं। किसी देश की अर्थव्यवस्था इस पैमाने पर भी आंकी जाती है कि उसकी घरेलू बचत, प्रति व्यक्ति आय और क्रयशक्ति की स्थिति क्या है। भारतीय स्टेट बैंक की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले वित्त वर्ष में परिवारों की शुद्ध वित्तीय बचत में करीब पचपन फीसद की गिरावट आई और यह सकल घरेलू उत्पाद के 5.1 फीसद पर पहुंच गई। वित्त मंत्रालय ने घरेलू बचत में गिरावट पर सफाई देते हुए कहा है कि लोग अब आवास और वाहन जैसी भौतिक संपत्तियों में अधिक निवेश कर रहे है। इसका असर घरेलू बचत पर पड़ा है। मंत्रालय ने भरोसा दिलाया है कि संकट जैसी कोई बात नहीं है। सरकार ने यह भी कहा है कि पिछले दो साल में परिवारों को दिए गए खुदरा ऋण का 55 फीसद आवास, शिक्षा और वाहन पर खर्च किया गया है। परिवारों के स्तर पर वित्त वर्ष 2020-21 में 22.8 लाख करोड़ की शुद्ध संपत्ति जोड़ी गई थी। 2021-22 में लगभग सत्रह लाख करोड़ और वित्तवर्ष 2022-23 में 13.8 लाख करोड़ रुपये की वित्तीय संपत्तियां बढ़ी हैं। इसका मतलब है कि लोगों ने एक साल पहले और उससे पहले के साल की तुलना में इस साल कम वित्तीय संपत्तियां जोड़ी हैं। सरकार के अनुसार ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि वे अब कर्ज लेकर घर और वाहन जैसी भौतिक संपत्तियां खरीद रहे हैं। आंकड़ों के मुताबिक पिछले दो साल में आवास और वाहन ऋण में दोहरे अंक में वृद्धि हुई है। अर्थशास्त्रियों का कहना है कि महामारी के बाद से लोग काफी सचेत हुए हैं। वे जोखिम वाले निवेश से बच रहे हैं। दूसरी बात बचत खातों पर ब्याज पर दर बहुत आकर्षक नहीं हैं। भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा

आयोजित बी-20 बैठक में बोलते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा भी कि ब्याज दरें बढ़ाकर महंगाई नियंत्रित करने की कीमत आर्थिक विकास को चुकानी भारी पड़ सकती है। सरकार चाहे जो तर्क दे पर घरेलू बचत गिरना कोई शुभ संकेत नहीं कहा जा सकता। घरेलू बचत सामान्य सरकारी वित्त और गैर-वित्तीय कंपनियों के लिए कोष जुटाने का सबसे महत्वपूर्ण एवं प्रभावी जरिया होती है। देश की कुल बचत में महत्वपूर्ण हिस्सेदारी रखने वाली बचत का लगातार गिरना निम्न और मध्यमवर्ग ही नहीं, पूरी अर्थव्यवस्था के लिए चिंता की बात है।

लगातार महंगाई का बढ़ना भी न केवल आमजन के लिये बल्कि सरकार के लिये चिन्ता का कारण है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के अनुमानों से पता चलता है कि जुलाई (7.4 प्रतिशत) की तुलना में अगस्त में यह घटकर 6.8 फीसदी हो गई है। यहां तक कि खाद्य वस्तुओं की महंगाई भी जुलाई के उच्चतम स्तर पर 11.5 फीसदी से घटकर अगस्त में 9.94 प्रतिशत हो गई। इन संकेतों से भले ही राहत की सांसें मिली हो, बावजूद इसके यह अब भी ज्यादा है। यह गिरावट मुख्यतः सब्जियों की कीमतों में कमी के कारण आई है, जो जुलाई की 37.4 फीसदी की तुलना में अगस्त में 26.1 प्रतिशत थी। हालांकि अनाज और दालों में महंगाई दोहरे अंकों में बनी हुई है, जिनमें घरेलू और अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के मद्देनजर गिरावट की संभावना फिलहाल नहीं दिख रही। आरबीआई ने स्वीकारा है कि खाद्य मुद्रास्फीति को काबू करना कठिन साबित हो रहा है। मगर अधिकारियों को महंगाई कम करने का महत्वपूर्ण काम सौंपा गया है। स्पष्ट है कि दबाव और प्रतिबंधों के माध्यम से महंगाई को काबू में करने के प्रयास काफी हद तक नाकाम रहे हैं। घरेलू आपूर्ति में कमी के कारण कई खाद्य वस्तुओं, विशेषकर अनाज व दालों में महंगाई रूकने का नाम नहीं ले रही है। गेहूं का उत्पादन गरमी और बेमौसम बारिश के कारण प्रभावित है। यही कारण है कि मई 2022 में गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया गया। चावल के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ है। दालों का भी यही हाल है।महंगाई अक्सर सत्तापक्ष के लिये राजनीतिक चुनौती बनती रही है, चुनावों में हार-जीत को बहुत गहराई से प्रभावित करने में महंगाई आधार बनती रही है। महंगाई कम करने के लिए हमें वैकल्पिक रास्ते तलाशने होंगे, जो आर्थिक विकास या किसानों के हितों को प्रभावित किए बिना उपभोक्ताओं की रक्षा करें। विकृत एवं असंतुलित बाजार व्यवस्था ने भी अनेक आर्थिक विसंगतियों को जन्म दिया है। एक आदर्श व्यवस्था का चिन्तन ही वर्तमान की आर्थिक समस्याओं का समाधान हो सकता है। वर्तमान सरकार ने गरीबी दूर करने में सफलता पाई है, लेकिन उसकी सोच अमीरी बढ़ाने की भी रही है। छोटे उद्योग, सबके पास अपना काम, हर व्यक्ति के लिये रोजगार की सुनिश्चितता, कोई भी इतना बड़ा न हो कि जब चाहे अपने से निर्बल को दबा सके। एक आदमी के शक्तिशाली होने का मतलब है, कमजोरों पर निरन्तर मंडराता खतरा। एक संतुलन बने। सबसे बड़ी बात है मानवीय अस्तित्व और मानवीय स्वतंत्रता की। इस पर आंच न आये और आवश्यकताओं की पूर्ति भी हो जाये, ऐसी अर्थव्यवस्था की आज परिकल्पना आवश्यक है। तभी बढ़ती महंगाई, आय असंतुलन एवं घटती बचत पर काबू पाया जा सकता है। आय असमानता, महंगाई, बेरोजगारी एक कल्याणकारी राज्य की सबसे बड़ी विडंबना है। यह जब गंभीर रूप से उच्चतम स्तर पर पहुंच जाती है तो उदार आर्थिक सुधारों के लिए सार्वजनिक समर्थन कम हो जाता है। ध्यान देने वाली बात यह है कि भारत में नव उदारवादी नीतियों से आर्थिक वृद्धि दर को जरूर पंख लगे हैं, लेकिन इससे अमीरों की जितनी अमीरी बढ़ी है, उस दर से गरीबों की गरीबी दूर नहीं हुई है। परिणामस्वरूप आर्थिक असमानता की खाई साल दर साल चौड़ी होती जा रही है। इसलिए हमारे नीति निर्माताओं तथा योजनाकारों को इस बात पर जरूर ध्यान देना चाहिए कि सर्व समावेशी विकास के लक्ष्य को कैसे हासिल करें? ताकि हाशिये पर छूटे हुए वंचितों, पिछड़ों तथा शोषितों को विकास की मुख्यधारा में लाया जा सके।

विशेष सत्र का एजेंडा आ गया सामने

महिला आरक्षण बिल की बहुत चर्चा थी, क्योंकि यूपीए सरकार के दौरान वह बिल राज्यसभा में पारित किया गया था। उसके बाद लोकसभा भी दो बार संगठित की जा चुकी है और बिल को पारित किए करीब 15 साल गुजर चुके हैं। अब वह फैसला खारिज हो चुका है।

डॉ. ओपी त्रिपाठी

आगामी 18 सितंबर से संसद का विशेष सत्र आरंभ होगा। हालांकि यह संयुक्त अधिवेशन के बजाय 'संयुक्त आयोजन' के रूप में आहूत किया जाएगा। उस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी उपस्थित रह सकती हैं। इसे राष्ट्रपति की 'गरिमामय मौजूदगी' कहा गया है। गणेश चतुर्थी 19 सितंबर को नए संसद भवन में कामकाज आरंभ किया जाएगा। जिस वक्त सरकार ने विशेष सत्र को आहूत करने का ऐलान किया था, उसी समय से विपक्ष यह कहकर सरकार की आलोचना कर रहा था कि सरकार ने विशेष सत्र का एजेंडा नहीं बताया है। नतीजतन पूरे देष में इस बात की चर्चा षुरू हो गई थी कि संसद के विशेष सत्र में क्या खास होने वाला है।

इन तमाम चर्चाओं और विपक्ष के हमलों के बीच बीते दिनों संसद सत्र की अस्थायी कार्यसूची जारी कर दी। इस एजेंडे में संसद के 75 साल की यात्रा पर चर्चा के साथ-साथ चार बिल भी रखे गए हैं. हालांकि यह अस्थायी सूची है और इसमें कुछ और बिल भी जोड़े जा सकते हैं। भाजपा ने लोकसभा के सभी पार्टी सांसदों को 18 से लेकर 22 सितंबर तक संसद में चर्चा के दौरान उपस्थित रहने के लिए व्हिप जारी किया है। कार्यसूची के अनुसार 17 सितंबर को सर्वदलीय औपचारिक बैठक है। इसी दिन प्रधानमंत्री का जन्मदिवस और 'विश्वकर्मा जयंती' है। प्रधानमंत्री नए संसद भवन पर राष्ट्रीय ध्वज 'तिरंगा' फहराएंगे। ध्वजारोहण के बाद ही संसद में कामकाज शुरू होगा, क्योंकि देश के 'फ्लैग कोड' के मुताबिक, किसी भी सरकारी इमारत को राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद ही यह दर्जा मिल पाता है। बहरहाल सत्र में कुल चार बिल पारित किए जाने हैं। इनमें मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य दो आयुक्तों की नियुक्ति और सेवा-शर्तों वाला बिल है, जिसे मानसून सत्र में लोकसभा में पेश किया गया था। इस संदर्भ में देश के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और संवैधानिक पीठ का भारत सरकार पर दबाव था कि चुनाव आयुक्तों को चुनने की एक संवैधानिक प्रक्रिया होनी चाहिए। सरकार अपनी मर्जी से किसी को भी चुनाव आयुक्त नहीं बना सकती। सर्वोच्च अदालत का सुझाव था कि प्रधानमंत्री, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और प्रधान न्यायाधीश मिलकर चयन करें कि कौन चुनाव आयुक्त के पद पर नियुक्त किया जा सकता है। मोदी सरकार ने इस फॉर्मूले को खारिज कर अपना ही पैनल बनाया है, जिसमें प्रधानमंत्री, कैबिनेट मंत्री और नेता प्रतिपक्ष होंगे। कोई भी कैबिनेट मंत्री प्रधानमंत्री की मानसिक पसंद और उनके फैसले के खिलाफ जाने का दुस्साहस कैसे कर सकता है?

लोकसभा में फिलहाल नेता प्रतिपक्ष नहीं है। अलबत्ता विपक्ष में कांग्रेस संसदीय दल सबसे बड़ा है, लिहाजा उसके नेता अधीर रंजन चौधरी को ऐसे पैनल में रखा जाता है। यह उन पर है कि वह शामिल होते हैं अथवा नहीं। संभावना है कि संसद में यह बिल पारित होने के बावजूद सर्वोच्च

अदालत की न्यायिक पीठ संवैधानिक समीक्षा के नाम पर हस्तक्षेप कर सकती है।

बहरहाल इसके अलावा, अधिवक्ता संशोधन बिल और प्रेस एवं सावधि प्रकाशनों के पंजीकरण का संशोधन बिल मानसून सत्र के दौरान राज्यसभा में पारित किए जा चुके हैं। डाकघर संशोधन बिल भी मानसून सत्र में राज्यसभा में पेश किया जा चुका है। हमारा मानना है कि ये बिल संसद के शीतकालीन सत्र में भी पारित किए जा सकते थे। इनकी न्यूनतम अवधि 6 माह है और अभी सरकार भी नहीं बदली है। लोकसभा और राज्यसभा के सदन यथावत निरंतर हैं, लिहाजा इन बिलों के संदर्भ में ऐसी कोई तात्कालिक संवैधानिक अड़चन दिखाई नहीं देती कि संसद का विशेष सत्र बुलाना पड़ा। महिला आरक्षण बिल की बहुत चर्चा थी, क्योंकि यूपीए सरकार के दौरान वह बिल राज्यसभा में पारित किया गया था। उसके बाद लोकसभा भी दो बार संगठित की जा चुकी है और बिल को पारित किए करीब 15 साल गुजर चुके हैं। अब वह फैसला खारिज हो चुका है। राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति भी विभिन्न अवसरों पर कह चुके हैं कि सदनों और राजनीति में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढना चाहिए। ऐसी तमाम चर्चाओं को मोदी सरकार ने खारिज कर दिया। 'एक देश, एक चुनाव' पर तो फिलहाल समिति काम कर रही है।

विशेष सत्र का एजेंडा सामने से ये साफ हो गया है कि विपक्ष जो तरह तरह के कयास और आंषकाएं जता रहा था वो सब आधारहीन और तथ्यहीन था। वास्तव में, विपक्ष को देष और देषवासियों के हित से कुछ ज्यादा लेना-देना नहीं है। उन्हें तो बस किसी न किसी बहाने सरकार की आलोचना करनी है और देष में भ्रम का वातावरण तैयार करना है। विपक्ष सरकार के प्रति नागरिकों के मन में अविष्वास का भाव भरना चाहता है कि सरकार नियम कानूनों की धज्जियां उड़ाकर, नियमों की अनदेखी करके देष का संचालन कर रही है। और सरकार की कार्यप्रणाली देष को गहरे गड्ढे में धकेल देगी। एजेंडा सामने आने के बाद विपक्ष खासकर कांग्रेस पार्टी की प्रतिक्रिया से विपक्ष की मंषा का अनुमान लगाया जा सकता है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि आखिरकार सोनिया गांधी की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे गए पत्र के दबाव के बाद सरकार ने पांच दिवसीय विशेष सत्र के एजेंडे की घोषणा कर दी है। फिलहाल जो एजेंडा सामने आया है, उसमें कुछ भी नहीं है। इसके लिए नवंबर में शीतकालीन सत्र तक इंतजार किया जा सकता था। जयराम रमेश ने कहा, 'मुझे यकीन है कि सरकार हमेशा की तरह विधायी हथगोले आखिरी क्षण में छोड़ने के लिए तैयार है। पर्दे के पीछे कुछ और है! इसके बावजूद इंडिया गठबंधन की पार्टियां घातक सीईसी विधेयक का डटकर विरोध करेंगी।' कांग्रेस ने अपने सांसदों को तीन लाइन के व्हिप में कहा है कि राज्यसभा में कांग्रेस के सभी सदस्य सदन की कार्यवाही के दौरान उपस्थित रहें। वे पार्टी के रुख का समर्थन करें।

विपक्ष की मुद्दा और मंषा तो सोनिया गांधी के पत्र से काफी हद तक साफहो ही चुका है। सोनिया गांधी के पत्र में जिन 9 बिंदुओं का जिक्र था, उसमें अदाणी मामले में जेपीसी की मांग भी शामिल रही। जैसे जैसे विपक्षी गठबंधन इंडिया की गतिविधियां आगे बढ़ रही हैं, कांग्रेस की तरफ से अदाणी को मुद्दा बनाये रखने के प्रयास भी जारी हैं। कुछ अखबारों में अदाणी ग्रुप को लेकर खबर छपने के बाद राहुल गांधी हमलावर नजर आये थे। हाल ही में राहुल गांधी ने एक प्रेस कांफ्रेंस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नये सिरे से कठघरे में खड़ा करने की कोशिश की थी। ये तो साफ है कि कांग्रेस ने अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर विपक्षी खेमे में अदाणी के मुद्दे को बनाये रखा है, लेकिन उसे सभी का साथ नहीं मिल रहा है। इंडिया गठबंधन की मुंबई बैठक से भी ऐसी ही खबर आयी थी। फिर भी विपक्ष का अपनी तरफ से नेतृत्व कर रही कांग्रेस ने उन मुद्दों को लेकर तैयारी तो कर ही रखी होगी-मसलन, 'वन नेशन, वन इलेक्शन' जैसे मुद्दे को लेकर तैयारी तो कर ही रखी होगी, 'वन नेशन, वन इलेक्शन' जैसे मुद्दे को लेकर. विपक्ष को लगता है कि सरकार इससे जुड़ा कोई बिल ला सकती है।

बदल रहा है पीर पंजाल में पर्यटन का दौर

पीर पंजाल में कितने पर्यटक स्थल हैं या उनका इतिहास क्या है? इसकी सूची बनाने के लिए एक लंबे लेख की आवश्यकता होगी। मगर जम्मू कश्मीर में जी 20 शिखर सम्मेलन ने इस पीर पंजाल क्षेत्र के लिए पर्यटन के कई सारे द्वार खोल दिए हैं। इस दिशा में जहां केंद्र सरकार की कई सारी नीतियां कारगर साबित हो रही हैं, वहीं इस केंद्रशासित प्रदेश के मुखिया एलजी मनोज सिन्हा की भूमिका भी सराहनीय है।

सैयद अनीस उल हक

जब भी प्राकृतिक सुंदरता और पर्यटन की बात आती है तो लोगों के दिल और दिमाग में एकमात्र नाम कश्मीर की वादियों का आता है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि कश्मीर को कुदरत ने अपने हाथों से संवारा है। लेकिन बहुत कम लोगों को मालूम है कि जम्मू के पुंछ और राजौरी के सीमावर्ती जिलों से लगे पीर पंजाल के खूबसूरत पहाड़ और इन पहाड़ों से गुजरने वाले ऐतिहासिक मुगल राजमार्ग भी किसी सुंदरता से कम नहीं है। स्थानीय स्तर पर इसे मिनी कश्मीर भी कहा जाता है। लेकिन इसके बावजूद इसे कभी भी वह दर्जा हासिल नहीं हुआ जो कश्मीर की वादियों को मिलता रहा है।

लेकिन सबका साथ, सबका विकास के नारों ने अब समूचे परिदृश्य को बदलना शुरू कर दिया है। पिछले कई वर्षों से पर्यटन मानचित्र से गायब पीर पंजाल का क्षेत्र वर्तमान में पर्यटन विकास की राह पर चल पड़ा है। हाल ही में जम्मू-कश्मीर में संपन्न हुए जी 20 पर्यटन समूह की सफल बैठक के बाद पूरी दुनिया की निगाहें इस जन्नत-ए-बेनजीर की ओर बढ़ने लगी हैं, वहीं पीर पंजाल और चिनाब क्षेत्र में भी पर्यटकों का आगमन शुरू हो गया है। जिसका ताजा उदाहरण हाल के दिनों का है, जब पुंछ के जिला विकास आयुक्त ने पीर पंजाल क्षेत्र में ट्रैकिंग के नए क्षेत्रों और पर्यटक स्थलों की खोज के लिए इंडिया हाइक्स (ट्रैकर्स) की एक टीम भेजी है। वहीं इससे पहले स्थानीय युवाओं के एक ट्रैकिंग ग्रुप ने न केवल पीर पंजाल की ऊंची चोटियों का भ्रमण किया, बल्कि कुछ नए पर्यटक स्थलों की भी खोज की, जिससे पर्यटन की असीम संभावनाएं संभव बढ़ गई हैं। इसके अलावा जम्मू के पुंछ और राजौरी जिलों में पर्यटन क्षेत्र के विकास के लिए लगातार कदम उठाए जा रहे हैं जो सराहनीय हैं।

पीर पंजाल में कितने पर्यटक स्थल हैं या उनका इतिहास क्या है? इसकी सूची बनाने के लिए एक लंबे लेख की आवश्यकता होगी। मगर जम्मू कश्मीर में जी 20 शिखर सम्मेलन ने इस पीर पंजाल क्षेत्र के लिए पर्यटन के कई सारे द्वार खोल दिए हैं। इस दिशा में जहां केंद्र सरकार की कई सारी नीतियां कारगर साबित हो रही हैं, वहीं इस केंद्रशासित प्रदेश के मुखिया एलजी मनोज सिन्हा की भूमिका भी सराहनीय है। जो स्वयं इन क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने में विशेष रुचि ले रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में पुंछ के जिला विकास आयुक्त यासीन मुहम्मद चौधरी और पुंछ विकास प्राधिकरण के सीईओ डॉ। मुहम्मद तनवीर भी सम्मान और बधाई के पात्र हैं। जिनकी देखरेख में न केवल पूरे जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, बल्कि पुंछ जिले के अंतर्गत आने वाली तहसील मंडी के पांच गांवों को पर्यटन गांव भी घोषित किया गया है। इसके अलावा पुंछ जिले की प्रसिद्ध नदी सुरन नदी में पहली बार राफ्टिंग की पहल, जाभी में लोक उत्सव का आयोजन, विभिन्न स्थानों पर ट्रैकिंग, पुंछ और मंडी में कई जगहों पर सेल्फी

पॉइंट की स्थापना, सीमा पर बसे गांव अजोट में सेना द्वारा 70 फीट ऊंचा तिरंगा का फहराना और विशेष पर्यटन हॉट स्पॉट बनाने की योजना तैयार करना जैसे सराहनीय पहल शामिल हैं।

इन सभी पहलों के लिए यूटी प्रशासन, भारतीय सेना, जिले के सभी अधिकारी, पुंछ विकास प्राधिकरण, राजौरी विकास प्राधिकरण, पर्यटन विभाग जम्मू-कश्मीर यूटी सभी बधाई के पात्र हैं। इसे लेकर सार्वजनिक स्तर पर भी पुंछ प्रशासन की तारीफ हो रही है। सामाजिक और विकास कार्यों पर पैनी नजर रखने वाले शिक्षाविद मोहम्मद आरिफ का कहना है कि पिछले कुछ महीनों में पुंछ में पर्यटन को लेकर जितना काम हुआ है, उतना पहले कभी नहीं हुआ था। पुंछ और उसके आसपास कश्मीर जैसे उत्कृष्ट पर्यटन स्थल हैं, जिन्हें हमेशा नज़रअंदाज़ किया जाता रहा है। उन्होंने सार्वजनिक स्तर पर पर्यटन के बारे में जागरूकता लाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। कश्मीर विश्वविद्यालय के तहत कॉलेज में सहायक प्रोफेसर के रूप में कार्यरत डॉ. रेहान अहमद बताते हैं कि ÷इस वर्ष हमने पर्यटन में जो बदलाव देखे हैं, वे पहले कभी नहीं देखे गए। ये बदलाव पिछले चार महीनों में ही देखे गए हैं, जिनमें पुंछ नदी में नौकायन हो, जाबी में हेरिटेज फेस्टिवल का आयोजन हो, या फिर ट्रैकिंग श्रृंखला का आयोजन हो, जिसमें स्थानीय युवाओं के अलावा बड़ी संख्या में राज्य के बाहर के ट्रैकर भी पुंछ की खूबसूरत वादियों में ट्रैकिंग के लिए आ रहे हैं। यह वास्तव में एक स्वागत योग्य विकास है, और पीर पंजाल क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एक बड़ी पहल है।

इस संबंध में लड़कियों के अधिकारों के लिए काम करने वाली स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता रेहाना ऋषि कहती हैं कि पहले पुंछ सीमा पार से होने वाली गोलाबारी के लिए सुर्खियों में रहता था। लेकिन अब इसे पर्यटन स्थल के रूप में भी जाना जाएगा, जो बदलाव की कहानी बयां करता है। क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलने से महिलाओं के लिए रोज़गार के नए अवसर खुल जाएंगे। जब पर्यटक आएंगे तो इन महिलाओं द्वारा तैयार किये गए स्थानीय उत्पाद को मंच मिलेगा। जिससे वह आर्थिक रूप से सशक्त बनेंगी वहीं नौजवानों को रोज़गार मिलेगा जो पलायन को रोकने में कारगर सिद्ध होगा। वहीं पीर पंजाल अवामी डेवलपमेंट फोरम के अध्यक्ष मोहम्मद फरीद मलिक कहते हैं कि सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति ने इस सीमावर्ती जिला को भी पर्यटन के मानचित्र पर प्रमुखता से पहचान दिलाई है। खास बात यह है कि खुद उपायुक्त पुंछ इन कार्यों में काफी रुचि ले रहे हैं, जिससे कुछ गांव पर्यटन के मानचित्र पर भी आ गये हैं। इस संबंध में पुंछ विकास प्राधिकरण के सीईओ डॉ मुहम्मद तनवीर कहते हैं कि पीर में पंजाल के क्षेत्रों में ऐसी और भी कई जगहें हैं जहां बड़े पैमाने पर पर्यटन को बढ़ावा दिया जा सकता है। हमने पीर पंजाल में सभी पर्यटन स्थलों की पहचान कर ली है और इसे लेकर सरकार को प्रस्ताव भी भेजे हैं। धीरे-धीरे पुंछ और राजौरी के सभी क्षेत्रों को पर्यटन मानचित्र पर लाया जाएगा। जहां सड़क नहीं है वहां सड़कें बनाई जा रही हैं, टूरिज्म हट बनाए जा रहे हैं, सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण कराया जा रहा है ताकि आने वाले पर्यटकों को किसी प्रकार की कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

पीर पंजाल में अब राज्य के बाहर से भी बड़ी संख्या में पर्यटक आ रहे हैं। भविष्य की योजनाओं पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि हम आने वाले दिनों में स्थानीय स्तर पर उत्सवों और लिटरेचर फेस्टिवल के साथ साथ पुंछ मेगा कल्चर इवेंट का आयोजन करेंगे। इन सभी चीजों से यह उम्मीद की जा सकती है कि आने वाले दिनों में हम पीर पंजाल के पर्यटन क्षेत्र में और अधिक विकास की बहार देखेंगे। बहरहाल, इससे उम्मीद की जा सकती है कि निश्चित रूप से आने वाले कुछ वर्षों में पीर पंजाल के क्षेत्र में न केवल विकास होगा बल्कि रोजगार के नए अध्याय भी खुलेंगे जो यहां के बेरोजगार युवाओं के लिए आजीविका का साधन भी बनेंगे। जरूरत इस बात की है कि पीर पंजाल में पर्यटन विकास को बढ़ावा देने में जरा भी लापरवाही न बरती जाए, क्योंकि पहले ही बहुत देर हो चुकी है। (चरखा फीचर)

गॉव से एकत्र होने वाले डाटा बेहद उपयोगी : कृषि उत्पादन आयुक्त

अवधनामा संवाददाता

■ पंचायत डेवलपमेंट इंडेक्स पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

लखनऊ। आज यहां योजना भवन में पंचायत डेवलपमेंट इंडेक्स पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का उद्घाटन कृषि उत्पादन आयुक्त द्वारा किया गया। इस अवसर पर विकास आनंद, संयुक्त सचिव पंचायती राज मंत्रालय भारत सरकार ने कहा कि सतत् विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में पंचायतों की प्रतिभागिता बढ़ाने के लिए ही सतत् विकास लक्ष्यों की 09 स्थानीय थीम निर्धारित की गयी है एवं इस पूरी प्रक्रिया को मापने के लिए पंचायत डेवलपमेंट इंडेक्स को तैयार किया गया है। देश 2030 तक सतत् विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में अपना सर्वाधिक योगदान तभी दे सकता है, जबकि पंचायतों में विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे कार्य प्रदर्शन को आंकलित किया जाए तथा सुधार योग्य बिन्दुओं पर विभागों द्वारा तेजी से कार्यवाही की जाए।

कार्यशाला में प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए मनोज कुमार सिंह, कृषि उत्पादन आयुक्त द्वारा बताया गया कि यह एक बहु-आयामी प्रयास है, जो कि वार्षिक प्रगति होगी एवं इसका अनुश्रवण तो बेहतर परिणाम सामने आएँगे। इसके साथ ही जरूरी होगा कि इस डाटा का उपयोग बेहतर कार्ययोजना अथवा कार्यप्रर्दशन के लिए किया जाए। उन्होंने पंचायती राज विभाग के अधिकारियों एवं सलाहकारों को निर्देशित किया कि 577 इंडीकेटर की 01 ग्राम पंचायत में टेस्टिंग स्वयं करें। गॉव से एकत्र होने वाले डाटा की गुणवत्ता बहुत महत्वपूर्ण है, इसके लिए ग्राम पंचायत में कार्यरत सहायकों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने ग्राम पंचायत के साथ क्षेत्र एवं जिला पंचायतों की कार्ययोजनाओं को बेहतर करने हेतु अपने सुझाव देते हुए निर्देश दिए कि ऐसे कार्य जो कि ग्राम पंचायत सीमित बजट में नही कर सकती है, ऐसी बड़े कार्यों की सूची तैयार कर साझा की जाए। आपरेशन त्रिनेत्र में सुरक्षा के दृष्टिगत कैमरे एवं पब्लिक एडेऊस सिस्टम की व्यवस्था किए जाने के साथ विश्वकर्मा संकुल योजना में पारम्परिक कार्यों में लगे लोगों के लिए एक स्थान में बैठने की व्यवस्था एवं उनकी आजीविका पर कार्य करने के निर्देश दिए गए। प्राकृतिक आपदा को ध्यान में रखते हुए वेदर स्टेशन एवं फोर कास्ट जैसे महत्वपूर्ण कार्य पर भी ध्यान दिए जाने के निर्देश अपने उद्बोधन में अपर मुख्य सचिव ने देते हुए पंचायतों को आर्थिक सुधार की गतिविधियों को संचालित किए जाने के निर्देश दिए।

विश्व पर्यटन दिवस पर जयवीर सिंह ने पर्यटकों को दी बधाई

लखनऊ। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर विदेशी एवं घरेलू पर्यटकों, ट्रेवल एजेंट, टूर आपरेटर तथा सेवा क्षेत्र में लगे हुए व्यवसायियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

विश्व पर्यटन दिवस की पूर्व संध्या पर दिये गये संदेश में पर्यटन मंत्री ने कहा है कि पर्यटन एक उद्योग का रूप लेता जा रहा है। इस क्षेत्र में रोजगार तथा आमदनी की असीमित संभावनायें हैं। उप्र सरकार पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए यशस्वी मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में पर्यटन पर विशेष फोकस किया है। उप्र की बेहतरीन कानून व्यवस्था तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की अवस्थापना सुविधाओं के विकास के कारण देशी-विदेशी सैलानियों का प्रदेश में बड़ी तेजी से आगमन हुआ है। जिसके फलस्वरूप उप्र वर्ष-2022 में घरेलू पर्यटन में पूरे देश में प्रथम स्थान पर रहा है। उन्होंने कहा कि उप्र में विश्वस्तरीय पर्यटन स्थल के अलावा यूनिस्को संरक्षित पर्यटन स्थल हैं।

आरा मशीन व्यापारियों की समस्याओं का होगा निदान : ब्रजेश पाठक

अवधनामा संवाददाता

■ उत्तर प्रदेश टिम्बर एसोसिएशन ने आयोजित किया राज्य स्तरीय टिम्बर व्यापारी प्रतिनिधि सम्मेलन

लखनऊ। आज दिनांक 26 सितंबर को उत्तर प्रदेश टिम्बर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मोहनीश त्रिवेदी के द्वारा तुलसी सभागार, रामलीला मैदान, ऐशबाग, लखनऊ में राज्य स्तरीय टिम्बर व्यापारी सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमे 50 से ज्यादा जिलों के टिम्बर व्यापारियों ने हिस्सा लिया। सम्मलेन में मुख्यातिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक जी ने टिम्बर व्यापारियों के हक और हुकुक की लडाई मे साथ देने और सरकार से उनकी हर संभव मदद करने का वादा किया! उपमुख्यमंत्री ने कहा की उनके दरवाजे टिम्बर व्यापारियों के लिए खुले है तथा जो मांग पत्र संगठन ने दिया है उसका त्वरित निराकरण करने के लिए वन विभाग से कार्यवाही कराने का भी काम करेंगे! कार्यक्रम के अतिविशिष्ट अतिथि भाजपा नगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने भी व्यापारियों को अपना पुरा सहयोग देने का आश्वासन देते हुए कहा की उनका संगठन हमेशा आपके साथ है! एसोसियेशन के प्रदेश अध्यक्ष मोहनीश त्रिवेदी ने संगठनात्मक प्रस्ताव मुख्य अथिति को देते हुए मांग पत्र पर अपने संबोधन में कहा कि टिम्बर व्यापारियों ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से काष्ठ आधारित उद्योगों के लिए एमओयू साइन किये थे उनका समाधान करते हुए वन विभाग का पोर्टल खोला जाए ताकि लंबित प्रकरणों के साथ साथ नए लाइसेंस दिए जा सके तथा पुश्तैनी टिंबर व्यापारियों को प्राथमिकता पर लाइसेंस देने का काम किया जाये! प्रदेश अध्यक्ष मोहनीश त्रिवेदी द्वारा अपने भाषण के दौरान 7 सूत्रीय प्रस्ताव पत्र को सम्मलेन के दौरान रखा गया जिस पर महामंत्री अख्तर खान ने प्रस्ताव का समर्थन किया।

सेवा रसोई का शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में समाज सेवा कार्यों में अग्रणी संस्था भारतीय जनकल्याण महासमिति की ओर से अन्नपूर्णा प्रसादम सेवा रसोई का शुभारंभ हुआ। उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक एवं उनकी पत्नी श्रीमती नम्रता पाठक ने अपने राजभवन स्तिथि आवास पर विशेष आयोजन में इस सेवा रसोई का शुभारंभ किया। साथ ही डिप्टी सीएम एवं उनकी पत्नी द्वारा प्रसाद वितरण किया। भारतीय जनकल्याण महासमिति के अध्यक्ष पियूष दुबे ने बताया की संस्था के 'हमारी यात्रा' मिशन के तहत अन्नपूर्णा प्रसादम सेवा रसोई की शुरुआत की गई है। इस सेवा के तहत अनाथ बच्चों, वंचित जनों,जरूरतमंद एव बुजुर्गो के लिए निशुल्क भोजन एवं फल वितरण किया जाएगा। विभिन्न स्थानों सहित यह सेवा रसोई अस्पतालों में भर्ती मरीजों के लिए पौष्टिक भोजन एवं फल वितरण करेगी। अन्नपूर्णा प्रसादम का शुभारंभ करने के बाद अपने संबोधन में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने आयोजकों का मनोबल बढ़ाया और इस प्रयास की सराहना भी की. उन्होंने संस्था के इस कार्यक्रम के प्रयास के लिए पूरी टीम को शुभकामनाएं दी और साथ ही कहा की यह प्रयास समाज में सकारात्मक सोच को जन्म देगा।

गोआश्रय स्थलों का विस्तारीकरण करें: धर्मपाल

लम्पी स्किन डिजीज की रोकथाम के लिए प्रतिमाह एक करोड़ वैक्सीन लगाई जाए

अवधनामा संवाददाता

■ टीकाकरण के लिए पर्याप्त वैक्सीन की व्यवस्था की जाए : धर्मपाल सिंह

लखनऊ। पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने निर्देश दिये हैं कि प्रदेश के गोवंश को लम्पी स्किन डिजीज से बचाव एवं रोग के प्रसार को रोकने के लिए एक माह में एक करोड़ वैक्सीन लगाई जाए और वैक्सीन की पर्याप्त मात्रा में डोज की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन 3.5 लाख टीकाकरण किया जाए। श्री सिंह ने कहा है कि लम्पी रोग से बचाव के लिए और अधिक सतर्कता बरती जाए और प्रभावित गोवंश का समुचित उपचार किया जाए। यदि किसी स्थान पर पशु मेला/हाट आदि के आयोजन की सूचना प्राप्त होती है तो उस पर तत्काल रोक लगाई जाए। किसानों और पशुपालकों को रोग से बचाव के लिए जागरूक किया जाये और इसका व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित किया जाए।

पशुधन मंत्री ने आज यहां विधानभवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में टीम-09 के साथ बैठक करते हुए प्रदेश में लम्पी स्किन डिजीज की रोकथाम हेतु किये जा रहे कार्यो का सघन अनुश्रवण किया और मण्डलों के नोडल अधिकारियों से लम्पी रोग की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि गोवंश के बचाव हेतु प्रत्येक स्तर पर आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित की जाए और टीकाकरण एवं उपचार के अभाव में गोवंश की हानि न होने पाए। उन्होंने कहा कि पश्चिमी एवं मध्य उ0प्र0 के लम्पी से अप्रभावित 35 जनपदों में टीकाकरण कार्य की गति बढ़ाई जाए और प्रदेश के जो जनपद प्रभावित नहीं हैं उन जनपदों में गोटपॉक्स वैक्सीन से टीकाकरण कराकर आच्छादित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनपद वाराणसी में रोग से बचाव के पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित किये जाये।

पशुधन मंत्री ने यह भी निर्देश दिये कि निराश्रित गोवंश के संरक्षण हेतु गोआश्रय स्थलों का विस्तारीकरण का कार्य मिशन मोड में संचालित किया जाए और आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित की जाए। इस हेतु नगर विकास विभाग से समन्वय भी स्थापित किया जाए। उन्होंने कृत्रिम गर्भाधान के कार्यो की धीमी गति पाये जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए लक्ष्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

बैठक में अपर मुख्य सचिव डा0 रजनीश दुबे ने मंत्री जी को विभाग द्वारा लम्पी रोग नियंत्रण एवं बचाव के संबंध में कृत कार्यवाही से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि अब तक 65 लाख टीकाकरण किया गया है और प्रदेश के समस्त जनपदों को वैक्सीन प्राप्त करा दी गई है। अब तक 117,84,100 वैक्सीन जनपदों को वितरित की जा चुकी है। अब तक लम्पी स्किन बीमारी से 40 जनपद प्रभावित हुए हैं। कुल 8825 गोवंश प्रभावित हैं एवं मात्र 59 गोवंश की बीमारी से मृत्यु हुई है।

मोदी सरकार महिला आरक्षण विधेयक को लेकर देश भर में पीट रही ढ़िढोरा

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। प्रमोद तिवारी, सांसद, उप नेता, राज्य सभा ने केन्द्र सरकार पर झूठे वायदों, विकास एवं सुरक्षा के नाम पर देश को कदम -कदम पर धोखा देने का आरोप लगाते हुये कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की जनता को यह बताने का साहस क्यों नही जुटा पा रहे है? कि उन्होंने अब तक के कार्यकाल में अपने किसी एक भी चुनावी वायदे को धरातल पर क्यों नही उतार सके?

श्री तिवारी ने कहा है कि विदेशी कालाधन, मंहगाई और किसानों की आय व महिलाओं के लिए उज्ज्वला योजना सहित रोजगार गारण्टी आदि की वचनबद्धता के नारा अब पूरी तरह से झूठे जुमले, छलावे और फरेब ही साबित हुये है। श्री तिवारी ने कहा कि मोदी सरकार महिला आरक्षण विधेयक को लेकर देश भर में ऐसा ढ़िढोरा पीट रही है जैसे वह अमल में आ गया हो। संसद में पहली बार किसी विधेयक को पारित कर सरकार यह नही बता पा रही है कि इसके प्रभावी होने की तारीख अथवा समय की प्रतिबद्धता क्या है? उन्होनें कहा कि मौजूदा मोदी सरकार सबसे ज्यादा सशक्तीकरण के नारे के साथ फरेब किया है। श्री तिवारी ने उज्ज्वला योजना की विफलता का जिक्र करते हुए कहा कि उज्ज्वला का चूल्हा इस तरह मंहगा हुआ कि आम गृहणियों की रसोई मे चूल्हे की आग ठंडी हो गयी है। मौजूदा भा.ज.पा सरकार में पिछडो, अनुसूचित जाति व अल्पसंख्यकों का लगातार अपमान और उनकी उपेक्षा की जा रही है।

'युवाओं की रुचि मोटिवेशनल और बेस्ट सेलर पुस्तकों में है'

अवधनामा संवाददाता

■ मेले में हर किताब पर 10 प्रतिशत की छूट मिल रही

लखनऊ। पिछले पांच दिनो से बलरामपुर गार्डन अशोक मार्ग में चल रहा बीसवां राष्ट्रीय पुस्तक मेला साहित्य प्रेमियों और पाठकों को आकर्षित करते हुए पूरे उफान पर है। 'ज्ञान कुंभ' की थीम पर केटी फाउंडेशन और फोर्स वन बुक्स द्वारा मुफ्त प्रवेश वाला यह पुस्तक मेला दो अक्टूबर तक चलेगा। मेले के साहित्यिक मंच पर आज कथा पाठ, विमोचन और चर्चा के संग ही अंततः सुंदरकाण्ड पाठ में भक्ति और अध्यात्म के रंग भी बिखरे।

मेले में हर किताब पर कम से कम 10 प्रतिशत की छूट मिल रही है। प्रकाशन संस्थान जैसे कुछ स्टालों पर 20 प्रतिशत और कुछ उर्दू स्टालों पर और भी ज्यादा छूट है। मेले में बच्चों की रंगीन किताबें कम से कम 20 रुपये और अंग्रेज़ी किताबें 50 रुपये में उपलब्ध हैं। मेले में उम्रदराज पुस्तक प्रेमी बच्चन, नीरज, भारती, मण्टो, रेणु, टैगोर, बंकिम, शरद, महाश्वेता देवी आदि जैसे साहित्यकारों की किताबों में रुचि दिखा रहे हैं तो 35 वर्ष तक की युवा पीढ़ी की रुचि नये रचनाकारों और नये किस्म के कथात्मक साहित्य में दिखायी दे रही है। सुभाष बुक के अभिनव बताते हैं कि युवाओं की रुचि मोटिवेशनल और बेस्ट सेलर पुस्तकों में है। बोधरस प्रकाशन के स्टाल में लोकप्रिय साहित्य के जासूसी उपन्यास भी बड़ी तादाद में हैं। राजपाल के स्टाल पर नयी किताबों में इरशाद खान सिकंदर का प्रसिद्ध शायर का लिखा नाटक जान एलिया का जिन के अलावा जैफ़ी आर्चर के अंग्रेजी उपन्यास केन एण्ड एबल और प्रॉडिगल डॉटर हिन्दी में उपलब्ध हैं। एंजिल बुक में अंग्रेजी की एक पुस्तक 50 रुपये में और 12 किताबें 500 रुपये में उपलब्ध हैं। पद्म बुक के स्टाल पर कॉफी टेबल बुक दो सौ रुपये में उपलब्ध हैं। मेला मंच पर आज के कार्यक्रमों की शुरुआत नवसृजन संस्था के कवि सम्मेलन से हुई। दोपहर बाद शारदेय प्रकाशन द्वारा राजवंत राज के काव्य संग्रह चुनिंदा पन्नों से कहो पर कवि नरेश सक्सेना की अध्यक्षता में चर्चा चली।

नेशनल कम्प्यूटर प्रतियोगिता में सीएमएस छात्र ने गोल्ड मेडल जीता

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड कैम्पस के कक्षा-7 के मेधावी छात्र प्रियांश शुक्ला ने नेशनल कम्प्यूटर प्रतियोगिता 'कम्प्यूडॉन जूनियर चैम्पियनशिप' में गोल्ड मेडल जीतकर लखनऊ का गौरव बढ़ाया है और 'नार्दन रीजन गोल्ड मेडलिस्ट' का खिताब अपने नाम किया है। डिजिटल लिट्रेसी पर आधारित यह प्रतियोगिता साइबर लर्निंग एजूकेशनल सोसाइटी तत्वावधान में आयोजित हुई। सी.एम.एस. संस्थापक डा.जगदीश गाँधी ने प्रियांश की इस सफ़लता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देश भर के अनेक प्रतिष्ठित विद्यालयों से हजारों छात्रों ने प्रतिभाग किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. के इस होनहार छात्र ने राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल अर्जित कर सिद्ध कर दिया है कि आगे चलकर ये मेधावी छात्र अपने ज्ञान व मेधात्व के दम पर भारत का गौरव पूरे विश्व में बढ़ायेगा।

श्री शर्मा ने बताया कि वैज्ञानिक युग के महत्व को स्वीकारते हुए सी.एम.एस. अपने छात्रों का दृष्टिकोण वैज्ञानिक एवं विश्वव्यापी बनाने के उद्देश्य से जोरदार प्रयास कर रहा है, साथ ही छात्रों को उनकी रूचि के क्षेत्रों में लगातार प्रोत्साहन व मार्गदर्शन प्रदान कर रहा है। यही कारण है कि सी.एम.एस. छात्र विभिन्न राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उच्च सफ़लता अर्जित कर नये नये कीर्तिमान गढ़ रहे हैं।

रोजगार मेले में नव-नियुक्त युवाओं को मिला नियुक्ति-पत्र

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 26 सितंबर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये वाराणसी सहित देश के 46 स्थानों पर आयोजित रोजगार मेले में सरकारी विभागों में नव-नियुक्तों को 51 हजार से अधिक नियुक्ति-पत्र प्रदान किये। इस कड़ी में डाक विभाग के तत्त्वावधान में वाराणसी में बीएचयू स्थित शताब्दी प्रेक्षागृह में रोज़गार मेले का शुभारंभ केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने रोहनिया विधायक डॉ. सुनील पटेल, वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव, आईआईटी बीएचयू के रजिस्ट्रार श्री राजन श्रीवास्तव संग दीप प्रज्वलन कर किया। डाक विभाग के साथ-साथ भारतीय खाद्य निगम, केंद्रीय लोक निर्माण विभाग, शिक्षा विभाग, आईआईटी, केंद्रीय विद्यालय, यूनियन बैंक, बैंक ऑफ़ इण्डिया इत्यादि के नव-नियुक्त युवा अभ्यर्थी यहाँ शामिल हुए, जिन्हें प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये संबोधित किया। केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने नव नियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति-पत्र सौंप कर उनके सुखद भविष्य की कामना की। वाराणसी में समारोह के दौरान 213 नवनियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गए, जिनमें कुल 49 महिला अभ्यर्थी हैं। इनमें केंद्रीय विद्यालयों में प्रधानाचार्य, डाक विभाग में पोस्टल असिस्टेंट, ब्रांच पोस्टमास्टर,असिस्टेंट ब्रांच पोस्टमास्टर, बैंक क्लर्क, एमटीएस, भारतीय खाद्य निगम में असिस्टेंट जैसे तमाम पदों पर चयनित नव नियुक्त अभ्यर्थियों ने प्रधानमंत्री जी का आभार व्यक्त कर अपनी खुशी जाहिर की।

दो अक्टूबर को 'अहिंसा मार्च' निकालेंगे सीएमएस शिक्षक

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल के लगभग तीन हजार पाँच सौ शिक्षक-शिक्षिकाएं व कार्यकर्ता अन्तर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के अवसर पर आगामी 2 अक्टूबर, सोमवार को एक विशाल अहिंसा मार्च निकालेंगे। सफेद खादी वस्त्रों में सी.एम.एस. शिक्षकों का यह विशाल अहिंसा मार्च 2 अक्टूबर को प्रातः 7.00 बजे कानपुर रोड स्थित पुरानी चुंगी से प्रारम्भ होगा एवं सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम पहुँचकर एक विशाल सभा में परिवर्तित हो जायेगा, जहाँ राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी को समर्पित शिक्षात्मक-सॉस्कृतिक कार्यक्रमों द्वारा उनके व्यक्तित्व व कृतित्व को याद किया जायेगा। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी है। सी.एम.एस. संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी व डा. भारती गाँधी एवं सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट, प्रो. गीता गाँधी किंगडन के साथ ही सभी कैम्पस की प्रधानाचार्यायें इस मार्च की अगुवाई करेंगी।

केंद्रीय मंत्री ने टीएमयू में लगाई आस्था की डुबकी

अवधनामा संवाददाता

■ जैन धर्म विशेषकर दशलक्षण महापर्व की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी

लखनऊ। सड़क, परिवहन और राजमार्ग के राज्य मंत्री एवम् पूर्व सेना अध्यक्ष जनरल श्री वीके सिंह ने उत्तम त्याग धर्म पर तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद में आस्था की डुबकी लगाई। उन्होंने दशलक्षण पर्व के मौके पर यूनिवर्सिटी के रिद्धि-सिद्धि भवन में आकर विधि-विधान से शान्तिनाथ भगवान के दर्शन किए और अर्घ्य चढ़ाया। इस अवसर पर कुलाधिपति सुरेश जैन ने मंत्री को श्रीफल भेंट करते हुए तिलक लगाकर और दुपट्टा पहनकर स्वागत किया। कुलाधिपति ने अपने संक्षिप्त संबोधन में कहा, गाज़ियाबाद से सांसद रहते हुए मंत्री का जैन समाज से गहरा जुड़ाव हो गया था। उन्हें जैन धर्म विशेषकर दशलक्षण महापर्व की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी है। इससे पहले उत्तम त्याग धर्म पर प्रतिष्ठाचार्य ऋषभ शास्त्री के सानिध्य में नवदेवता पूजा, सोलहकारण पूजन, दशलक्षण पूजन विधि-विधान से किए गए। इस मौके पर कुलाधिपति के संग संग फर्स्ट लेडी श्रीमती वीना जैन, जीवीसी श्री मनीष जैन, ऋचा जैन, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन और सुश्री नंदिनी जैन की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। रिद्धि-सिद्धि भवन में श्रीजी का प्रथम स्वर्ण कलश से विशाखा जैन, द्वितीय स्वर्ण कलश से अनिकेत जैन, तृतीय स्वर्ण कलश से तनिष्क जैन और चतुर्थ स्वर्ण कलश से सिद्धांत शाह को अभिषेक करने का सौभाग्य मिला। श्रीजी की स्वर्ण कलश से शांतिधारा अपूर्व, अनमोल, सान्या, अनंत, मेहुल और हिमांशु जैन और रजत कलश से शांति धारा करने का सौभाग्य संचित, आदित्य, उमंग, राहुल, हर्षित सेठी और अग्रिम जैन को मिला। साथ ही अष्ठ प्रातिहार्य का सौभाग्य अष्ठ कन्याओं-. सूर्यान्शी जैन, तनिष्का, दिव्यांशी, वंशिका, सोनाली, प्रांजल, दीप्ति, कशिश और मुस्कान ने प्राप्त किया। धर्ममय माहौल में श्रीमद उमास्वामी द्वारा रचित तत्वार्थसूत्र जैसे संस्कृत के क्लिष्ट शब्दों वाली रचना के अष्टम अध्याय को फर्स्ट लेडी वीना जैन ने बड़े ही रोचक और भावपूर्ण तरीके से वाचन किया।

हमें गंदगी के खिलाफ लड़ाई लड़नी है : बीजेन्द्र

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में उपस्थित विद्यार्थियों व लोगों ने जीते कई पुरस्कार

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत आज केन्द्रीय संचार ब्यूरो, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, लखनऊ द्वारा दिनांक 26 सितम्बर को स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन पायनियर मॉंटेसरी स्कूल, जानकीपुरम, लखनऊ के प्रांगण में स्वच्छता शपथ दिलाकर किया गया ।

मुख्य अतिथि बीजेन्द्र सिंह, मैनेजिंग डाइरेक्टर, पायनियर मॉंटेसरी स्कूल ने कहा की महात्मा गांधी का कथन है, 'स्वच्छता, राजनीतिक स्वतंत्रता से अधिक महत्वपूर्ण है।' यह कथन समाज में स्वच्छता के महत्व को रेखांकित करता है। उनके इसी कथन को को मूर्त रूप देने के लिए माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त, 2014 को लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा था कि हमें गंदगी और खुले में शौच के खिलाफ लड़ाई लड़नी है, हमें पुरानी आदतों को बदलना है। जिसके तहत 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर (गांधी जयंती) तक देश भर में एक विशेष स्वच्छता अभियान का आगाज किया गया, जिसे पीएम मोदी ने 'स्वच्छता ही सेवा' (क्लीनीनेस इज़ सर्विस) नाम दिया है।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप मे श्री सौरभ तिवारी पार्षद प्रतिनिधि ने कहा की महात्मा गांधी ने अपने आसपास के लोगों को स्वच्छता बनाए रखने संबंधी शिक्षा प्रदान कर राष्ट्र को एक उत्कृष्ट संदेश दिया था। उन्होंने 'स्वच्छ भारत' का सपना देखा था जिसके लिए वह चाहते थे कि भारत के सभी नागरिक एक साथ मिलकर देश को स्वच्छ बनाने के लिए कार्य करें। महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के स्वप्न को पूरा करने के लिए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2 अक्टूबर 2014 को स्वच्छ भारत अभियान- की शुरुआत किया और इसके सफल कार्यान्वयन हेतु भारत के सभी नागरिकों से इस अभियान से जुड़ने की अपील की।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप फ़राह काजमी, प्रधानाचार्य पायनियर मॉंटेसरी स्कूल, जनकीपुरम, लखनऊ ने कहा कि साफ-सफाई एक अच्छी आदत है, स्वच्छ पर्यावरण और आदर्श जीवन शैली के लिये हर एक को यह आदत बनानी चाहिये। स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मानसिकता का विकास होता है इसी के मद्देनजर देश में स्वच्छता की महती आवश्यकता को देखते हुए हमारे प्रधानमंत्री ने स्वच्छता अभियान शुरु किया। हमें ये समझना चाहिये कि ये केवल हमारे प्रधानमंत्री का कार्य नहीं है, बल्कि समाज में रहने वाले हर इंसान की जिम्मेदारी है। हम सब के स्वस्थ जीवन के लिये इस अभियान में हमें कंधे से कन्धा मिलकर भाग लेना चाहिये। इसकी शुरुआत घरों, स्कूलों, कालेजों, समुदायों, कार्यालयों, संस्थानों से हो जिससे कि देश में व्यापक स्तर पर स्वच्छ भारत क्रांति हो। हमें खुद को, घर, अपने आसपास, समाज, समुदाय, शहर, उद्यान और पर्यावरण आदि को रोज स्वच्छ रखने की जरुरत है।

सेंटमेरी ने 673 छात्र-छात्राओं का किया स्वास्थ्य परीक्षण

वहाज अली निहाल

- जिला अपराध निरोधक कमेटी ने सेंटमेरी के बच्चों के लिए आयोजित किया नि:शुल्क चिकित्सा शिविर
- सेंटमेरी इंटर कालेज में मुख्य अतिथि उ.प्र.आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डा.प्रभात कुमार सिंह के आगमन पर बच्चों ने बैंड बाजों के साथ किया स्वागत

इटावा। सेंटमेरी इन्टर कालेज में जिला अपराध निरोधक कमेटी द्वारा आयोजित नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में उ.प्र.आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई की चिकित्सीय टीम ने विभिन्न रोगों से संबंधित 673 बच्चों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया और परामर्श दिया। सेंटमेरी इन्टर कालेज में मगंलवार को आयोजित नि:शुल्क चिकित्सा शिविर के मुख्य अतिथि उ.प्र.आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डा.प्रभात कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ करते हुये कहा कि हमें बच्चों का पढ़ाई के साथ-साथ उनके स्वास्थ का भी समय-समय पर परीक्षण कराते रहना चाहिये ताकि सभी बच्चे स्वस्थ रहकर अपनी पढ़ाई कर सकें। जिला अपराध निरोधक कमेटी के प्रेसीडेंट व हैल्प फॉर यू के ट्रस्टी अतुल निगम ने कहा कि वह समय-समय पर इस तरह के मेडिकल चैकअप कैम्प स्कूलों व पब्लिक के लिये अपनी टीम के सहयोगियों के साथ करते रहते है।

सेंटमेरी इंटर कालेज में मुख्य अतिथि उ.प्र.आयुर्विज्ञान विश्व विद्यालय के कुलपति डा.प्रभात कुमार सिंह के आगमन पर बच्चों ने बैंड बाजों के साथ स्वागत किया। कालेज के प्रिंसिपल फादर जोबी जोसेफ, वाइस प्रिंसिंपल फादर बिबिन व जिला अपराध निरोधक कमेटी के सचिव अतुल निगम, कमलापति वर्मा संगठन मंत्री, विकास राजपूत पीआरओ, सहसचिव इंजी.रिटायर्ड, शिवाराम यादव, कार्यक्रम अधिकारी डा.अनुराग श्रीवास्तव, विधि सलाहकार संजय तिवारी, महिला संयोजिका अनामिका, स्टाफ ऑफीसर अनिल कुमार व एक्टिव मेम्बर्स जितेन्द्र कुमार, अभिनव राजपूत, शिखर दुबे, मधुर यादव, लघुयादव, आलोक यादव, नीलेश कुमार, विनय कुमार, अरविन्द कुमार, गीता देवी, क्षेत्रीय प्रभारी अंकुश राजपूत व करनवीर ने स्वागत किया। उ.प्र.आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई से आये विभागाध्यक्ष व उनके डॉक्टरों व टेक्नीशियन की टीम में शामिल डा.राजेश कुमार, डा.रवि रंजन, डा.कमल पंत, डा.अभय सिन्हा, डा.अतुल सिंह ने पीडिया, ओपथल्मिक, ओपटीमेटरी, ई.एन.टी.व डेन्टल डिर्पाटमेंट के जे.आर.व एस.आर.की टीम ने 673 छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया और परामर्श भी दिया। सेंटमेरी के प्रिंसिपल फादर जोबी जोसेफ व वाइस प्रिंसिपल फादर बिबिन ने सभी अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया। स्वास्थ्य शिविर के सफल आयोजन में डा.धीरज श्रीवास्तव ज्वांइट डायरेक्टर सहित सेंटमेरी परिवार का सराहनीय योगदान रहा।

कदीमी जुलूस-ए-मुहम्मदी 28 सितंबर शाम बाद नमाज़ असर को निकाला जायेगा: रफत

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। 12 रबी उल अव्वल शरीफ के मुबारक मौके पर उर्दू मोहल्ला से 125 वर्षों से निकलने वाला जुलूस-ए-मोहम्मदी के सदर कुंवर रफत अली खान ने कहा की 28 सितंबर दिन जुमेरात बाद नमाज असर बड़ी मस्जिद चौक उर्दू मोहल्ला से जुलूस ईद मिलादुन्नबी सल्ल.उलेमा ए इकराम की क़यादत में साथ अपनी साबिक़ा रिवायत के साथ उठाया जाएगा। रफत अली ने कहा की जुलूस में सभी लोग अदब के साथ नात शरीफ और दरूदे पाक पढ़ते चलें साउंड कम आवाज में बजाएं और डीजे का बिल्कुल भी प्रयोग ना करें इसका विशेष ध्यान रखें आगे उन्होंने कहा कि हम सब अपने आका मोहम्मद सल्ल.की पैदाइश की खुशी में जुलूस निकालते है वह नबी जो इस पुरी दुनिया में शांति के प्रतीक माने जाते हैं हम उस नबी के उम्मती हैं लिहाजा आप सभी तमामी हजरात से गुजारिश है कि अपने-अपने घरों को सजाएं गेट वाले हज़रात शहर में गेटों सजाएं और शहर की तमाम अंजुमन कमेटियां अपनी-अपनी झांकियां चौकियां सजाकर जुलूस में शामिल करें और सबाबे दारैन हासिल करें। इस मौके पर झंडा सरपरस्त जमीरउल्लाह खान6 दुलारे 8डॉक्टर शमसुद्दीन जमीर हसन झमन एस एम् मुस्तकीम राजा खान सगीर खान मोहम्मद राशिद फरहान खान अदनान खान मोहम्मद शुज़ा आदि लोग उपस्थित रहे।

शिक्षा चौपाल का हुआ आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। कौशल भारत मिशन के तहत स्कूलों में नामांकन बढ़ाने और बुनियादी शिक्षा प्रदान करने के लिए मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय मानिकपुर भीखन विकासखंड बसरेहर में शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। शिक्षा चौपाल का आरंभ मां सरस्वती के पूजन व वंदना से हुई। खंड शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार ने शिक्षा चौपाल के उद्देश्य बताते हुए इसके महत्व को समझाया। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को नियमित समय से विद्यालय भेजने को कहा इसके साथ ऑपरेशन कायाकल्प के 19 बिंदुओं के बारे में बताते हुए विद्यालय के बदलते भौतिक परिवेश से अवगत कराया। संकुल प्रभारी के के यादव ने अभिभावकों को प्रेरित करते हुए कहा की डीबीटी के माध्यम से अभिभावकों के खाते में धनराशि हस्तांतरित हो रही है, अभिभावक उन पैसों को बच्चों के ऊपर खर्च कर उनकी पढ़ाई पर ध्यान दें। ग्राम पंचायत की वरिष्ठ प्रधानाचार्य आयशा खातून ने बच्चों की माओं से अनुरोध किया कि वह बच्चों की प्रगति के लिए विशेष ध्यान दें। ग्राम प्रधान पिंटू तिवारी ने कहा कि यदि ग्रामवासी पढ़े लिखे होंगे तभी सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकेंगे। उन्होंने ग्राम वासियों से कहां की विद्यालय संपत्ति गांव की है, यदि कोई नुकसान पहुंचता है तो उसको भी रोकने का प्रयास सभी को करना चाहिए। विद्यालय के प्रबंध समिति अध्यक्ष मंजेश कुमार ने कहा कि यह मिशन तभी सफल होगा जब शिक्षक, बच्चे व ग्रामवासी इस पर समान रूप से ध्यान देंगे। अंत में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सीमा सिद्दीकी ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की अध्यापिका उपमा व शालिनी शर्मा ने किया। शिक्षा चौपाल में अध्यापक राजेश गुप्ता, कंचन राज एवं तीन दर्जन से अधिक अभिभावकों की उपस्थिति रही।

अवैध अतिक्रमण पर गरजा निगम का महाबली

मथुरा। प्रदेश सरकार के द्वारा शहरों में बढ़ रहे अतिक्रमण की समस्या को समाधान के लिए प्रदेश भर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में मथुरा वृंदावन नगर निगम के द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ मंगलवार को व्यापक अभियान चलाया गया जिसके तहत स्थाई और अस्थाई अतिक्रमण को स्वस्थ किया गया इस कार्रवाई से हड़कंप की स्थिति देखी गई। जानकारी के अनुसार नगर आयुक्त अनुनय झा के आदेश के अनुपालन में डी0के0 सिंह सहायक नगर आयुक्त के नेतृत्व में निम्नानुसार अतिक्रमण हटाये जाने की कार्यवाही की गयी। हनुमान मंदिर से धौलीप्याऊ पोखर तक धौलीप्याऊ चौकी के पुलिस बल के सहयोग से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया।

डीएम, एसएसपी ने पिलुआ महावीर मंदिर की व्यवस्था का लिया जायज़ा

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। जिलाधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा द्वारा बुढ़वा मंगल के अवसर पर पिलुआ महावीर मंदिर की व्यवस्था के लिए जायाजा लिया। उन्होंने वहां पर उपस्थित पिलुआ मंदिर के महंत से पूछताछ कर व्यवस्था दुरुस्त कराए जाने के लिए संबंधित को निर्देशित किया।

उन्होंने कहा कि यहां पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं उनको किसी भी प्रकार की समस्याओं का सामना न करना पड़े। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरों को संचालित रखा जाए। उन्होंने मौके पर भीड़ अधिक होने पर महिला पुरुष की लाइन अलग-अलग लगाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए की मंदिर परिसर में पानी, गीली मिट्टी आदि को तत्काल साफ कराया जाए जिससे श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई भी समस्या उत्पन्न ना हो। उन्होंने कहा कि यहां पर 8 से 9:00 बजे रात तक श्रद्धालु आते रहेंगे उनको पीने के पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए साथ ही उन्होंने यह भी अवगत कराया कि यहां पर जो भी भक्त धूप में खड़े हुए हैं उनके लिए छाव की व्यवस्था की जाए।

उन्होंने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि मंदिर की साफ सफाई एवं पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए जिससे दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो। उन्होंने कहा कि मंदिर पर जो भी मेला लगाया जा रहा है, मेले को रास्ते से दूर हटकर लगाया जाए, जिससे जाम आदि की स्थिति उत्पन्न ना हो। उक्त के पश्चात जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा गणेश चतुर्थी मूर्ति विसर्जन हेतु पिलखर भोगनीपुर नहर गंगा का भी जायजा लिया। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की सीधा रोड से होकर ना आए घूम कर ही आएंगे रोड से आने से एक्सीडेंट आदि की समस्या उत्पन्न हो सकती है। उन्होंने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि यहां पर जिम्मेदार लोगों की ड्यूटी लगाई जाए एवं चेतावनी बोर्ड अवश्य लगाया जाए साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिए की विसर्जन स्थल पर साफ-सफाई आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी सदर विक्रम सिंह राघव, सीओ सिटी अमित कुमार सिंह उपस्थित रहे।

वीरों का बढ़ रहा मान मेरी माटी, मेरा देश अभियान

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। मेरी माटी, मेरा देशअभियान के तहत मंगलवार को नौरंगाबाद वार्ड सभासद ललित चौबे के साथ अमृत कलश में वीरों की इस (इष्टिकपुरी, वर्तमान में इटावा) पुण्य तपोस्थली की स्वर्णिम माटी तथा अक्षत(पुण्य फलित चावल) को घर-घर से संग्रहित किया। जिसमें स्काउट्स एवं गाइड व एन.सी.सी.संगठन के छात्र, रविन्द्र यादव (सचिव)भारत स्काउट और गाइड कुलदीप कुमार स्काउट यूनिट लीडर सनातन धर्म इंटर कॉलेज, स्वीटी मथुरिया(बेसिक शिक्षा) जिला संगठन आयुक्त गाइड, अर्चना चौधरी(बेसिक शिक्षा)यूनिट लीडर, सुशील कुमार द्विवेदी (एन.सी.सी कैप्टन), प्रियांक मिश्रा सनातन धर्म इंटर कॉलेज उपस्थित रहे।

02 अक्टूबर को समस्त शराब एवं मीट की दुकानें बन्द रहेगी

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। सिटी मजिस्ट्रेट अरुण कुमार गोंड की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 02 अक्टूबर महात्मा गांधी जयंती मनाये जाने की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित की गयी। उन्होने निर्देशित करते हुए कहा कि गांधी जयन्ती(02 अक्टूबर, 2023)समारोह के अवसर पर समस्त शराब एवं मीट की दुकानें बन्द रहेंगी, इस दिवस पर शहर की मलिन बस्ती, सड़कों, नालियों की विशेष सफाई कराने के साथ-साथ मलिन बस्तियों में जन जागरूकता, सफाई अभियान चलाया जाये। उन्होंने बताया दि0 02 अक्टूबर को प्रातः 09.00 बजे सभी सरकारी एवं अर्द्ध सरकारी भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा। महात्मा गाँधी के एक बड़े चित्र का अनावरण एवं माल्यार्पण किया जायेगा इसके बाद गाँधी जी के जीवन संघर्ष, उनकी देश सेवा, उनके जीवन मूल्यों पर प्रकाश डाला जाये। विशेष रूप से निर्बलों के कल्याण संबंधी अन्त्योदय की उनकी अवधारणा, भावनात्मक एकता राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता पर बल दिया जायेगा। प्रातः09.30 बजे ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष साफ सफाई अभियान चलाया जायेगा उसी दिन समस्त शराब की दुकाने बन्द रहेगीं। स्टेडियम में ''पिट इण्डिया फ्रीडम रन के तहत कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। मलिन बस्ती मडैया शिवनारायन एवं कोकपुरा में सड़कों /नालियो की सफाई कराने के साथ मलिन बस्तियों में जन जागरूकता, सफाई आदि की व्यवस्था अधि0 अधिकारी नगर पालिका द्वारा एक दिन पूर्व करायी जायेगी। उन्होने बताया कि प्रातः 09.30 बजे ही समस्त कार्यालयों एवं विद्यालयों में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा, शास्त्री चौराहे पर स्थित शास्त्री जी की मूर्ति, महात्मा गांधी जी मूर्ति की साफ सफाई व्यवस्था अधिशसी अधिकारी नगर पालिका द्वारा करायी जायेगी। प्रात 10.00 बजे जिला चिकित्सालय मे कुष्ठ रोग एवं क्षय रोग से पीडित रोगियों को फल वितरण किया जायेगा तथा क्षय रोग चिकित्सालय के पास स्थित कांशीराम कालोनी में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा, उक्त आयोजन की समस्त जिम्मेदारी मुख्य चिकित्साधिकारी को दी गयी है। उक्त अवसर पर एसपी क्राइम, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला विकास अधिकारी सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार

कस्तूरबा आवासीय विद्यालय पर कसा शिकंजा

मथुरा। जनपद मथुरा प्रदेश का दूसरा ऐसा जनपद हो गया है जहां पर कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों का ऑनलाइन निरीक्षण हो सकेगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त द्वारा कस्तूरबा विद्यालयों की व्यवस्थाओं में सुधार लाने हेतु जनपद के सभी कस्तूरबा विद्यालयों को अपने कार्यालय से निगरानी केंद्र में ले लिया है। मथुरा जनपद में सभी ब्लॉकों में स्थित दसों कस्तूरबा आवासीय विद्यालयों का अब जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी किसी भी समय ऑनलाइन निरीक्षण कर सकते हैं। इस व्यवस्था से शिक्षकों का ठहराव सुनिश्चित हो सकेगा और कस्तूरबा विद्यालयों में लापरवाही पर भी लगाम लगेगी। इसी क्रम में 24 सितंबर को अपराह्न 2:00 बजे राया कस्तूरबा का ऑनलाइन निरीक्षण जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा अपने कार्यालय से किया गया।

श्रमिकों को जागरूक किया गया

मथुरा। वृन्दावन में निर्माणाधीन चार धाम में श्रम विभाग एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में निर्माण कार्य में संलग्न श्रमिकों के लिए जागरुकता कैम्प का आयोजन किया गया। सहायक श्रमायुक्त एम एल पाल द्वारा उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा निर्माण श्रमिकों के हितार्थ संचालित कल्याणकारी योजनाओं जैसे मातृत्व शिशु बालिका मदद योजना,सन्त रविदास शिक्षा प्रोत्साहन योजना,कन्या विवाह योजना और मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता योजनाओ की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला जज मथुरा श्रीमती नीरू शर्मा द्वारा उपस्थित श्रमिकों को कानूनों के बारे में जानकारी देते हुए आश्वस्त किया गया कि श्रमिकों को हर प्रकार की विधिक सहायता हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तत्पर है। मौके पर श्रमिको का पंजीकरण भी किया गया।

रिश्वत लेता हुआ सिपाही गिरफ्तार

मथुरा। जनपद में बालू मिट्टी के अवैध खनन को लेकर रिश्वतखोरी का बोलबाला है। रिश्वत के चक्कर में पुलिसकर्मी जायज और नियमानुसार कार्य करने वाले लोगों का उत्पीड़न करते हैं। यहाँ तक कि कोई व्यक्ति अपने घर खेत से अनुमति लेकर भी कार्य करना चाहे तो भी उसका संबंधित थाना पुलिस उत्पीड़न करने से बाज नहीं आती। इसी से तंग आकर बल्देव थाना क्षेत्र के ग्राम भरतिया के एक व्यक्ति ने एंटी करप्शन आगरा की टीम को शिकायत की।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

सुल्तानपुर। सोमवार की देर शाम तकरीबन 9ः00 बजे एक सड़क हादसे में युवक को जान गंवानी पड़ी है ।बाइक से घर जा रहे युवक की भिड़ंत अज्ञात वाहन से हो गई । जिसमें तत्काल उसकी मौत हो गई ।प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मृतक की उम्र तकरीबन 25 साल है। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी । मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। अमहट से धम्मौर रोड स्थित आकारीपुर सड़क पर यह हादसा हुआ था। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शव वाहन न मिलने से ई रिक्शा में ले जाने का वीडियो वायरल

अवधनामा संवाददाता

राठ (हमीरपुर)। सुविधाओं के बाद भी सीएचसी राठ में एक मृतक का शव ई रिक्शा में ले जाते वीडियो वायरल हो गया।

मंगलवार के रोज पूर्वाह्न एक इन्सान को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया जंहा पर उसकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी।जिसके उपरांत परिजन उसे हाथों से उठाकर ई रिक्शा में रख घर ले गए। कस्बा में जिस गली और चौराहों से उसे ले जाया गया वहाँ पर देख लोग शर्मसार हो गए और तरह तरह की बात करते नजर आए। कुछ लोगो ने सरकार को बदनाम किया तो कुछ लोगो ने अस्पताल के सीएमएस को कोसा। इतना ही नही कुछ लोगो ने तो यह तक कह दिया कि सरकार के खाने के दांत अलग है दिखाने के अलग कहा कि अस्पताल में एक शव वाहन भी नही कि लोगो के मरने के उपरांत अंतिम समय मे सम्मान सहित गरीब व्यक्ति उसे घर ले भी नही जा सकता। हालांकि जब इस वीडियो और शव की हमारे मीडिया टीम द्वारा पड़ताल की गई तो पता चला कि उक्त वीडियो जनपद के सीएचसी राठ की है जहाँ पर कस्वा राठ के ही काशीराम कालोनी निवासी रामगोपाल सोनी पुत्र मूलचंद्र काफी दिनों से जानलेवा बीमारी केंसर का शिकार था। जिसका काफी दिनों से इलाज चल रहा था। मंगलवार के रोज पूर्वाह्न उसकी अचानक तबियत बिगड़ गयी और जिसके उपरांत उसे परिजन सीएचसी राठ लाये। जहाँ उसकी मौत हो गयी। जिसके बाद परिजन उसे मृत अवस्था मे ई रिक्शा में ले जाने को मजबूर हुए। इस दृश्य को देख लोग काफी शर्मसार हुए। हालाकि इस संबंध में जब प्रभारी अखलेश से बात हुई तो उन्होंने बताया कि मरीज केंसर से पीड़ित था और इलाज के दौरान मौत हो गई। लेकिन ग्रतक के परिजनों ने गाड़ी की मांग नही की और बिना बताए ही शव अस्पताल से ले गए। सोचने वाली बात तो यह है कि आखिर अस्पताल से कोई भी ब्यक्ति बिना अनुमति के कुछ भी ले जाये और अस्पताल प्रशासन को खबर भी न हो ऐसा कैसे हो सकता है अगर हो सकता है तो कि स्थित में यह भी प्रतीक होता है कि अस्पताल प्रशासन कितना लापरवाह है कि कोई भी ब्यक्ति चाहे अस्पताल से कुछ भी ले जाये या समुचे अस्पताल के समान को ले जाये कोई देख रेख करने वाला नही। हालांकि इस कृत्य को देख लोग अत्यंत दुखित हुए है और उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाह लोगो के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने और स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार लाने की मांग की है।

छात्रा से दुष्कर्म का प्रयास, आरोपी की हुई जमकर धुनाई

अवधनामा संवाददाता

बांदा। आठ वर्षीय छोटे भाई के साथ घर में मौजूद छात्रा को घर में घुसे एक युवक ने दबोच लिया। उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर युवक ने छात्रा के मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। पड़ोसी मौके पर पहुंच गए और आरोपी को दबोच लिया। उसकी जमकर धुनाई करने के बाद पुलिस के हवाले कर दिया गया। छात्रा का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। मटौंध थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 13 वर्षीय छात्रा कक्षा सात में पढ़ती है। सोमवार की दोपहर वह अपने आठ वर्षीय छोटे भाई के साथ घर पर अकेली थी। उसके माता पिता खेत गए हुए थे। सूना मौका देख गांव का ही एक युवक उसके घर घुस आया। घर पर मौजूद छोटे भाई को आरोपी ने 10 रुपया और मोबाइल देकर बाहर भिजवा दिया। घर में मौजूद छात्रा से पानी मांगा। जैसे ही छात्रा पानी लेकर आई, तभी युवक ने छात्रा को दबोच लिया। छात्रा ने ना-नुकुर किया तो उसके मुंह में कपड़ा ठूंस दिया और दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। इसी बीच छात्रा का भाई मौके पर पहुंच गया और शोर मचाना शुरू कर दिया। इस पर आरोपी युवक दहशत में आया।

बहनोई ने सालों को चाकू मारकर किया लहूलुहान

अवधनामा संवाददाता

- बचाने में आरोपी का पिता भी जख्मी
- कालिंजर थाना क्षेत्र के छतैनी गांव का मामला

बांदा। अपनी बहन को लेने के लिए उसकी ससुराल आए दो सगे भाइयों पर बहनोई के छोटे भाई ने चाकू से वार करके जख्मी कर दिया। एक साले के पेट में तो तो दूसरे साले की गर्दन पर चाकू लगा है। इसके साथ ही बचाने में आरोपी के पिता भी जख्मी हो गए। उनके हाथ में जख्म हुआ है। घटना के बाद आरोपी मौके से भाग निकला। पुलिस ने घायलों का जिला अस्पताल में उपचार कराया है।

जनपद चित्रकूट के कौवारा गांव निवासी भोला प्रसाद ने अपनी बेटी गुड़िया की शादी छतैनी गांव में की थी। गुड़िया का पति सूरत में रहकर काम करता है। घर पर गुड़िया का देवर रामबाबू रहता है, जो अविवाहित है। आए दिन रामबाबू गुड़िया को प्रताड़ित करता है। सोमवार को रामबाबू ने गुड़िया के साथ मारपीट की। इस पर गुड़िया ने अपने भाई रामदयाल और दिलीप को सूचना दी थी। सूचना पाकर दोनो भाई ई-रिक्शा से छतैनी गांव बहन की ससुराल लिवाने पहुंच गए। मंगलवार की सुबह रामदयाल ने बहन को भेजने के लिए कहा, इस पर रामबाबू ने ऐतराज किया। वह आग बबूला हो गया। दोनो के बीच नोकझोंक शुरू हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनो में लपटा-झपटी होने लगी। रामबाबू ने रामदयाल (26) के पेट में चाकू घोंप दिया, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। छोटे भाई को लहूलुहान हालत में देख बड़ा भाई दिलीप (35) बचाने पहुंचा तो उस पर भी रामबाबू ने चाकू से गले में वार कर दिया। इससे वह भी लहूलुहान हो गया। इसी बीच रामबाबू का पिता रामकिशोर बचाने पहुंचा तो उसके हाथ में चाकू लग गया। तीनो लोग लहूलुहान हो गए। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी रामबाबू मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल रामदयाल को उठाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

रॉची बांगर के किशनीदेवी फॉर्महाउस में हुआ निरंकारी सत्संग

अवधनामा संवाददाता

- हर इंसान कर सकता है प्रभु के दर्शन: निरंकारी संत

मथुरा। प्रभु परमात्मा किसी एक शहर, प्रांत, देश या किसी जाति विशेष के लिए नहीं, बल्कि समस्त मानवजाति के लिए है। प्रभु परमात्मा के दर्शन हर इंसान कर सकता है। उक्त विचार निरंकारी मिशन की प्रसिद्ध वक्ता आगरा की जोनल इंचार्ज श्रीमती कांता मेहन्दरु जी ने यहां टाउनशिप स्थित रॉची बांगर के ठाकुर किशोर प्रधान के किशनीदेवी फॉर्महाउस में आयोजित सत्संग में व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि परमात्मा के विविध नामों के कारण या धर्म के नाम पर लड़ना झगड़ना ठीक नहीं। परमात्मा को बांटा नहीं जा सकता, चाहे नाम कोई भी हो लेकिन परमात्मा एक ही है। परमात्मा सर्वत्र है, जो खत्म न होने वाली सत्ता है, जो पहले भी थे, आज भी है और आगे भी कायम रहने वाले है। परमात्मा के दर्शन जीतेजी सम्भव है।

निरंकारी प्रचारिका ने कहा कि परमात्मा के दर्शन खुली आंखों से सत्गुरू की कृपा से हो सकते हैं। सत्गुरू बिना भटकाये क्षण में प्रभु को प्रकट करता है। सत्गुरू अज्ञानता और भरमों से मुक्त करके मानवमात्र को ज्ञान की रोशनी से प्रकाशमय जीवन प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि जब तक परमात्मा दिखेगा नहीं, मन की स्थिति बदलेगी नहीं। इसलिए पहले प्रभु को देखों फिर भक्ति शुरू करो। इसके लिए एक को जानो एक को मानो एक हो जाओ।

जोनल इंचार्ज श्रीमती कांता मेहन्दरु ने सत्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज का संदेश देते हुए कहा कि जन्म और मृत्यु के बीच की जिंदगी में खाना - पीना, कमाना - सोना या धन - सम्पदा, पद - प्रतिष्ठा आदि ही जीवन का आधार नहीं है। केवल यही हमारा अस्तित्व नहीं है। शरीर तो कुछ साल जीकर समाप्त हो जाएगा लेकिन जो जीते जी परमात्मा को जान लेते हैं, वह फिर शरीर खत्म होने पर भी अपने असीम रूप निराकार से ही जुड़ जाते हैं।

उन्होंने कहा कि सत्संग में सुने गए संतों के अनमोल विचार जब हम परिवार में दोहराते है, तो वह घर स्वर्ग बन जाता है। सत्संग की शिक्षा से घर संवर जाते है, परिवार में खुशमय वातावरण स्थापित हो जाता है। इसलिए सत्संग निरंतर करते रहें।

जोनल इंचार्ज शएच के अरोड़ा ने बताया कि संत निरंकारी मिशन एक आध्यात्मिक विचारधारा है, जिससे जुड़कर हर इंसान परमात्मा का बोध कर सकता है और सरल एवं सहज जीवन जी सकता है। उन्होंने बताया कि निरंकारी मिशन जहां मानवमात्र को आध्यात्म के प्रति जागरूक कर रहा है, वहीं समाजकल्याण के कार्यों में भी अग्रणीय भूमिका निभा रहा है।

निरंकारी प्रतिनिधि किशोर स्वर्ण तथा भरत कुमार ने बताया कि संत निरंकारी मिशन के रूहानियत और इंसानियत के संदेश से लोगों को रूबरू कराने हेतु जगह जगह आध्यात्मिक जागरूकता के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

सत्संग के दौरान प्रमुख समाजसेवी ठाकुर किशोर प्रधान, श्रीमती कमलेश सिंह, ठाकुर देवीसिंह, सपना कृष्णा ठाकुर, गीता नाथानी, अनिता चावला आदि ने निरंकारी प्रचारिका का दुपट्टा पहनाकर एवं पुष्पगुच्छा देकर स्वागत किया, इसमें अनेक स्थानीयजन शामिल थे जो काफी प्रभावित हुए।

गुणों का खजाना है ये छोटे काले बीज, वेट लॉस के साथ ही ब्लड शुगर भी करता हैं कंट्रोल

आयुर्वेद में कई ऐसी चीजें हैं जिनका इस्तेमाल लंबे समय से विभिन्न समस्याओं के इलाज के लिए किया जा रहा है। सब्जा के बीज यानी बेसिल सीड्स इन्हीं में से एक है जो पोषक तत्वों से भरपूर होने की वजह से कई समस्याओं से राहत दिलाते हैं। यह न सिर्फ डायबिटीज कंट्रोल करता है बल्कि वजन घटाने में भी आपकी मदद करते हैं।

हमारे आस-पास ऐसी कई चीजें मौजूद हैं, जो हमारी सेहत के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। सेहत को फायदा पहुंचाने वाली इन चीजों के बारे में बेहद कम लोग ही जानते हैं, जिसकी वजह से कई लोग इसका इस्तेमाल नहीं कर पाते हैं। बेसिल सीड्स इन्हीं में से एक है। इसे सब्जा बीज के नाम से भी जाना जाता है। इसके अलावा इसे स्वीट बेसिल, फालूदा बीज या तुर्कमारिया बीज के रूप में भी जाना जाता है। कई लोग इसे चिया बीज समझने की भी गलती है। हालांकि, यह उससे काफी अलग है।

सब्जा बीज तुलसी की प्रजाति वाले एक पौधे से मिलते हैं, जो प्रोटीन, कार्ब्स और जरूरी फैट से भरपूर होते हैं और फाइबर से भरपूर होते हैं। यह मधुमेह को नियंत्रित करने में मदद करते हैं और आपकी त्वचा के लिए भी अच्छे होते हैं। सब्जा के बीज आयुर्वेदिक और चीनी चिकित्सा में भी काफी लोकप्रिय हैं। हालांकि, इसके बाद भी कई लोग इसके स्वास्थ्य लाभों के बारे में आप नहीं जानते होंगे। आइए जानते हैं सब्जा बीज के कुछ फायदे।



ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल करे

अगर आप टाइप 2 डायबिटीज के मरीज हैं, तो सब्जा के बीज आपके लिए वरदान साबित होंगे। दरअसल, इनमें ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल करने वाले गुण पाए जाते हैं। ये बीच आपके मेटाबॉलिज्म को धीमा कर देते हैं, जो कार्बोहाइड्रेट को ग्लूकोज में बदलने को नियंत्रित करते हैं। आप बस एक गिलास दूध में भीगे हुए सब्जा बीज नाश्ते में लेने से फायदा मिलेगा।

एसिडिटी और हार्टबर्न में फायदेमंद

सब्जा के बीज पेट की जलन को शांत करते हैं और आपके शरीर से विषाक्त पदार्थ यानी टॉक्सिन्स को बाहर निकालते हैं। ये शरीर में एचसीएल के एसिडिक प्रभाव को बेअसर कर राहत पहुंचाते हैं। भीगे हुए सब्जा के बीज पेट की परत को आराम देने में मदद करते हैं और इस तरह जलन से राहत मिलती है।

कब्ज और सूजन से दिलाए राहत

सब्जा के बीज प्राकृतिक रूप से आपके शरीर को डिटॉक्स करने का काम करते हैं। साथ ही यह एक्सक्रीशन को नियंत्रित करने के लिए भी जाने जाते हैं। अगर आप अक्सर कब्ज की समस्या से परेशान रहते हैं, तो रोजाना रात में सोने से पहले एक गिलास दूध में कुछ सब्जा के बीज मिलाकर पीने से फायदा मिलेगा। साथ ही यह गैस से राहत दिलाने के साथ पाचन में भी सहायता करते हैं।

वजन घटाने में मददगार

सब्जा के बीज अल्फा-लिनोलेनिक एसिड एएलए से भरपूर माने जाते हैं, जो शरीर में फैट बर्न करने वाले मेटाबॉलिज्म को बढ़ावा देने में मदद करते हैं। यह फाइबर से भी भरपूर है, इसलिए आपके पेट को लंबे समय तक भरा हुआ रखते हैं, जिससे क्रेविंग्स कंट्रोल होती है। अपनी भूख को नियंत्रित करने के लिए आप इसे एक कटोरी दही में मिला सकते हैं या खाने से पहले नाश्ते के रूप में फलों के सलाद में कुछ छिड़ककर खा सकते हैं।

शरीर की गर्मी कम करें

थाईलैंड जैसे कुछ एशियाई देशों मेंए सब्जा के बीजों का उपयोग पानी, चीनी, शहद और कभी-कभी नारियल के दूध के साथ ड्रिंक बनाने के लिए किया जाता है। यह ड्रिंक चिलचिलाती गर्मी से राहत में बेहद कारगर है। यह सबसे अच्छे बॉडी कूलेंट के रूप में काम करते हैं। यही वजह है कि शरीर की गर्मी दूर करने के लिए लोग अक्सर इन्हें नींबू पानी, शरबत या मिल्कशेक आदि में मिलाकर पीते हैं।

फैटी लिवर बन सकता है कैंसर का कारण

लिवर का ख्याल रखना बेहद जरूरी है। इसके पीछे एक बहुत बड़ा कारण लाइफस्टाइल है। हमारी बदलती जीवनशैली के कारण हमें सेहत से जुड़ी कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है जिनमें से एक फैटी लिवर है। इसलिए अपनी लाइफस्टाइल में बदलाव लाकर फैटी लिवर जैसी परेशानी से बचा सकता है। जानिए लाइफस्टाइल में क्या बदलाव करें जिससे फैटी लिवर जैसी समस्या से बच सकें।

लिवर हमारे शरीर का बेहद महत्वपूर्ण अंग है। यह बाइल जूस बनाता है और पाचन क्रिया में हमारी मदद करता है। यह हमारे शरीर में बनने वाले टॉक्सिन को बाहर निकालने में भी मदद करता है। इसलिए लिवर का ख्याल रखना बहुत जरूरी है, लेकिन बदलती लाइफस्टाइल के कारण लिवर से जुड़ी कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इनमें सबसे कॉमन बीमारी है फैटी लिवर। यह होने के कई कारण हो सकते हैं, लेकिन लाइफस्टाइल में बदलाव इसका सबसे बड़ा कारण है। आइए जानते हैं लाइफस्टाइल से जुड़ी किन बातों का ध्यान रखने से फैटी लिवर से बचा जा सकता है।

क्या है फैटी लिवर

फैटी लिवर एक ऐसी समस्या है, जिसमें लिवर में फैट इकट्ठा हो जाता है। इसके कई रिस्क फैक्टर हो सकते हैं जैसे मोटापा, डाइबटीज, हाई कोलेस्ट्रोल, खराब जीवनशैली आदि। फैटी लिवर का सही समय पर इलाज नहीं होने से लिवर फेल होना, लिवर कैंसर जैसी समस्याएं हो सकती हैं। पीलिया, पेट दर्द, थकावट, पेट में सूजन, भूख न लगनाए उल्टी, वजन कम होना फैटी लिवर होने के कुछ लक्षण हो सकते हैं। इनमें से कोई भी समस्या होने पर तुरंत अपने डॉक्टर से मिलकर जांच कराएं। फैटी लिवर की समस्या को दूर रखने के लिए नीचे दिए गए कुछ लाइफस्टाइल से जुड़े बदलावों को अपना सकते हैं।

रोज व्यायाम करें

रोज व्यायाम करने से लिवर की सेहत अच्छी रहती है। एक्सरसाइज करने से वजन कम होता है, जो लिवर का फैट कम करने में मदद कर सकता है। इसलिए अपनी पसंद के अनुसार कोई भी एक्सरसाइज जरूर करें।

सही डाइट अपनाएं

डाइट आपके जीवन के ग पर प्रभाव डालता है, इसलिए संतुलित आहार बेहद जरूरी है। अपने डाइट में विटामिन, रफेज, प्रोटीन, कैल्शियम, कार्बोहाइड्रेट आदि को शामिल करें। ज्यादा तले हुए खाने, शराब, चीनी, आदि युक्त खाने से बचें। यह आपके लिवर के साथ-साथ पूरी सेहत के लिए हानिकारक होते हैं।

वजन मेन्टेन करें

वजन अधिक होना फैटी लिवर का एक कारण हो सकता है, इसलिए हेल्दी वजन मेंटेन करना बेहद आवश्यक है। इसलिए रोज एक्सरसाइज करें और हेल्दी डाइट आपनाएं।

शराब का सेवन न करें

शराब पीने से लिवर में फैट इक्ट्ठा हो सकता है, जिससे लिवर के टिशु खराब हो सकते हैं। यह आगे चल कर लिवर साइरोसिस का कारण भी बन सकता है, इसलिए शराब के सेवन से बचें।

ब्रेन को एक्टिव और याददाश्त को तेज करना है, तो डाइट में इन फूड आइटम्स को जरूर करें शामिल



ब्रेन हमारे शरीर का सबसे अहम हिस्सा है। यह हमारे पूरे शरीर को कंट्रोल करता है। साथ ही यह शरीर के कई जरूरी कार्यों में अहम भूमिका निभाता है। ऐसे में जरूरी है कि सेहतमंद रहने के लिए दिमाग को भी हेल्दी रखा जाए। अगर आप भी अपने दिमाग को एक्टिव और तेज बनाना चाहते हैं तो डाइट में इन फूड्स को शामिल करें।

हमारा आहार ब्रेन फंक्शन और एनर्जी सप्लाई में अहम भूमिका निभाता है। हमारे शरीर का छोटे-छोटा एक्शन ब्रेन के संकेतों पर चलता है। यहां तक कि सोते वक्त भी ब्रेन ही हमारे नर्वस सिस्टम को नियंत्रित करता है और शरीर के एक हिस्से से दूसरे हिस्से तक सिग्नल भेजता है। ऐसे मेंए अपने लिए आहार का चयन सही तरह से करना बहुत महत्वपूर्ण है। सही खानपान हमारे दिमाग को तेज बना सकते हैं, तो वहीं गलत डाइट इसे नुकसान पहुंचा सकती है।

कुछ ऐसे फूड आइटम्स हैं, जो विटामिन, मिनरल और एंटी ऑक्सीडेंट से भरपूर हैं, हमारे ब्रेन को बेहतर पोषण देते हैं, जिससे हमारा ब्रेन हेल्दी रहता है। आइए जानते हैं इस आर्टिकल मेंए कुछ ऐसे ही फूड आइटम्स के बारे मेंए जो हमारे ब्रेन एक्टिव बनाकर याददाश्त को बेहतर बनाने का काम करते हैं।

हेल्दी फ्रूट्स

ब्लूबेरीज हमारी याददाश्त को बढ़ावा देने के लिए बेहद फायदेमंद है। इसमें काफी मात्रा में एंटी ऑक्सीडेंट होते हैं, जो ब्रेन को ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस से बचाते हैं। अंगूर में मौजूद रेस्वेराट्रोल याददाश्त बढ़ाने वाला एक हेल्दी काम्पाउंड है, जिससे हमारे ब्रेन तेजी से काम करता है। तरबूज और एवोकाडो भी इस लिस्ट में शामिल हैं, जो ब्रेन फंक्शन में सुधार करते हैं।

हरी पत्तेदार सब्जियां

हरी सब्जियां हमारी सेहत के साथ-साथ मस्तिष्क के लिए भी काफी फायदेमंद होती हैं। हरी सब्जियों में एंटीऑक्सीडेंट, पोषक तत्व और विटामिन होते हैं, जो ब्रेन के स्वास्थ्य को बढ़ाते हैं। आप अपनी डाइट में केल, पालक, ब्रोकली को शामिल कर सकते हैं।

अंडे

अंडे कई आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, जो हमारी मेमोरी को बढ़ाने में काफी फायदेमंद होता है। अंडे की जर्दी में कोलीन नामक एक विटामिन होता हैए जो ब्रेन के विकास और हमारी याददाश्त में सुधार करता है। इसके साथ ही अंडे में विटामिन बी-6ए बी-12 और फोलिक एसिड भी पाया जाता है। इसका नियमित सेवन ब्रेन को एक्टिव रखता है।

ईयरबड से नहीं, बल्कि इन उपायों से सुरक्षित तरीके से करें कान की सफाई

अगर आप कान में जमी गंदगी को निकालने के लिए हर वक्त ईयर बड्स डालते रहते हैं या दूसरी किसी नुकीली चीज़ का इस्तेमाल करते हैं तो ये तरीका कान के लिए खतर नाक हो सकता है। आइए जानते हैं कुछ ऐसे उपायों के बारे में जिनकी मदद से आप कान को बिना नुकसान पहुंचाए कर सकते हैं उसकी सफाई।

कानों की सफाई का ख्याल ज्यादातर लोगों को तभी आता है जब सुनाई देने में कोई समस्या आती है। वरना शायद ही कोई इसकी साफ-सफाई पर गौर करता है। लेकिन उसमें भी कान साफ करने के लिए हम ईयर बड्स या दूसरी किसी नुकीली चीज़ का इस्तेमाल करते हैं। ऐसा करना कान को कई तरीकों से नुकसान पहुंचा सकता है। हल्की सी भी लापरवाही से सुनने की क्षमता जा सकती है क्योंकि कान हमारे शरीर का बहुत ही संवेदनशील अंग होता है। ईयर बड्स से कान में चोट लग सकती है। कॉटन की वजह से अगर आपको लगता है कि ये हर किसी के लिए सेफ ऑप्शन है, तो बता दें कि एक्सपर्ट भी इसका बहुत ज्यादा इस्तेमाल न करने की सलाह देते हैं।

कानों में वैक्स धूल, मिट्टी और दूसरी गंदगी की वजह से जमा होता है, तो इस संवेदनशील अंग को साफ करने के लिए अपनाएं कुछ दूसरे सुरक्षित उपाय।

सरसों तेल का इस्तेमाल

कानों की सफाई के लिए सरसों तेल का इस्तेमाल काफी पहले से किया जाता रहा है। इसके लिए कान में इस तेल की कुच बूंदें डालें। गंदगी फूलकर ऊपर की ओर आ जाती है। जिससे आप नॉर्मल किसी भी कॉटन कपड़े सा साफ कर सकते हैं।

बेबी ऑयल का करें इस्तेमाल

कानों में जमी गंदगी को साफ करने के लिए ईयर बड्स की जगह बेबी ऑयल का इस्तेमाल करना काफी सेफ ऑप्शन है। इसे कान में डालने से मैल खुद ब खुद ऊपर आ जाता है। जिसके बाद आप कॉटन के कपड़े की मदद से इसे आसानी से निकाल व साफ कर सकते हैं। ज्यादा नहीं बस कान में बेबी ऑयल की 2-3 बूंद डालें। रात को डालें सुबह तक सारी गंदगी बाहर।

एक्सपर्ट से

ईएनटी डॉक्टर के पास भी जाकर आप कानों की सुरक्षित तरीके से सफाई करवा सकते हैं। इससे दो फायदे होंगे पहला तो कान साफ हो जाता है दूसरा आप कानों की सेहत के बारे में भी जान सकते हैं।

एवोकाडो हेयर मास्क बालों को बनाएगा सिल्की और मजबूत, बालों में आएगी नई जान

हमारे शरीर के लिए एवोकाडो काफी ज्यादा फायदेमंद होता है। लेकिन क्या आप जानती हैं कि यह बालों के लिए भी लाभकारी होता है। ऐसे में आप घर पर ही एवोकाडो हेयर मास्क को बनाकर बालों में अप्लाई कर सकते हैं।

हमारे शरीर के लिए एवोकाडो काफी ज्यादा फायदेमंद होता है। लेकिन क्या आप जानती हैं कि यह बालों के लिए भी लाभकारी होता है। एवोकाडो में कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसमें विटामिन ए, बी, सी, डी, जिंक, आयरन, पोटेशियम और बीटा-कैरोटिन जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। एवोकाडो बालों को पोषण देने के साथ ही बालों की ड्राईनेस को दूर करने में मदद करता है। एवोकाडो हेयर फॉल को रोकता है और बालों को ग्रोथ देता है। इसे बालों में अप्लाई करने से बाल सिल्की और शाइनी बनते हैं।

बता दें कि मार्केट में कई तरह के एवोकाडो हेयर मास्क मिलते हैं। लेकिन कई बार बालों को इस तरह के हेयर मास्क सूट नहीं करते हैं। वहीं इनको इस्तेमाल करने पर मन मुताबिक रिजल्ट नहीं मिलता है।

ऐसे में आप घर पर ही एवोकाडो हेयर मास्क को बनाकर बालों में अप्लाई कर सकते हैं। घर पर यह मास्क बनाने से नेचुरल रहेगा, तो बाल संबंधी कई समस्याओं को भी दूर करता है। एवोकाडो का यह मास्क बालों को अंदरूनी तौर पर पोषण देने के साथ ही ड्राई बालों की समस्या से भी निजात दिलाएगा। आइए जानते हैं कि ड्राई बालों के लिए एवोकाडो हेयर मास्क कैसे बनाएं।

एवोकाडो और नारियल तेल के हेयर मास्क की सामग्री

पका हुआ एवोकाडो- 1
नारियल तेल- 2 चम्मच

ऐसे बनाएं हेयर मास्क

हेयर मास्क बनाने के लिए एवोकाडो और नारियल तेल का सभी चीजों को मिलाकर मिश्रण तैयार करें। इसे बालों और स्कैल्प पर करीब 20 मिनट के लिए अप्लाई करें। फिर बालों को शैंपू से धो लें। बता दें कि बालों को पोषण देने के साथ यह मास्क हेयर फॉल की समस्या को भी कम करता है। बालों पर यह मास्क एक लेयर बनाता है और सूर्य की हानिकारक किरणों से भी बालों का बचाव होता है।

एवोकाडो और शहद का हेयर मास्क की सामग्री

पका हुए एवोकाडो- 1 चम्मच
शहद- 1 चम्मच
ऑलिव ऑयल- 1 चम्मच
ऐसे बनाएं हेयर मास्क

एवोकाडो और शहद का हेयर मास्क बनाने के लिए एक कटोरी में इन सभी चीजों को अच्छे से मिक्स कर लें। इसके बाद इस मिश्रण को हल्के हाथों से बालों और स्कैल्प पर अप्लाई करें। 20 मिनट तक लगाए रखने के बाद माइल्ड शैंपू से हेयर वॉश कर लें। यह मास्क आपके बालों को डैमेज होने से बचाता है और ड्राई बालों की समस्या से निजात दिलाता है।

एवोकाडो और एलोवेरा का हेयर मास्क की सामग्री

पका हुए एवोकाडो- 1
एलोवेरा जेल- 1 चम्मच
ऐसे बनाएं हेयर मास्क

एवोकाडो और एलोवेरा जेल को एक कटोरी में अच्छे से मिक्स कर लें। फिर बालों की टिप और स्कैल्प पर करीब 20 मिनट के लिए अप्लाई करें। इसके बाद शैंपू कर लें। यह हेयर मास्क आपके बालों को पोषण देने के साथ चमकदार बनाएगा।

ग्लोइंग और हाइड्रेट स्किन पाने के लिए घर पर बनाएं टोनर, चेहरे पर आएगा निखार

कई लड़कियां स्किन केयर को अपनी डेली रूटीन में जरूर शामिल करती हैं। वह समय-समय पर पार्लर जाती हैं और ट्रीटमेंट लेती हैं। लेकिन मार्केट में मिलने वाले प्रोडक्ट में केमिकल की मात्रा ज्यादा होता है।

जिस तरह से हम सभी अपने बालों का ध्यान रखते हैं। ठीक वैसे ही जरूरी होता है कि हम अपनी स्किन का भी ध्यान रखें। क्योंकि जब आपकी स्किन सही रहेगी। तभी आप खूबसूरत और जवां लगेंगी। कई लड़कियां स्किन केयर को अपनी डेली रूटीन में जरूर शामिल करती हैं। वह समय-समय पर पार्लर जाती हैं और ट्रीटमेंट लेती हैं। इसके अलावा कई अलग-अलग तरह के प्रोडक्ट का इस्तेमाल भी करती हैं।

लेकिन कई बार कुछ इंग्रीडिएंट हमारी त्वचा को सूट नहीं करते हैं।

ऐसा इसलिए भी हो सकता है, क्योंकि मार्केट में मिलने वाले प्रोडक्ट में केमिकल की मात्रा ज्यादा होता है। इसके अलावा मार्केट में मिलने वाले टोनर में भी कई ऐसी चीजें मिलाई जाती हैं, जो हमारी त्वचा को नुकसान पहुंचाने का काम करती हैं। लेकिन अब आपको टोनर मार्केट से खरीदने की जरूरत नहीं है। क्योंकि इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे घरेलू तरीकों के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनकी मदद से आप घर पर ही आसानी से टोनर बनाकर तैयार कर सकती हैं।

एलोवेरा टोनर

बता दें कि एलोवेरा बालों के साथ ही त्वचा के लिए भी फायदेमंद होता है। एलोवेरा में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-बैक्टीरियल गुण मौजूद होते हैं। जो त्वचा में मौजूद गंदगी को साफ करने का काम करता है। इसका टोनर बनाकर आप अपनी स्किन पर अप्लाई कर सकती हैं।

टोनर बनाने की सामग्री

एलोवेरा जेल- 2 चम्मच
गुलाब जल- आधा कप
टोनर बनाने का तरीका

एक कटोरी में आधा कप गुलाब जल ले लें।

फिर उसमें एलोवेरा जेल डालकर अच्छे से मिक्स कर लें।

इसके बाद इसमें थोड़ा सा पानी डालकर छलनी की मदद से छान लें।

अब इस पानी को एक स्प्रे बोतल में भर कर रख लें।

सुबह ऑफिस आदि जाने के लिए जब तैयार को तब इसका उपयोग करें। या फिर आप चाहें तो रात में भी इसे अप्लाई कर सकती हैं।

कोकोनट वाटर और मिल्क टोनर

कोकोनट वाटर त्वचा के लिए काफी अच्छा होता है। इसके चेहरे पर अप्लाई करने से आपकी स्किन हाइड्रेट रहती है वहीं मिल्क त्वचा को सॉफ्ट बनाने का काम करता है।

कोकोनट वाटर और मिल्क टोनर सामग्री

कोकोनट वाटर- 1 कप
मिल्क- 1 कप

टोनर बनाने का तरीका

एक बाउल में नारियल पानी और दूध लें।

इन दोनों को अच्छे से मिक्स कर लें।

फिर इसे फ्रिज में स्टोर करने के लिए रख दें।

आप चाहें तो इसे स्प्रे बोतल में भी रख सकती हैं।

अब इस टोनर को कॉटन की मदद से अपने फेस पर अप्लाई कर सकती हैं।

इससे आपकी त्वचा ग्लोइंग और हाइड्रेट रहेगी।

इन टिप्स को अपना एयर फ्रायर में बेक करें केक

जब आप एयर फ्रायर में केक बेक कर रही हैं तो आपको सही पैन चुनना बेहद आवश्यक है। आप एक छोटा और ओवर सेफ पैन का इस्तेमाल कर सकती हैं। हालांकि, ध्यान रखें कि वह आपके एयर फ्रायर बास्केट के अंदर आराम से फिट हो जाए।

कभी-कभी ऐसा होता है कि कुछ मीठा लेकिन बहुत टेस्टी खाने का मन करता है। ऐसे में हम केक खाना चाहते हैं। अमूमन मार्केट जाकर केक लाने की इच्छा नहीं होती है और घर पर भी बिना किसी झंझट के हम केक तैयार करना चाहते हैं। ऐसे में सबसे अच्छा तरीका होता है कि आप एयर फ्रायर में केक तैयार करें। एयर फ्रायर में केक बेक करना काफी आसान है और इसमें आपको समय भी अपेक्षाकृत कम लगता है। खासतौर पर, अगर आप एक मिनी केक बनाना चाहते हैं तो ऐसे में एयर फ्रायर का इस्तेमाल करना यकीनन एक अच्छा विचार है। हालांकि, इस दौरान आपको कुछ छोटी-छोटी बातों का ख्याल रखना चाहिएए जिसके बारे में आज हम आपको बता रहे हैं।

जब आप एयर फ्रायर में केक बेक कर रही हैं तो आपको सही पैन चुनना बेहद आवश्यक है। आप एक छोटा और ओवर सेफ पैन का इस्तेमाल कर सकती हैं। हालांकि, ध्यान रखें कि वह आपके एयर फ्रायर बास्केट के अंदर आराम से फिट हो जाए। अधिकांश एयर फ्रायर में 6 इंच के गोल या चौकोर केक पैन आसानी से फिट हो जाते हैं।

एयर फ्रायर को करें प्री हीट

जिस तरह ओवन में केक बेक करने से पहले आप उसे प्रीहीट करते है, ठीक उसी तरह एयर फ्रायर को भी प्रीहीट करना बेहद जरूरी है। एयर फ्रायर को प्रीहीट करने से आपको सही तापमान मिल जाता है और इससे आपका केक समान रूप से पकता है।

पैन को ग्रीस और लाइन करें

केक बेक करते हुए आप यह कभी नहीं चाहेंगे कि आपका केक पैन में ही चिपक जाए। इसलिए पहले पैन को मक्खन या कुकिंग स्प्रे से ग्रीस करें। इसके बाद नीचे पार्चमेंट पेपर से लाइन करें। यह केक को पैन पर चिपकने से रोकने में मदद करता है।

टाइमर करें एडजस्ट

एयर फ्रायर को उसकी फास्ट कुकिंग के लिए जाना जाता है। इसलिएए जब आप एयर फ्रायर में केक को बेक कर रहे हैं तो ऐसे आपको टाइमिंग पर खास ध्यान देना चाहिए। यह ओवन की तुलना अधिक जल्दी बेक हो जाएगा। बेहतर होगा कि आप इसके लिए कुकबुक की मदद लें।

बार-बार ना खोलें एयर फ्रायर

आपका केक सही ढंग से पका है या नहींए यह चेक करने के लिए आपको एयर फ्रायर को खोलने की जरूरत पड़ सकती है। लेकिन केक बेकिंग के दौरान एयर फ्रायर को बार-बार न खोलें, क्योंकि इससे तापमान में उतार-चढ़ाव हो सकता है जिससे केक सही ढंग से बेक नहीं हो पाएगा।

चाकू साफ करते समय इन छोटे-छोटे टिप्स का रखें ध्यान

एक बार इस्तेमाल करने के बाद चाकू को तुरंत साफ करना जरूरी होता है। उपयोग के तुरंत बाद आप चाकू को गर्म साबुन वाले पानी से धोएं। उन्हें लंबे समय तक गंदा छोड़ने से बचें, क्योंकि इससे दाग और जंग लग सकता है।

हम सभी अपनी किचन में चाकू का इस्तेमाल तो करते ही हैं। फल-सब्जियों से लेकर अन्य कई चीजों को काटने के लिए हमें चाकू की जरूरत पड़ती है। इतना ही नहीं, कभी-कभी तो दिन में कई बार हम चाकू का इस्तेमाल करते हैं। ऐसे में इस्तेमाल के बाद उसे क्लीन करना भी उतना ही जरूरी होता है। यह देखने में आता है कि जब हम चाकू को साफ करते हैं तो कई बार हमारे हाथ में चोट लग जाती है। इतना ही नहीं, अगर चाकू को सही तरह से क्लीन नहीं किया जाता है तो इससे वे जल्द ही खराब हो जाते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही छोटे-छोटे टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आपको चाकू साफ करते समय ध्यान रखना चाहिए।

सिंक में ना डालें

अक्सर हम गंदे बर्तनों को सिंक में रख देते हैं। लेकिन जब बात चाकू की हो तो उसे सिंक में ना रखने की सलाह दी जाती है। ऐसा संभव है कि जब आप बर्तनों की सफाई करें तो सिंक में रखा हुआ चाकू गलती से आपको लग जाए। ऐसी किसी भी दुर्घटना से बचने के लिए आप या तो चाकू को इस्तेमाल के बाद तुरंत क्लीन करें या फिर उसे सिंक के साइड में रखें।

गर्म साबुन वाले पानी का करें इस्तेमाल

एक बार इस्तेमाल करने के बाद चाकू को तुरंत साफ करना जरूरी होता है। उपयोग के तुरंत बाद आप चाकू को गर्म साबुन वाले पानी से धोएं। उन्हें लंबे समय तक गंदा छोड़ने से बचें, क्योंकि इससे दाग और जंग लग सकता है।

डिशवॉशर में ना करें क्लीन

अगर आपके घर में डिशवॉशर है तो आप चाकू को उसमें डालने से बचें। दरअसलए डिशवॉशर का हाई प्रेशर वॉटर, डिटर्जेंट और गर्मी ब्लेड और हैंडल को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

स्पंज का करें इस्तेमाल

जब आप चाकू को साफ करते हैं तो उसे क्लीन करने के लिए किसी मुलायम कपड़े या स्पंज का उपयोग करें। कभी भी इसे क्लीन करने के लिए एब्रेसिव स्कोअरिंग पैड का इस्तेमाल ना करें, क्योंकि इससे चाकू के सरफेस पर खरोंच आ सकती है।

तुरंत सुखाएं

यह भी एक छोटा सा टिप है, लेकिन इस ओर अक्सर लोग ध्यान नहीं देते हैं। चाकू को धोने के बाद उसे तुरंत साफ, सूखे तौलिये से सुखाएं। ध्यान रखें कि यह बहुत लंबे समय तक गीला ना रहे। दरअसल, नमी से चाकू में जंग लग सकता है और वह खराब हो सकता है।

भारत-कनाडा राजनयिक विवाद का सैन्य संबंधों पर नहीं पड़ेगा असर

कनाडाई सेना उप प्रमुख का दावा

नई दिल्ली। खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर कनाडा के भारत पर आरोप लगाए जाने के बाद से दोनों देशों के रिश्तों में खटास आ गई है। भारत और कनाडा के बीच तनाव थमने का नाम नहीं ले रहा है।हालांकि, इस बीच कनाडा के उप सेना प्रमुख मेजर जनरल पीटर स्कॉट ने मंगलवार को कहा कि भारत और कनाडा के बीच राजनयिक विवाद का मौजूदा द्विपक्षीय सैन्य संबंधों पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है। दरअसल, स्कॉट यहां इंडो-पैसिफिक आर्मी चीफ्स कॉन्फ्रेंस (आईपीएसीसी) में एक कनाडाई प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं, जिसमें 30 से अधिक देशों के सैन्य प्रतिनिधिमंडल शामिल हुए हैं। उन्होंने समाचार एजेंसी पीटीआई से कहा, इस समय जहां तक मेरी जानकारी है, इसका हम पर कोई प्रभाव नहीं पड़ने वाला है। हम प्रयास करने और समाधान के लिए मामले को राजनीतिक स्तर पर छोड़ देते हैं। मालूम हो कि जून में खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संलिप्तता के कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोपों के बाद भारत और कनाडा के बीच संबंध गंभीर तनाव में आ गए। हालांकि, भारत ने आरोपों को बेतुका कहकर खारिज कर दिया है और इस मामले पर ओटावा में एक भारतीय अधिकारी को निष्कासित करने के बदले में एक वरिष्ठ कनाडाई राजनयिक को निष्कासित कर दिया है।

तलाश

मेजर जनरल स्कॉट ने कहा, दो सेनाओं के रूप में हम अन्य 30 देशों के बीच अवसरों की तलाश कर रहे हैं।

कनाडाई सेना के अधिकारी ने कहा, यह हमारे दोनों देशों के बीच राजनीतिक स्तर का एक मुद्दा है और निश्चित रूप से हमारे प्रधानमंत्री हाउस ऑफ कॉमन्स में उठे और इस समय चल रही स्वतंत्र जांच पर भारत के सहयोग का अनुरोध करते हुए एक बयान दिया। उन्होंने कहा, हमारी दोनों सेनाओं के बीच, इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा है। मैंने कल रात सेना के आपके कमांडर (सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे) से बात की। हम दोनों इस बात पर सहमत हुए कि यह एक राजनीतिक मुद्दा है और इसका हमारे संबंधों पर कोई हस्तक्षेप नहीं है। मेजर जनरल स्कॉट ने कहा, दो सेनाओं के रूप में हम अन्य 30 देशों के बीच अवसरों की तलाश कर रहे हैं। जो वर्तमान में इस सम्मेलन में भाग ले रहे हैं, ताकि हम ऐसे क्षेत्रों को ढूंढ सकें जहां हम सहयोग कर सकें, एक साथ प्रशिक्षण कर सकें, अभ्यास और संचालन कर सकें ताकि हम सभी क्षेत्र के भीतर शांति, स्थिरता सुनिश्चित करने में योगदान दे सकें।

उन्होंने कहा, अभी हम सहयोग करना और चर्चा करना जारी रखेंगे, जहां हम विचारों का आदान-प्रदान कर सकते हैं और कई इंडो-पैसिफिक देशों के सामने आने वाली कठिनाइयों का समाधान ढूंढ सकते हैं।

आशीष मिश्रा को सर्वोच्च न्यायालय से मिली राहत, मां-बेटी की देखभाल के लिए शर्त के साथ मिली जमानत

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में आठ किसानों की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा को सर्वोच्च न्यायालय से थोड़ी राहत मिली है। केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा के बेटे को दिल्ली में रहने की इजाजत दी गई है।

उन्हें बीमार मां और बेटी की देखभाल के लिए ये राहत दी गई है। इससे पहले जनवरी महीने में आशीष मिश्रा को आठ हफ्तों के लिए अंतरिम जमानत मिली थी। हालांकि, उन्हें यूपी में प्रवेश करने की अनुमति नहीं मिली थी।

अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने उन्हें मामले के संबंध में किसी भी सार्वजनिक समारोह में भाग नहीं लेने या मीडिया को संबोधित नहीं करने का निर्देश दिया है। बता दें कि उनकी मां नई दिल्ली के डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती हैं। वहीं, उनकी बेटी के पैर की इलाज चल रही है। बताते चलें कि 3 अक्टूबर 2021 को लखीमपुर खीरी जिल के तिकुनिया में आठ लोगों की मौत हो गई थी। इस घटना को लेकर कांग्रेस ने मोदी सरकार और राज्य में योगी सरकार पर निशाना साधा था। यूपी पुलिस की एफआईआर के मुताबिक, चार किसानों को जिस एसयूवी से कुचला गया था, उसमें आशीष मिश्रा बैठे थे। इस घटना में एसयूवी चला रहे दो ड्राइवर की भी किसानों ने हत्या कर दी थी। इस हिंसा में एक पत्रकार की भी मौत हो गई थी।

केरल के कारोबारी ने की आत्महत्या, कर्ज नहीं चुका सकने के कारण बैंक वाले करते थे परेशान

कोट्टायम। केरल से एक आत्महत्या की खबर सामने आ रही है। एक व्यवसायी अपने घर पर मृत पाया गया है। व्यवसायी के मौत के बाद मंगलवार को परिवार के सदस्यों ने कर्नाटक स्थित एक निजी बैंक के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं।

केरल के अयमानम के पास कुदायमपडी में जूते की दुकान चलाने वाले बीनू के सी (50) की सोमवार दोपहर को आत्महत्या से मौत हो गई। व्यवसायी ने एक बैंक से पांच लाख का लोन लिया था। परिवार ने आरोप लगाया कि जिस बैंक से बीनू ने हाल ही में 5 लाख रुपये का ऋण लिया था, उसके एक कर्मचारी द्वारा लगातार उत्पीड़न और धमकियों के कारण वह बहुत परेशान थे।

आत्महत्या

केरल के अयमानम के पास कुदायमपडी में जूते की दुकान चलाने वाले बीनू के सी (50) की सोमवार दोपहर को आत्महत्या से मौत हो गई।

मृतक व्यवसायी की बेटी नंदना ने कहा कि हाल के दिनों में खराब कारोबार के कारण उनके पिता कुछ महीनों तक कर्ज नहीं चुका सके। न्यूज एजेंसी पीटीआई के अनुसार उन्होंने मीडिया को बताया, ÷मेरे पिता ने पहले भी इसी बैंक से कर्ज लिया था और उन्होंने बिना किसी देरी के पूरी रकम चुका दी थी। बेटी ने आगे की जानकारी देते हुए कहा कि बैंक से एक प्रदीप नामक व्यक्ति (जोकि बैंक का प्रबंधक बताया जा रहा है) जूते की दुकान पर जाकर उसके पिता को धमकाता और परेशान करता था। किशोरी ने कहा, ÷इससे मेरे पिता मानसिक रूप से निराश हो गए...मुझे यकीन है कि इस अपमान के कारण उन्होंने यह कदम उठाया।÷ बेटी ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। बैंक अधिकारियों ने अभी तक इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया नहीं दी है। कोट्टायम पश्चिम पुलिस ने कहा कि व्यवसायी की मौत के संबंध में मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है।

सीएम केसीआर ने चित्याला ऐलम्मा को किया याद, कहा- उनकी बहादुरी आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक

हैदराबाद। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव (केसीआर) ने कहा कि तेलंगाना सशस्त्र संघर्ष के दौरान चित्याला ऐलम्मा की बहादुरी आज की पीढ़ी के लिए बहुत प्रेरणादायक है। मुख्यमंत्री केसीआर ने राज्य सरकार द्वारा चित्याला ऐलम्मा जयंती (26 सितंबर) के अवसर पर उनके बलिदान और लड़ाई की भावना को याद किया।

सीएम केसीआर ने चित्याला ऐलम्मा को एक लोकतांत्रिक कार्यकर्ता के रूप में सराहा, जिन्होंने अपने अधिकारों की प्राप्ति के लिए अदालतों में कानूनी लड़ाई लड़ी और वे निचले वर्गों के आत्मसम्मान का प्रतीक थीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी प्रेरणा तेलंगाना की उपलब्धि और उसके बाद की प्रगति में शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार चित्याला ऐलम्मा के बलिदान को याद करने के लिए आधिकारिक तौर पर उनकी जयंती और पुण्य तिथि कार्यक्रम आयोजित कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार तेलंगाना के लोगों के कल्याण के लिए जिस तरह काम कर रही है, वैसा देश में कहीं नहीं किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा महिलाओं,

बीसी और एमबीसी के विकास और कल्याण के लिए कई योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री केसीआर ने स्पष्ट किया है कि राज्य सरकार निचली जातियों के जीवन स्तर में गुणात्मक सुधार कर रही है। पिछड़ी जातियों और अति पिछली जातियों की महिलाओं के कल्याण के लिए सरकार के प्रयास जारी रहेंगे।

हाई कोर्ट में जजों की नियुक्ति की देरी पर सुप्रीम कोर्ट चिंतित, केंद्र से पूछा- सात महीने बाद भी क्यों नहीं हुआ कुछ...

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को देश के सभी हाई कोर्ट में जजों की नियुक्ति की देरी पर चिंता जताई। दरअसल, केंद्र सरकार द्वारा देश के विभिन्न हाई कोर्ट में नियुक्ति के लिए कॉलेजियम द्वारा नियुक्त जजों के नामों को लंबित रखने की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई कर रही थी। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल की पीठ ने टिप्पणी करते हुए कहा कि पिछली बार याचिका पर हुई सुनवाई के बाद से करीब सात महीनों के बाद भी इस मामले में क्यों कुछ नहीं हुआ है।

न्यायमूर्ति ने इस मामले में केंद्र सरकार से कॉलेजियम द्वारा नियुक्ति के बावजूद हाई कोर्ट के न्यायाधीशों के नामों को मंजूरी नहीं मिलने के बारे में पूछा।

ब्रिक्स फोरम में संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, जोहान्सबर्ग में होगा आयोजन

नई दिल्ली। भारत में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन के बाद अब दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में नौवें ब्रिक्स संसदीय फोरम का आयोजन होने जा रहा है। इस फोरम में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे।

ब्रिक्स संसदीय फोरम का आयोजन जोहान्सबर्ग में 27 से 29 सितंबर तक होगा। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश फोरम को संबोधित भी करेंगे। इसके साथ ही, वे ब्रिक्स देशों में जलवायु परिवर्तन और विधायी गतिशीलता पर एक सत्र की अध्यक्षता भी करेंगे। राज्यसभा सचिवालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

राज्यसभा सचिवालय ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्यों में सुमित्रा बाल्मीक और इंद्र हंग सुब्बा भी शामिल हैं। सभी अफ्रीका मुक्त व्यापार समझौते के त्वरित कार्यान्वयन के लिए ब्रिक्स और अफ्रीका साझेदारी को गहरा करने के लिए बहुपक्षवाद और संसदीय कूटनीति का उपयोग विषय पर एक बहस के साथ अन्य सत्रों में हिस्सा लेंगे।

ब्रिक्स पांच देशों के संगठन है। यह पांच देशों ब्राजील , रूस , भारत , चीन और दक्षिण अफ्रीका के पहले अक्षर से मिलकर बना है। यह दुनिया की उभरती हुई अर्थव्यवस्था वाले देशों का संगठन है। इसकी स्थापना 16 जून 2009 को हुई थी। ब्रिक्स का मुख्यालय चीन के शंघाई शहर में स्थित है।

हम भारत पर लगाए कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो के आरोपों से.. निज्जर की हत्या को लेकर अमेरिका ने अब क्या कहा?

वाशिंगटन। भारत और कनाडा के बीच कूटनीतिक संबंध काफी तनाव भरे दौर से गुजर रहे हैं। कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप भारत पर लगाया है, जबकि भारत ने इसको बेतुका और राजनीति से प्रेरित बताया। वहीं, अब इस मामले में अमेरिका भी कूद पड़ रहा है और कनाडा का पक्ष ले रहा है। अमेरिका का कहना है कि वह खालिस्तान टाइगर फोर्स के प्रमुख हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत की संभावित संलिप्तता के कनाडाई पीएम ट्रूडो के आरोपों से बेहद चिंतित है। हम इस मामले की निरंतर और गहन जांच चाहते हैं। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि हम कनाडाई पीएम के द्वारा भारत पर लगाए गए आरोपों से बेहद चिंतित हैं। हम इस मामले को लेकर लगातार अपने कनाडाई सहयोगियों के संपर्क में हैं। मैथ्यू मिलर ने कहा कि हमारा मानना है कि कनाडा अपनी जांच को आगे बढ़ाए और अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाए। हमने निजी और सार्वजनिक तौर पर भारत सरकार से कनाडा का सहयोग करने का आग्रह किया है। कैलिफोर्निया का प्रतिनिधित्व करने वाले अमेरिकी सदन के सदस्य जिम कोस्टा ने भी निज्जर की हत्या पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि मैंने हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी के सदस्य के रूप में एक आधिकारिक ब्रीफिंग का अनुरोध किया है। हमें जांच को पूरी करनी चाहिए, ताकि हत्या करने वालों का पता लगा सके। इससे पहले, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा था कि वह कनाडाई पीएम के भारत पर लगाए आरोपों से बेहद चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने भारत सरकार से बातचीत की है। हम लगातार कनाडा के संपर्क में हैं। उन्होंने कहा कि निज्जर की हत्या के दोषियों को पता लगाया जाना चाहिए। हम जवाबदेही देखना चाहते हैं।

न्याय

कनाडा अपनी जांच को आगे बढ़ाए और अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाए।

गौरतलब है कि 18 जून को खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के सरे में एक गुरुद्वारे के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्या का आरोप कनाडाई पीएम ने भारत पर लगाया था। हालांकि, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने इसको राजनीति से प्रेरित करार दिया।

अफगानिस्तान के आतंकवादी ठिकानों पर हुई छापेमारी में कमांडर की मौत, पाकिस्तानी सैनिकों ने की थी रेड

इस्लामाबाद। पाकिस्तानी सैनिकों ने सोमवार को (25 सितंबर) अफगानिस्तान की सीमा के पास एक संदिग्ध आतंकवादी ठिकाने पर छापा मारा। सेना ने मंगलवार को इसकी जानकारी देते हुए बताया कि छापेमारी के दौरान गोलीबारी हुई, जिसमें तीन आतंकियों की मौत हो गई। एक सैन्य बयान के अनुसार, खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के एक जिले खैबर में सोमवार देर रात हुई गोलीबारी में मारे गए लोगों में एक आतंकवादी कमांडर भी शामिल था। हालांकि, सेना ने कोई अतिरिक्त विवरण नहीं दिया है। सेना ने बताया कि लक्षित आतंकवादियों ने पाकिस्तानी सैनिकों पर कई बार हमला किया।

बता दें कि पाकिस्तानी तालिबान को तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान या टीटीपी के नाम से भी जाना जाता है।

सेना ने पाकिस्तानी तालिबान के ठिकाने पर डाली रेड, गोलीबारी में तीन आतंकी ढेर

इस्लामाबाद। पाकिस्तानी सैनिकों ने अफगानिस्तान की सीमा के पास पूर्व पाकिस्तानी तालिबान के गढ़ में एक संदिग्ध आतंकवादी ठिकाने पर छापेमारी की। समाचार एजेंसी एपी के मुताबिक, इस दौरान गोलीबारी हुई और तीन आतंकवादी मारे गए। पाकिस्तानी सेना ने मंगलवार को इस बात की जानकारी दी।

एक सैन्य बयान के अनुसार, खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के एक जिले खैबर में सोमवार देर रात हुई गोलीबारी में मारे गए लोगों में एक आतंकवादी कमांडर भी शामिल था। सेना ने इस मामले में ज्यादा जानकारी नहीं दी है और कहा कि पहले इन आतंकवादियों ने ही पाकिस्तानी सैनिकों पर हमला किया था।

पाकिस्तानी तालिबान, जिसे तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान या टीटीपी के नाम से भी जाना जाता है, वह एक अलग समूह है, लेकिन अफगान तालिबान के साथ संबद्ध है। इसने दो साल पहले अफगानिस्तान पर कब्जा कर लिया था। अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे से पाकिस्तानी तालिबान का हौसला बढ़ गया है, जिसने पुलिस और सैनिकों के खिलाफ हमले तेज कर दिए हैं।

बता दें कि पिछले साल नवंबर में पाकिस्तानी सरकार और टीटीपी के बीच संघर्षविराम समाप्त होने के बाद पाकिस्तान में आतंकी गतिविधियों में तेजी आई है। इसका असर ज्यादातर खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में दिख रहा है। मालूम हो कि 2007 में कई सारे आतंकी गुट एक साथ आए और इनसे मिलकर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान बना था। तहरीक-ए-तालिबान यानी टीटीपी को पाकिस्तान तालिबान भी कहते हैं। इसका मकसद पाकिस्तान में इस्लामी शासन को लागू करना है। हालांकि, अगस्त 2008 में पाकिस्तानी सरकार ने टीटीपी को बैन कर दिया है। पाकिस्तान तालिबान और अफगानिस्तान के तालिबान से अलग है, लेकिन दोनों का मकसद एक ही है। दोनों ही सरकार को उखाड़ फेंकना चाहती है और कट्टर इस्लामिक कानून लागू करना चाहती है।

इमरान खान की उम्मीदों पर फिरा पानी, सिफर मामले में कोर्ट ने फिर बढ़ाई 14 दिन की न्यायिक हिरासत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के प्रमुख इमरान खान की मुश्किलें बढ़ गई हैं। सिफर मामले में कोर्ट ने उनकी जल्द रिहाई की उम्मीदों पर पानी फेरते हुए न्यायिक हिरासत को और 14 दिन के लिए बढ़ा दी है।

इमरान खान पर पिछले साल मार्च में वाशिंगटन में पाकिस्तानी दूतावास द्वारा भेजे गए एक केबल (सिफर) का खुलासा करके आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम का उल्लंघन करने का आरोप है। इसी सिलसिले में उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया था, जिसके बाद पिछले महीने उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। बता दें कि यह तीसरी बार है, जब इमरान खान को रिमांड पर जेल भेजा गया है। उनकी पिछली 14 दिनों की रिमांड आज खत्म हो जाएगी। स्पेशल कोर्ट के जज अबुल हसनत जुल्करनैन ने अटक जिला जेल में सुनवाई की। यहीं पर इमरान खान को तोशाखाना मामले में दोषी पाए जाने के बाद रखा गया है। कोर्ट ने सुनवाई करते हुए कहा कि जांच पूरी करने के लिए 10 अक्टूबर तक इमरान खान को न्यायिक हिरासत में रखा जाए। इसी के साथ, अदालत ने पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी की रिमांड भी इस अवधि के लिए बढ़ा दी है।

हालांकि, इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने सोमवार को इमरान को अटक जेल से रावलपिंडी की अदियाला जेल में स्थानांतरित करने का आदेश दिया था, लेकिन निर्देश को अब तक लागू नहीं किया गया। इससे पहले, अधिकारी ने सुरक्षा कारणों से मामले की सुनवाई जेल में करने की अनुमति दी थी।

एयर इंडिया कनिष्क विमान में विस्फोट करने वाले आतंकियों पर कनाडा की नरमी

नई दिल्ली। । लगभग 50 सालों से कनाडा की धरती पर खालिस्तान समर्थक स्वतंत्र रूप से काम कर रहा हैं, इसके बावजूद वहां की विभिन्न सरकारों ने अब तक इन आतंकियों की धमकी, हिंसा, मादक पदार्थों की तस्करी पर चुप्पी साधी हुई है। 1985 में जब खालिस्तानियों ने एयर इंडिया के विमान कनिष्क में ब्लास्ट किया, तब भी कनाडा ने इनके खिलाफ कोई सख्त रूख नहीं अपनाया। जिस समूह ने दुनिया के सबसे बड़े आतंकी हमले किए उसके खिलाफ कोई एक्शन क्यों नहीं लेता कनाडा? सवाल है कि आखिर कनाडा खालिस्तानियों के प्रति इतना नरम रवैया क्यों अपनाए हुए है?

सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि कनाडाई सुरक्षा एजेंसियों द्वारा की गई अनदेखी का ही परिणाम रहा कि कनिष्क विमान हादसे का मुख्य आरोपी तलविंदर सिंह परमार और उसके खालिस्तानी चरमपंथियों का समूह आसानी से बच निकला। विडंबना यह है कि परमार अब कनाडा में खालिस्तान समर्थक आतंकियों का हीरो बन चुका हैं। हालात ऐसे है कि प्रतिबंधित समूह सिख फॉर जस्टिस ने अपने अभियान केंद्र का नाम भी परमार के नाम पर रख डाला है। इससे खालिस्तानी चरमपंथियों का हौसला और बढ़ गया और कनाडा से इनका काम और तेजी से शुरू हो गया।

विमान

1985 में जब खालिस्तानियों ने एयर इंडिया के विमान कनिष्क में ब्लास्ट किया, तब भी कनाडा ने इनके खिलाफ कोई सख्त रूख नहीं अपनाया।

सूत्रों के मुताबिक, पिछले दशक में पंजाब में सामने आए आधे से ज्यादा आतंकी मामलों में कनाडा स्थित खालिस्तानी चरमपंथियों के लिंक सामने आए हैं। 2016 के बाद पंजाब में सिखों, हिंदुओं और ईसाइयों की कई लक्षित हत्याएं हुई, जिसके पीछे और कोई नहीं बल्कि खालिस्तानी अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर था। निज्जर की हत्या के बाद से ही भारत और कनाडा के बीच विवाद पैदा हो गया है।आज भारत और कनाडा के बीच पैदा हुई विवाद की जड़ निज्जर हत्याकांड है। सूत्र बताते है कि कनाडाई एजेंसियों ने कथित तौर पर कभी भी निज्जर और उनके दोस्तों के खिलाफ कोई जांच नहीं की। निज्जर के दोस्तों में भगत सिंह बराड़, पैरी दुलाई, अर्श डल्ला, लकबीर लांडा जैसे कई लोग शामिल थे। पंजाब में बढ़ती हत्याओं की संख्या के बावजूद ये सभी कनाडा में एक %राजनीतिक कार्यकर्ता% के तौर पर जाने जाते है। सूत्रों ने दावा किया है कि आज इस समय कनाडा से चलाए जा रहे जबरन वसूली रैकेटों के कारण पंजाब को भारी नुकसान हो रहा है। उत्तरी अमेरिकी देश में स्थित गैंगस्टर ड्रोन के माध्यम से पाकिस्तान से ड्रग्स को लाते हैं और फिर उसे पूरे पंजाब में बेचा जाता हैं।

आतंकियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह... भारत के बाद जस्टिन ट्रूडो के बयान पर भड़का श्रीलंका

न्यूयॉर्क। आतंकी हरदीप सिंह निज्जर के मौत पर भारत के खिलाफ बयान देकर कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो बुरे फंस चुके हैं। भारत ने एक तरफ जहां कनाडा के प्रधानमंत्री के जरिए दिए बयान का करारा जवाब दिया है। वहीं, इस मामले पर भारत को श्रीलंका का भी साथ मिल चुका है। श्रीलंका के विदेश मंत्री ने जस्टिन ट्रूडो के इस बयान की आलोचना की है। यह बात जगजाहिर है कि खालिस्तान समर्थक आतंकवादियों के लिए कनाडा एक सुरक्षित पनाहगार बन चुका है। इसी बात पर श्रीलंका के विदेश मंत्री अली साबरी ने भी इस बात पर सहमति जताई। उन्होंने भारत-कनाडा राजनयिक विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आतंकवादियों को कनाडा में सुरक्षित पनाहगाह मिल गई है।

रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं: डा. हिमा

रक्तदाताओं ने सौ यूनिट ब्लड का किया दान

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। इण्डियन रेडक्रास सोसायटी जौनपुर ईकाई एवं एस एन कालेज आफ फार्मेसी बाबूपुर लखौंवा के संयुक्त तत्वावधान में कालेज परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग सौ यूनिट रक्त का दान छात्र छात्राओं एवं क्षेत्रीय लोगों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि इण्डियन रेडक्रास सोसायटी की प्रदेश महासचिव डा. हिमा बिंदु नायक द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि एक व्यक्ति के रक्तदान करने से चार जिंदगियों को बचाया जा सकता है।रक्तदान महादान है धरती पर इससे बड़ा कोई दान नहीं। विशिष्ट अतिथि इण्डियन रेडक्रास सोसायटी के प्रदेश उप सभापति अखिलेंद्र शाही ने कहा रक्तदान के साथ ही अधिक से अधिक स्थानों पर प्रथम उपचार की व्यवस्था होनी चाहिए, उपसभापति शाही ने कालेज परिवार से प्रथम उपचार की व्यवस्था एवं उसकी ट्रेनिंग की व्यवस्था के लिए कालेज परिवार से आग्रह किया। जिससे की सही समय पर प्रथम उपचार मिलने से पीड़ित को बचाया जा सके। विशिष्ट अतिथि सीएमओ डा. लक्ष्मी सिंह द्वारा रक्तदान की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया गया। रेडक्रास सोसायटी जौनपुर ईकाई के सचिव डा. मनोज वत्स द्वारा जनपद में रेडक्रास द्वारा कराए गये वर्ष भर कराए गए कार्यों एवं आगामी योजनाओं की रुपरेखा पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। डा.वत्स ने कहा कि बहुत जल्द ही रेडक्रास का अपना ब्लड बैंक स्थापित हो जायेगा। रेडक्रास भवन पर गरीब मरीजों के लिए अल्ट्रा साउंड और सिटी स्कैन की व्यवस्था भी कम मूल्य पर की जाएगी। अतिथियों का स्वागत रेडक्रास के पदाधिकारियों एवं कालेज के डायरेक्टर संतोष अग्रहरि, अनूप सिंह, राजकुमार अग्रहरि द्वारा पुष्प गुच्छ एवं पौधा भेंटकर किया गया तथा स्मृति चिन्ह रेडक्रास के सदस्यों रवि सिंह, डीसीएफ चेयरमैन धन्नजय सिंह,अतुल सिंह, संजय उपाध्याय, विद्याधर राय विद्यार्थी, अनिल गुप्ता, प्रीती गुप्ता, रजनी सिंह, विजय मिश्रा,शिव नारायण सिंह, शशिकांत सिंह द्वारा प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा 05 उपस्थित चिकित्सकों को पल्स ऑक्सीमीटर दिया गया। रक्तदान करने वाली लड़कियों को हाइजीन किट भी वितरित किया गया।रक्तदान के साथ ही एक हेल्थ कैंप का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम का संचालन डा. संदीप पाण्डेय कोषाध्यक्ष रेडक्रास सोसायटी जौनपुर ईकाई द्वारा किया गया। इस अवसर पर, अमिता श्रीवास्तव,वंदना राव, प्रकांत दूबे, डा. स्वरूप चटर्जी, हिमांशु पाल, शेफाली अग्रहरी, प्रतीक्षा मिश्रा, देबाशीष जेना, जितेंद्र यादव, शुभम सिंह, साक्षी गुप्ता, ज्योति वर्मा, जीबा फातिमा अवन पांडेय सहित भारी संख्या में रक्तदाता छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं, सभी रक्तदाताओं को मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं रेडक्रास द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

नगर पालिका मौन, रात के अंधेरे में किया अतिक्रमण

सुल्तानपुर। जिला मुख्यालय सहित जिले के कस्बों बाजारों में सरकारी सार्वजनिक जमीनों पर दबंगों द्वारा अतिक्रमण लगातार किया जा रहा है।मुख्यालय स्थित जिला अस्पताल के सामने रातों-रात पटरी पर अतिक्रमण कर लिया गया। जिला अस्पताल के सामने खुली जूस की दुकानदार ने सबसे पहले नाली के ऊपर टाइल्स लगाकर उस पर अतिक्रमण किया ।फिर बाहर लगी पटरी को उखाड़ कर उस पर टाइल्स लगा दिया ।अब सफाई कर्मी यह नाली साफ नहीं कर सकता। क्योंकि नाली को ऊपर से मोरम मशाला लगाकर पूरा पैक कर दिया गया है। यह सब कुछ नगर पालिका के इशारे पर होता रहा ।रात में गुपचुप तरीके से जूस के दुकानदार ने अतिक्रमण करके पटरी को काली सड़क के ऊपर से ऊंचा कर दिया है। अब जब कभी पानी बहेगा तो सड़क पर ही जल भराव की समस्या पैदा कर देगा।

कृष्ण-रुक्मिणी विवाह की झांकी देखकर श्रोता हुए विभोर

अवधनामा संवाददाता

हवन भंडारे के साथ श्री मद्भागवत कथा का हुआ समापन

जौनपुर (महराजगंज)। अमारी स्थित अमरेश्वर महादेव मंदिर परिसर में सातवें दिन कृष्ण रुक्मणी विवाह के साथ श्रीमद् भागवत कथा का विश्राम हुआ और हवन व भंडारे का आयोजन हुआ। श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह झांकी देखकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए इस दौरान मुख्य यजमान जिलेदार सिंह व श्रद्धालुओं ने पांव पूजन तथा कन्यादान किया।अयोध्या से पधारे कथा व्यास श्री कृपालु दास जी महाराज ने सुदामा चरित्र सहित श्री मद्भागवत की महत्ता बताई।श्रोताओं को जीवन के उद्धार के लिए कलयुग में हरि कीर्तन करने को कहा व्यसन और फैशन को छोड़कर सत्संग को अपनाने का संदेश दिया।भगवान श्रीकृष्ण रूकमणि के विवाह की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। कथा स्थल पर रूकमणि विवाह के आयोजन ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। श्रीकृष्ण रूकमणि की वरमाला पर फूलों की बरसात हुई।कथा विश्राम के बाद यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया गया। कथा का संचालन अमर पाल सिंह व आयोजक समस्त ग्राम वासी रहे। मौके पर भूपनारायण सिंह,करन सिंह, त्रिभुवन, रामजीत, हौशिला प्रसाद, पूर्व प्रधान समर बहादुर सिंह, आरपी सिंह,डॉक्टर चंद्रशेखर,महंत सियाराम उपाध्याय, राम कृपाल उपाध्याय, ग्राम प्रधान अनिल सहित सैकड़ो श्रद्धालु मौजूद रहे।

चाक डाऊन हड़ताल से पढ़ाई लिखाई रही ठप

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (संयुक्त मोर्चा) के बैनर तले आयोजित चाक डाऊन हड़ताल में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ सेवारत के पदाधिकारियों एवं शिक्षक साथियों ने बढ़-चढ़कर अपनी हिस्सेदारी निभायी। संघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश सिंह के नेतृत्व में टी0डी0 इन्टर कालेज, प्रदेश उपाध्यक्ष डा0राकेश सिंह की अगुवाई में नेहरू इन्टर कालेज कुंवरदा, प्रधानाचार्य परिषद के जिलाध्यक्ष डा0 जंग बहादुर सिंह के नेतृत्व में जनक कुमारी इन्टर कालेज, मंडल अध्यक्ष सरोज कुमार सिंह के नेतृत्व में श्री गणेश राय इन्टर कालेज डोभी, जिलाध्यक्ष तेरस यादव के नेतृत्व में नगरपालिका इन्टर कालेज, कार्यवाहक अध्यक्ष डा0 अतुल कुमार सिंह के नेतृत्व में आदर्श इन्टर कालेज शम्भूगंज, जिलामंत्री ठाकुर प्रसाद तिवारी के नेतृत्व में इन्टर कालेज ईसापुर, कोषाध्यक्ष हसन सईद के नेतृत्व में शिया इन्टर कालेज सहित जनपद के सभी विद्यालयों में इकाई अध्यक्षों व मंत्री के नेतृत्व में पूर्णतया चाकडाऊन हडताल रही। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ सेवारत के प्रदेश अध्यक्ष रमेश सिंह ने सफल चाकडाऊन हडताल हेतु सभी शिक्षकों, प्रधानाचार्यो के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि जब तक प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षकों की सेवा सुरक्षा सम्बन्धी चयन बोर्ड अधिनियम की धाराओं- 12,18,21 को शामिल करते हुए अन्य शिक्षक समस्याओं का सम्मानजनक समाधान नहीं हो जाता, तब तक उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ सेवारत न केवल संघर्ष करता रहेगा, बल्कि संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर उसके सभी कार्यक्रमों , विरोध प्रदर्शनों में अपनी जोरदार उपस्थिति दर्ज कराते हुए शिक्षक विरोधी सरकारी नीतियों का पुरजोर विरोध करेगा। सफल चाक डाऊन हडताल हेतु सेवारत संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रमेश सिंह ने संयुक्त मोर्चे के सभी घटकों सहित हड़ताल में सम्मिलित सभी संगठनों, शिक्षकों, प्रधानाचार्यो, पदाधिकारियों सहित उ0प्र0 प्रधानाचार्य परिषद के प्रति अपना हार्दिक आभार व्यक्त हुए भविष्य में होने वाले संघर्षो में भी अपना सहयोग बनाए रखने की अपील की है। पूर्णतया चाकडाउन सफलता के लिए जनपद के विद्यालयों इण्टर कालेज समोधपुर, पब्लिक इण्टर कालेज शाहगंज, सुन्दर साव इण्टर कालेज जैगहाँ, सर्वोदय इण्टर कालेज मीरगंज, किसान इण्टर कालेज रसूहापरियत, इण्टर कालेज भवानीगंज, बयालसी इण्टर कालेज जलालपुर, पब्लिक इण्टर कालेज केराकत, इण्टर कालेज मनिहागोविन्दपुर, ग्रामोदय इण्टर कालेज गौराबादशाहपुर, सार्वजनिक इण्टर कालेज मुंगराबादशाहपुर, इण्टर कालेज मछलीशहर, मुक्तेश्वर प्रसाद बालिका इण्टर कालेज, बीआरपी इण्टर कालेज, सरस्वती इण्टर कालेज, ग्राम विकास इण्टर कालेज खुटहन, इण्टर कालेज रानीपुर सहित जनपद के सभी विद्यालयों के सम्मानित शिक्षकों जिलाध्यक्ष तेरस यादव ने आभार व्यक्त किया।

बीमार व्यक्ति के इलाज फार्मासिस्ट का अहम रोल

अवधनामा संवाददाता

विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर हुए कई आयोजन

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के फार्मेसी संस्थान में विश्व फार्मासिस्ट दिवस के उपलक्ष्य में चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने सोमवारको कई प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार ने कहा कि बीमार व्यक्ति के इलाज में डॉक्टर के साथ ही फार्मासिस्ट का भी योगदान होता है । मरीज को स्वास्थ्य सेवा का लाभ देने में फार्मासिस्ट महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में रहते है। इन्ही फार्मेसिस्टों पर ध्यान आकर्षित करने के उद्देश्य से हर साल 25 सितंबर को दुनियाभर में विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया जाता है। इसअवसर पर डॉ झांसी मिश्रा ने कहा कि फार्मासिस्ट, हेल्थ केयर प्रोफेशनल्स हैं, जो रोगियों या कस्टमर को डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन के द्वारा मेडिसिन्स उपलब्ध कराते हैं और सलाह देते हैं। फार्मासिस्ट की भूमिका केवल दवा खरीदने और बेचने तक ही सीमित नहीं है।इस अवसर पर आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में आदर्श तिवारी बीफार्म द्वितीय वर्ष, रस्साकशी में प्रद्यन्न बीफार्म तृतीय वर्ष,पोस्टर में सत्यम सिंह डीफार्म द्वितीय वर्ष, निबंध में आस्था गुप्ता बीफार्म तृतीय वर्ष, रंगोली में उत्कर्ष त्रिपाठी डी.फार्म द्वितीय वर्ष पहले स्थान पर रहे।आयोजन संयोजक आलोक अवस्थी थे। इनके साथ राजा, रूपाली, सौरभ, शिवम, हर्षिता, आंचल, समरिद्धी, आदर्श, नितेश, वर्षा, किशन,दिलीप, ओमप्रकाश, सिंह दयाल, प्रमुख थे। इस अवसर पर डॉ. नृपेंद्र सिंह, डॉ.पूजा सक्सेना, डॉ. आशीष गुप्ता समेत विभाग के शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद थे।

डीएम ने दो विभागों का किया औचक निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। जिलाधिकारी अनुज कुमार झा के द्वारा सिचाई विभाग का औचक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी के द्वारा विभिन्न रजिस्टरों का अवलोकन किया गया। ई0सी0 प्रथम अरविन्द कुमार सिंह से सेवा पुस्तिका के सम्बन्ध में जानकारी ली, उन्होने पाया कि ए0इ0 अभिषेक श्रीवास्तव एवं एक्सईएन सिचाई विपीन कुमार की सेवा पुस्तिका अपडेट नही है जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जल्द से जल्द उक्त कार्य पूर्ण करें। कर्मचारियों की एनपीएस पुस्तिका भी अपडेट नही मिली जिस पर वरिष्ठ सहायक अनुपमा यादव को निर्देश दिया कि शीघ्र अतिशीघ्र कार्य को पूर्ण कराये। उन्होने सभी कर्मचारियों को निर्देश दिया कि कार्यालय में फाइलों का रख रखाव सुव्यवस्थित ढंग से किया जाए। कार्यालय में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। जिलाधिकारी ने एक्सईएन सिचाई विपीन कुमार को निर्देश दिया कि कार्यालय के ऐसे रिकार्ड ,अभिलेख जिनकी अवधि समाप्त हो गयी है उनको नियमानुसार निष्प्रयोज्य कराए।

जिलाधिकारी अनुज कुमार झा के द्वारा जिला क्षयरोग चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी के द्वारा उपस्थित रजिस्टर स्टाक पंजिका सहित विभिन्न रजिस्टर का अवलोकन किया गया। उन्होंने जिला क्षय रोग अधिकारी को निर्देश दिया कि सभी चिकित्साकर्मी समय से अस्पताल में उपस्थित हो तथा मरीजों का अच्छे से इलाज किया जाए। एक्सरे कक्ष के निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि पुरानी एक्सरे मशीन को निष्प्रयोज्य कराया जाये। फार्मासिस्ट कक्ष में जाकर दवाओं के उपलब्धता के सम्बंध में जानकारी प्राप्त की , फार्मासिस्ट के द्वारा बताया गया कि साइकलोंसेरीन और लीनोजाइट दवा उपलब्ध नहीं है जिस पर राज्य स्तरीय टीबी अधिकारी शैलेन्द्र भटनागर से दवाओं की जल्द से जल्द उपलब्धता के सम्बंध में वार्ता की। जिलाधिकारी के द्वारा लैब में जाकर प्रतिदिन की जाने वाली जांचों के सम्बंध में जानकारी ली गई, उन्हे अवगत कराया गया कि प्रतिदिन 40 जांचे की जाती है। जिलाधिकारी के द्वारा भर्ती मरीज सानिया के स्वास्थ्य के सम्बंध में भी जानकारी ली गई। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि क्षय रोग मरीजों को समाजसेवी संगठन गोद लें तथा उन्हें आवश्यक पोषण उपलब्ध कराएं। इस अवसर पर एसीएमओ डॉ राजीव यादव, डा राकेश सिंह सहित अन्य अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

एनटीपीसी रिहंद में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन

सोनभद्र/बीजपुर। एनटीपीसी रिहंद में गणेश उत्सव के अवसर पर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन तरंग प्रेक्षागृह में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक (रिहंद) श्री संजीव कुमार ने सह अतिथि अध्यक्षा (वर्तिका महिला मण्डल समिति) श्रीमती माया सिंह, महाप्रबंधक (क्षेत्र) श्री आलोक कुमार, महाप्रबन्धक (ई एंड एम) श्री रंधीर सिंह, प्रोजेक्ट ऑफिसर श्री एम के लाल के साथ परंपरागत रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। सभागार में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुये श्री संजीव कुमार नें कहा कि गणेश उत्सव के पावन पर्व पर यह सांस्कृतिक संध्या रिहंद वासियों के लिए आयोजित की गयी है। एनटीपीसी रिहंद कर्मचारियों के कार्यजीवन के संतुलन को बनाए रखने के लिए वर्ष में कई बार ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करता रहता है।

रोजगार पंजीकरण का किया उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। आज रोजगार पंजीकरण का फीता काटकर शुभारम्भ एवं माता सरस्वती को दीप प्रज्वलित करके संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माव श्री राममूर्ति जी ष्सहायक निदेशकष् सेवा योजन (एम्प्लॉयमेन्ट) (आजमगढ़ मण्डल) आजमगढ़ एवं विशिष्ट अतिथि सीओ सदर श्री जीतेन्द्र प्रताप सिंह,ऐ आर ओ जिलापूर्ति कार्यालय ,श्री मनोज सिंह पूर्ति निरीक्षक मिर्जापुर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। संयुक्त रूप से मुख्य अतिथि एवं विशिस्ट अतिथियों द्वारा संतोष सिंह समेंदा द्वारा आजमगढ़ जनपद से किये जा रहे ऐतिहासिक पहल पर शुभकामनाये एवं सफल हो मिशन ऐसा आशीर्वाद प्रदान किया। एस के ग्रुप आजमगढ़ की एक विंग एस के इंटरप्राइजेज रोजगार सेवा के माध्यम से लोकल महानगर मुंबई दिल्ली चेन्नई गुड़गांव बंगलौर आदि राज्यों में रोजगार दिलाने हेतु जनपद से इसका पहल किया जा रहा है ताकि आर्थिक रूप से आजमगढ़ में मजबूती और युवाओं के अंदर एक नई स्फूर्ति जागृत हो।

आर्थिक रूप से जूझ रहे युवाओं को आत्म बल मिले। प्रेस वार्ता के दौरान एस के रोजगार के मुखिया संतोष सिंह ष्समेंदाष् से बात-चित के दौरान उन्होंने बताया की कोरोना काल खंड के दौरान मेरा आजमगढ़ लगभग उजड़ सा गया है गरीबी रेखा के निचे जीवन यापन की स्थिति है हर ओर बेरोजगारी ही नजर आरही है। आर्थिक पीड़ा को तो हम बयां नहीं कर सकते है इसी दर्द को ध्यान में रखकर रोजगार सेवा की शुरुआत करने जा रहे है जिसमे 18 से 35 के युवाओं एवं 36 से 50 के व्यक्तियों / महिलाओं के रोजगार और युवतियो लिए पार्ट टाइम जॉब का प्रारम्भ करना है स उन्होंने कहा की इतना बड़ा शुरुआत करना किसी अकेले व्यक्ति के बस की बात नहीं स इसमें हमारे मुख्य मार्गदर्शक - एड. महेन्द्र प्रताप सिंह, एड. संजय सिंह इलाहाबाद हाईकोर्ट, एड. अशोक सिंह सेल्सटैक्स आजमगढ़, एड. भूपेंद्र नाथ सिंह कलेक्ट्रेट, एड. शरद राय सिविलकोर्ट, आनन्द सिंह परिहार मुंबई, प्रतिनिधि धर्मेन्द्र सिंह दिनेश चंद्र सैनी, किशन जायसवाल, संतोष चतुर्वेदी, डॉ अखिलेश उपाध्याय, शिवम तिवारी एस.एन.आर. डी. स्कूल, जगदम्बा उपाध्याय, शैलेश सिंह दिल्ली, अशोक सिंह राजेश अस्थाना, प्रवीण शर्मा, संजय सिंह संजय पाण्डेय ,संजीव तिवारी विनोद सिंह ब्यूरो चीफ आज जीतेन्द्र कुमार ब्यूरो चीफ आर वी 9 न्यूज़, आदि है

शहीद रामाश्रय यादव यादव की 31वीं पुण्यतिथि मनाई गई

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। शहीद रामाश्रय यादव की 31 वीं पुण्यतिथि शनिवार को प्राथमिक विद्यालय पल्थी में संकल्प दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत दीदारगंज विधानसभा विधायक कमलाकांत राजभर व परियोजना अधिकारी गाजीपुर राजेश कुमार यादव ने संयुक्त रूप से शहीद रामाश्रय यादव के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया।

समारोह की अध्यक्षता कर रहे राम पलट यादव एडवोकेट ने कहा कि फूलपुर तहसील के हडवां गांव में रामाश्रय यादव पुत्र राम केवल यादव ने सन 1959 में जन्म लेकर अपनी प्रतिभा काबिलियत के बलपर एल एल एम की परीक्षा पास कर 1982 में न्यायिक मजिस्ट्रेट के पद पर कार्यरत हुए। तथा 5 वर्ष की सेवा पूरी करते हुए रामाश्रय यादव ने आईपीएस की परीक्षा पास कर 1987 में आतंकवाद उन्मूलन दस्ता में पुलिस उपाधीक्षक के पद पर नैनीताल के बाजपुर तहसील में तैनात किए गए। 23 सितंबर 1992 को आतंकवादियों द्वारा बिछाई गई सुरंग के विस्फोट में राम आसरे यादव शहीद हो गए थे। जिनके स्मृति में समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष पुण्यतिथि व श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम का आयोजन अभिमन्यु यादव व शहीद के छोटे भाई राजेश कुमार यादव परियोजना अधिकारी गाजीपुर ने किया। इस दौरान विधायक कमलाकान्त राजभर ने कहा कि रामाश्रय अपने कर्तव्य पालन के दौरान देश के लिए शहीद हुए थे, युवाओं को रामाश्रय से प्रेरणा लेनी चाहिए। आज भी रामाश्रय यादव का परिवार देश की सेवा में लगा हुआ है।

इस अवसर पे आइडियल जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव साहित्यकार संजय कुमार पांडे ने अपने शेरो शायरी के माध्यम से अमर शहीद रामाश्रय यादव को श्रद्धांजलि दी।

इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के पूर्व प्रकाशन मंत्री रामनयन यादव ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा की अमर शहीद कभी मरते नहीं वह अमर है क्षेत्र की जनता को उन पर गर्व है। पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा ने पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि अमर शहीद रामाश्रय यादव के साथ बिताया हुआ पल को बताते हुए कहा कि जिस बहादुरी से उन्होंने आतंकवादियों का सफाया किया हम उन्हें नमन करते हैं।

धूमधाम से मनाई गई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

अवधनामा संवाददाता

अतरौलिया। बड़े ही धूमधाम से मनाई गई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती। बता दे की आज सोमवार को अतरौलिया स्थित भारतीय जनता युवा मोर्चा कार्यालय पर युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष नीरज तिवारी के नेतृत्व में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान उनके चित्र पर लोगों ने पुष्प अर्पित कर उनके विचारों को बताया। नीरज तिवारी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने एकात्म मानववाद पर विशेष जोर दिया। समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को मुख्य धारा से जोड़ने की कोशिश की। आज भाजपा उन्हीं के आदर्शो पर चल रही है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय मानव जाति को सर्वश्रेष्ठ माना और सभी को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया। दीनदयाल जी ने छात्र जीवन से ही पूरा जीवन राष्ट्र के लिए समर्पित कर दिया था। दीनदयाल जी बचपन से ही राष्ट्र भक्ति की भावना से ओतप्रोत थे।इस मौके पर विक्रम बहादुर सिंह, विपिन पाठक, अंकित शुक्ला, सतीश तिवारी ,वरुण चतुर्वेदी ,अनिल पाठक समेत लोग मौजूद रहे।

ग्राम पंचायत जराखर को मिला आईएसओ प्रमाण पत्र

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर। ग्राम पंचायत जराखर को अन्तरराष्ट्रीय मानकीयकरण का आईएसओ 9001:2015 प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ जो उच्च गुणवत्ता के लिए दिया जाता है।

यह प्रमाण पत्र जिलाधिकारी हमीरपुर के द्वारा ग्राम प्रधान जराखर कमलेश को दिया गया। यह प्रमाण पत्र जराखर को बुन्देलखण्ड को प्रथम स्थान पर एवं उत्तर प्रदेश द्वितीय स्थान पर मिला है। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर शुक्ला, अपर जिलाधिकारी नामामि गंगे राजेश यादव, उपनिदेशक कृषि हरि शंकर भार्गव, एवं अर्न्तराष्ट्रीय मानकीकरण के अधिकारी रामधन गौतम, अमित कुमार,पयूष सचान सहित उपस्थित रहें।

गौड़ जनजाति संघर्ष समिति द्वारा ध्यान आकर्षण हेतु किया धरना प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। गौड़ जनजाति संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों प्रतिनिधियों ने कई बार जिलाधिकारी से संपर्क कर अनुरोध किया की तहसीलों में गोद जनजाति के साथ न्याय नहीं किया जा रहा है। शासनादेश हो अथवा आपका आदेश किसी का भी पालन नहीं किया जा रहा है हर तहसील में गौड़ जनजाति के अलग-अलग व्याख्या की जा रही है पूर्व के कई जिला अधिकारियों द्वारा जनपद के समस्त तहसीलदारों एवं गौड़ जनजाति संघर्ष समिति के पदाधिकारी की वार्ता करते हुए दो पक्षी वार्ता समस्या का समाधान कराया गया था। वर्तमान में आपकी अध्यक्षता में एक बार पुणे तहसीलदारों एवं गोंड जनप्रतिनिधियों की द्विपक्षी वार्ता के लिए आपसे अनुरोध किया गया जिससे गौर समाज का पक्ष आपके समक्ष प्रस्तुत कर एवं आपको संतुष्ट कर एक सुसंगत आदेश पारित कराया जा सके। परंतु आप द्वारा अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया। जिससे गोड समाज में काफी निराशा व्याप्त हो रही है जिला प्रशासन के ध्यान आकर्षण के लिए पूर्व सूचना अनुसार मांग पत्र के साथ जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष शांतिपूर्ण प्रदर्शन एवं धरना सभा किया जा रहा है उन्होंने जिलाधिकारी से अनुरोध किया है कि जनपद के समस्त तहसीलदार एवं संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों के बीच वार्ता करने के पश्चात एक सुसंगत आदेश जारी कर गौड़ जाति को न्याय दिलाने की मांग किया है। उनकी जानकारी सवाल प्रसाद गौड़ संरक्षक द्वारा एक बयान में बताया गया।

स्वास्थ्य विभाग में रिक्त पदों की हो भर्ती

अवधनामा ब्यूरो

सोनभद्र। प्रदेश सरकार बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए प्रदेश के तमाम विभागों में रिक्त पदों को भरने के लिए पूरा ब्यौरा मांगा है। ताकि उसकी भर्ती प्रक्रिया को चालू कर अधिकाधिक बेरोजगारों को रोजगार दिया जा सके। लेकिन स्वास्थ्य विभाग सोनभद्र द्वारा अभी तक प्रदेश शासन के अपने यहां रिक्त पदों का ब्यौरा नहीं दिया है। जिसकी जानकारी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ के पूर्व जिलाअध्यक्ष प्रत्याशी पुष्पेन्द्र शुक्ला ने सदर विधायक भूपेश चौबे को दिया है। जिले में बढ़ती बेरोजगारी को देखते हुए सदर विधायक ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर इस समस्या से अवगत कराते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश शासन एवं सरकार के उच्चतम स्तर को भ्रमित करने के उद्देश्य से बी0सी0जी0 टेक्नीशियन के पदों को एवं कुष्ठ संवर्ग के पदो को अनुपयोगी बताकर संवर्ग को मृत घोषित कराने के महानिदेशालय के विवादित एवं पूर्वाग्रह से ग्रसित प्रस्ताव पत्र संख्या-11 /202025/2629, 18 मार्च,20021 के द्वारा तर्कहिन, आधारहीन एवं मिथ्या तथ्यों पर आधारित प्रस्ताव को उत्तर प्रदेश शासन में परीक्षणोपरान्त औचित्तहिन पाते हुए अपने पत्र 06 अगस्त,2023 द्वारा निरस्त कर दिया गया है। साथ ही पुनः औचित पूर्ण प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराये जाने का निर्देश भी जारी किये हैं। जबकि पूर्व में जनप्रतिनिधियों द्वारा पहले भी आप को पत्र विस्तारपूर्वक साक्ष्य सहित अवगत कराया जा चुका है कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2008 में शासनादेश जारी करके बी0सी0जी0 टेक्नीशियन वर्ग के नये कार्य एवं दायित्व निर्धारित कराये जाते है। तत्पश्चात इन पदों को और कुशल बनाने के उद्देश्य से प्रदेश कैबिनेट की स्वीकृति से वर्ष 2017 में सेवा नियमावली के प्रथम संशोधन के फलस्वरूप सरकार द्वारा स्वयं मेडिकल फैकल्टी उत्तर प्रदेश के माध्यम से लगभग 11 सरकारी एवं निजी कालेजों में वर्ष 2018 से दो वर्षिय डिप्लोमा कोर्स प्रारम्भ कराया गया।

भाजपा महानगर अध्यक्ष एवं उनके पति ने किया गणेश पूजन

अवधनामा संवाददाता

खिरनीबाग रामचरन लाल धर्मशाला में चल रहा गणेश महोत्सव

शाहजहॉपुर। गणेश महोत्सव का आयोजन हर वर्ष महाराष्ट्र मण्डल के द्वारा मनाया जाता है। गणेश महोत्सव के आयोजन अर्न्तगत 19 सितम्बर को राम चरन लाल धर्मशाला खिरनीबाग में स्थापना की गयी। नौ दिवसीय गणेश महोत्सव के अर्न्तगत प्रतिदिन आरती पूजन विधिवत मन्त्रोंचर द्वारा आचार्य हरकेश शुक्ला के द्वारा सम्पन्न कराया जा रहा है। भगवान श्री गणेश जी का पूजन भाजपा महानगर संयोजक शिल्पी गुप्ता एवं उनके पति आशीष गुप्ता ने किया गणेश महोत्सव महाराष्ट्र मण्डल के साथ साथ जनपद के भक्तों ने भी हिस्सा लेकर बडी श्रद्धा भक्ति के साथ पूजन सम्पन्न कराया। उक्त आयोजन में 9 दिन से लगातार आरती पूजन के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं संपन्न कराई गई भगवान श्री गणेश महोत्सव के आयोजन के समापन पूर्व श्रद्धालुओं ने महाराष्ट्र मण्डल के साथ हवन आरती पूजन किया। हवन आरती पूजन के उपरान्त वृहद्ध स्तर पर भण्डारा का आयोजन किया गया। जिसमें सैंकडों भक्तों ने भण्डारा का प्रसाद ग्रहण किया। भगवान श्री गणेश की शोभा यात्रा कल 27 सितम्बर बुधवार को साय चार बजे से नगर के विभिन्न मार्गो जिसमें प्रमुख रूप से राम चरन लाल धर्मशाला से प्रारम्भ होकर सदर कोतवाली के सामने से सदर बाजार बहादुर गंज घण्टाघर चौक कोतवाली से चारखम्भा मार्ग होते हुए रात्रि आठ बजे तक गर्रा घाट पर विसर्जित की जायेगी। भगवान श्री गणेश की शोभा यात्रा बडी श्रद्धा भक्ति के साथ निकाली जायेगी। जिसमें जगहों जगहों पर मटकी फोडने का कार्यक्रम भी किया जायेगा। आज के आयोजन में भगवान श्री गणेश का पूजन आरती के साथ भण्डारा का शुभारम्भ व आयोजन नीरज बाजपेयी ने भगवान श्री गणेश का भोग लगाकर शुरू कराया। सफल आयोजन मे मुख्य रूप से अर्जुन सूर्यवशी सुदामा शिदें अनिल कदम नंदा सूर्यवशी वंदना कदम नन्दा शिदे हर्षित गुप्ता आशीष गुप्ता अक्षय कदम योगेश कदम आदि का सहयोग रहा।

उत्तर प्रदेश के हापुड में नई फैक्टरी का होगा निर्माण

25,000 वर्ग मीटर की फैक्ट्री और 200 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश का ऐलान

लखनऊ। सर्वोकॉन सिस्टम्स लिमिटेड, भारत की प्रमुख बिजली संशोधन उपकरण और ट्रांसफार्मर निर्माता कंपनी, ने यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2023 के मौके पर एक महत्वपूर्ण घोषणा करने का मौका चुना है, जो भारत एक्सपो सेंटर और मार्ट, ग्रेटर नोएडा, 21 से 25 सितंबर को हो रहा है। कंपनी अब हापुड, उत्तर प्रदेश में एक नई नवीनतम विनिर्माण सुविधा स्थापित करने के लिए एक बड़े पैमाने पर निवेश का चयन किया है, जिसमें 200 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश हो रहा है। इस नई नवीनतम सुविधा के लिए मूल स्तंभ का शिलान्यास जल्द ही किया जाने वाला है, जो सर्वोकॉन के 35 साल के उद्घाटन के महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताता है।

सर्वोकॉन सिस्टम्स लिमिटेड के संस्थापक और प्रबंध निदेशक श्री हाजी कमरुद्दीन ने विस्तार और क्षमता में अपनी उत्साहज भावना व्यक्त की और बताया, ÷यह विस्तार सर्वोकॉन के सफर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। हमें इस नई नवीनतम विनिर्माण सुविधा का परिचय करके खुशी है, जिससे हमारी उत्पादन क्षमता को 220 किलोवोल्ट क्लास ट्रांसफार्मर्स तक निर्माण करने की समर्थना मिलेगी और पूरी तरह से घरेलू तौर पर सोलर पैनल निर्माण की जा सकेगी। सर्वोकॉन पर, हमारा अटल प्रतिबद्धता उत्कृष्टता के प्रति हमें प्रेरित करती है, और यह निवेश हमारे उद्घाटन ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद प्रदान करने के प्रति हमारी समर्पण को पुनः पुष्टि करता है। नई फैक्टरी, जिसका आकार लगभग 25,000 वर्ग मीटर है, सर्वोकॉन की उत्पादन क्षमता को बढ़ावा देगी और स्थानीय अर्थव्यवस्था को रोजगार के अवसर पैदा करके योगदान करेगी। इस रणनीतिक विस्तार से कंपनी की क्षमताएँ मजबूत होने की उम्मीद है, जिससे 220 किलोवोल्ट क्लास तक के ट्रांसफार्मर्स का निर्माण किया जा सकेगा और पूरी तरह से घरेलू तौर पर सोलर पैनल निर्माण के लिए एक नई प्लांट का मार्ग बनेगा। सर्वोकॉन बिजली संशोधन और वोल्टेज स्थिरकरण के क्षेत्र में अपनी स्थिति को मजबूत करने का काम जारी रख रहा है। हमारी नवीनतम प्रयासों में नवीनतम प्रौद्योगिकियों और पर्यावरण के दोस्ताना प्रौद्योगिकियों को प्रस्तुत करने के माध्यम से हम समृद्धि का बढ़ावा देने के लिए संकेत करते हैं। हमारा नवीनतम सुविधा पर निर्माण की शुरुआत के इस उत्सवी क्षण का बेताबी से इंतजार है और उम्मीद है कि यह उद्योग और हापुड, उत्तर प्रदेश समुदाय पर सकारात्मक प्रभाव डालेगा। यह विस्तार सर्वोकॉन की शक्ति संशोधन क्षेत्र में नवाचार और उत्कृष्टता के प्रति पुनर्निश्चित करता है और हरित ऊर्जा और नवाचारी विद्युत शक्ति क्षेत्र में सतत परिवर्तन को नेतृत्व करने की विशेष समर्पण की पुनर्निश्चित करता है। उनका ध्यान कटिंग-एज समाधानों और पर्यावरण में मित्रपूर्ण प्रौद्योगिकियों को प्रस्तुत करने पर है, सर्वोकॉन हमेशा सभी के लिए एक और बेहतर, स्वच्छ भविष्य बनाने का काम करता जाता है।

एम1एक्सचेंज की मदद से एमएसएमई और बड़े कॉरपोरेट अपनी कार्यशील पूंजी बढ़ाएंगे

लखनऊ। भारत के अग्रणी ट्रेड रिसीवेबल्स डिस्काउंटिंग प्लेटफॉर्म, एम1एक्सचेंज ट्रेड्स द्वारा कोलेटरल-फ्री इनवॉइस डिस्काउंटिंग का लाभ बड़ी संख्या में एमएसएमई को मिल रहा है। यह प्लेटफ़ॉर्म विभिन्न फ़ाइनेन्सर्स द्वारा एक ऑनलाइन बिडिंग प्रक्रिया के माध्यम से एमएसएमई विक्रेताओं को 24 घंटे के अंदर उनके चालान पर लिक्विडिटी प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह भारत की एमएसएमई के लिए क्रेडिट की कमी को दूर करने का एक अत्यधिक प्रभावशाली एवं कुशल समाधान है। इस प्लेटफ़ॉर्म से 55 से ज़्यादा बैंक और एनबीएफसी जुड़े हुए हैं। एम1एक्सचेंज पर पंजीकरण कराने के बाद एमएसएमई को अपने चालान पर बिना किसी ठोस कोलेटरल या सिक्योरिटी और बिना किसी रिकोर्स शुल्क के डिजिटल रूप से वित्त प्राप्त हो जाता है। एमएसएमई, ख़रीददारों की क्रेडिट रेटिंग के आधार पर कम ब्याज दर पर अपने चालान डिस्काउंट करा पाते हैं।

ट्रेड्स एक इनोवेटिव प्रणाली है, जिसकी परिकल्पना एवं नियमन रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) द्वारा किए गए हैं। इस प्रणाली द्वारा माईक्रो, स्मॉल और मीडियम उद्यम (एमएसएमई) बहुत ही प्रतिस्पर्धी दरों पर वित्त प्राप्त करके अपने सामने विलंबित भुगतानों के कारण आने वाली चुनौतियों का समाधान कर सकते हैं। एमएसएमई द्वारा जारी की गई इनवॉईसेज़ को कॉर्पोरेट खरीददार स्वीकार करते हैं, और उन पर एक नीलामी प्रक्रिया द्वारा बाजार में निर्धारित ब्याज दरों पर पूंजी प्रदान करते हैं। इस नीलामी प्रक्रिया में कई वित्तीय संस्थान बोली लगाते हैं। इससे व्यवसायों को अपने भुगतान नियत तिथि से पहले करने में मदद मिलती है, और वो अपने सप्लायर से ज्यादा बेहतर मोलभाव करने में समर्थ बनते हैं, ताकि वो वस्तु व सेवाएं और कम मूल्यों में प्राप्त कर सकें। एम1एक्सचेंज निर्माण, बुनियादी ढांचे, कृषि, स्टील, पॉवर, कैमिकल्स, डेयरी आदि अनेक उद्योगों में कई सारे एमएसएमई को सहयोग कर रहा है। ये औद्योगिक सेक्टर बड़ी संख्या में रोजगार प्रदान करते हैं और देश के जीडीपी में बड़ा योगदान देते हैं। उनकी कार्यशील पूंजी की जरूरतों को हल करने से एमएसएमई और बड़े कॉर्पोरेट, दोनों ही अपने व्यवसाय को तेजी से बढ़ाने और पूरे विश्व में विस्तार करने में समर्थ बनेंगे।

सेबी ने फिर बढ़ाई डीमैट खातों में नॉमिनी को जोड़ने की आखिरी तारीख

नई दिल्ली। डीमैट अकाउंट में नॉमिनी के जोड़ने की आखिरी तारीख को सेबी ने आज आगे बढ़ा दिया है। सेबी ने मौजूदा डीमैट खाताधारकों के लिए नॉमिनी का विकल्प प्रदान करने या फिर नॉमिनी को ना रखने की समय सीमा को तीन महीने बढ़ाकर 31 दिसंबर तक करने की घोषणा की है। इसके अलावा, व्यापार करने में आसानी हो इसलिए सेबी ने ट्रेडिंग खातों के लिए नॉमिनी का विकल्प प्रस्तुत करना ऑप्शनल बना दिया गया है। सेबी ने इससे पहले मौजूदा पात्र ट्रेडिंग और डीमैट खाताधारकों के लिए नॉमिनी का विकल्प प्रदान करने की समय सीमा 30 सितंबर तक तय की थी। इस कदम का उद्देश्य निवेशकों को उनकी संपत्ति सुरक्षित करने और उन्हें उनके कानूनी उत्तराधिकारियों को सौंपने में मदद करना है। सेबी ने एक सर्कुलर जारी करते हुए कहा कि डीमैट खातों के संबंध में, नॉमिनी की पसंद जमा करने की अंतिम तिथि को 31 दिसंबर, 2023 तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

बंधन म्यूचुअल फंड ने बंधन रिटायरमेंट फंड के लॉन्च की घोषणा की

लखनऊ। बंधन म्यूचुअल फंड ने बंधन रिटायरमेंट फंड के लॉन्च की घोषणा की जिसका उद्देश्य निवेशकों को उनके सेवानिवृत्ति लक्ष्यों को पूरा करने में मदद करने के लिए इक्विटी, डेट और अन्य निवेश माध्यमों के मिक्स में निवेश करके लंबी अवधि में निवेश किए गए पैसे पर अच्छा खासा रिटर्न प्रदान करना है। फंड की प्रभावशाली एसेट आवंटन रणनीति निवेशकों को बाजार में गिरावट के दौरान संभावित गिरावट को कम करते हुए इक्विटी बाजार में तेजी से भाग लेने का अवसर प्रदान करती है। नया फंड ऑफर गुरुवार, 28 सितंबर, 2023 को निवेश के लिए खुलेगा और गुरुवार, 12 अक्टूबर, 2023 को बंद होगा। बंधन रिटायरमेंट फंड में निवेश लाइसेंस प्राप्त म्यूचुअल फंड वितरकों और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के साथ-साथ सीधे बंधनम्यूचुअल.कॉम पर किया जा सकता है। रिटायरमेंट को लेकर योजना बनाना एक महत्वपूर्ण लक्ष्य क्यों है के बारे में उपयोगी जानकारी देते हुए श्री विशाल कपूर सीईओ, बंधन एएमसी लिमिटेड ने कहा कि आम लोगों की औसत आयु में लगातार बढ़ोतरी, जीवन यापन की बढ़ती लागत और बढ़ती हेल्थकेयर मुद्रास्फीति निवेशकों की बचत को कम कर सकती है, जिससे रिटायरमेंट की योजना बनाना प्रासंगिक हो जाता है। उनका कहना है कि आम तौर पर रिटायरमेंट योजना बनाने के लिए रूढ़िवादी दृष्टिकोण वाले निवेशक मुद्रास्फीति को मात देने के लिए संघर्ष करते हैं और अपने खर्चों को पूरा करने के लिए धन की कमी का सामना करते हैं। हालांकि रिटायरमेंट के बाद समान जीवन स्तर बनाए रखना जरूरी है, लेकिन तैयारियों की कमी एक बड़ी रिटायरमेंट फंड बनाने की यात्रा को पटरी से उतार सकती है। म्यूचुअल फंड रिटायरमेंट योजना के लिए एक प्रभावी माध्यम है, जो सिस्टेमेटिक इनवेस्टमेंट प्लान के माध्यम से निवेश करने की लचीलापन प्रदान करता है। इसके साथ ही एकमुश्त माध्यम, अपेक्षाकृत हाई ग्रोथ क्षमता का लाभ प्रदान करता है।

मैक्स लाइफ ने लॉन्च किया अपना सिक्योर्ड अर्निंग्स एंड वेलनेस एडवांटेज प्लान सेवा

नई दिल्ली। मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने अपनी विशेष ऑफरिंग सिक्योर अर्निंग्स एंड वेलनेस एडवांटेज प्लान सेवा को लॉन्च किया है। यह इंडस्ट्री में अपनी तरह का पहला प्रोडक्ट है, जिसमें आधुनिक ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए हेल्थ, प्रोटेक्शन, सेविंग्स और वेलनेस से जुड़े फायदे एक साथ मिलते हैं। इसमें ऐसा प्लान मिलता है, जिसमें लाइफ कवर के साथ-साथ हॉस्पिटलाइजेशन, आईसीयू, सर्जरी, क्रिटिकल इलनेस और डिसएबिलिटी को भी कवर किया जाएगा। वित्तीय समावेशन की दिशा में महिलाओं और ट्रांसजेंडर के बीच इंश्योरेंस की पहुंच बढ़ाने के लिए इसमें ऐसे ग्राहकों को पहले साल के प्रीमियम में 5 प्रतिशत का डिस्काउंट दिया जाएगा। मैक्स लाइफ के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ प्रशांत त्रिपाठी ने कहा हम अपने ग्राहकों को व्यापक लाइफ इंश्योरेंस सॉल्यूशंस प्रदान करने में विश्वास रखते हैं। जीवन की बेहतर गुणवत्ता के लिए अच्छे स्वास्थ्य एवं वित्तीय सुरक्षा के बढ़ते महत्व को देखते हुए मैक्स लाइफ कस्टमाइज्ड प्रोडक्ट्स की जरूरत को समझता है। 'सेवा' एक अनूठा प्रोडक्ट है जिसमें हेल्थ, सिक्योरिटी और फाइनेंशियल स्टेबिलिटी के बेनिफिट्स एक साथ मिलते हैं। ग्राहकों को लेकर गहरी समझ के आधार पर विकसित 'सेवा' स्वस्थ एवं वित्तीय रूप से ज्यादा सुरक्षित भारत बनाने की मैक्स लाइफ की प्रतिबद्धता को दिखाता है।' इसके अतिरिक्त, इसमें ग्राहकों को मैक्स फिट वेलनेस डिजिटल एप का एक्सेस भी मिलेगा, जिसमें अतिरिक्त मैच्योरिटी बेनिफिट्स देते हुए लोगों को अनुशासित एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। ग्राहक एप पर रजिस्टर करके पहले साल के प्रीमियम में 5 प्रतिशत का डिस्काउंट भी प्राप्त कर सकते हैं। वे एप पर अपनी हेल्दी हैबिट्स को रिकार्ड कर सकते हैं और वेलनेस बूस्टर भी पा सकते हैं। मैच्योरिटी बेनिफिट्स के साथ वेलनेस बूस्टर्स का भी भुगतान किया जाएगा।

एस आर ग्रुप में प्रोजेक्ट प्रतियोगिता में 320 जीवंत मॉडल की प्रस्तुति हुई

लखनऊ। बख्शी तालाब स्थित एस आर ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन में आज इंजीनियर डे का आयोजन किया गया जिसमें एस आर ग्रुप के सभी वर्षों के छात्रों ने प्रतिभाग किया और अपने-अपने प्रोजेक्ट मॉडल को दर्शाया यह सभी मॉडल कार्य कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में माननीय एमएलसी पवन सिंह चौहान,डॉ अनुराग त्रिपाठी (ऐ के टी यू), डॉ शैलेंद्र सिंह (इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी) डॉ प्रियंका नायक (उद्यान भवन) डॉ विशाल सिंह चंदेल(निर्देशक ह्यूमैनिटीज, लखनऊ) ,डॉ पुनीत मिश्रा (प्रोफेसर लखनऊ यूनिवर्सिटी) , उमाकांत पांडे (अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग लखनऊ), डॉ संजय सिंह(प्रोफेसर आईआईएम) इत्यादि उपस्थित थे। एसआर के मैकेनिक के छात्रों ने रोबोट वॉर एवं रोबोट पथ कंट्रोलर, सिविल ब्रांच वालों ने सस्पेंशन ब्रिज एवं एस आर इंस्टिट्यूट का मॉडल, इलेक्ट्रॉनिक व इलेक्ट्रिकल वालों ने इसरो का प्रज्ञान रोवर, बायोटेक वालों ने जीनोम पर आधारित जीवन चक्र एवं वैक्सीन, फर्स्ट ईयर वालों ने स्मार्ट सिटी, एग्रीकल्चर वालों ने बिना मिट्टी के पानी के पाइप पर फल व सब्जी उगाई जाने की तकनीक के कई मॉडल प्रस्तुत की है जिसमें माननीय एमएलसी एवं आए हुए विशेषज्ञों ने मॉडलों की तारीफ की, एवं उनके प्रथम ,द्वितीय, तृतीय पुरस्कारों का वितरण किया संस्थान के निर्देशक बीपी सिंह संस्थान के एक्जीक्यूटिव निदेशक एसएस चौहान की की प्रबंधन में यह प्रोजेक्ट प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया माननीय एमएलसी ने सभी छात्रों से कहा कि हमारा देश एक युवा देश है इसकी 70% आबादी युवा है और अगले 20 से 25 सालों तक यह देश हुआ युवा रहेगा और भारत प्रथम तीन अर्थव्यवस्था में आने का सबसे बड़ा कारण भारत में होने वाली इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी की क्रांति एवं मैकेनिकल औद्योगिक क्रांति ही सुनिश्चित करेगी।

क्लियर प्रीमियम वॉटर ने एनयू का अनावरण करके भारत के प्राकृतिक मिनरल वॉटर लेन्डस्केप को उन्नत किया

लखनऊ। क्लियर प्रीमियम वॉटर ने भारत में अपने प्राकृतिक मिनरल वॉटर ब्रांड 'NubyClear' के लॉन्च पर एक महत्वपूर्ण घोषणा की है। क्लियर प्रीमियम वॉटर द्वारा प्रीमियम पेशकश के रूप में तैनात एनयू प्राकृतिक मिनरल वॉटर की एक रेन्ज है, जो पानी के मूल स्रोत से बोतलबंद की गई है, जो कैल्शियम, बाइकार्बोनेट, मैग्नीशियम, फ्लोराइड्स, सोडियम, क्लोराइड, पोटेशियम, नाइट्रेट्स और 7.70 ± क्षारीयता जैसे प्राकृतिक खनिज संरचनाओं की अच्छाई का दावा करती है। जो चीज़ वास्तव में इस ब्रांड को अलग करती है, वह है हिमालय के सार को समाहित करने का इसका असाधारण दृष्टिकोण 'दुनिया की उंचाई' से तत्वों को सीधे आपकी स्वाद इन्द्रियो तक लाना। भारतीय बाज़ार के लिए वास्तव में एक विशिष्ट कन्सेप्ट, जिसमें पूरी रेंज में चार आकर्षक डिज़ाइन शामिल हैं, जो आपको सीधे पहाड़ों के बीचों-बीच ले जाने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं।

एनयू दिल्ली/एनसीआर, मुंबई, गुजरात और उत्तर प्रदेश में उच्च स्तरीय भोजन प्रतिष्ठानों, शानदार होटल, ट्रेंडी कैफे, प्रसिद्ध रेस्तरां, विशेष क्लब, हवाई अड्डों और अन्य बहुत कुछ को शामिल करते हुए एक समझदार ग्राहक वर्ग को खुश करने के लिए तैयार है।

इनड्राइव का सेट योर प्राइस फीचर लखनऊ में कार राइड्स को बना रहा सरल

लखनऊ। दुनिया भर में दो अरब से अधिक राईड्स पूरी करने वाला ग्लोबल मोबिलिटी अर्बन सर्विसेस और कम्युनिटी डेवलपमेंट प्लेटफोर्म इनड्राइव किराए को लेकर यात्रियों और ड्राईवर को आपस में नेगोशिएट करने की अनुमति देकर राइड शेयरिंग इंडस्ट्री को प्रभावित कर रहा है। दिल्ली एनसीआर, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, चंडीगढ़, पुणे, अहमदाबाद, सूरत, लखनऊ, लुधियाना, जयपुर और भोपाल में उपलब्ध इनड्राइव ग्राहकों को अपनी सवारी का दाम तय करने की स्वतंत्रता दे रहा है। बाजार में

मौजूदा कमियों को दूर करने के लिए उचित समाधान बनकर इनड्राइव अन्याय को चुनौती दे रहा है और यह इसकी ग्लोबल एक्सपांशन स्ट्रेटेजी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है।

साउथ एशिया इनड्राइव की पीआर मैनेजर पवित नंदा आनंद ने कहा,हमारा ध्यान सभी प्रतिभागियों के लिए एक सुरक्षित और यूज़र फ्रेंडली वातावरण बनाने पर है। हमारे लिए सुरक्षा सर्वोपरि है, और हम अपने प्लेटफ़ॉर्म पर सुविधाजनक यात्राओं के दौरान सुरक्षा मानकों को बनाए रखने के लिए सक्रिय रूप से फीडबैक लेते रहते हैं।

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने 4×4 एक्सपेडिशन बाय टोयोटा×स्न39, के समापन की घोषणा की

होशियारपुर। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने उत्तर क्षेत्र में अपने ×स्न39;ग्रेट 4×4 एक्सपेडिशन बाय टोयोटा×स्न39; का सफलतापूर्वक समापन किया, जो रोमांचक ऑफ-रोड ऐडवेंचर के मिश्रण के साथ एक यादगार ड्राइव है। उत्तरी अभियान ×स्न39; ग्रेट 4×4 एक्सपेडिशन बाय टोयोटा ×स्न39; की श्रृंखला में नवीनतम है जिसकी शुरुआत दक्षिण भारत में एक क्षेत्रीय अभियान के साथ हुई थी और पश्चिमी क्षेत्रीय अभियान के माध्यम से जारी रही। इस अभियान ने 4×4 के उत्साहियों को लुभाया और यादगार अनुभव तैयार करने के प्रति टोयोटा की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया। यह अनुभवात्मक ड्राइव 22 सितंबर से 24 सितंबर 2023 तक होशियारपुर के सुरम्य परिदृश्य में शुरू चला, जिसमें साहस और ऑफ-रोडिंग उत्कृष्टता की अदम्य भावना का प्रदर्शन किया गया जो टोयोटा की 4×4 एसयूवी को परिभाषित करता है। उत्कृष्ट 4×4 एसयूवी का एक जोरदार काफिला रोमांचक साहसिक यात्रा पर निकल पड़ा था। इसमें प्रतिष्ठित हाइलक्स, मशहूर एलसी300, सर्वप्रिय फॉर्च्यूनर तथा अत्याधुनिक हाइराडर एडब्ल्यूडी (ऑल व्हील ड्राइव) शामिल थे। ये सब टोयोटा 4×4 एसयूवी, अपनी असाधारण ऑफ-रोड क्षमता और अत्याधुनिक तकनीक के लिए जानी जाती हैं और पूरी यात्रा के दौरान छाई रहीं, बेजोड़ प्रदर्शन रहा और पूरे ड्राइविंग अनुभव को उत्साह की एक ऊंची भावना से भर दिया। यह सब उत्पाद की ताकत उनकी विशिष्टता और विशेषताओं की बदौलत संभव हुआ।

अमेज़ॅन मिनीटीवी प्रस्तुत करता है, टीवीएफ की हूज़ योर गाइनैक?

मुंबई। अमेज़ॅन मिनीटीवी - अमेज़ॅन की मुफ्त वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा अपनी विविध सामग्री लाइब्रेरी में एक और शीर्षक जोड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार है। मिथक तोड़ने वालों के साथ हंसी की डोज़ पेश करते हुए, स्ट्रीमिंग सेवा ने आज एक हल्की-फुल्की वेब सीरीज - हूज़ योर गाइनैक? को निर्धारित किया है। यह शो एक नई प्रसूति एवं स्त्री रोग के पूरे सफर को विस्तार से बयां करेगा, जो पेशेवर और व्यक्तिगत दोनों में संतुलन स्थापित करने का प्रयास कर रही है। इसे द वायरल फीवर (टीवीएफ) द्वारा निर्मित किया गया और बनाया गया है, शो में सबा आजाद, करिश्मा सिंह और एरोन अर्जुन कौल को अहम भूमिका में देखा जाएगा। हू इज योर गाइनैक? 28 सितंबर को विशेष रूप से अमेज़ॅन शॉपिंग ऐप के अंदर अमेज़ॅन मिनी टीवी पर और फायर टीवी पर मुफ्त में स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध होगी। आप अमेज़ॅन मिनीटीवी को प्लेस्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं, या अमेज़ॅन शॉपिंग ऐप या फायर टीवी पर भी देख सकते हैं।

जबकि अमेज़ॅन मिनीटीवी आपको इस कॉमेडी ड्रामा को अपनी बिंगे लिस्ट में जोड़ने की सिफारिश करता है, यह आपको किसी भी चिकित्सीय सलाह के लिए एक योग्य पेशेवर स्त्री रोग विशेषज्ञ से परामर्श करने की भी सलाह देता है।

ट्रेलर डॉ. विदुषी (सबा) के जीवन को दर्शाता है, जो ÷बिना बच्चे वाली प्रसूति विशेषज्ञ÷ है, लेकिन अपने दो सबसे अच्छे दोस्तों स्वरा (करिश्मा) और मेहर (हारून) के साथ दुनिया में कदम रखने के लिए तैयार है। यह तीनों एक दूसरे से बिल्कुल अलग है; जबकि स्वरा मातृत्व को अपनाने के लिए पूरी तरह तैयार है और अपने बच्चे को जन्म देने के लिए एक अनुभवी प्रसूति-स्त्री रोग विशेषज्ञ की तलाश कर रही है, विदुषी अपने सबसे अच्छे दोस्त के बच्चे को जन्म देने के लिए उत्सुक है, जो इससे बिल्कुल सहमत नहीं है! दूसरी ओर, मेहर एक खुशमिजाज व्यक्ति है और लगातार विदुषी को अपने व्यक्तिगत जीवन में आगे बढ़ने के लिए लगातार प्रोत्साहित कर रही है। क्या स्वरा अपनी डिलीवरी के लिए विदुषी पर भरोसा करेगी या नहीं इस बात का पता हमें 28 सितंबर को विशेष रूप से अमेज़ॅन मिनीटीवी पर चलेगा।

अमेज़ॅन मिनीटीवी के कंटेंट प्रमुख अमोघ दुसाद ने शो पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा,÷हू इज योर गाइनैक?' एक खुशमिजाज़ युवा स्त्री रोग विशेषज्ञ और उसके पेशेवर और व्यक्तिगत यात्रा की कहानी है, जिसका आनंद भारत भर के दर्शक अमेज़ॅन मिनीटीवी पर मुफ्त में ले सकेंगे। यह शो महिलाओं की स्वास्थ्य देखभाल से जुड़े कई व्यक्तिगत और व्यावसायिक पूर्वाग्रहों का भी खंडन करेगा।

जयपुर रग्स ने रग उत्सव, 2023 का इनॉग्रेशन किया

कलात्मकता, शिल्प कौशल और शिक्षा का उत्सव

हैंडमेड रग्स मैन्युफैक्चरिंग में मशहूर लीडर, जयपुर रग्स, 27 सितंबर से शुरू होने वाले अपने एनुअल रग उत्सव के बहुप्रतीक्षित 2023 एडिशन की घोषणा करते हुए बेहद रोमांचित है। इस वर्ष, रग उत्सव कस्टमर्स के लिए एक शानदार एक्सपीरियंस देने का वादा करता है, जिसमें रग कैटेगरी की विशाल रेंज पर स्पेशल डिस्काउंट, टैलेंटेड बुनकरों के साथ इंटरैक्टिव सेशन और जयपुर रग्स मेरिटोरियस स्कॉलरशिप प्रोग्राम के माध्यम से शिक्षा को सपोर्ट करने के लिए एक नेक पहल भी शामिल है। जयपुर रग्स के डायरेक्टर योगेश चौधरी ने कहा कि हमने हमेशा अपने बुनकरों के जीवन में रोशनी और खुशी लाने को प्राथमिकता दी है। इस साल हम रग उत्सव से प्राप्त आय का एक हिस्सा जेआर मेरिटोरियस स्कॉलरशिप प्रोग्राम में योगदान देकर अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह पहल उन योग्य मेरिटोरियस स्टूडेंट्स की एजुकेशन को स्पांसर करेगा जिन्होंने अपनी बोर्ड एग्जाम में 75त्न से अधिक अंक हासिल करके उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि का प्रदर्शन किया है। इस कार्यक्रम के माध्यम से, हम इन युवा प्रतिभाओं को उनके करियर को आगे बढ़ाने और उनकी पूरी क्षमता का एहसास करने के अवसर प्रदान करना चाहते हैं। 2023 उत्सव रग फेस्टिवल कलात्मकता, शिल्प कौशल और एजुकेशन का उत्सव है। हमारे शानदार रग कलेक्शन को देखने, हमारे बुनकरों के साथ जुड़ने और योग्य छात्रों की शिक्षा में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए 27 सितंबर से हमसे जुड़ें। अधिक जानकारी के लिए और इन ऑफर्स का लाभ उठाने के लिए, कृपया हमारी वेबसाइट [www.japurrugs.com' पर विजिट करें या अपने नजदीकी हमारे जयपुर रग्स स्टोर में से किसी एक पर जाएं।

जयपुर रग्स कस्टमर को धुरी, हैंड टफ्टेड, हैंडलूम और हैंड नॉटेड और मनचाहा कलेक्शन पर एक्सक्लूसिव डिस्काउंट के साथ शानदार क्रॉफ्टमैनशिप की दुनिया को एक्सप्लोर करने के लिए आमंत्रित कर रहे है। ये पहली बार है कि जयपुर रग्स का बहुप्रशंसित चुनिंदा मनचाहा कलेक्शन विशेष रियायती कीमतों पर उपलब्ध होगा। जो ग्राहकों को उत्कृष्ट कारीगरी के काम को अपने घर ले जाने का मौका देता है।जयपुर रग्स ग्रामीण कुशल बुनकरों के साथ बातचीत करके एक अनूठे मौके में शामिल होने के लिए कस्टमरों को आमंत्रित कर रहा है।

न्युवोको को प्रोजेक्ट तारा के लिए बेस्ट सीएसआर इम्पैक्ट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया

नई दिल्ली। न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड भारत के पांचवें सबसे बड़े सीमेंट समूह और पूर्वी भारत में अग्रणी सीमेंट कंपनी क्षमता के मामले में ने कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में एक और उपलब्धि हासिल की है। कंपनी को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि कंपनी को नई दिल्ली में यूबीएस फोरम द्वारा आयोजित आठवाँ एडीशन कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी समिट एंड अवॉर्ड्स में प्रतिष्ठित बेस्ट सीएसआर इम्पैक्ट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह पुरूस्कार प्रोजेक्ट तारा टेक्नोलॉजी एडेड रिर्सोसेज एट आंगनबाड़ी (आंगनबाड़ियों में प्रौद्योगिकी सहायता प्राप्त संसाधन के माध्यम से समाज में न्युवोको के उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया है जिसे स्वस्थ भारत- बेस्ट सीएसआर इम्पैक्ट श्रेणी में नामांकित किया गया था। इस परिवर्तनकारी पहल को आंगनबाड़ियों द्वारा दी जाने वाली स्वास्थ्य और बाल विकास सेवाओं

की गुणवत्ता बढ़ाने के लक्ष्य के साथ रूपांकित किया गया था जो ग्रामीण भारत में महत्वपूर्ण सामुदायिक केंद्र के रूप में काम करते हैं।

प्रोजेक्ट तारा का उन समुदायों पर गहरा प्रभाव पड़ा है इसके विभिन्न प्रयासों से 1200 से अधिक महिलाओं और 2000 किशोरियों को लाभ हुआ है। परियोजना की सफलता का श्रेय इसके बहुआयामी दृष्टिकोण को दिया जा सकता है जिसमें एडवांस्ड टेक्नोलॉजिकल उन्नत तकनीकी संसाधनों का प्रावधान आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण और सामुदायिक संपर्क कार्यक्रम शामिल हैं।

इंडिया गेट बासमती राइस ने उत्तर प्रदेश में सार्वजनिक हित जागरूकता और शिक्षा पहल बासमती राइस नो कॉम्प्रमाइज शुरू की

लखनऊ। केआरबीएल लिमिटेड का इंडिया गेट बासमती चावल, दुनिया का नंबर 1 बासमती चावल ब्रांड, ने भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के तत्वावधान में ईट राइट इंडिया पहल के साथ मिलकर आज शहर में राष्ट्रव्यापी बासमती राइस नो कॉम्प्रमाइज जनहित शिक्षा और जागरूकता पहल के लखनऊ चरण को होस्ट किया ।

यहां तक कि 1 अगस्त 2023 को नियम लागू होने के बावजूद, इंडिया गेट बासमती राइस ने स्वस्थ खाने की आदतों को बढ़ावा देने, संतुलित पोषण को प्रोत्साहित करने और बासमती चावल के लिए पहचान मानकों पर हाल ही में जारी एफएसएसएआई नियमों के बारे में व्यापक जागरूकता बढ़ाते हुए पूरे भारत में उपभोक्ताओं के बीच खाद्य सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने में इस पहल के माध्यम से अग्रणी भूमिका निभाई है। केआरबीएल द्वारा जनहित में एक

अवनीश अवस्थी ने मुख्य भाषण देते हुए कहा कि राज्य और देश किसानों की आय दोगुनी करने का लक्ष्य बना रहे हैं

पहल, बासमती राइस नो कॉम्प्रमाइज कॉन्क्लेव का आयोजन उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी की उपस्थिति में लखनऊ में किया गया था। समारोह में हरि शंकर सिंह, डेप्युटी कमिशनर , फूड सेफ्टी एंड ड्रग्ज एडमिनिस्ट्रेशन , उत्तर प्रदेश सरकार; डॉ विद्यानंद तिवारी, असिस्टेंट प्रोफेसर, इंस्टीट्यूट ऑफ़ फ़ूड टेक्नोलॉजी एंड प्रोसेसिंग , लखनऊ युनिव्हर्सिटी ; शेफ नागेंद्र सिंह, एग्जीक्यूटिव शेफ, ताज महल लखनऊ; और आयुष गुप्ता, बिजनेस हेड - इंडिया मार्केट, केआरबीएल लिमिटेड उपस्थित थे। अवनीश अवस्थी, सलाहकार मुख्यमंत्री ,उत्तर प्रदेश सरकार ने कहा, मुझे यह जानकर खुशी हुई कि हमारे राज्य यूपी ने तेजी से बासमती का उपयोग करना शुरू कर दिया है। बासमती की पूसा किस्म ने बेहतर उत्पादन दिया है। जैसा कि आप सभी जानते हैं हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में एवं हमारे माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश का लक्ष्य है कि हम किसानों की आय दोगुनी करें। उच्च मूल्य वाली फसलें ही एकमात्र स्रोत हैं जो किसानों की आय बढ़ा सकती हैं। यदि उच्च मूल्य वाला चावल या बासमती किस्म उगाया जाए तो इससे किसानों की आय में वृद्धि हो सकती है।मैं एफएसएसएआई के इस रुख का जोरदार स्वागत करूंगा कि बासमती को अब नए मानक मिल गए हैं। सूखा अनाज 6.7 से 7 मिमी के बीच होना चाहिए और पका हुआ अनाज पकाने के बाद दोगुना या शायद तीन गुना लंबा होना चाहिए। तो ये सभी मानक निश्चित रूप से बाजार में एक मानक स्थापित करेंगे। हम सभी जानते हैं कि भारतीय बासमती को एक बहुत मजबूत बाजार मिला है। अंततः लाभ किसान को ही होता है और इसी तरीके से इसे आगे बढ़ाया जाना चाहिए।

समग्र जीवन दर्शन है श्रीमद्भागवत कथा: योगी

अवधनामा संवाददाता

युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज व राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की पुण्य स्मृति में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

गोरखपुर। मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा न केवल एक कथा है अपितु समग्र जीवन दर्शन है। इस संसार में कर्म के फल से ही सुख-दुख प्राप्त होता है। कर्म से यदि स्वर्ग भी प्राप्त होता है तो वह भी नित्य नहीं है। जब तक पुण्य है तभी तक स्वर्ग भोग करेंगे। जब पुण्य छीण होगा तो पुनः मृत्यु लोक में आना पड़ेगा। ऐसे में इस आवागमन के चक्र से मुक्ति का मार्ग बताने वाली कथा श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा है, जो जीव को मुक्ति दिलाती है।

सीएम योगी गोरखनाथ मंदिर में युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज की 54वीं एवं राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की 9वीं पुण्यतिथि समारोह के उपलक्ष्य में मंगलवार अपराह्न श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञानयज्ञ के शुभारंभ अवसर पर अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। मंदिर के दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि गोरक्षपीठ प्रतिवर्ष श्रीराम कथा अथवा श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन करती है। इस वर्ष हमारे बीच में श्रीमद्भागवत कथा के विश्व विश्रुत विद्वान भागवत भास्कर कृष्णचंद्र शास्त्री ठाकुर जी महाराज उपस्थित हैं। व्यासपीठ की पूजा करने व आरती उतारने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कथा सबसे पहले इसी उत्तर प्रदेश की भूमि नैमिषारण्य में सुनाई गई थी। इस कथा को लोग सुनते हैं और जानते हैं कि यह हमारे पूर्वजों की कथा है। यह हमारी संस्कृति की कथा है। इसमें भगवान की लीला का वर्णन है। उन्होंने कहा कि अपने जीवन के दायित्व के साथ-साथ धर्म का आचरण करना और प्रभु की लीला का श्रवण करना चाहिए। क्योंकि कहा गया है, जहां धर्म होता है, वहीं विजय भी होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले की सरकारों ने सनातन धर्म की उपेक्षा की तथा कथा को काल्पनिक बताया। पर, वर्तमान सरकार बनाने के बाद आज धार्मिक स्थलों का पुनरुद्धार हो रहा है जो 19 47 में ही हो जाना चाहिए था। मुख्यमंत्री के संबोधन के उपरांत श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा का रसपान व्यासपीठ पर विराजमान कथा व्यास वृंदावन मथुरा से पधारे भागवत भास्कर कृष्णचंद्र शास्त्री ठाकुर जी ने कराया। कथा प्रतिदिन अपराह्न 3 बजे से शाम 6 बजे तक सुनाई जाएगी। इसका विराम हवन एवं भंडारे के साथ 2 अक्टूबर को होगा। श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञानयज्ञ के शुभारंभ से पूर्व गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में मुख्य मंदिर से कथा स्थल तक बैंडबाजे, शंख ध्वनि की गूंज तथा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के कथा स्थल पहुंचने पर गोरक्षपीठाधीश्वर ने अखंड ज्योति स्थापित की। इस अवसर पर महंत सुरेश दास, राघवाचार्य, अवधेश दास, दासलाल जी, गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, संतोष दास आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

पेंशनर की मृत्यु के उपरांत कोषागार को करें सूचित

अमेठी। वरिष्ठ कोषाधिकारी रामेंद्र कुमार ने बताया कि ऐसे प्रकरण जिसमें पेंशनर/ पारिवारिक पेंशनर की मृत्यु हो जाने के उपरांत उनके परिजनों द्वारा इसकी सूचना संबंधित कोषागार को नहीं की जाती है जिसके फलस्वरुप सरकार द्वारा पेंशन/ पारिवारिक पेंशन का भुगतान जारी रखा जाता है तथा बाद में अधिक भुगतान की वसूली की कार्यवाही करनी पड़ती है। जिसके दृष्टिगत उन्होंने समस्त संबंधितों से अपील करते हुए कहा है कि यथा स्थिति पेंशन/ पारिवारिक पेंशनर की मृत्यु हो जाने पर इसकी सूचना संबंधित कोषागार को तत्काल प्रदान करें।यह पेंशनर/ पारिवारिक पेंशन के परिजनों का नैतिक एवं विधिक कर्तव्य है, साथ ही यह भी ध्यान रखें कि ऐसे किसी भी प्रकरण में अनियमित भुगतान की धनराशि अनाधिकृत है जिसकी वसूली बैंक के माध्यम से अथवा भू राजस्व के बकाए के रूप में वसूल किए जाने की कार्यवाही की जाएगी।

उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति बैठक 30 को: इफ़्तेख़ार

गोरखपुर अवधनामा संवाददाता। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति के सदस्य मोहम्मद इफ्तेखार हुसैन ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि आगामी 30 सितंबर को लखनऊ स्थित मौलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस पर उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई है जिसकी अध्यक्षता उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री सदस्य विधान परिषद हज कमेटी के अध्यक्ष मोहसिन रजा करेंगे। श्री हुसैन ने बताया की बैठक में इस वर्ष यानी 2023 में संपन्न हुए हज को लेकर महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार विमर्श होगा। बताया कि इस वर्ष जो भी कमी रह गई उसे दुरुस्त करने के लिए कार्य योजना तैयार की जाएगी।

मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अमेठी अवधनामा संवाददाता। मंगलवार को डीएम के निर्देश के तहत मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत नेहरू युवा केन्द्र की उपनिदेशक डॉ आराधना राज के नेतृत्व में ग्राम पंचायत नरैनी में शहीद अनिल मौर्य के गांव खोंझवा में एक चुटकी चावल एक मुट्ठी मिट्टी एकत्रित किया गया। मुख्य अतिथि प्रदीप कुमार तिवारी प्रधानाचार्य राम करन सिंह इंटर कॉलेज नरैनी तथा उपनिदेशक ने लोगों को मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत संबोधित किया। कार्यक्रम की शुरुवात में शहीद की प्रतिमा पर माल्यर्पण किया गया। भारत माता की जय शहीद अनिल मौर्य अमर रहे के नारों से गूँजती हुई अमृत कलश यात्रा गाँव मे भ्रमण की। कार्यक्रम विवेक मिश्र राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक के संयोजन में आयोजित किया गया। शहीद के भाई राजू मौर्य को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ललित प्रकाश मिश्र देश राज दीपांश सूरज रितेश इंद्रजीत विपिन तिवारी सुनीता मौर्या अनीता गुप्ता सहित तमाम छात्र छात्रा मौजूद रहे।

प्रभारी मंत्री ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ की बैठक

अवधनामा संवाददाता

अमेठी। जिले के प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव जी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों, राजस्व कार्यों एवं कानून व्यवस्था को लेकर समीक्षा किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में प्रभारी मंत्री ने शासन द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति में सुधार लाने एवं पात्र लोगों को योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कर-करेत्तर की समीक्षा किया। जिसमें आबकारी, विद्युत, परिवहन, खनन, स्टाम्प, नगरीय निकाय विभाग द्वारा की गई वसूली की जानकारी ली। अधीक्षण अभियंता विद्युत को अनावश्यक विद्युत भार बढ़ाने व बिल ज्यादा आने तथा विजिलेंस की टीम द्वारा गांव में जाकर फर्जी तरीके से जनता को परेशान करने की शिकायतों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रभारी मंत्री ने दैवीय आपदा के दौरान तत्काल पीड़ित परिवारों को सहायता राशि उपलब्ध कराने को कहा। बैठक के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, सदस्य विधान परिषद शैलेंद्र प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ इलामारन जी, मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अंशुमान सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी डीएन सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए एश्वर्य यादव, जिलाध्यक्ष भाजपा रामप्रसाद मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

संजय गांधी अस्पताल को लेकर प्रदर्शन जारी

अमेठी। संजय गांधी अस्पताल बंद करने के विरोध में कांग्रेसियों ने सोमवार से सत्याग्रह शुरू किया है, दूसरे दिन समाजवादी पार्टी सहित विभिन्न संगठनों के लोग भी सत्याग्रह में शामिल हुए। वही संजय गांधी अस्पताल में कर्मचारी धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। गत दिनों संजय गांधी अस्पताल में एक विवाहिता की चिकित्सक की कथित लापरवाही के कारण मौत होने के कारण स्वास्थ्य विभाग द्वारा अस्पताल का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया था। अस्पताल बंद होने के बाद क्षेत्र की जनता और मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है यह हवाला देते हुए कांग्रेसी सोमवार से पूर्व एमएलसी दीपक सिंह की अगुवाई में सीएमओ कार्यालय के सामने सत्याग्रह पर बैठे हैं। यहां गांधी जी के प्रिय भजनों के साथ गांधी टोपी लगाकर लोग सत्याग्रह कर रहे हैं। दूसरे दिन समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष छोटेलाल यादव की अगुवाई में सपाई भी इस सत्याग्रह में शामिल हुए। सपा जिलाध्यक्ष का कहना है कि अस्पताल जैसी बुनियादी सुविधा को बंद किया जाना कतई उचित नहीं है जनहित के मद्दे नजर रखते हुए सपा इस आंदोलन में शामिल हो रही है।

टेलीकंसल्टेशन करने वाले चिकित्सकों को मिला सम्मान, ली गयी स्वच्छता की शपथ

अवधनामा संवाददाता

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को मजबूती देने पर जोर

गोरखपुर। जिले में टेलीकंसल्टेशन के जरिये बेहतर योगदान देने वाले दस चिकित्सकों को जिला स्वास्थ्य समिति ने विकास भवन सभागार में सोमवार को देर रात तक चली बैठक के दौरान सम्मानित किया। इस मौके पर समिति के सभी सदस्यों ने स्वच्छता का व्यवहार अपना कर बीमारियों को दूर भगाने की शपथ भी लिया। जिला विकास अधिकारी राज मणि वर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक के दौरान नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को मजबूती प्रदान करने पर जोर दिया गया। साथ ही मातृ शिशु स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण व गुणवत्तापूर्ण रिपोर्टिंग का भी दिशा निर्देश दिया गया। जिला विकास अधिकारी ने कहा कि ऐसे स्वास्थ्य सेवा से जुड़े क्षेत्रों को चिन्हित करें जहां बेहतर परिणाम नहीं आ रहे हैं और इसके लिए संबंधित की जिम्मेदारी तय की जाए। परिणाम न आने के कारणों को पता लगाना चाहिए और अगर उदासीनता पाई जाती है तो कठोर कार्रवाई की जाए। समुदाय स्तर से मातृ मृत्यु और शिशु मृत्यु की रिपोर्टिंग अवश्य हो और इसके कारणों को भी जाना जाए। निष्क्रिय आशाओं को चिन्हित कर कार्रवाई की जाए। जन्म पंजीकरण और मंत्रा एप पर पंजीकरण को प्राथमिकता दी जाए। प्रत्येक गर्भवती को चिकित्सक के सुझाव के अनुसार ई रुपये बाउचर की मदद से सरकारी प्रावधानों के तहत अल्ट्रासाउंड की सुविधा दिलाई जाए। उन्होंने 15 अगस्त तक जिले में सर्वाधिक 1256 टेलीकंसल्टेशन करने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशुतोष कुमार दूबे की सराहना की और कहा कि उनके नेतृत्व का अनुकरण सभी को करना चाहिए। सीएमओ डॉ आशुतोष कुमार दूबे ने बताया कि चिकित्सक डॉ आयुष कुमार पांडेय, डॉ प्रियंका गुप्ता, डॉ सतीश सिंह, डॉ हरिओम पांडेय, डॉ अनिता मिश्रा, डॉ अखलाक अहमद, डॉ राजश्री पासवान, डॉ शिवानंद मिश्रा, डॉ अमित गुप्ता और डॉ निकिता राव को सम्मानित किया गया। बैठक के दौरान संचारी रोग नियंत्रण अभियान और दस्तक पखवाड़े के बारे में विस्तार से चर्चा हुई और जन जन तक यह संदेश पहुंचाने पर जोर दिया गया कि स्वच्छता का व्यवहार अपना कर संचारी रोगों को दूर भगाना है। किसी भी प्रकार का बुखार होने पर सरकारी अस्पताल में 108 एंबुलेंस की मदद से ही इलाज के लिए जाना है। यूनिसेफ के प्रतिनिधि संदीप श्रीवास्तव, डॉ हसन फहीम, बिजेंद्र चौबे, यूपीटीएसयू के प्रतिनिधि अरविंद और डब्ल्यूएचओ की प्रतिनिधि डॉ ज्योत्सना ने प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वास्थ्य कार्यक्रमों के बारे में फीडबैक दिया।

सम्मान बचाओ रैली के लिए लखनऊ कूच करेंगे शिक्षामित्र

खड्डा, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता। शिक्षामित्रों का समायोजन निरस्त होने के बाद से शुरू हुआ शिक्षामित्रों का विरोध प्रदर्शन आज भी जारी है। लेकिन इनकी मांगे लम्बे अरसे के बाद भी पूरी नही हो सकी है अब ये पुनः 18 अक्टूबर को ईको गार्डन लखनऊ में सम्मान बचाओ रैली के लिये रणनीति बनाने में जुट गए है। शिक्षामित्र संगठन के जिला अध्यक्ष कैलाश जायसवाल ने आर पार की लड़ाई के लिए सभी शिक्षामित्रों को एक जुट होकर लखनऊ की धरती पर पहुँचने का आह्वान किया है। खड्डा ब्लाक के सभी शिक्षामित्र पूर्व माध्यमिक विद्यालय मठिया बुजुर्ग जहाँ खुद सांसद के गांव विद्यालय है उस परिसर में एकत्रित हो गये और अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद किये। बैठक की अध्यक्षता करते जिलाध्यक्ष कैलाश जायसवाल ने कहा कि प्रदेश के लोकप्रिय सरकार संविधान में संशोधन कर शिक्षामित्रों को शिक्षक पद पर पुन- समायोजन बहाल करे। क्योंकि शिक्षामित्र शिक्षा के अधिकार अधिनियम लागू होने के पूर्व से अपनी सेवा परिषदीय विद्यालयों में दे रहे है। उन पर जबरदस्ती टेट व सुपर टेट थोपना अन्याय है। यदि न्याय है तो आर टी ई एक्ट लागू होने के पूर्व के भी सभी शिक्षकों पर परीक्षाएं करा लेना भी न्याय है। जिसे दुध का दुध पानी का पानी पता चल जाएगा। जिला के पदाधिकारियों में सुनील सिंह ने कहा कि सरकार समान कार्य का समान वेतन दे, नही तो अपनी मांगे पूरी होने तक लखनऊ में सभी शिक्षामित्रों के साथ अड़े रहेंगे और सभी शिक्षामित्रों को एक जूट रहने के लिए नारेबाजी भी की। इस दौरान शशिपाल सिंह, रामप्रवेश, बिरजू, अनवर अंसारी, पूनम मिश्रा, नीतू सिंह, अंजना शर्मा, मनोज राव, सिद्धेश्वर तिवारी, जयकरन गुप्ता, राणा प्रताप सिंह, संजय कुमार, रामनरेश सिंह, सुदर्शन आदि मौजूद थे।

बूथों को सशक्त करके ही हम लोकसभा चुनाव जीतेंगे: श्रीनिवासन

सलेमपुर अवधनामा संवाददाता। भाजपा मण्डल सलेमपुर की मण्डल पदाधिकारियो की आवश्यक बैठक सलेमपुर सिंचाई विभाग के डाकबंगले पर सम्पन्न हुई। जिला महामंत्री एवम सलेमपुर मण्डल के प्रवासी श्रीनिवासन मणि ने बताया कि आगामी 30 सितम्बर को शक्ति केन्द्र संयोजको की बैठक होगी। उन्होंने बताया कि सलेमपुर के 20 शक्ति केंद्रों एवम 94 बूथों को आगामी लोकसभा चुनाव के पहले सक्रियता प्रदान की जाएगी। बूथों को सशक्त करके ही हम लोकसभा चुनाव जीतेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी एवम संगठन की मजबूती एकजुटता में है।इसके लिए कार्यकर्ताओ को अपने बूथों को मजबूत करना होगा।जिससे आने वाले समय मे पार्टी किसी भी स्तर से कमजोर न हो इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष कन्हैया लाल जायसवाल ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। उक्त मौके पर मण्डल प्रभारी रामदास मिश्र, डॉ विनय राव, अशोक तिवारी, अजय दूबे वत्स, आशुतोष तिवारी, मनोज सिंह, बृजेश कुशवाहा, पुरुषोत्तम दूबे, छोटेलाल गुप्ता, अनूप मिश्रा, अनूप उपाध्याय, दीपक श्रीवास्तव, अनिल ठाकुर एवं अवधेश मद्देशिया मौजूद रहे।

साझे हितों की रक्षा के लिए एफपीओ का गठन करें मत्स्यपालक: डीएम

अवधनामा संवाददाता

डीएम ने प्रगतिशील मत्स्यपालको संग किया संवाद

देवरिया। जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में प्रगतिशील मत्स्यपालको के साथ बैठक कर रिसर्कुलेटिंग एक्वाकल्चर सिस्टम (आरएएस) तथा बायोफ्लॉक विधि से मत्स्य पालन करने में हर संभव सहयोग के लिए आश्वस्त किया। उन्होंने कहा साझे हितों की रक्षा के लिए मत्स्यपालक एफपीओ का गठन करें और वैज्ञानिक विधि से बड़े पैमाने पर मछलियों का उत्पादन करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि वे स्वयं अपनी निगरानी में चुनींदा रिसर्कुलेटिंग एक्वाकल्चर सिस्टम प्लांट एवं बायोफ्लॉक प्लांट स्थापित करवाएंगे और किसानों को प्रशिक्षण देने की दिए विशेषज्ञों को आमंत्रित करेंगे। जिलाधिकारी ने मत्स्यपालको को बताया कि आरएएस सिस्टम में टेंपरेचर कंट्रोलर लगा होता है जिसकी वजह से मछलियों को तीव्र गति से वृद्धि करने के लिए उचित वातावरण उपलब्ध रहता है। इसमें मैकेनिकल बायोफिल्टर का प्रयोग किया जाता है जिससे पानी का पुनरचक्रीकरण होता रहता है और कई साल तक पानी बदलने की आवश्यकता नहीं पड़ती है। उन्होंने बताया कि बायोफ्लाक एवं आरएएस विधि से मत्स्य पालन कर साल में मछली की तीन पैदावार प्राप्त की जा सकती है। मत्स्यपालको ने मछली बीज की उपलब्धता, प्रशिक्षण एवं बाजार से जुड़ी कुछ आशंकाएं व्यक्त की जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में ही मत्स्य बीज तैयार करने हेतु नर्सरी-हैचरी की स्थापना की जाएगी।मत्स्यपालको को 3 से 6 माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा और उन्हें बाजार की मांग के अनुरूप मार्केटिंग स्ट्रेटजी से भी प्रशिक्षित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में मछली की भारी खपत है जिसके सापेक्ष स्थानीय उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता है। मत्स्यपालको को गैर राज्य से आने वाली मछलियों की तुलना में कम उत्पादन लागत पर मछलियों का उत्पादन करना होगा। मत्स्य पालक एवं किसान एफपीओ के माध्यम से बाजार की शक्तियों से मुकाबला कर सकते हैं।

भटनी व बरहज सीएचसी पर शुरू सिजेरियन डिलीवरी की सुविधा

अवधनामा संवाददाता

इस वर्ष चौदह हजार से अधिक हुई डिलीवरी

जिला मातृ स्वास्थ परामर्शदाता विश्वनाथ मल्ल ने बताया कि जनवरी 2023 से अबतक 13959 गर्भवती कि नार्मल डिलीवरी और 585 गर्भवती की सिजेरियन डिलीवरी कराई गई है।

देवरिया। जिले के स्वास्थ्य केन्दों पर मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं में लगातार विस्तार हो रहा है। संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) और फर्स्ट रेफरल यूनिट (एफआरयू) स्तर पर भी ऑपरेशन के जरिये प्रसव की सुविधा शुरू की है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ राजेश झा ने बताया कि पहल के बाद भटनी और बरहज सीएचसी और एफआरयू पर सिजेरियन डिलीवरी की सुविधा भी शुरू हो गई। सितम्बर माह में इन दोनों सरकारी अस्पतालों पर शुरू हुई इस सुविधा के तहत अब तक भटनी एफआरयू पर पांच और बरहज एफआरयू पर पांच सिजेरियन डिलीवरी कराई जा चुकी हैं।

सीएमओ डॉ राजेश झा ने बताया कि अब से पहले सीएचसी भटनी और सीएचसी बरहज पर केवल नॉर्मल डिलीवरी (सामान्य प्रसव) ही करवाई जाती थी। आपात स्थिति में सिजेरियन डिलीवरी के लिए गर्भवती को या तो निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ता था या फिर जिला देवरहवा बाबा मेडिकल कालेज से सम्बद्ध जिला अस्पताल ले जाना पड़ता था। जिससे कई बार काफी गंभीर स्थिति का भी सामना मरीजों को करना पड़ जाता था। जिले में मात्र जिला अस्पताल और सलेमपुर सीएचसी पर सिजेरियन डिलीवरी की जाती थी7 सीएमओ ने बताया कि एफआरयू पर डॉक्टरों की भी अलग-अलग दिन अलग-अलग स्थानों पर सेवाएं देने की व्यवस्था की गई है। जहां स्त्री रोग, एनेस्थीसिया विशेषज्ञों की टीम नहीं होगी, वहां ऑन कॉल निजी डॉक्टर की सेवा भी ली जाएगी। इसके लिए स्थानीय स्तर पर निजी डॉक्टर को प्रति ऑपरेशन के हिसाब से भुगतान किया जाएगा। डॉ. झा ने बताया कि शासन को दो और एफआरयू के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। उन्होंने बताया कि सीएचसी और एफआरयू स्तर पर ऑपरेशन से प्रसव शुरू होने के बाद एंबुलेंस 108 सेवा पर भी दबाव कम होगा। रेफर किए जाने वाले ज्यादातर मामलों में एंबुलेंस 108 का ही इस्तेमाल किया जाता है। एंबुलेंस की हर ट्रिप पर सरकार को अच्छा खासा भुगतान करना होता है। एंबुलेंस सेवा पर दबाव होने के कारण कई बार जरूरतमंद गर्भवती को समय से एंबुलेंस सेवा मिलना मुश्किल हो जाता है। **सीएचसी पर ही मिली सिजेरियन डिलीवरी की सुविधा:** बरहज तहसील के नोनापार गांव निवासी किसान शुभम ने बताया कि 19 सितम्बर को प्रसव पीड़ा शुरू होने के चलते अपनी पत्नी सुनीता देवी को आशा कार्यकर्ता भानमती की मदद से डिलीवरी के लिए सीएचसी बरहज लेकर आया। अस्पताल में चिकित्सकों ने रिपोर्ट देखी तो उसमें नॉर्मल डिलीवरी की संभावनाएं काफी कम व खतरे से खाली नहीं थी। जिसके चलते चिकित्सकों ने शुभम को उसकी पत्नी की सिजेरियन डिलीवरी करने की बात कही। चिकित्सकों ने उसे बताया कि सीएचसी पर ही सिजेरियन डिलीवरी करवाई जाएगी, तब उसने राहत की सांस ली। बाद में करीब एक घंटे के ऑपरेशन के बाद सुनीता ने एक बच्चे को जन्म दिया।

एक ही गांव में तीन बच्चों की मौत से दहशत, सीएमओ ने गांव का किया दौरा

अवधनामा ब्यूरो

अन्य पीड़ित बच्चों में जांचकर दवा वितरण कराया, साफ सफाई का दिया निर्देश

रामकोला ब्लॉक के गांव खोटहीं टोला केरवनिया का मामला

बोले सीएमओ...

इस संबंध में सीएमओ डॉ सुरेश पटारिया ने बताया कि एक बच्चे की हार्ट अटैक से मौत हुई है जबकि अन्य दो बच्चे काफी दिनों से बुखार से पीड़ित थे उनकी मौत हुई है। गांव में स्वास्थय टीम लगाई गई है, जांच कर दवा वितरण कराया जा रहा, साफ सफाई व ब्लीचिंग पाउडर का भी छिड़काव कराया गया है।

कुशीनगर। कसानगंज तहसील क्षेत्र के रामकोला ब्लाक के ग्राम खोटहीं टोला केरवनिया में एक सप्ताह के अंदर तेज बुखार और झटके से तीन बच्चों की मौत हो गई। बच्चों की मौत से गांव में दहशत का माहौल है। सूचना पर मुख्य चिकित्साधिकारी कुशीनगर डॉ सुरेश पटारिया ने गांव का दौरा किया। सीएमओ के साथ गई स्वास्थय टीम ने कई पीड़ित बच्चों व लोगों में जरुरी दवाओं का वितरण कराया व साफ सफाई की व्यवस्था की गई।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम खोटहीं के केरवनिया टोले में डेढ़ वर्ष के हिमांशु पुत्र संदीप खरवार सीएचसी कसानगंज ले गए, फिर जिला अस्पताल और प्राइवेट अस्पताल में दवा कराया लेकिन परिजनों का प्रयास विफल हो गया और बच्चे की मौत ईलाज के दौरान बुखार से 25 सितंबर को हो गई। इसी गांव के 7 वर्षीय सपना पुत्री अंगद प्रसाद की मौत भी 25 सितम्बर को ही मेडिकल कालेज में ईलाज के दौरान गले में छाले से हो गई व यहीं के 5 माह की लक्षिता पुत्री कृष्णा गौड़ की मौत महराजगंज सदर अस्पताल में ईलाज के दौरान दस्त व ह्रदय रोग से 17 सितम्बर को हो गई, गांव में एक बच्चे व दो बच्चियों की मौत से जहां मातम पसर गया वहीं ग्रामीण भयभीत हो गए। इसकी सूचना पाकर मंगलवार को मुख्य चिकित्साधिकारी कुशीनगर डॉ सुरेश पटेरिया के साथ गई मेडिकल टीम ने गांव में साफ पानी पीने, साफ सफाई, टीकाकरण व दवाओं का वितरण कराया, टीम तीन दिन तक गांव में देख रेख करेगी। वही स्वास्थ विभाग की टीम गांव में पहुंचकर 120 बच्चों का इलाज किया।

उधर परिजनों का आरोप है की अस्पतालों में इलाज के समुचित इंतजाम नहीं था एक सप्ताह में हुई तीन मासूम बच्चों की मौत के बाद स्वास्थ महकमें की नींद खुली और गांव में स्वास्थ विभाग की टीम पहुंच बच्चों में दवा वितरण कर रही हैं।

छत की कुंडी से दुपट्टे के सहारे लटकता मिला महिला का शव

कुशीनगर। रामकोला थाना क्षेत्र गांव चंदरपुर खास के एक घर में एक महिला का शव कमरे के छत की कुंडी में दुपट्टे के सहारे लटका मिला। सूचना पर पहुंची रामकोला पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को ग्राम पंचायत चंदरपुर खास निवासी विनोद गौंड की 35 वर्षीय सीमा देवी शव कमरे में छत पंखे की कुंडी में दुपट्टे के सहारे लटकता हुआ मिला जिसकी सूचना लोगो ने 112 नम्बर को दी जिसके बाद रामकोला पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर पंखे के कुंडी से लटकती महिला के शव उतरवाया और आवश्यक विधिक कार्यवाही के बाद परिवार के लोगों से घटना के संबंध में पूछताछ की और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष रामकोला अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि शव को आवश्यक कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, रिपोर्ट के आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा।

जिला कारागार देवरिया का जिला जज डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

अवधनामा ब्यूरो

कैदियों के खान पान, चिकित्सा व जमानत के बारे में ली जानकारी

कुशीनगर। जनपद न्यायाधीश कुशीनगर अशोक कुमार सिंह, अपर जिला जज रवि कान्त यादव, जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, चीफ ज्यूडिशयल मजिस्ट्रेट प्रशांत कुमार, पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के द्वारा मंगलवार को देवरिया जेल का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जेल परिसर में जाकर सभी उच्चाधिकारियों ने जनपद कुशीनगर के कैदियों से मुलाकात की उनकी समस्याएं सुनी, उनकी स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। इस क्रम में कैदियों के लिए खान पान की उचित व्यवस्था एवं उसकी गुणवत्ता का भी निरीक्षण उच्चाधिकारियों द्वारा किया गया। जिला जज द्वारा कैदियों से बात की गई और पूछा गया कि कोई दिक्कत तो नहीं है, स्वास्थ्य सुविधाएं, जमानत की स्थिति, वकील आदि के बारे में जायजा लिया। सभी उच्चाधिकारियों ने देवरिया जेल में कुशीनगर के कैदियों से मुलाकात कर उनके मामले के विधिक पहलुओं व समस्याओं के बारे में पूछताछ की। उनके जमानत के संदर्भ में जानकारी ली तथा उनका समाधान भी बताया। उन्होंने कुछ कैदियों के आवेदन भी स्वीकार किए तथा जेलर के माध्यम से भी दरखास्त भिजवाने की बात की गई। जिन कैदियों को अपने मामले में वकील की जरूरत थी, उन्हें आवेदन के माध्यम से वकील करने की सलाह दी। जिलाधिकारी ने कैदियों से संवाद करते हुए कैदियों के लिए चिकित्सक व अन्य सुविधाओं की उपलब्धता के संदर्भ में जेल अधीक्षक को आवश्यक निर्देश दिए। वैसे कैदी जिनके कोई रिश्तेदार नहीं है उनके जमानत की पैरवी के संदर्भ में सरकारी वकील की व्यवस्था के बारे में भी जाना गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक प्रेम सागर शुक्ल, अपर जेल अधीक्षक जेलर राजकुमार, चिकित्सक डा आनंद त्रिपाठी आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

बीमारी से अगर बचना है तो स्वच्छता पर देना होगा ध्यान

कसानगंज, कुशीनगर। राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन व नमामि गंगे ग्रामीण जल आपूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में मंगलवार को विकासखंड कसानगंज के विभिन्न ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें पेयजल, स्वच्छता संबंधित नुक्कड़ नाटक, मानचित्रण एवं स्वच्छता संबंधित मेला और जल जीवन मिशन हर घर जल विषय पर चलचित्र प्रदर्शनी किया गया। इस दौरान उपस्थित प्रशिक्षकों ने लोगों को आगाह किया कि स्वच्छता ना रखने से आने वाले समय में भयावह बीमारियों एवं जल जनित रोगों का सामना करना पड़ सकता है। इन सभी समस्याओं से निजात पाने के लिए हमें अपने पेयजल और व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में ध्यान देना जरूरी है। इस दौरान जन जागरूकता टीमें, नुक्कड़ नाटक, स्वच्छता मेला, मानचित्रण व चलचित्र प्रदर्शनी टीम को गांव के लोगों ने खूब सराहा। साथ ही उपस्थित ग्राम प्रधान ने भी जन-जागरूकता कार्यक्रम को भविष्य में गांव के विभिन्न स्थानों पर करवाने का आश्वासन दिया।

खराब प्रदर्शन वाले स्वास्थ्य कर्मी देखेंगे बाहर का रास्ता: डीएम

डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। सोमवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति बैठक में आयुष्मान सभा, सघन मिशन इंद्रधनुष, टीबी मुक्त पंचायत, प्रधानमंत्री मातृ बंदना योजना, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, आभा आईडी व ई-संजीवनी सहित कई महत्वपूर्ण बिन्दुओं की समीक्षा में कम प्रदर्शन करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों पर कड़ा रोष व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने निर्देश दिया कि आशा कार्यकर्ता सहित ऐसे सभी स्वास्थ्य कर्मी जिनकी प्रगति शून्य है उन्हें नोटिस देकर तत्काल हटाया जाय। जिलाधिकारी ने हुजूरपुर सहित सभी हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटरों की समीक्षा करते हुए सभी मूलभूत सुविधाओं जैसे बिजली, पानी, शौचालय सहित शुद्ध पेयजल की व्यवस्था जल्द से जल्द सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने पुराने हो चुके सभी स्वास्थ्य केन्द्रों की रंगाई पुताई व आस पास झड़ियों आदि की सफाई के लिए संबन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटरों पर स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए डीएम ने सभी सीएचसी अधीक्षकों को प्रत्येक माह 10 हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटरों पर विजिट करने के निर्देश दिये। साथ ही ऐसे सेंटर जहां ई संजीवनी के माध्यम से 5 या 5 से कम मरीज देखे जाते हैं वहां तैनात सीएचओ की जांच के लिए निर्देशित किया। डीएम ने टीकाकरण, संस्थागत प्रसव आदि में शून्य प्रगति वाली व प्राइवेट अस्पतालों में एजेंट के रूप में प्रसव कराने वाली आशा कार्यकर्ताओं को तीन बार नोटिस देने के बाद हटाने के निर्देश दिये। साथ ही बेहतर प्रदर्शन करने वाली आशा कार्यकर्ताओं को पुरस्कृत करने के लिए कहा। डीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि 02 अक्टूबर महात्मा गांधी की जयंती से पूर्व सभी जांच के आवश्यक उपकरण व दवाएं आदि स्वास्थ्य केन्द्रों पर उपलब्ध करा दी जाय। इसके अलावा इस दिवस पर आयोजित होने वाले आयुष्मान सभा में ज्यादा से ज्यादा आभा आईडी, टीबी की जांच, आयुष्मान कार्ड बनाने व बन चुके कार्डों का वितरण सुनिश्चित करने के लिए अभी से तैयारियां करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने 01 अक्टूबर को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस के अवसर पर डीएम कार्यालय परिसर में स्वास्थ्य कैंप आयोजित कर आँखों की जांच, चश्मा वितरण, हड्डी व सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ दवाओं की उपलब्धता के लिए स्वास्थ्य महकमे को निर्देशित किया। गर्भवती पंजीकरण बढ़ाने के लिए डीएम ने बुलावा पर्ची के साथ ही बल्क मैसेज के माध्यम से सभी लाभार्थी को सूचना देने का सुझाव दिया। बताया कि बार बार संदेश जाने से लोग स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए प्रेरित होंगे। उन्होंने प्रसव कक्ष की समीक्षा में प्रसव टेबल पर पुराने बेडशीट को हटाने व नए बेडशीट लगाने के लिए संबन्धित अधिकारी को सख्त निर्देश दिया।

ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में मनाया जायेगा स्वच्छता जागरूकता सप्ताह

अवधनामा संवाददाता

02 अक्टूबर से होगा जागरूकता सप्ताह का शुभारम्भ

बहराइच। उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मुख्य संरक्षक /मुख्य न्यायमूर्ति, उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अन्तर्गत महात्मा गांधी जी के जन्मदिवस 02 अक्टूबर के उपलक्ष्य में 02 से 08 अक्टूबर 2023 तक आयोजित होने वाले स्वच्छता जागरूकता अभियान के सफल आयोजन हेतु जनपद न्यायाधीश उत्कर्ष चतुर्वेदी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय शेषमणि, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विराट शिरोमणि, जिलाधिकारी मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्तराम तिवारी, जिला सूचना अधिकारी जी.वी. सिद्दीकी, जिला विद्यालय निरीक्षक के प्रतिनिधि उमेश कुमार पाण्डेय मौजूद रहे। जनपद न्यायाधीश के विश्राम कक्ष में आयोजित बैठक के दौरान जनपद न्यायाधीश ने बताया कि 02 अक्टूबर को जिले के समस्त प्राथमिक विद्यालयों, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों तथा महाविद्यालयों को सम्मिलित करते हुये जनपद, तहसील एवं ब्लॉक स्तर पर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में स्वच्छता जागरूकता अभियान शीर्षक के अधीन प्रभात फेरी का आयोजन किया जायेगा इसके अलावा समस्त विद्यालयों में निबन्ध एवं चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की जायेगी। जनपद न्यायाधीश श्री चतुर्वेदी ने बताया कि समस्त विद्यालयों द्वारा अपने-अपने विद्यालय की 3-3 उत्कृष्ट निबन्ध एवं चित्रकला प्रविष्टियों को 05 अक्टूबर 2023 तक सम्बन्धित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को प्राप्त कराई जायेगी। विद्यालयों से प्राप्त प्रविष्टियों में से निर्वाचक मण्डल द्वारा निबन्ध एवं चित्रकला प्रविष्टियों में से उत्कृष्ट प्रथम, द्वितीय व तृतीय प्रविष्टियों को चयनित व पुरस्कृत किया जायेगा। जनपद न्यायाधीश ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं तहसील विधिक सेवा समितियों को निर्देश दिया कि अपने-अपने कार्यालयों एवं समीपवर्ती परिसर में साफ सफाई के लिए गहन स्वच्छता कार्य सम्पादित कराएं।

कन्या सुमंगला योजना से समाज की सोच बालिका जन्म के प्रति हुई सकारात्मक: डीएम

अवधनामा संवाददाता

हरदोई। राज्य सरकार की कन्या सुमंगला योजना उन हजारों लाखों परिवारों के लिए वरदान से कम नही जो बेटी के जन्म लेते ही उसकी पढ़ाई लिखाई व शादी आदि में आने वाले खर्च को लेकर चिंतित हो जाते थे। जनपद हरदोई में बड़ी संख्या में बेटियों को लाभान्वित किया गया है। अब तक योजना के अंतर्गत 52187 बेटियों के खाते में कुल 92932000 रुपये की धनराशि प्रेषित की गयी है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 4151 बेटियों के खातों में कुल 7254000 रुपये की धनराशि प्रेषित की गयी। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने संबंधित विभाग को स्पष्ट निर्देश दे रखा है कि कन्या सुमंगला योजना में किसी भी आवेदन के निस्तारण को लम्बित न रखा जाए। उनका मानना है कि योजना के प्रभाव स्वरूप कन्या भ्रूण हत्या बन्द हुई है।

जनपद के लिंगानुपात में सुधार हुआ है। बाल विवाह की कुप्रथा रोकने में मदद मिली है। बालिकाओं के स्वास्थ्य व शिक्षा को प्रोत्साहन मिला है। बालिकाओं को स्वावलंबी बनाने में मदद मिली है। इन सबसे बढ़कर समाज मे बालिका जन्म के प्रति सकारात्मक सोच विकसित हुई है। इस योजना का लाभ किसी भी परिवार की अधिकतम दो बेटियों को दिया जा सकता है। इसके अंतर्गत बालिका के जन्म होने पर 2000 रुपये, बालिका के एक वर्ष तक के पूर्ण टीकाकरण के उपरान्त 1000 रुपये, कक्षा प्रथम में बालिका के प्रवेश के उपरांत 2000 रुपये, कक्षा 6 में बालिका के प्रवेश के उपरान्त 2000 रुपये, कक्षा 9 में बालिका के प्रवेश के उपरान्त 3000 रुपये तथा कक्षा 12 उत्तीर्ण करके स्नातक या 2 वर्षीय या अधिक वर्ष के डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश लेने वाली बालिकाओं को 5000 रुपये दिए जाते हैं। जिलाधिकारी कहते हैं कि यह योजना बालिकाओं को विभिन्न आयु स्तरों तक लाभान्वित करती है। यह अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने में सफल रही है।

2 से 8 अक्टूबर तक होगा स्वच्छता जागरूकता सप्ताह

हरदोई। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुधाकर दुबे ने बताया है कि जनपद में 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक स्वच्छता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जनपद स्तर पर एक समिति का गठन किया गया है। स्वच्छता सप्ताह के दौरान व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। विद्यालयों में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं तहसील विधिक सेवा समितियों द्वारा अपने कार्यालय एवं समीपवर्ती परिसर में साफ-सफाई के लिए गहन स्वच्छता कार्य भी संपादित किया जाएगा।

कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण वितरण शिविर का किया गया आयोजन

अवधनामा संवाददाता

हरदोई(आज सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की। योजनान्तर्गत दिव्यांगजन हितार्थ तहसील बिलग्राम स्थित रामस्वरूप पटेल महाविद्यालय कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण वितरण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि अशोक रावत जी, माव सांसद, मिश्रिख एवं विशिष्ट अतिथि आशीष कुमार सिंह, आशू जी, मा0 विधायक, बिलग्राम-मल्लावां के कर कमलों से मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, हस्तचालित ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, स्मार्ट केन, कान की मशीन, कृत्रिम अंग आदि सहित कुल 219 उपकरण वितरित किए गए। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन संस्थान देहरादून के माध्यम से एलिम्कों कानपुर द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से लगाया गया। आयोजन को सफल बनाने हेतु मौके पर उपजिलाधिकारी बिलग्राम, संजीव ओझा, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, सुश्री ऋचा गुप्ता, प्रभारी अधिकारी जगदीश लखेड़ा, नायब तहसीलदार, सुश्री ज्योति, एलिम्कों प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

पश्चिमकरण का भारतीय समाज पर प्रभाव विषयक विमर्श सत्र सम्पन्न

सुल्तानपुर। कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान में समाजशास्त्र विभाग द्वारा आधुनिकता और पश्चिमकरण का भारतीय समाज पर प्रभाव विषयक विमर्श सत्र का आयोजन हुआ। विषय की स्थापना डॉ नीरज सिंह नें की एवं बताया कि आधुनिकता ने अपने साथ हिप्पी संस्कृति, मैकडॉनल्ड और सैंडविच संस्कृति के साथ परंपराओं के ऊपर चौतरफा हमला किया। परिणाम ये हुआ कि जो देश अपनी विरासत के लिए दुनिया के सिरमौर थे आज अवसाद और संघर्ष में फंसे हैं। समाजशास्त्र विषय के प्राध्यापक डा. कुलदीपक पांडेय ने कहा कि आधुनिकता ने दुनिया को चाकाचौंद भारी जिंदगी दी लेकिन मानवीय संवेदना और मनुष्यता का दमन भी कर दिया।

शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन

कुड़वार, सुल्तानपुर। के0 एन0 टी0 पब्लिक स्कूल में शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं के शैक्षिक प्रगति की समीक्षा की गयी।इस अवसर पर बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित हुए तथा अपने-अपने पाल्यों के शैक्षिक प्रगति का अवलोकन किया। विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने बच्चों के शैक्षिक समस्याओं को दूर करने के लिए सुझाव दिए । विद्यालय के प्रबन्धक डा0 पंकज तिवारी ने अभिभावकों से निरन्तर सहयोग की कामना की।

पसमांदा मुस्लिम समाज की नवीन कार्यकारिणी गठित

ललितपुर। पसमांदा मुस्लिम समाज की एक बैठक जिलाध्यक्ष मु.करीम पप्पू राईन की अध्यक्षता में गोविन्द नगर स्थित कार्यालय पर संपन्न हुयी। बैठक में शहर के तमाम लोगों ने प्रतिभाग किया। बैठक में पुरानी संस्था (पसमांदा मुस्लिम समाज) के स्थान पर नई पसमांदा मुस्लिम समाज का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष जनाव मु.करीम पप्पू राईन, उपाध्यक्ष शायर करीम असर को मनोनीत किया गया। अन्य पदाधिकारियों में एमआर खान को महासचिव, फारूख सिद्दीकी को महासचिव, शाहिद खान उपाध्यक्ष, इमरान खान को सलाहकार, मु.अंसार को संगठन मंत्री, इरशाद खां, कुर्बान खां, रहमत खां, दानेश, अख्तर खां, आजाद खां, युनिस मंसूरी, शाहिद खां, रहीश, असलम, शरीफ खान, मन्नू राईन आदि मौजूद रहे। संचालन शायर करीम असर ने किया। अंत में अध्यक्ष करीम पप्पू राईन ने सभी का आभार व्यक्त किया।

श्री सदगुरू नेत्र जांच केन्द्र का हुआ शुभारंभ

ललितपुर। श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट जानकीकुंड चित्रकूट के अंतर्गत सदगुरु नेत्र जांच केंद्र का जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण द्वारा शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी अशोक शिवाजी, विनोद शर्मा, सुबोध गोस्वामी, इंजी. हाकिम सिंह, रामदास, मुलायम पटेल एवं सुरेश सिंह उपस्थित रहे। सदगुरु नेत्र चिकित्सालय की तरफ से डा.मनीष माहौर, डा.रजनीश तिवारी, किशन ऑप्टोमेट्रिस्ट, लखन सविता, अजय शर्मा और रामावतार यादव एवं ललितपुर के अन्य प्रमुख समाजसेवी व गणमान्य नागरिक उपस्थिति रहे। सर्व प्रथम गुरुदेव पूजन किया गया और फिर अध्यक्ष द्वारा फीता काट कर उद्घाटन किया गया। डा.मनीष ने जानकारी दी सभी मरीजों की जांच की जायेगी और जिन मरीजों में मोतियाबिंद का पता चलेगा उन सब और अस्पताल की गाड़ी से निशुल्क चित्रकूट ले जाया जाएगा और इलाज होने के बाद उन सब को वापस तालबेहट पहुंचा दिया जाएगा, इलाज पूरी तरह निशुल्क रहेगा, मरीज से किसी भी प्रकार का कोई पैसा नहीं लिया जाएगा।

श्री अन्न के सेवन से बीमारियों से मिलेगी निजात: राज्यमंत्री

अवधनामा संवाददाता

श्रीअन्न उत्पादन से बढ़ेगी किसानों की आय: विधायक

क्षेत्र में किसानों की समृद्धि के लिए श्री अन्न का उत्पादन लाभकारी

ललितपुर। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार राजकीय इण्टर कॉलेज के सभागार में उ.प्र. मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अन्तर्गत मिलेट्स रेसीपी विकास एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राज्यमंत्री मनोहर लाल, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एवं जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन एवं फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। राज्यमंत्री ने कहा कि श्रीअन्न के सेवन से बीमारियों से मिलेगी निजात मिलती है। हमारे पूर्वजों द्वारा मोटे अनाज का ही अधिकतम सेवन किया जाता था, जिससे वह स्वस्थ रहने के साथ ही हष्टपुष्ट भी बने रहते थे। उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में जब बीमारियां बढ़ रही हैं तब डॉक्टर भी मोटे अनाज के सेवन के लिए प्रेरित कर रहे हैं। सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने कहा कि श्रीअन्न के उत्पादन से किसानों की आय बढ़ेगी। इस अभियान के तहत किसानों को विभिन्न प्रकार के बीजों का निशुल्क वितरण कर खेती करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिला पंचातय अध्यक्ष

ने कहा कि क्षेत्र में किसानों की समृद्धि के लिए श्रीअन्न का उत्पादन अत्यन्त लाभकारी है। आज के इस कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को मौके पर जो जानकारी दी जा रही है, इससे बच्चों तथा उनके परिवार वालों को पौष्टिक अनाज का महत्व और उससे बनने वाले तरह-तरह के व्यंजनों की जानकारी मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान पौष्टिक अनाज के उपयोग हेतु विद्यार्थियों को किया जागरुक किया गया और विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न व्यंजनों का लिया स्वाद लिया गया। श्रीअन्न से बनाये गए एक दर्जन से अधिक व्यंजनों को मौके पर ही तैयार कर गर्मागर्म परोसा गया। इस दौरान स्कूली छात्रों द्वारा एवं अतिथियों द्वारा बनायी गई विभिन्न प्रकार की रेसीपी का स्वाद लिया गया। समस्त अतिथियों द्वारा कृषि विभाग, एफपीओ, कृषि विज्ञान केन्द्र, आंगनवाडी एवं विभिन्न प्रतिष्ठानों द्वारा श्री अन्न जैसे रागी, कोदो, सांवां, बाजरा, ज्वार आदि के द्वारा तैयार की गयी भिन्न-भिन्न प्रकार के पकवनों जैसे रागी के चीला, पीज्जा केक, सेव, कोदा की मिठाई, ज्वार की फ्रेंच फ्राइस, मसाला पीनट, गुझिया, ढोकला, कोदा का उपमा, सांवा का मेदू बडा, कोदो की इडली आदि तरह-तरह के पकवानों का लुत्फ लिया।

उन्तीस को शान-ओ-शौकत से निकलेगा जुलूस-ए-मोहम्मदी

अवधनामा संवाददाता

ईद मीलादुन्नबी को लेकर मुस्लिम एसोशियेशन की बैठक संपन्न

ललितपुर। हजरत बाबा सदनशाह परिसर में जिला मुस्लिम एसोशियेशन के तत्वाधान व शहर पेश इमाम हाफिज अब्दुल मुबीन की सदारत में एक आवश्यक बैठक संपन्न हुयी। बैठक में शहर के उलेमाओं के अलावा शहर के युवा भी शामिल हुये। मुस्लिमों के आगामी त्यौहार ईद मीलादुन्नबी जो कि 28 सितम्बर को मनायी जानी थी। बैठक में अवाम ने रायशुमारी करते हुये हिन्दू-मुस्लिम एकता की मिशाल कायम रखने के लिए आगामी त्यौहार ईद मीलादुन्नबी 29 सितम्बर को शान औ शौकत से मनाये जाने का निर्णय लिया, जिसमें सभी ने अपनी रायशुमारी दी। जिला मुस्लिम एसोशियेशन के तत्वाधान में व शहर पेश इमाम की सदारत में 29 सितम्बर को सुबह प्रभातफेरी व जुमा की नमाज के बाद जुलूस-ए-मुहम्मदी गोविन्द नगर से इमाम चौक नदीपुरा, अजीतापुरा से इमाम चौक नदीपुरा से मऊठाना, रावरपुरा, अजीतापुरा, जेल चौराहा से सदनशाह, वहीं नेहरू नगर से स्टेशन होते हुये सदनशाह पर इस्तकबाल बाद नमाज मगरिब के सदनशाह से जुलूस ए मुहम्मदी सदनशाह से पुलिस अधीक्षक के पास से घुसयाना जामा मस्जिद, कसाई मण्डी, सदरकांटा, घण्टाघर से आजाद चौक होते हुये नदीपुरा इमाम चौक पर सलातो सलाम होने के बाद समाप्त होगा।

गांधी जयंती पर 155 घंटे का नान स्टाप चलेगा, स्वच्छता अभियान

अवधनामा संवाददाता

दूबेपुर,सुलतानपुर। गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक प्रदेश के सभी विद्यालयों और शिक्षण संस्थानों में गहन स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके तहत विद्यालयों में स्वच्छता के महत्व को प्रचारित करते हुए विद्यालय और समुदाय आधारित गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को स्वच्छता के बारे में जागरूक किया जाएगा। इस कार्यक्रम की थीम मेरा विद्यालय - स्वच्छ विद्यालय होगी। इससे पहले योगी सरकार ने प्रदेश के सभी शिक्षण संस्थानों में 1-15 सितंबर तक स्वच्छता पखवाड़ा भी आयोजित किया था, जो 2 अक्टूबर तक निरंतर जारी रहेगा। उक्त बाते युवा भाजपा नेता अजय वर्मा ने दूबेपुर ब्लाक मुख्यालय पर आयोजित रोजगार मेले कही। उन्होंने कहा कि मन की बात% के 105वें एपिसोड में प्रधानमंत्री ने 1 अक्टूबर को सुबह 10 बजे सभी नागरिकों से सामूहिक रूप से स्वच्छता के लिए एक घंटे का श्रमदान करने की अपील की और कहा कि यह पूर्व संध्या पर महात्मा गांधी को स्वच्छांजलि होगी। बयान में कहा गया है कि यह मेगा सफाई अभियान सभी क्षेत्रों के नागरिकों से बाजार स्थानों, रेलवे पटरियों, जल निकायों, पर्यटक स्थानों, धार्मिक स्थानों आदि जैसे सार्वजनिक स्थानों की वास्तविक सफाई गतिविधियों में शामिल होने का आह्वान करता है। इसमें कहा गया है कि प्रत्येक शहर, ग्राम पंचायत, सरकार के सभी क्षेत्र जैसे नागरिक उड्डयन, रेलवे, सूचना और प्रौद्योगिकी आदि, सार्वजनिक संस्थान नागरिकों के नेतृत्व में स्वच्छता कार्यक्रमों की सुविधा देंगे। स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित करने में रुचि रखने वाले गैर सरकारी संगठन, निवासी कल्याण संघ और निजी संगठन भी शहरी स्थानीय निकायों या जिला प्रशासन के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

बिलग्राम 28 को निकलेगा जुलुस ए मोहम्मदी

बिलग्राम (हरदोई) हर साल की तरह इस साल भी खानकाह ए बड़ी सरकार मोहल्ला मैदान पुरा से 12 रबीउल अव्वल को निकलने वाला जुलूस जुलूस ए मोहम्मदी बृहस्पतिवार को अंजुमन गुलमान ए रसूल (रजिस्टर्ड) मोहल्ला मैदानपुरा व अंजुमन आशिकाने रसूल मोहल्ला काजीपुरा की कयादत (लीडरशिप) में पूरी शान वा शौकत के साथ निकाला जाएगा जानकारी देते हुए अंजुमन के अध्यक्ष वाजिद हुसैन ओवैसी ने बताया की जुलुस ए मोहम्मदी की सर परस्ती काजी ए शरअ जिला हरदोई हजरत मौलाना सैयद उवेश मुस्तफा वस्ती फरमाएंगे जुलूस के सिलसिले में एक मीटिंग मदरसा दारुल उलूम दावतुससुगरा में आयोजित की गई जिसमें कस्बे के सभी अंजुमनों के सदर वा जिम्मेदारान ने हिस्सा लिया मीटिंग में हजरत सैयद उवैस मुस्तफा वास्ती व सैयद बादशाह हुसैन वास्ती ने सभी अंजुमनों से हिदायत दी की जुलूस बहुत सुकून और अमन के साथ निकाला जाएगा वक्त की पाबंदी करें वक्त पर पहुंचे जुलूस में जुलूस संबंधित नारे लगाए रीमिक्स नात बजाना सख्त मना होगा ट्रैफिक नियमों का पालन करें मीटंग में प्रमुख रूप से सैयद फैजान मुस्तफा वास्ती शजर हुसैन अब्दुल अली।

भूमाफियाओं का सरपरस्त नगर कोतवाल निलम्बित

अवधनामा संवाददाता

दूसरे एसडीएम सदर पर अभी भी है प्रशासन की छत्रछाया बरकरार

सुलतानपुर। बीतें दिन जिलें में रंगदारी को लेकर भूमाफियाओं द्वारा डाक्टर घनश्याम तिवारी की निर्मम हत्या कर उनके मरणासन्न शरीर को एक ऑटों में लादकर उनके शास्त्री नगर आवास पर भेजवा दिया गया।उनकी हालत गंभीर देखते हुए परिजनो द्वारा आनन -फानन डाक्टर तिवारी को ईलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां ईलाज के दौरान डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिसें शासन कुछ तो मीडिया में प्रकाशित खबरों को लेकर, बाकी जिलें में ब्राहमण समाज में आग की तरह बढ़ रहे आक्रोश को देखतें हुए जिला प्रशासन द्वारा कार्यवाही कर जनता में अपनी छवि बरकरार रखनें का प्रयास किया गया।

शासन के आदेश पर बीतें दिनो जिला व पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम जिलें की जनता को दिखानें के लिए अपराधियों/भूमाफियाओं के लिए स्पेशल तैयार कराया गया। जिला प्रशासन के अधिकारी बाबा का बुल्डोजर लेकर मीडिया की मौजूदगी में भूमाफियाओं के घर पहुंचकर पहलें एक 10 बाई 10 में बना अवैध पार्टी कार्यालय पर बुल्डोंजर चलाकर उसें धाराशाई किया गया।उसके बाद जब बुल्डोंजर भूमाफिया के अवैध कब्जा कर बनाएं गए घर पहुंचकर उसकी बाऊन्ड्रीवाल को धाराशाई कर ही रहा था, तभी अचानक बाबा के बुल्डोजर का तेल खत्म हो गया, और वह वही सें वापस लौट गया। यहीं नही शासन के निर्देश पर जिलें में एक अहम कदम जरूर उठाया गया, जो कि वाकई तारीफे-काबिल है। जिलें में बीतें दिनो हुई चिकित्सक की निर्मम हत्या को लेकर जिलें में लगभग 3 सालों से भूमाफियाओं के सरपरस्त बनें रहे नगर कोतवाल राम आशीष उपाध्याय को निलम्बित कर दिया गया। किन्तु वहीं दूसरी तरफ जिला प्रशासन में भी लगभग 3 सालों से भूमाफियों के आका के रूप में उन्हें संरक्षण प्रदान करने वालें एसडीएम सदर चन्द्र प्रकाश पाठक पर अभी भी जिला प्रशासन से लेकर शासन तक की छत्रछाया बरकरार दिखाई पड़ रही है।मृतक की पत्नी निशा तिवारी की अगर मानें तो 5 नामजद व 4 अज्ञात लोगों द्वारा उनके पति की न सिर्फ निर्मम पिटाई की गई, बल्कि ड्रिल मशीन से उनके पैरों में छेद तक कर दिया गया था। उक्त घटना को लेकर जिलें के ब्राहमण समाज ही नही, बल्कि जिले भर के निम्न वर्ग में भी आक्रोश व्याप्त हो गया। घटना के कुछ देर बाद बाद जिला अस्पताल में भाजपा जिलाध्यक्ष आर0ए0 वर्मा मौकें पर नजर तो आये, किन्तु जैसें ही जिलाध्यक्ष को पता चला कि इस घटना में भाजपा पार्टी के ही किसी वरिष्ठ पदाधिकारी की ही भूमिका है, तो जल्द ही दोबारा अध्यक्ष पद का प्रभार सम्भालनें वालें आर0ए0वर्मा पूरें प्रकरण को लेकर असहज नजर आए। मीडिया व अन्य के पूछें जानें पर उन्होनें कहा कि इस बिषय पर पार्टी को लेकर मैं कोई प्रतिक्रिया नही दे सकता।

ग्राम पंचायत- करहिया वि.खं.-शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर

अल्पकालीन निविदा

वित्तीय वर्ष 2023-24 में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्धक (SLWM) केंद्रीय वित्त/वित्त आयोग/मनरेगा/ स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत स्वीकृत कार्य हेतु ई रिक्शा, साइकिल रिक्शा, कूड़ेदान, प्लास्टिक बैग, प्लास्टिक बैंक, सफेद सीमेंट, गिट्टी, प्रथम श्रेणी ईट, रोड़ा, सीमेंट, रेट्रोफिटिंग मौरंग बालू, इंटरलॉकिंग, सरिया, लोहे का जाल, ह्यूम पाइप, वॉल पुट्टी, टीन चादर, बजरफुट, बजरी, वॉल पेंटिंग, प्लास्टिक पाइप कलेक्श सेंटर हैण्डपंप मरम्मत, रीवोर, इलेक्ट्रॉनिक मेटेरियल आदि सामानों की आपूर्ति हेतु इच्छुक व मान्य आपूर्तिकर्ता दिनांक 26.09.2023 से 30.09.2023 तक निविदा कार्यालय में जमा कर सकते हैं। दिनांक 30.09.2023 को सुबह 11:00 बजे निविदा ग्राम पंचायत कार्यकारिणी के समक्ष खोली जाएंगी प्रतिबंध नियम व शर्तें एवं अन्य विवरण कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

बृजेश कुमार
सचिव
ग्रा.पं. करहिया

करम हुसैन
प्रधान
ग्रा.पं. करहिया

एनटीपीसी विंध्याचल को जनसम्पर्क के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए विभिन्न अवार्डों से किया गया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/विंध्यनगर। एनटीपीसी विंध्याचल को 13वें पब्लिक रिलेशन काउंसिल ऑफ इंडिया अवार्ड, 2023 के तहत पब्लिक रिलेशन काउंसिल ऑफ इंडिया पी आर सी आई द्वारा दिल्ली मे आयोजित दो दिवसीय 17वें ग्लोबल कम्यूनिकेशन कांक्लेव समारोह के अवसर पर राष्ट्र के विशालतम विद्युत सयंत्र एनटीपीसी विंध्याचल को जनसम्पर्क के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए 03 स्वर्ण पुरस्कार, 01 सिल्वर पुरस्कार एवं 04 ब्रोंज पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार हेल्थ केयर कम्युनिकेशन, स्टोरी टेलिंग, आर्ट कल्चर व सपोर्ट कैंपन, म्यूजिक विडियो, मोटिवेशनल फिल्म, रेडियो, कॉर्पोरेट विडियो एवं टेबल कलेंडर फॉर द इयर अवार्ड आदि विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए प्राप्त हुआ।

यह पुरस्कार एनटीपीसी-विंध्याचल की कार्यपालक(नैगम सम्प्रेषण) सुश्री शिक्षा गुप्ता ने प्राप्त किया। इस समारोह मे देश-विदेश की संचार, विज्ञापन, नैगम सामाजिक दायित्व एवं जन-संचार की विभिन्न विधाओं से जुड़े 200 से अधिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। इस अविस्मरणीय समारोह के दौरान एनटीपीसी-विंध्याचल के अलावा एनटीपीसी-लिमिटेड की अनेक परियोजनाओं ने भी विभिन्न श्रेणियों मैं पुरस्कार प्राप्त किए, इसके लिए एनटीपीसी-लिमिटेड को इस पुरस्कार समारोह के दौरान हर क्षेत्र में सर्वाधिक पुरस्कार जीतने के लिए कॉर्पोरेट चैंपियन ट्राफी से भी नवाजा गया। परियोजना के महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्षों एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति मे यह पुरस्कार कार्यपालक(नैगम सम्प्रेषण) सुश्री शिक्षा गुप्ता ने महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री प्रबीर कुमार बिस्वास के नेतृत्व मे परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) श्री ई सत्य फणि कुमार को सौंपा। परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) श्री ई सत्य फणि कुमार ने परियोजना को राष्ट्रीय स्तर पर मिले इन पुरस्कारों पर नैगम सम्प्रेषण की टीम को बधाई देते हुए कहा कि टीम विंध्याचल की लगन और एकजुटता से परियोजना नित नई ऊंचाइयों को हासिल कर रही है और यह पुरस्कार हमारी स्वर्णिम विद्युत यात्रा मे एक और रत्न जड़ने का काम करेगी। उन्होंने साथ ही यह भी कहा कि मुझे आशा ही नहीं, अपितु पूरा विश्वास है कि टीम विंध्याचल भविष्य मे भी इस प्रथा को जारी रखेगी और एनटीपीसी की ब्रांड इमेज को और अधिक ऊंचाइयों पर पहुंचाएगी।

हमारा बूथ सबसे मजबूत संगठन करें तैयारी: नन्दलाल

अवधनामा ब्यूरो

सोनभद्र। मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय राबर्ट्सगंज पर एक संगठनात्मक बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक मे बतौर मुख्यअतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल मौजूद रहे। बैठक का शुभारंम्भ पं0 दीनदयाल उपाध्याय व डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल व संचालन जिला महामंत्री रामसुन्दर निषाद ने किया।बैठक मे जिलाध्यक्ष नन्दलाल ने कहा कि 26 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले बूथ सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत प्रवासी कार्यकर्ता जिले के दो दो मण्डल मे प्रवास करेंगे वहां पर संगठन द्वारा दिये गये 6 कार्यक्रमों को मण्डल मे प्रवास कर पूरा करेंगे। प्रवासी द्वारा मण्डल पदाधिकारी बैठक, शक्ति केन्द्र संयोजक व प्रभारी बैठक व बूथ अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे और मण्डल के पदाधिकारियों का वेरिफिकेशन व डाटा अपडेट करेंगे। प्रवासी द्वारा मण्डल मे आईटी व सोशल मिडिया का कार्य जो कार्यकर्ता देख रहे है उनके साथ बैठकर व्हाट्सएप्प ग्रुप जो बना है उसको भी अपडेट करके तेजी से सक्रिय करेंगे। और कहा कि अगर बूथ हमारा मजबूत होगा और पन्ना प्रमुख लगातार सक्रिय रहेंगे तो आने वाले आगामी 2024 का लोकसभा चुनाव में हम रिकॉर्ड मजों से जीत का परचम लहरायेंगे।

महिला सशक्तिकरण के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्धः भूपेश

- सरकार का प्रमुख उद्देश्य है आंगनबाड़ी का अपना सेंटर हो

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/डाला। नगर में स्थित प्राथमिक विद्यालय चुड़ी गली में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के द्वारा गर्भवती महिलाओं को गोद भराई रस्म का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंगलवार शाम चार बजे प्राथमिक विद्यालय चुड़ी गली डाला में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह और पोषण अभियान के तहत आदर्श आंगनबाड़ी केन्द्रं चुडी गली में 22 गर्भवती महिलाओं को डलिया में पुष्टाहार देकर गोद भराई और 13 बच्चों खीर खिलाकर व माला पहनाकर अन्नप्राशन संस्कार सदर विधायक भूपेश चौबे के द्वारा किया गया। जहां सबसे पहले दीप प्रज्ज्वलन व मां सरस्वती के बंदना करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया वहीं सदर विधायक श्री चौबे ने कहा महिला सशक्तिकरण के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है, सरकार का प्रमुख उद्देश्य है आंगनबाड़ी का अपना सेंटर हो। बच्चे व गर्भवती महिलाओं को स्वस्थ रखने के लिए सरकार द्वारा गर्भवती महिलाओं को समय से घर घर तक पुष्टाहार पहुचाने की जिम्मेदारी भी सरकार ने ले रखी है। हमारी योजना सही लाभार्थी तक पहुच रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी राजीव सिंह ने बताया कि पुष्टाहार का नियमित सेवन करने से आप और आपका बच्चा स्वस्थ रहेगा वहीं इस कार्यक्रम का संचालन डाला मंडल उपाध्यक्ष मनीष तिवारी ने किया।

इस दौरान सीडीपीओ हरिमोहन, निति आयोग पिरामल फाऊंडेशन जिला प्रतिनिधि विरेंद्र कुमार पाण्डेय, अपर सांख्यिकी अधिकारी स्मृता बाजपेयी, यूवा मोर्चा उपाध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ सोनू, संदीप सिंह, महेश सोनी, बलवीर, संतोष कुमार कुशवाहा अवनीश पाण्डेय, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती कविता कुशवाहा, विनिता, पुष्पा पाण्डेय, शीला देवी,हेमंती देवी, रीना श्रीवास्तव ,कमल सिंह, नूरजहां ,अंजू रानी, मसूद खान, ममता ,उर्मिला पाल ,सरिता तिवारी समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

खेत जा रही युवती को दबोचा, छेड़खानी

बांदा। शौच को जा रही युवती को पड़ोस के ही एक युवक ने दबोच लिया। उसके साथ छेड़खानी की। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। आरोपी गाली-गलौज करता हुआ मौके से फरार हो गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

गिरवां थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 20 वर्षीय युवती शौच के लिए खेतों की तरफ जा रही थी, तभी रास्ते में ही गांव के एक युवक ने उसे दबोच लिया और उसके साथ छेड़खानी करने लगा। विरोध करने पर युवक ने गाली-गलौज की। शोरशराबा सुनकर खेतों में मौजूद लोग दौड़ पड़े। आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़िता ने बताया कि उसका पति बाहर रहता है। आरोपी अक्सर नशे में घर के बाहर गाली-गलौज करता है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग़ज़ल संग्रह चश्म-ए-नम का विमोचन

अवधनामा संवाददाता

शाहजहांपुर। तुलसी-मीर फाउंडेशन के तत्वावधान में बीती शाम टाउनहाल रोड स्थित एक कैफे में शायर आतिश मुरादाबादी के प्रथम ग़ज़ल संग्रह चश्म ए नम का विमोचन संपन्न हुआ।

युवा शायर आतिश मुरादाबादी के ग़ज़ल-संग्रह चश्मे-नम के विमोचन समारोह की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ कवि ज्ञानेन्द्र मोहन ज्ञान ने कहा कि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है, वह अपने आसपास के माहौल से प्रभावित जरूर होता है। उसके भीतर की संवेदनाएं ही उसे मनुष्य बनाती हैं। इन्हीं संवेदनाओं का ह्रास वर्तमान में चिंता का विषय है। समारोह के मुख्य अतिथि शायर ख़लील शौक़ ने आतिश मुरादाबादी को मुबारक़बाद देते हुए कहा कि नए रचनाकारों में ग़ज़ल के नियमों के प्रति उनकी गहन रुचि भी देखने को मिल रही है। वे बह्र, वज़्न, रदीफ़, क़ाफ़िया के साथ-साथ कथ्य (मफ़हूम) पर अपनी पकड़ बना रहे हैं।

यही वजह है कि लगातार ग़ज़ल संग्रह प्रकाश में आ रहे हैं। विशिष्ट अतिथि जी.एफ.कालेज के हिंदी प्रवक्ता एवं प्रख्यात बाल साहित्यकार डा. मोहम्मद अरशद खान ने कहा कि देश की आज़ादी के लिए बलिदानों की गाथा लिखने वाले शाहजहांपुर के अमर शहीद रामप्रसाद बिस्मिल और अशफ़ाक़ उल्ला खाँ की साझी शहादत और साझी विरासत साम्प्रदायिक सद्भाव की एक मिसाल है।

टेम्पु स्टैण्ड पर नवनिर्मित यूरिनल का चेयरमैन ने किया लोकार्पण

अवधनामा संवाददाता

चोपन/सोनभद्र। स्थानीय नगर पंचायत क्षेत्र के टेम्पु स्टैंड पर मंगलवार को चेयरमैन उस्मान अली ने सार्वजनिक यूरिनल के निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात उसका लोकार्पण कर जनता को समर्पित कर दिया। इस सार्वजनिक यूरिनल के निर्माण हो जाने से यात्रियों के साथ साथ दूर दराज क्षेत्र से बाजार आने वाले विशेषकर महिलाओं को अब काफी राहत पहुंचेगी।

इस दौरान चेयरमैन उस्मान अली ने कहा कि बस स्टैंड पर शौचालय नहीं रहने के कारण लोगों को काफी परेशानीयो का सामना करना पड़ता है बस स्टैंड पर शौचालय निर्माण को लेकर प्रयासरत हू इसी बीच टेम्पु स्टैंड पर यूरिनल के निर्माण से यात्रियों के साथ साथ स्थानीय जनता को काफी सहूलियत मिलेगी आगे कहा कि जब स्वच्छता को जीवन में अपनाएंगे तभी बीमारियों से भी छुटकारा मिलेगा। आगे जीवन में स्वच्छता अपनाने तथा सफाई में नगर पंचायत का सहयोग करने की भी अपील की। इस मौके पर जुगैल जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि संजीव त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह, डॉ सत्येंद्र आर्य, दयाशंकर साहनी, उमेश सिंह, राजेश अग्रहरि, अशोक सिंघल, सुनील तिवारी, जीतू सिंह, सत्यप्रकाश तिवारी, लिपिक अंकित पांडेय, सावित्री देवी, रामनरेश चौधरी, घनश्याम चौधरी, अभिषेक दुबे, अमित सिंह, राधारमण पांडेय, मंसूर आलम, रिजवान अहमद, सभासद दिव्यविकाश सिंह, सलीम कुरैशी, विनीत जाटव, नरेश यादव, सोनू मोदनवाल इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

हिन्दी पखवाड़ा 2023 के अवसर पर एनटीपीसी रिहंद में कार्यशाला का आयोजन

सोनभद्र /बीजपुर, अवधनामा संवाददाता। एनटीपीसी रिहंद में हिन्दी पखवाड़ा के अंतर्गत हिन्दी कार्यशाला का आयोजन कर्मचारी विकास केंद्र के नेहरू सभागार में किया गया। हिन्दी में काम-काज को बढ़ावा देने हेतु इस कार्यशाला का आयोजन एनटीपीसी रिहंद के कर्मचारियों हेतु किया गया। कार्यक्रम में वक्ता के रूप में डॉ मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव नें हिंदी के महत्व को बढ़ावा देने और एनटीपीसी रिहंद के कर्मचारियों को राजभाषा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से, प्रशिक्षित किया। हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत उक्त हिंदी कार्यशाला में वक्ता द्वारा संघ कि राजभाषा नीति, राजभाषा प्रावधान, अष्टम सूची, राजभाषा अधिनियम 1963, राजभाषा नियम 1976, हिन्दी वर्तनी का मानकीकरण, जांच बिन्दुओं का अनुपालन, नोटिंग ड्राफ्टिंग आदि से संबन्धित, प्रसिक्षण दिया। इस कार्यशाला द्वारा कर्मचारियों को हिंदी में अधिक निपुण बनाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री ग्रीष्मा कुमारी ने किया। उक्त कार्यशाला में मानव संसाधन, वित्त, सतर्कता, एमजीआर, सीएचपी, बीएमडी, प्रचालन, परियोजना प्रमुख कार्यालय आदि विभागों के कर्मचारी लाभान्वित हुए।

डॉक्टर विजय बने लोक भारती के ब्रज प्रदेश अध्यक्ष

शाहजहांपुर। आईएमए के जिलाध्यक्ष शास्वत चिकित्सालय के स्वामी डॉक्टर विजय पाठक को लोकभारती का नया ब्रज प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पाठको की जानकारी के लिए बताना चाहूंगा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ में संगठन के काम काज की दृष्टि से उत्तर प्रदेश में चार प्रांत आते हैं।ब्रज प्रदेश उनमें से एक प्रांत है। इसी ब्रज प्रांत से अब लोकभारती के अध्यक्ष डॉक्टर विजय पाठक होंगे। ब्रज प्रांत के अध्यक्ष नियुक्त होने पर डॉक्टर विजय पाठक के शुभ चिंतकों इष्ट मित्रों ने डॉक्टर विजय पाठक को बधाई दी है।

राज्यमंत्री ने किया नवनिर्मित माडल सभागार का लोकार्पण

तिंदवारी। विकासखंड कार्यालय में नवनिर्मित माडल सभागार के लोकार्पण उपरांत आयोजित क्षेत्र पंचायत की बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा एवं आगामी कार्य योजना पर विचार-विमर्श के बाद ब्लाक प्रमुख दीप शिखा सिंह द्वारा उनका अनुमोदन किया गया। मंगलवार को तिंदवारी विकासखंड कार्यालय परिसर में माडल सभागार का प्रदेश के जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने लोकार्पण किया और अटली सभागार का नाम दिया। सभागार में आयोजित क्षेत्र पंचायत की बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्यों तथा ग्राम प्रधानों द्वारा बताई गई समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रत्येक गांव के विकास और उत्थान को लेकर सभी योजनाएं बनाते हैं। समाज के प्रत्येक वर्ग तक जन कल्याण की योजना पहुंचाने के लिए रात दिन कम करने वाले मुख्यमंत्रियो में शुमार योगी देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी लोकप्रिय हैं। ऐसा मुख्यमंत्री मिलना हम सब का सौभाग्य है। बैठक में उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा संबंधित विभागों द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया। इस अवसर पर भाजपा नेता रामकरण सिंह बच्चन ने बैठक में शामिल ग्राम प्रधानों तथा अन्य जनप्रतिनिधियों से सुझाव मांगे और क्षेत्र के विकास का संकल्प दोहराया। बैठक की अध्यक्षता कर रहीं ब्लाक प्रमुख दीप शिखा सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लिए धन्यवाद दिया। कहा कि यह व्यापक उद्देश्य वाला कानून है। बैठक में विद्युत विभाग तथा पेयजल विभाग के किसी नुमाइंदे के उपस्थित न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उनको नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

प्रतिमाह विद्यालयों का निरीक्षण करें अधिकारी: डीएम

अवधनामा संवाददाता

- बेसिक शिक्षा विभाग की बैठक में डीएम ने दिए निर्देश

बांदा। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में कलेक्टेज्ट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग की जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने प्रेरणा ऐप के अन्तर्गत विद्यालयों का प्रतिमाह निरीक्षण करने के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सम्बन्धित अधिकारी विद्यालय में निरीक्षण को गम्भीरता से लेते हुए प्रतिमाह निर्धारित किये गये विद्यालयों के अनुरूप अवश्य निरीक्षण करें। निरीक्षण के दौरान यदि कोई कमी विद्यालय में मिलती है तो उसे दुरुस्त कराया जाए। उन्होंने आपरेशन कायाकल्प में विद्यालयों में कक्षा कक्ष की फर्श और बालक-बालिका शौचालय का टायलीकरण, दिव्यांग शौचालय बनाये जाने, बाउन्ड्री वॉल के कार्यो को नगर पालिका एवं नगर पंचायत के द्वारा 15वें राज्य वित्त आयोग से कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने 52 प्राथमिक विद्यालयों में खनिज विकास निधि से फर्नीचर उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में इन विद्यालयों में शीघ्र शत-प्रतिशत फर्नीचर उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने डीसी मनरेगा को चिन्हित विद्यालयों में बाउन्ड्री वाल के निर्माण कार्य कराये जाने के निर्देश दिये। निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाये जाने के लिए हिन्दी, गणित, अंग्रेजी के विषयों कों ध्यान रखते हुए निपुण विद्यालय बनायें जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कमजोर बच्चों को चिन्हित करते हुए बैठने के लिए आगे स्थान दिये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय जसपुरा एवं तिन्दवारी में टाइप-3 के मकानों के निर्माण कार्य शीघ्र गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराये जाने तथा महुआ कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में हास्टल के निर्माण कार्य में गुणवत्ता के साथ कार्य में तेजी लाये जाने के निर्देश दिये।

टप्पे बाजों नें उड़ाए 2 लाख 60 हजार

अवधनामा संवाददाता

मौदहा हमीरपुर। विगत कुछ महीनों से मौदहा में टप्पे बाजों का गिरोह सक्रिय है अक्सर स्टेट बैंक मौदहा से रू निकालने के पश्चात लोग रास्ते में कभी अभी तो बैंक से कुछ दूरी पर लूट लिये जाते है जबकि स्टेट बैंक से मलिकुआं चौराहा तक दिनभर भीड़ भाड़ रलती है मगर टप्पे बाजों द्वारा दिन दहाड़े घटनाओं को अंजाम दिया जा ता है और खास बात यह है कि अभी तक पुलिस चोरों तक पहुंचनें में सफल नही हो पाई है। टप्पे बाजी की एक और घटना कल लगभग 11 बजे दिन में घटित हुई जब एक सेवानिवृत्ति बुजुर्ग मोहम्मद अहमद पुत्र मनजूर अहमद निवासी इलाही तालाब मौदहा नें स्टेट बैंक मौदहा से अपनें पुत्र मजहर के साथ बैंक से 2.60लाख रुपए निकाले पीड़ित नें कोतवाली मौदहा में शिकायत पत्र दिया है जिस में किसी का नाम आदि नही लिखा उसी तहरी के आधार पर पुलिस वैधानिक कार्रवाई कर रही है। पीड़ित नें बताया कि वह पिता पुत्र दोनों मोटर साइकिल में लगे साईड बैग के अन्दर एक छोटा बैग जिस में रू के साथ साथ बैंक पास बुक व एक छोटा मोबाईल भी रख दिया और घर वापस पहुंचे। घर पहुंच कर जब मोटर साइकिल में लगे बैग से रूपयों वाला बैग निकालने के लिए बैग खोला तो उस में से रू वाला बैग गायब था जिसे देख दोनों पिता पुत्र के पसीने छूट गये बैंक से पीड़ित के घर की दूरी लगभग डेढ़ किलोमीटर होगी जाम के कारण कई जगह उन की मोटर साइकिल खड़ी भी हुई लेकिन उन्हे कोई अन्दाजा नही है कि उन के साथ यह घटना कब कहां और कैसे हो गयी उन का ऐसा मानना है जैसे कोई बैंक से ही उन के पीछे लगा हो और भीड़ भाड़ में मौका पाते ही हाथ साफ कर गया हो। बहरहाल घटना को अंजाम जिस नें भी दिया हो जहाँ भी दिया हो मौदहा पुलिस के खुली चुनौती तो दी ही है साथ ही पीडित को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है देखना दिलचस्प होगा कि पुलिस इन शातिर चोरों तक कब पहुंचनें सफल होगी? क्या पीड़ित की रकम वापस मिल पाएगी जैसे सवाल मुंह फाड़े खड़े है जिन का जवाब वक्त गुजरने के साथ-साथ मिल पाएगा। इस सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक मौदहा से पूछा तो उन्होनें कहा कि मामले की गम्भीरता से जांच की जा रही चोरों की तलाश जा रही है घटना के हर पहलों पर गौर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

पहले किसान को पीटा, फिर मिट्टी के टीले से फेंका

बांदा। मामूली विवाद में तीन लोगों ने एक किसान को दबोच लिया और उसके साथ जमकर मारपीट की। इतने में जब हमलावरों का मन नहीं भरा तो किसान को मिट्टी के टीले के ऊपर ले गए और वहां से नीचे फेंक दिया। परिजनों ने घायल को उठाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। घायल ने आरोप लगाया है कि हमलावर उसकी जेब में पड़े पांच हजार रुपए निकाल ले गए हैं। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है।

घटना मटौंध थाना क्षेत्र दौलतपुर गांव की है। वहां रहने वाला रामगोपाल अपने खेत में ज्वार की फसल बोए हुए था। वह अपने खेत की रखवाली कर रहा था। इसी बीच दुरेड़ी नई बस्ती निवासी राजेंद्र कुंवर अपने मवेशी उसके खेत में चरा रहा था। रामगोपाल ने इसका विरोध किया। इसी बात को लेकर उसका राजेंद्र कुंवर से विवाद हो गया। राजेंद्र समेत तीन लोगों ने रामगोपाल को मारपीट कर जख्मी कर दिया। घसीटकर टीले के ऊपर ले गए। उसे नीचे फेंक दिया। शोरगुल सुनकर कुछ दूरी पर काम कर रहे परिजन मौके पर पहुंच गए।

बगैर नक्शे धड़ल्ले से जारी है निर्माण, माननीय की सिफारिश है, अधिकारी जबाबदेही से बच रहे

- शाहजहांपुर का रसूखदार बेसमेंट के साथ बनवा रहे कामर्शियल बिल्डिंग

अवधनामा संवाददाता

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर में आम तौर पर देखा जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को आवासीय या कामर्शियल बिल्डिंग का निर्माण कराना हो तो इसके लिए नक्शा पास कराना अनिवार्य होता है।अगर नक्शा पास नही है तो नगर निगम से लेकर विनियमित क्षेत्र के अधिकारी तमाम कानून समझाते है।लेकिन जब कोई रसूखदार कामर्शियल निर्माण कराता है तो यही अधिकारी अवैध निर्माण को देखते हुए भी नजर अंदाज कर देते हैं।ऐसे ही एक रसूखदार की मुख्य मार्ग पर बन रही अवैध कामर्शियल बिल्डिंग की शिकायत कई बार की जा चुकी है लेकिन कार्यवाही की बात तो बहुत दूर मौके पर किसी अधिकारी के जाने की हिम्मत तक नही है। शाहजहांपुर के अंटा से बंका घाट को जाने वाली रोड पर एक कामर्शियल बिल्डिंग का निर्माण जारी है इस कामर्शियल बिल्डिंग में बेसमेंट भी बनाया गया है लेकिन नक्शा पास नही है। बताया जा रहा है कि माननीय की सिफारिश पर इसके निर्माण को नही रोका जा रहा है।अवैध निर्माण के साथ साथ ईस बिल्डिंग के अवैध निर्माण में लगने वाली सामग्री यानी मौरंग बजरी की बड़ी मात्रा में रोड पर ही डाली गई है।ऐसे में इस रोड पर सुबह से देर रात तक लोगो को जाम से जूझते हुए देखा जा सकता है।लेकिन ज़ीरो टारलेंस नीति के तहत कार्य करने का दावा करने वाले अधिकारी सब कुछ देखकर भी आंखे मूंदे बैठे हैं। सरकार किसी की भी हो रसूखदारों के आगे सभी को नतमस्तक होते देखा गया है क्योंकि जिस पर कृपा माननीय की होई व पर कृपा करें सब कोई। तो वहीं इसकी जानकारी होने के बाद नगर मजिस्ट्रेट वेद प्रकाश मिश्रा ने टीम के साथ निर्माणाधीन बिल्डिंग का निरीक्षण किया।उन्होने बताया कि सड़क पर पड़े निर्माणाधीन बिल्डिंग की सामग्री को शीघ्र हटाने के निर्देश के साथ स्वामी को स्वीकृत नक्शे के साथ कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा गया है।

चाकडाउन हड़ताल पर रहे शिक्षक, गिनाई समस्याएं

अवधनामा संवाददाता

- माध्यमिक शिक्षक संघ संयुक्त मोर्चा के आवाहन पर डटे रहे शिक्षक

बांदा। माध्यमिक शिक्षक संघ संयुक्त मोर्चा के 11 संगठनों के आहवाहन पर मंगलवार को शिक्षक चाकडाउन हड़ताल पर रहे। विद्यालय पहुंचे, लेकिन वहां पर शिक्षण कार्य नहीं किया। संयुक्त मोर्चा द्वारा संघर्ष के मुख्य बिंदुओं में प्रदेश के सभी माध्यमिक विद्यालयों का राजकीयकरण किया जाए, पुरानी पेंशन योजना को बहाल किया जाए। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन आयोग 2023 को वापस लेकर चयन बोर्ड अधिनियम 1982 को पुनर्स्थापित किया जाए। शिक्षा का निजीकरण बंद हो, प्रदेश के वित्तविहीन विद्यालयों के शिक्षकों को वेतन वितरण अधिनियम 1971 से आच्छादित किया जाए। शिक्षा विभाग के कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार पर प्रभावी कार्यवाही व तत्काल सिटिजन चार्टर लागू किया जाए। शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को शिक्षक पद पर पदोन्नति किया जाए, आदि मांगों को लेकर संयुक्त मोर्चा के बैनर तले जनपद के अधिकतर विद्यालयों में चाक डाउन पूरी तरह से सफल रहा चाक डाउन की सूचना संयुक्त मोर्चा के संयोजक लालमणि द्विवेदी के द्वारा मुख्यमंत्री को दी गई थी। शिक्षकों ने कहा कि उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए ध्यान नहीं दिया जा रहा है। डीएवी इंटर कालेज, खानकाह इंटर कालेज, बांदा भगवती प्रसाद ओमर बालिका इंटर कालेज बांदा, सत्यनारायण इंटर कालेज, तिंदवारी, पंडित रणछोड़ दास इंटर कालेज, खपटिहा, आदर्श इंटर कालेज, बिसण्डा कैप्टन बद्री प्रसाद इंटर कालेज, मिलाथू जय भारत इंटर कालेज, मुरवल आर्य कन्या इंटर कालेज आदि के शिक्षक मौजूद रहे।

हार जीत की बाजी लगाते जुआरी गिरफ्तार

पुलिस ने छापेमारी के दौरान माल फड़ जमा तलासी से एक लाख से अधिक की नगदी भी की बरामद

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर। जनपद की पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा के दिशानिर्देशन में मादक पदार्थो व जुआ सट्टा के विरुद्ध एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत राठ कोतवाली पुलिस ने हरजीत की बाजी लगा जुआँ खेलते एक दर्जन जुआड़ियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है।

आपको बता दे कि जनपद की पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा द्वारा कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए अवैध शराब व जुआँ सट्टे के विरुद्ध जनपद के सभी थाना व कोतवाली क्षेत्रो में विशेष अभियान चलाया जा रहा है।जिसके तहत राठ कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह द्वारा गठित टीम में स्यंम प्र0नि0 संजय कुमार सिंह ,उ0नि0 आशुतोष त्रिपाठी,उ0नि0 विनेश गौतम ,का0 आशीष कुमार,का0 डेगराज सिंह,का0 मनीष पाल ,का0 विकास कुमार,का0 अनिल कुमार ने मुखबिर की सटीक सूचना पर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खरहेटा बुजुर्ग के अन्तर्गत बने मुर्गी फार्म में स्थित बगीचा में जुआ खेलते हुए एक दर्जन जुआड़ी विनोद कुमार लोधी पुत्र राजेश नि0 ग्रा0 खेड़ा शिलाजीत थाना जरिया, अजय कुमार ठाकुर उर्फ अज्जू पुत्र शिवशंकर नि0ग्रा0 पहरा थाना जरिया, सुरेन्द्र पुत्र कन्धीलाल लोधी नि0ग्रा0 परछा थाना जरिया ,देवप्रकाश पुत्र गंगादीन राजपूत नि0ग्रा0 कुर्रा थाना राठ , कृष्ण अवतार पुत्र विजय सिंह नि0ग्रा0 कुर्रा थाना राठ ,सोनू अहिरवार पुत्र बद्री अहिरवार नि0ग्रा0 पुरैनी थाना जलालपुर ,इन्द्रकुमार राजपूत पुत्र करन सिंह नि0ग्रा0 चिल्ली थाना राठ,राममिलन पुत्र लखनलाल राजपूत नि0ग्रा0 अमूंद थाना जरिया,अनूप पुत्र रामबहादुर नि0ग्रा0 छिब्बौली थाना जरिया , हिर्देश पुत्र अमर चन्द्र कुशवाहा नि0ग्रा0 नदना थाना राठ ,चन्द्रपाल पुत्र मुन्नी नि0ग्रा0 महेरा थाना बिवांर, शिवहरी पुत्र जयकरन नि0 नदना थाना राठ को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि माल फड़ से एक लाख एक हजार दो सौ रुपये तथा जामा तलाशी से तीन हजार दस रुपये मात्र कुल धनराशि 1,04,210/- रुपये तथा 52 पत्ते की एक ताश गड्डी भी बरामद की है।

आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां निभाती हैं बड़ा दायित्वः राज्यपाल

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने प्रयागराज में 200 आंगनबाड़ी संसाधन किट का किया वितरण, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के साथ किया संवाद

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने जनपद प्रयागराज भ्रमण के दूसरे दिन आज मंगलवार को कम्पोजिट विद्यालय अरैल नैनी परिसर में स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र में राष्ट्रीय पोषण माह-सितम्बर 2023 के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से संवाद किया तथा आंगनवाड़ी केंद्रों को सुविधा-संपन्न बनाने के लिए 200 आंगनबाड़ी संसाधन कीटों का वितरण किया। उन्होंने केंद्र पर बनायी गयी स्मार्ट क्लास का उद्घाटन भी किया।

आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से संवाद करते हुए राज्यपाल ने कहा कि आंगनबाड़ी से मेरा बहुत नजदीकी जुड़ाव है। उन्होंने कहा कि शिशु की गर्भावस्था से लेकर उसके जन्म व स्कूल में जाने तक की जिम्मेदारी आंगनबाड़ी केन्द्र की होती है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की सभी योजनाओं का पालन करते हुए गर्भवती महिलाओं व माताओं को मार्गदर्शन देना, सुरक्षित बच्चे के जन्म के लिए प्रयास करना, ये सभी कार्य हमारी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां करती है। आंगनबाड़ी केन्द्रों में आने वाले ज्यादातर बच्चे अभावग्रस्त, गरीब परिवार से होते है एवं उनके पास अच्छे कपड़े व खाने-पीने की अच्छी व्यवस्था भी नहीं होती है, ऐसे बच्चों के प्रति हमारी जिम्मेदारी है कि इनकी देखभाल करते हुए इन्हें समाज की मुख्य धारा में सम्मिलित कराया जाये।

इसी क्रम में राजयपाल ने बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्रों से जोड़ने के लिए केन्द्रों में उनके लिए खिलौने, खेलने की व्यवस्था करने के साथ इंटेरेक्टिव लर्निंग की व्यवस्था पर जोर दिया जिससे बच्चे स्वयं आंगनबाड़ी केन्द्रों में आने के लिए उत्सुक रहे। राज्यपाल ने कहा कि बच्चे लिखने से ज्यादा देखकर सीखते है, उन्हें एक खिलौने से भी काफी कुछ सिखाया जा सकता है। उन्होंने केजी टू पीजी शिक्षा व्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों को यूनिवर्सिटी व कालेजों से जोड़ना चाहिए।

बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्रों से जोड़ने के लिए खिलौने, खेलने व इंटेरेक्टिव लर्निंग की करनी होगी व्यवस्था

कार्यक्रम में राज्यपाल ने दो प्रकार की किट वितरित कीं , जिसमें एक किट में खेलने, साइंस, मैथ व क्रिएटीविटी सिखाने के लिए व दूसरी 200 आंगनबाड़ी केंद्रों को सुसज्जित करने हेतु कार्यकत्रियों को दी। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों को परिसर में स्थित कम्पोजिट विद्यालय के बच्चों के साथ प्रार्थना व खेलों का एक साथ आयोजन कराने के लिए कहा है, जिससे वे भी उनके साथ सीख सकें।

राज्यपाल ने कहा कि छोटे बच्चों में सीखने की प्रवृत्ति बहुत प्रबल होती है , इसलिए हमें उनका विशेष ध्यान रखना चाहिए। हमारा उत्तरदायित्व है कि हम उन्हें ऐसा वातावरण प्रदान करें, जिससे वे अच्छे नागरिक बन सके। उन्होंने नैनी जेल में बंद महिलाओं के बच्चों के बारे में बताते हुए कहा कि वे बिना किसी अपराध के सजा भुगत रहे है, इसलिए हमें सदैव ध्यान देना चाहिए कि हम कोई भी इस तरह का कार्य न करें, जिसका परिणाम हमारे बच्चों को भुगतना पड़े। उन्होंने उपस्थित अध्यापिकाओं से गलत मार्ग पर चलने वाले बच्चों को चिन्हित कर सुधारने एवं उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने के लिए कहा है। कार्यक्रम में राज्यपाल ने राजभवन से अपने साथ लायी हुई 55 पुस्तकों को विद्यालय की प्रधानाध्यापिका को दिया और विद्यालय में एक लाईब्रेरी बनाकर इन पुस्तकों को विद्यालय के बच्चों को उपलब्ध कराये जाने के लिए कहा है। इस अवसर पर राज्यपाल ने इस श्री अन्न से निर्मित रेस्पी पोषण स्टॉल का अवलोकन करते हुए उत्पादों के बारे में जानकारी ली।

पर्यटन मंत्री आज से विभिन्न जनपदों के भ्रमण पर

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह कल 27 सितम्बर, 2023 के अपराह्न से 02 अक्टूबर, 2023 तक मथुरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी जनपदों के भ्रमण पर रहेंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार पर्यटन मंत्री कल विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर सायं 06 बजे संस्कृति विश्वविद्यालय मथुरा में पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित के-पॉप कन्सल्ट कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। अगले दिन 28 सितम्बर को जनपद फिरोजाबाद में विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे और 29 सितम्बर को कलेक्टेज्ट सभागार फिरोजाबाद में जनपद में संचालित समस्त विभागों के विकास कार्यो एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करेंगे। अगले दिन 30 सितम्बर को पूर्वाहन 09 बजे से 01 बजे तक शिविर कार्यालय निकट रेलवे क्रासिंग रोड मैनपुरी में जनसमस्याओं की सुनवाई करेंगे। इसके उपरान्त लार्ड कृष्णा स्कूल आगरा रोड पुलिस चौकी के सामने मैनपुरी में आयोजित अभिनन्दन समारोह में शामिल होंगे तथा डिजिटल क्लासेस का विमोचन करेंगे। इसके उपरान्त जयवीर सिंह अपराह्न 02 बजे हरिहर रोड किशनी रोड मैनपुरी में मुख्यमंत्री जी द्वारा घोषित त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत किशनी रोड से हरिहरपुर तक नवनिर्मित सीसी मार्ग का लोकार्पण करेंगे। इसके बाद शंकर मिल कालोनी देवपुरा मैनपुरी में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञानयज्ञ कार्यक्रम में शामिल होंगे।

नई दिल्ली के विज्ञान भवन में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन में उत्कृष्ट योगदान के लिए उत्तर प्रदेश को दो प्रमुख प्राप्त अवार्ड प्राप्त हुए

एलडीए ने अवैध प्लाटिंग को किया ध्वस्त

- एलडीए ने कृष्णानगर, पारा और काकोरी में अवैध निर्माणों को किया सील

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर अवैध प्लाटिंग/अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए लविप्रा अधिकारियों ने मंगलवार को गोसाईगंज में किसान पथ के किनारे लगभग 15 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही अवैध प्लाटिंग ध्वस्त करायी। वहीं कृष्णानगर, पारा और काकोरी में तीन अवैध निर्माणों को सील कराया। प्रवर्तन जोन-2 की जोनल अधिकारी प्रिया सिंह ने बताया कि कुलवन्त यादव और अन्य की ओर से गोसाईगंज में किसान पथ के किनारे दाऊदनगर सुहेलदेव प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के पास लगभग 15 बीघा क्षेत्रफल में अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराए बिना की जा रही अवैध प्लाटिंग के खिलाफ विहित न्यायालय ने वाद योजित करते हुए ध्वस्तीकरण के आदेश दिये थे। आदेश के अनुपालन में सहायक अभियंता वाई.पी. सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता नागेन्द्र मिश्रा व उस्मान अली ने अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करायी। इस दौरान विकसित सड़कें, नालियां, बाउण्ड्रीवॉल और खम्भे आदि पूरी तरह ध्वस्त किये गये। प्रवर्तन जोन-3 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि अश्विनी अवस्थी व अन्य की ओर से हंसखेड़ा में कृष्णा कॉलोनी में लगभग 2000 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर 2 रो-हाउस भवनों का निर्माण कराया जा रहा था। इसी तरह राजेन्द्र यादव व अन्य की ओर से कृष्णा कॉलोनी में लगभग 2000 वर्गफिट के भूखण्ड पर 2 रो-हाउस भवनों का निर्माण कराया जा रहा था। इसके अलावा आर.के. सिंह व अन्य की ओर से कुंजपुरी काकोरी मोड़ पर आर्यन ट्रेडर्स के पीछे लगभग 1600 वर्गफिट क्षेत्रफल में भूतलपर दुकान व कमरों का निर्माण कराया जा रहा था। वहीं देवेश साहू व अन्य की ओर से कृष्णानगर के पंडितखेड़ा में शुभम सिटी में लगभग 4000 वर्गफिट क्षेत्रफल में रो-हाउस भवनों का निर्माण कराया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना किये जा रहे अवैध निर्माणों के खिलाफ विहित न्यायालय ने वाद योजित करते हुए सीलिंग के आदेश दिये थे। आदेश के अनुपालन में सहायक अभियंता वाई.पी. सिंह के नेतृत्व में भरत पाण्डेय, भानु प्रताप वर्मा व प्रमोद कुमार पाण्डेय ने प्राधिकरण व स्थानीय पुलिस के सहयोग से अवैध निर्माणों को सील कराया।

नगर विकास मंत्री ने निकायों को साफ सुथरा और सुंदर बनाने के लिए 154 घंटे का नॉन-स्टॉप स्वच्छता अभियान का किया शुभारंभ

सभी जीवीपी स्थलों को साफ कर किया जायेगा सौंदर्यीकरणः ए.के. शर्मा

सार्वजनिक स्थलों, बाजारों , स्कूलों, कॉलेजों, अस्पतालों, बस व रेलवे स्टेशनों के आसपास बड़े पैमाने पर सफाई कार्य चलाया जाए

अवधनामा ब्यूरो

- नगरों की गंदगी के कोढ़ को हर हाल में साफ़ कर सुंदर बनाए
- निकायों के सभी वार्डों में होगी व्यापक सफ़ाई

लखनऊ। देश में आजादी के बाद माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी ने वर्ष 2014 में स्वच्छता की अलख जगाई और बृहद स्तर पर देशवासी इस मुहिम से जुड़कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के स्वच्छ भारत के संकल्प को पूरा कर रहे हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के 154वें जन्मदिन के अवसर पर नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सभी निकायों में महासाफाई के लिए 154 घंटे का नॉन-स्टॉप स्वच्छता अभियान का आज शुभारंभ किया गया।

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने आज अपने 14 कालिदास आवास से प्रातः ही इस सफ़ाई अभियान की वर्चुअल शुरुआत की। उन्होंने निकाय अधिकारियों को निर्देशित कहा कि इस बार सभी निकायों की हार्डकोर सफाई की जायेंगी। इसके लिए सफ़ाई टीम और व्यवस्था देख रहे अधिकारियों के कार्यो की लगातार मॉनिटरिंग की जाय, साथ ही निकाय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों का भी सहयोग ले। उन्होंने कहा कि प्रदेश में

पहली बार राष्ट्रपिता के स्वच्छता संकल्प के सम्मान में उनकी 154वीं जंयती पर 154 घंटे का महासफाई अभियान सभी निकायों में चलाया जा रहा है। इसके लिए सभी निकाय एक दूसरे का सहयोग करेंगे, मशीनों का भरपूर प्रयोग करें, संसाधनो की कोई कमी नहीं है। नियमित रूप से डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन, कूड़े का ससमय उठान और इसके प्रोसेसिंग पर भी ध्यान देंगे। सुबह से ही प्रतिदिन सभी गलियां, सड़के साफ हो जाए। ळअचे, स्थल फिर से गन्दे न हो जाय, इसके लिए वहां पर वेंडिंग जोन बनाए, सुंदरीकरण कराए, पौधारोपण कराए, बुजुर्गो के बैठने का स्थान, पार्क बनाए, जिससे कि लोगों की जिंदगी में परिवर्तन आए। उन्होंने कहा कि लोगों को समझाने-बुझाने का अब समय नहीं रहा, गंदगी फैलने वालों पर अब सख्ती से करवाई की जाय।

उन्होंने अभियान के दौरान सभी निकायों में हार्डकोर सफाई करने और सभी ळअचे, स्थलों, पार्कों, अमृत सरोवरों, चौराहों, सार्वजनिक व ऐतिहासिक स्थलों का सौंदर्यीकरण कराने को कहा। मंत्री जी ने अभियान को सफल और प्रभावी बनाने के लिए नगरीय निकाय निदेशालय में स्थापित डेडिकेटेड कमांड एंड कण्ट्रोल सेंटर से अभियान की लगातार लाइव मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

नगर विकास मंत्री ने निर्देशित किया कि सफ़ाई अभियान के दौरान सभी निकाय लोगों को अपने आसपास के क्षेत्रों, गली कुंचो की सफाई पर ध्यान देने और कूड़ा खुले में न फेंकने के लिए जागरूक करेंगे। इस दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने और विकल्प में कपड़े से बने थैले का प्रयोग करने के लिए भी प्रेरित करेंगे।

हिन्दी दिवसः ऑनलाइन काव्य गोष्ठी आयोजित

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान की ओर से हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में ऑनलाइन काव्य गोष्ठी आयोजित हुई। जिसमें सभी ने एक से बढ़कर रचनाएं प्रस्तुत की। जिसकी अध्यक्षता विजय त्रिपाठी विजय ने की तथा वाणी वंदना सुमन शर्मा ने मधुर स्वरों में किया। संयोजन एवं संचालन चन्द्र देव दीक्षित ने किया गया। इस काव्य गोष्ठी में रेनू वर्मा रेणु, गीतिका चतुर्वेदी, विकास द्विवेदी, डॉ. ज्योत्सना सिंह, साहित्य ज्योति, मानस मुकुल त्रिपाठी मानस, माला शिल्पकार, पूर्णिमा वेदार श्रीवास्तव, विपुल कुमार मिश्र, सुशील चंद्र श्रीवास्तव एवं चन्द्र देव दीक्षित चन्द्र ने अपनी रचनाएं प्रस्तुति की।

बलरामपुर गार्डन में राष्ट्रीय पुस्तक मेला पाठकों को कर रहा आकर्षित

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। बलरामपुर गार्डन में चल रहा बीसवां राष्ट्रीय पुस्तक मेला साहित्य प्रेमियों और पाठकों को आकर्षित कर रहा है। ज्ञान कुंभ की थीम पर मेले के साहित्यिक मंच पर मंगलवार को कथा पाठ, विमोचन और चर्चा हुई। मेले में हर किताब पर कम से कम 10 प्रतिशत की छूट मिल रही है। प्रकाशन संस्थान जैसे कुछ स्टालों पर 20 प्रतिशत और कुछ उर्दू स्टालों पर और भी ज्यादा छूट है। मेले में बच्चों की रंगीन किताबें कम से कम 20 रुपये और अंग्रेजी किताबें 50 रुपये में उपलब्ध हैं। मेले में पुस्तक प्रेमी बच्चन, नीरज, भारती, मण्टो, रेणु, टैगोर, बंकिम, शरद, महाश्वेता देवी आदि जैसे साहित्यकारों की किताबों में रुचि दिखा रहे हैं तो 35 वर्ष तक की युवा पीढ़ी की रुचि नये रचनाकारों और नये किस्म के कथात्मक साहित्य में दिखायी दे रही है। सुभाष बुक के अभिनव बताते हैं कि युवाओं की रुचि मोटिवेशनल और बेस्ट सेलर पुस्तकों में है। बोधरस प्रकाशन के स्टाल में लोकप्रिय साहित्य के जासूसी उपन्यास भी हैं। एंजिल बुक में अंग्रेजी की एक पुस्तक 50 रुपये में और 12 किताबें 500 रुपये में उपलब्ध हैं। मेला मंच पर नवसृजन संस्था का कवि सम्मेलन से हुआ। शारदेय प्रकाशन के राजवंत राज के काव्य संग्रह चुनिंदा पन्नों से कहो, पर कवि नरेश सक्सेना की अध्यक्षता में चर्चा चली। अंजना मिश्र ने औरत शीर्षित कविताओं को नारी मनोदशाओं और अत्यंत संवेदनाओं से परिपूर्ण बताया। अमरनाथ, सोम गांगुली और अनामिका ने मण्टो की कहानी सोने की अंगूठी और अलका प्रमोद की कहानियों का श्रवणीय पाठ किया। वन्यजीवों को खूब अच्छी तरह समझने वाले डॉ.उत्कर्ष शुक्ला की पुस्तक रहमान खेड़ा का बाघ के लोकार्पण समारोह में लेखक ने अपनी बात रखी। रामकठिन सिंह के उपन्यास पकवा इनार के भूत का लोकार्पण किया गया।

रूबी राय ने शिशु विहार क्रेच का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा रूबी राय ने आज मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय में स्थित शिशु विहार क्रेच का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्रेच में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा निरीक्षण के बाद रूबी राय ने क्रेच में कार्यरत सभी महिला कर्मियों की प्रशंसा करते हुए पुरस्कृत किया। इस अवसर पर पूर्वोत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन लखनऊ की उपाध्यक्ष सुनीता व कोषाध्यक्ष इतिशा उपस्थित थी।

मनाया गया स्वच्छ नीर दिवस

लखनऊ। स्वच्छता पखवाड़ा के तहत मण्डल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार के मार्ग दर्शन में मण्डल के लखनऊ जंक्शन, लखनऊ सिटी, ऐशबाग, बादशाहनगर आदि स्टेशनों पर स्वच्छ नीर दिवस मनाया गया। इस दौरान स्टेशनों के सभी प्लेटफॉर्मों पर नल, हाइड्रेन्ट वॉटर कूलर में पेयजल की उपलब्धता, यात्री प्रतीक्षालयों, विश्रामालयों और शौचालयों में जल आपूर्ति तथा स्टेशनों कार्यालयों एवं रेलवे कालोनियों में लगी पानी की टंकी की जांच की गई। इस दौरान स्टेशनों पर रेल नीर की उपलब्धता, नल एवं वाटर मशीन तथा जनाहार केन्द्रों में लगे आरओ वाटर सप्लाई का सुचारू रुप से संचालन सुनिश्चित किया गया। इसके अतिरिक्त पानी की टंकियो में भण्डारण

क्षमता व क्लोरिनेशन की जांच की गई तथा बैक्टीरियल परीक्षण के लिए पानी का सैम्पल भी लिया गया। स्टेशनों और कोचिंग डिपो में कोच में स्वच्छ जल भरने वाले हाइड्रेन्ट पाइपों की उचित स्टैकिंग सुनिश्चित करने के लिए कर्मचारियों को जागरूक किया गया।

हन्दी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल में मनाये जाने वाले हिन्दी पखवाड़ा के अर्न्तगत मंगलवार को पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय के बहुउद्देशीय हाल में हिन्दी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी विभागों के रेल कर्मियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

प्रदेश की धरती भाजपा के दबंगों से रही थर्राः अजय

लखनऊ। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने आरोप लगाया कि प्रदेश की धरती भाजपा और उनके पालित-पोषित गुण्डों और दबंगों से थर्रा रही है। बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार के साथ ध्वस्त कानून-व्यवस्था और सत्ता संरक्षण में कायम गुण्डाराज और जंगलराज भी भयपूर्ण माहौल का बड़ा कारण है। योगी सरकार कानून-व्यवस्था दुरुस्त होने के हवा-हवाई दावे करती है लेकिन धरातल की सच्चाई में सुल्तानपुर की दिल दहलाने जैसी घटनाएं हैं, जहां भाजपा नेता और उसके गुण्डों ने क्रूरता और बेरहमी से डॉ. घनश्याम तिवारी के पैरों में ड्रिल किया और सीने की हड्डियां पीट-पीट कर तोड़ दी जिससे उनकी दर्दनाक मौत हो गयी। इसी तरह आजमगढ़ में भी बाइक सवार अपराधियों ने व्यवसायी पिता-पुत्र की गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी। श्री राय ने कहा कि रंगदारी, कब्जा, अपहरण, पशुओं के साथ क्रूरता जैसे जघन्य अपराधों के अपराधी अजय नारायण सिंह और उसके चचेरे भाई सहित भाजपा के दबंगों ने सिंचाई विभाग की जमीन पर अवैध कब्जा कर भाजपा का युवा मोर्चा कार्यालय बना रखा था।

एआईपीएमआम के तत्वावधान में यूपी बुनकर संघर्ष समिति का आह्वान

'बढ़ी हुई बिजली दर का भुगतान करने में असमर्थ है बुनकर समाज'

- तीन महीने में होगा मांगों पर अमलः दानिश आज़ाद

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। उ0प्र0 बुनकर संघर्ष समिति एवं ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के संयुक्त तत्वावधान में यू0पी0 प्रेस क्लब, में प्रेस कान्फ्रेन्स में बुनकर संघर्ष समिति संगठन के अध्यक्ष सगीर बजमी अंसारी ने कहा कि 2006 से मार्च 2023 तक सरकार ने निर्बाध रूप से कपड़ा उद्योग को बढ़ावा देने एवं स्वरोजगार सृजन करने के 60 इंच से कम लोड स्पेस वाले लूम से प्रति लूम 65 रुपये तथा 60 इंच से अधिक लोड स्पेस वाले लूम से प्रति लूम 130 रुपये बिजली के बिल भुगतान के रूप में लिया जाता था, परन्तु अप्रैल 2023 में हथकरघा विभाग द्वारा 'मा0 अटल बिहारी वाजपेयी विद्युत फ्लैट रेट योजना' के अन्तर्गत एक शासनादेश लाकर 60 इंच से कम लोड स्पेस वाले लूम से प्रति लूम 400 रुपये और 60 इंच से अधिक लोड स्पेस वाले लूम से प्रति लूम 800 रुपये बुनकरों के बिजली बिल के भुगतान का शासनादेश जारी किया गया, जो कि बुनकरों के 2006 के शासनादेश के अनुसार फ्लैट रेट में 6 गुना की वृद्धि की गई, जिससे प्रदेश का गरीब मेहनतकश कामगार पसमांदा बुनकर अपने परम्परागत पेशे को छोड़ने पर विवश हो रहा है, क्योंकि वह इस बढ़ी हुई दर पर बिजली का भुगतान करने में असमर्थ है। यदि इस शासनादेश पर तत्काल संशोधन कर बुनकरों को सस्ते फ्लैट रेट पर बिजली उपलब्ध नहीं कराई गयी और शासनादेश की विसंगतियों को दूर नहीं किया तो प्रदेश के छोटे कामगार पसमांदा बुनकरों की रोजी रोटी छिन जाएगी। उ0प्र0 बुनकर संघर्ष समिति उ0प्र0 सरकार से मांग करता हैं कि बुनकरों के विद्युत फ्लैट रेट को 400 प्रति लूम दर को कम कर उसे 200 रू. प्रति पावर लूम किया जाये और इस फ्लैट स्कीम को 25 किलोवाट तक के बुनकर को दिया जाये, जिससे प्रदेश के कपड़ा उद्योग को बढ़ावा मिलेगा और स्वरोजगार सृजन के साथ साथ माननीय मुख्यमंत्री का वन ट्रिलियन इकोनामी का सपना पूरा करने में प्रदेश का पसमांदा बुनकर समाज सहयोग करेगा। इस सम्बन्ध में उ0प्र0 बुनकर संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल उ0प्र0 सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण, हज एवं वक्फ मंत्री दानिश आजाद अंसारी से मिलकर ज्ञापन सौंपा। मंत्री दाजिश आजाद अंसारी ने उन्हें तीन महीने की भीतर इस समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है। प्रेसवार्ता में संगठन के राष्ट्रीय सचिव डा. इशियाक, ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव मारूफ अंसारी, मुर्तजा अशरफ, शहनवाज बज्मी, फुरकान अहमद, ऐनुल मुजफ्फर, नजीर अहमद, इकबाल अहमद शफीक अहमद सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता का आयोजन

लखनऊ। उप्र संगीत नाटक अकादमी की ओर से आयोजित सम्भागीय शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। अकादमी की तरफ से शास्त्रीय गायन, वादन एवं नृत्य के उदीयमान प्रतिभाशाली कलाकारों की खोज के मकसद से विभिन्न आयु वर्गों एवं विषयों में विगत 49 वर्षो से निरन्तर प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इस आयोजित प्रतियोगिताओं में होने के लिए इच्छुक प्रतिभागियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। बाल वर्ग की श्रेणी में 8 से 14 वर्ष, किशोर वर्ग में 14 से 20 वर्ष और युवा वर्ग में 20 से 25 वर्ष के प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। गायन में ख्याल, तराना, ध्रुपद, धमार, ठुमरी व दादरा की प्रतियोगिता होगी। वादन में तंत्र वाद्य, गज वाद्य और सुषिर वाद्य और अवन वाद्य, तबला व पखावज के अलावा कथक नृत्य की प्रतियोगिताएं होंगी।

एमएसजी फाउंडेशन ने फ्री मेडिकल कैम्प का किया आयोजन

दानिश आज़ाद अंसारी ने कहा द एमएसजी फाउंडेशन का हर तरह से सहयोग करेंगे

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। मोहम्मदी बिजनेस एक्सपो का आयोजन हामिद हुसैन और नदीम ने किया, जिसमें मुख्य अतिथि मंत्री दानिश आज़ाद अंसारी अतिथि शिया वक्फ़ बोर्ड के अध्यक्ष अली जैदी, उत्तर प्रदेश फखरुद्दीन अली अहमद समिति के अध्यक्ष तुरज़ ज़ैदी, प्रदेश उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी अमील शमसी जी वरिष्ठ हिन्दू धर्मगुरू स्वामी सारंग मोहिले और म क्य सैयद सीएमडी एक्जिकॉन (इवेंट्स मीडिया सॉल्यूशंस लिमिटेड) मौजूद रहे। मेडिकल कैंप का उद्घाटन दानिश आज़ाद अंसारी ने किया। दानिश आज़ाद अंसारी ने कहा द एमएसजी फाउंडेशन का हर तरह से सहयोग और पूरी तरह मदद की जाएगी। द एमएसजी फाउंडेशन के कामों की सराहना करते हुए फाउंडेशन के उज्जवल भविष्य की कामना की। इसके बाद दानिश आज़ाद अंसारी ने सभी डॉक्टरों को सम्मानित भी किया। द एमएसजी फाउंडेशन द्वारा लगाए गए मेडिकल कैम्प में मेडिकल टीम में डॉ. मोब्बशीर खान एमडी रिलीफ अस्पताल ट्रामा एवं क्रिटिकल केयर, डॉ. बुशरा रिज़वी एमबीबीएस जूनियर रेजिडेंट सर्जरी विभाग केजीएमसी,डॉ. इंजीला फातिमा बीडीएस (केजीएमयू से गोल्ड मेडलिस्ट), डॉ. महक बाक़री, डॉ. ऐमन, डॉ. अमान उल्लाह, डॉ. सैयद आबिद जैदी, डॉ. सैयद अबुल कासिम रिज़वी, डॉ. आसिफ एमओएचडी मोजिद रहे। द एमएसजी फाउंडेशन के द्वारा रवि भूषण सिंह, बातुल आबिदी, स्यमा सईद रिज़वी, हुर अब्बास नकवी, वाली अब्बास, ख़लील अहमद, आसिफ़ अब्बास को सम्मानित करा गया। इस कार्यक्रम में बादशानगर स्थित मलीन बस्ती के 17 बच्चे शामिल हुए मोहम्मदी बिजनेस एक्सपो ने बच्चों को गिफ्ट दिये।